उत्तर प्रदेश में स्नातक स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण और शिक्षा का विकास और समस्याओं का आलोचनात्मक अध्ययन

शोध - ग्रन्थ

पी-एच०डी० (शिक्षा)

हेतु प्रस्तुत

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय

झाँसी

2002

शोध निर्देशक :

डॉ० वी० पी० अग्रवाल

एम०ए० (अर्थ, इति.) एम०एड०

पी–एच०डी० (शिक्षा) डी.लिट (शिक्षा)

रीडर एम०एड० विभाग

ए०एन०डी०टी०टी० कालेज, सीतापुर

शोधकर्त्ता :

कृष्ण कुमार रिछारिया

एम०ए० (राज०)एम०एड०

स०अ०प्रा०वि० सिया चिरगांव

ब्लाक सन्दर्भदाता

चिरगांव झाँसी

डॉ० वी० पी० अग्रवाल
एम.ए. (अर्थ, इति.) एम.एड.
पी–एच०डी० (शिक्षा) डी.लिट (शिक्षा)

फोन : 44220 (निवास)
एस.टीडी. कोड : 05862

रीडर एम.एड. विभाग
ए.एन.डी.टी.टी (पो.ग्रे.) कालेज, सीतापुर (शिक्षा संकाय)
एस.एस.एम. कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर

ए– 71, पंचवटी आवास विकास कॉलोनी,
सीतापुर – 261001

विषय विशेषज्ञ :
आर.डी.सी. (शिक्षा)
बुन्देलखण्ड वि.वि. झाँसी (उ०प्र०)

दिनांक : 28.12.02

प्रमाण-पत्र

मैं प्रमाणित करता हूँ कि श्री कृष्ण कुमार रिछारिया ने **"उत्तर प्रदेश में स्नातक स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण और शिक्षा का विकास और समस्याओं का आलोचनात्मक अध्ययन"** विषय पर बुन्देखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी के शोध अध्यादेश के उल्लिखित निर्धारित अवधि तक उपस्थित रहकर मेरे निर्देशन में परिश्रम के साथ शोध कार्य पूर्ण किया है। इसकी विषय सामग्री मौलिक है। यह बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के पी–एच०डी० के सभी उपबन्धों की पूर्ति करता है । मैं संस्तुति करता हूँ कि यह इस योग्य हैं कि मूल्यांकन हेतु विश्वविद्यालय में प्रस्तुत किया जाए।

28/12/02

(डॅा० वी०पी० अग्रवाल)

घोषणा–पत्र

मैं शपथपूर्वक घोषित करता हूँ कि प्रस्तुत शोध ग्रन्थ जिसका शीर्षक **''उत्तर प्रदेश में स्नातक स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण और शिक्षा का विकास और समस्याओं का आलोचनात्मक अध्ययन''** है, जो कि बुन्देखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी में, पी–एच0डी0 शोध हेतु प्रस्तुत किया गया है, मेरा मौलिक कार्य है तथा इसे पूर्व में कहीं अन्यत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है । यदि बाद में इस तथ्य को कभी पाया गया तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा होगा।

28-12-02

KK Richhariya

(कृष्ण कुमार रिछारिया)

शोधकर्त्ता

<u>आभार–स्वीकृति</u>

ईश्वर की असीम अनुकम्पा से ' शिक्षक शिक्षा ' जैसे महत्वपूर्ण विषय पर इस शोध प्रबन्ध के सृजन में अनेक विद्वानों, शिक्षाविदों तथा विषय विशेषज्ञों ने प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप में प्रेरणा तथा सहयोग देकर मेरे इस कार्य को अभिसिंचित किया है। ऐसे व्यक्तिवों के प्रति कृतज्ञता तथा आभार अभिव्यक्ति आवश्यक ही वरन् अनिवार्य रूप से मेरा परम कर्तव्य है।

सर्व प्रथम में अपने शोध प्रबन्ध **''उत्तर प्रदेश में स्नातक स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण और शिक्षा के विकास और समस्याओं का आलोचनात्मक अध्ययन''** के निर्देशक डॉ वी.पी.अग्रवाल एम.ए.एम.एड., पी–एच.डी., (शिक्षा), डी. लिट (शिक्षा), रीडर, एम.एड. विभाग, ए.एन.एम.एड., पी–एच.डी. (शिक्षा), डी लिट (शिक्षा), रीडर, एम.एड. विभाग, ए.एन.डी.टी.टी. कालेज, सीतापुर, का चिर ऋणी रहूँगा। आपकी प्रेरणा, विशद ज्ञान तथा विषय विशेषज्ञ के रूप में मार्गदर्शन के कारण ही यह शोध कार्य पूर्ण हो सका । यदि आपका इस दशा में सहयोग प्राप्त न होता तो मैं किंचित मात्र भी इस कार्य को पूर्ण करने मैं समर्थ न होता । मैं अर्न्तमन से अपने सुयोग्य तथा सहृदयी निर्देशक के प्रति कृतज्ञ हूँ , ऋणी हूँ जिन्होंने अपना बहूमूल्य समय मुझे प्रदान किया तथा पग–पग पर मेरा पथ – प्रदर्शन किया।

मैं डॉ0 श्रीमती राज अग्रबाल, प्रधानाचार्या, जी.जी.आई.सी., सीतापुर, का भी विशेष रूप से कृतज्ञ हूँ जिनके अपूर्व सहयोग तथा प्रेरणा से इस शोध कार्य की प्रगति को दिशा मिलती रही । उन्होने अपना जो अमुल्य समय से शोधकार्य की पूर्णता हेतु प्रदान किया उसके लिये मैं हृदय से उनके प्रति आभार ज्ञापन करता हूँ ।

मैं पूज्नीय माताजी और पिताजी श्रीयुत श्री हरिद्धारी लाल जी रिछारिया (उ0प्र0 शासन के श्रेष्ठ अध्यापक पुरस्कार से विभूषित) के प्रति मैं आत्मिक श्रद्वा और सम्मान ज्ञापित कर उनके अतुलनीय सहयोग को छोटा नही करना चाहता हूँ । मेरी

सफलता के सदैव निमित बनते रहने वाले मेरे माता पिता ने मुझे पारिवारिक दायित्वो से पूर्णतः मुक्त रखकर मुझे शोध कार्य करने के अवसर प्रदान किये ।

मैं अपने चाचा डा0 कमलेश शर्मा एवं श्री ज्ञान् सागर रिछारिया को मैं इस अवसर पर कदापि नही भूल सकता हूँ। जिन्होने मेरे शोध कार्य में मेरा मार्गदर्शन कर मुझे सदैव उत्साहित कर लगनशीलता से कार्य करने के लिये प्रेरणा दी ।

मैं उन सभी विद्वानों सुधीजनों और सज्जनों के प्रति अपना सम्मान और साधूवाद ज्ञापित करता हूँ।

जिनकें प्रत्यक्ष या परोक्ष सहयोग से यह शोध प्रबन्ध पूर्णतः प्राप्त कर प्रस्तुत कलेवर में आपके सम्मुख आ सका है।

अन्त में मैं शिक्षा जगत से जुड़े सभी अधिकारियों तथा समाज के उन सभी सम्मानित अभिभावकों का हृदय से धन्यवाद करता हूँ जिन्हांने इस शोध कार्य को पूर्ण करने में अपना सहयोग प्रदान किया है।

20.12.02

K.K. Richhariya

(कृष्ण कुमार रिछारिया)

विषय सूची

प्रथम अध्याय 1—134

प्रस्तावना

शिक्षक शिक्षा की वर्तमान दशा

अर्थ, अवधारणा एवं उद्द्वेश्य

विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग ने शिक्षक प्रशिक्षण के लिये सुझाव

माध्यमिक शिक्षा आयोग के सुझाव

भारतीय शिक्षा आयोग के सुझाव

शिक्षक शिक्षा के उद्द्वेश्य

स्वरूप एवं संगठन

स्वतंत्रता के पूर्व शिक्षक शिक्षा का विकास एवं विस्तार

स्वतंत्रता के उपरान्त शिक्षक शिक्षा का विकास

पंचवर्षीय योजनाओं मे शिक्षक शिक्षा

अध्यापिकों के लिये गठित राष्ट्रीय आयोग की मुख्य सिफारिशें

भारत में शिक्षक शिक्षा का पाठ्यक्रम

मापन और मूल्यांकन

परीक्षा और मूल्यांकन में अन्तर

मूल्यांकन उपकरणो के प्रकार

10 + 2 + 3 तथा शिक्षक शिक्षा

शिक्षक शिक्षा के अभिकरण

शोध हेतु समस्या

शोध समस्या का परिभाषीकरण

उत्तर प्रदेश

शिक्षक शिक्षा

दशा और दिशा

शोध समस्या का परीसीमीकरण

शोध हेतु उदद्वेश्य

शोध अध्ययन की परिकल्पना

शोध में प्रयुक्त विधियाँ

प्रश्नावली

द्वितीय अध्याय 135 — 188

उ0प्र0 राज्य की भौगोलिक संरचना

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

जनसंख्यात्मक विवरण

तृतीय अध्याय 189 — 199

शोध से सम्बन्धित साहित्य एवं शोध कार्य की मौलिकता

प्रस्तुत शोध की तार्किकता तथा पूर्व शोधों से विभिन्नता

चतुर्थ अध्याय 200 — 265

पंचवर्षीय योजनाओ मे शिक्षक शिक्षा की शिक्षा का विकास

तृतीय

चतुर्थ

पंचम

षष्ठ

सप्तम

अष्टम

नवीं

पंचम अध्याय 266 – 322

शिक्षक प्रशिक्षणों का पाठ्यक्रम

बी0टी0सी0 ,

बी0एड0,

एम0एड0

षष्टम् अध्याय 323 – 332

आँकणो का विभेदीकरण

मूल्यांकन

सुझाव

अग्रिम शोध हेतु सुझाव

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची – 333 – 343

परिशिष्ट – 1 – 3

तालिका सूची

तालिका क्रमांक :- पेज नं०

तालिका क्रमांक		पेज नं०
1.	सन 1937 व 1947 में प्रशिक्षण महाविद्यालयों व विद्यालयी संस्थाओं की संख्या व खर्च	41
2.	सन् 1951–66 के मध्य प्रशिक्षित अध्यापकों का प्रतिशत	51
3.	पंचवर्षीय योजनाओं के मध्य शिक्षकों की संख्या	52
4.	शिक्षक शिक्षा का विस्तार	54
5.	प्रशिक्षण संस्थान तथा सम्बन्ध प्रशिक्षण संस्थायें उत्तर प्रदेश में शिक्षक शिक्षा का विस्तार	55
6.	प्रशिक्षण संस्थान तथा सम्बन्ध प्रशिक्षण संस्थाओं में छात्र संख्या	56
7.	विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं में खर्च का तुलनात्मक प्रारूप	60
8.	भारत में शाला अध्यापकों की वृद्वि 1950 – 51, 2000–2001	78
9.	भारत में शाला शिक्षकों की संख्या 1970–71, 2000–2001	78
10.	भारत में शिक्षक प्रशिक्षण हेतु प्रवेश (स्नातक, स्नातकोत्तर)	79
11.	1971 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश में जनपदवार जनसंख्या	156
12.	1981 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश में जनपदवार जनसंख्या	164
13.	1991 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश में जनपदवार जनसंख्या	171

14. 2001 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश में जनपदवार जनसंख्या 183

15. 1901 से 2001 तक का लिंगानुसार अनुपात 186

16. विभिन्न पाठ्यक्रमों के महाविद्यालयों की संख्या 206

17. उत्तर प्रदेश में विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों की संख्या 231

18. उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा पर होने वाला व्यय और प्रतिशत कुल शिक्षा व्यय के सापेक्ष 239

19. शिक्षा के विभिन्न शीर्षको के लिए बजट 253

20. शिक्षा के लिए निर्दिष्ट 255

21. उत्तर प्रदेश में विभिन्न प्रकार की शिक्षा पर राजस्व व्यय 256

22. प्रश्नावली प्रपत्रो की वितरण तालिका 324

23. शिक्षकों, अभिभावकों तथा विद्यार्थियों के दृष्टिकोण की आवृत्ति (पक्ष में) 325

24. शिाकों, अभिभावकों तथा विद्यार्थियों के दृष्टिकोण की आवृत्ति (विपक्ष में) 326

प्रथम अध्याय

वर्तमान भारतीय समाज में शिक्षक शिक्षा को प्रायः लोग न तो पसन्द करते हैं और न इसे आदर की दृष्टि से देखते हैं । एक सड़क छाप आदमी भी उसकी आलोचना करने को तैयार रहता है भले ही वह शिक्षित हो या अशिक्षित । दूसरे व्यवसायों की स्थिति सर्वथा भिन्न है । उदाहरण के लिए एक डॉक्टर या इंजीनियर के कार्य की टीका – टिप्पणी करने का साहस साधारण व्यक्ति नही कर पाता है । बच्चे जो शिक्षकों के संरक्षण में होते हैं, समाज एवं राष्ट्र की धरोहर हैं । इस दृष्टि से जनता को यह अधिकार तो होना चाहिए कि वह शिक्षक शिक्षा किस प्रकार की दी जा रही है, जान सके किन्तु प्रशिक्षण क्षेत्र में उसका सीधा हस्तक्षेप उचित नहीं ठहराया जा सकता है। शिक्षण शिक्षा को इस प्रकार की परिस्थिति से ऊपर उठकर व्यावसायिक मान्यता प्राप्त करने हेतु कई प्रकार के शैक्षिक मूल्यांकनों मे खरा उतरना पड़ेगा। यह तभी संभव हो सकेगा जब वांछित परिवर्तनों के माध्यम से इसका कलेवर बदल दिया जाये । वर्तमान समय में शिक्षण शिक्षा को प्रभावी नहीं माना जा सकता। देखने में आता है कि शिक्षण प्रशिक्षक, छात्राध्यापकों के पाठों के निरीक्षण हेतु लम्बी यात्रायें करके विद्यालय पहुँचते हैं , समय तथा श्रम का व्यय करते हैं किन्तु वीडियो टेप के माध्यम से केन्द्र पर ही उनके पाठों की समालोचना करना नही पसन्द करते हैं। अधिकांश प्रशिक्षण कम्प्यूटर तथा अन्य शैक्षिक तकनीकि सहायता का विरोध करते देखे गये हैं। यही नही यद्यपि शिक्षक प्रशिक्षक व्यक्तिगत अधिगम के महत्व पर बल देते रहते हैं ,परंन्तु स्वयं लम्बी कथाओं मे लम्बे भाषण देने के आदी होते हैं।

शिक्षक शिक्षा की वर्तमान दशा

देश में शिक्षक शिक्षा की घोर आलोचना की जाती रही है, यद्यपि सही अर्थों में आवश्यक इकाई के रूप में, विधिवत एवं सम्पूर्ण मूल्यांकन इसका कभी भी नहीं किया गया, इसका प्रमुख कारण यह रहा है कि जो लोग देश की शिक्षा नीति के कर्णधार रहे, उन्होंने इसे कभी प्राथमिकता नहीं दी । संक्षेप में यह कहना उचित जान पड़ता है कि

भारत में शिक्षक शिक्षा बहुत ही उपेक्षित रही यद्यपि इसका सीधा सम्बन्ध शिक्षा की गुणवत्ता से होता है । वस्तुतः किसी भी देश की शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता अधिकांशतः शिक्षकें की गुणात्मकता पर भी निर्भर करती है । और यह भी सच है कि कोई भी शिक्षा प्रणाली अपने शिक्षकों के स्तर से ऊपर नहीं उठ पाती है। अतः किसी भी देश में शिक्षक शिक्षा को वरीयता क्रम में उच्च स्थान देना उपयुक्त माना जाना चाहिए । देश की वांछित प्रगति के लिए शिक्षक शिक्षा में समुचित सुधार लाना आवश्यक होता है। संक्षेप में कहा जा सकता है कि किसी भी देश की शिक्षा का स्तर बहुत कुछ उस देश के शिक्षकों की कार्यकुशलता, योग्यता, निष्ठा एवं दृष्टि कोण पर निर्भर करता है।

यह बात सर्वमान्य है कि समस्याओं का समुचित समाधान वहीं निकाला जा सकता है जहां वह समस्यायें मौजूद होती हैं। वस्तुतः स्कूलों में ही प्रेरणा के अभाव में अध्यापकों को विभिन्न समस्याओं के साथ उभरते एवं जूझते देखा जा सकता है, अकुशल एवं अप्रशिक्षित अध्यापक की कठिनाइयों का सही – सही आंकलन किया जा सकता है । सामाजिक परिवर्तन का शैक्षिक वातावरण पर सीधा प्रभाव मापा जा सकता है एंव पाठ्यक्रम सुधार तथा निधानात्मक परिक्षण को सही अर्थो में लागू किया जा सकता है । अतः प्रशिक्षण महाविद्यालयों एंव विश्वविद्यालयों के शिक्षा विभागों की चार दीवारी के अन्दर इन समस्याओं का समाधान खोजना समीचीन नहीं जान पड़ता है ।मेरे विचार से स्कूली वातावरण मे ही जहां समस्याओं के साथ छात्रों , अध्यापकों , प्रशासकों तथा अभिभावकों को अभियोजित होना पड़ता है, जहां वह इन्हें गहराई से समझ सकते है तथा अपने साधनों व सीमाओं का सही अनुमान लगा सकते हैं, वही समस्यासमाधानकी प्रविधियों के स्वतः सीखने का अवसर उन्हें प्रदान करना चाहिये।

मेरी यह मान्यता है कि वर्तमान काल मे प्रभावी शिक्षक की भूमिका का निर्वाह करना भूतकाल के किसी समय से अधिक चुनौती पूर्ण हो गया है। भूतकाल

की तुलना में आज का विद्यार्थी , शिक्षकों तथा विद्यालयों से अधिक अपेक्षायें करने लगा है,। शिक्षिकों को अपने ज्ञान , कौशल एवं संप्रेषण काल के मध्य से इनकी अपेक्षायें के स्तर तक उठना पड़ेगा अन्यथा उनका अस्तित्व ही खतरे मे पड़ सकता है।

शिक्षक शिक्षा में अमूल चूल परिवर्तन लाने की दृष्टि से विगत कुछ वर्षो मे जो प्रयास देश मे किये गये, वह सराहनीय है। भारत सरकार ने 1983 में शिक्षकों के लिये दो आयोगो की नियुक्ति की , जिनका कार्य शिक्षक–समुदाय से सम्वंधित विभिन्न आयामों पर सलाह देना था। पहले आयोग का कार्य क्षेत्र स्कूल शिक्षा से और दूसरे आयोग का उच्चतर शिक्षा से सम्वंधित था । इन आयोगों ने 1985 में अपनी अन्तिम रिपोर्ट पेश की थी । 1985 में तत्कालीन शिक्षा मंत्री ने शिक्षा पर स्टेटस रिपोर्ट ' प्रस्तुत की थी जिसका शीर्षक था ' शिक्षा की चुनौती–नीति संबंधी परिप्रेक्ष ' । इस दस्तावेश का उद्देश्य शिक्षा नीति तथा यहां के विकल्पों से सम्वंधित विषयों पर व्यापक एवं गहन राष्ट्रीय परिचर्चा को उत्साहित करना था । मानव संशाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने ' राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986–एक प्रस्तुति ' नामक दस्तावेश को अंतिम मंजूरी मई 1986 में दे दी थी , इस प्रकार देश मे नयी शिक्षा नीति का निर्माण किया गया जिसमें शिक्षक शिक्षा भी सम्मिलित है।

परिवर्तन के परिप्रेक्ष्य एक जटिल प्रक्रिया

वर्तमान वैज्ञानिक एवं तकनीकी विकास के युग में शिक्षक शिक्षा को पीछे छोड़ना किसी भी स्थिति में, किसी भी देश के लिये हित कारी नही माना जायेगा। जहाँ वैज्ञानिक एवं तकनीकी प्रगति के क्षेत्र में विश्व के विकास शील एवं विकसित देशों में एक होड़ सी चल रही हो, वहाँ शिक्षक शिक्षा को परम्परागत शैली में चलना न केवल हास्यास्पद होगा वरन् अनुपयुक्त भी । शिक्षा का दायित्य व्यक्ति एंव समाज को परिवर्तन के परिप्रेक्ष्य में तैयार करने का होता है। परिवर्तन अवश्यंभावी है और शिक्षा को बताना होगा कि लोग इसे किस प्रकार स्वीकार करें और परम्परागत मानसिकता

को दूर करते हुये किस प्रकार से इस गतिशील चिन्तन दें । इस प्रकार के विचार यूनेस्को द्वारा गठित अन्तर्राष्ट्रीय आयोग (1971) ने प्रतिपादित किया है जिन्हें इसकी रिपोर्ट लर्निग टू बी ' मे देखा जा सकता है।

वर्तमान जीवन तथा समाज दोनो ही काफी जटिल एंव संघर्षपूर्ण बन चुके हैं । पहले की तुलना में शिक्षक के दायित्य एवं कार्य अधिक क्लिष्ट एवं जटिल बन गये हैं तथा इनकी कठिनाई एवं जटिलता समय परिवर्तन के साथ – साथ बढ़ती जा रही है । आज के शिक्षक को वैज्ञानिक एवं तकनीकि विकास के प्रति जागरूक रहना आवश्यक हो गया है । अतः मानव को विकास की द्रुत गति से उत्पन्न सामाजिक , शैक्षिक , सांस्कृतिक एवं आर्थिक समस्याओं के निराकरण हेतु तैयार करना हो गया है। यहां यह बताना न्याय संगत होगा कि परिवर्तन के फलस्वरूप उत्पन्न सामाजिक , शैक्षिक एवं आर्थिक परिस्थितियों का व्यापक प्रभाव तो शिक्षक पर पड़ता ही है किन्तु इसी के साथ –साथ मानवीय मूल्यों एवं आदर्शों के प्रति सजगता भी उसे बनाये रखनी पड़ती है। वर्तमान युग में जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में जैसे – उद्योग, व्यापार राजनीति आदि में मानवीय पक्ष को अधिक महत्व एंव बल दिया जाने लगा है। इस दृष्टि कोंण से शिक्षा की बड़ी अहम भूमिका है।

वर्तमान में ज्ञान का विस्फोट हुआ है । ज्ञान बृद्धि की गति बहुत तेज हो चुकी है । ज्ञान भण्डार विभिन्न क्षेत्रों में इतनी तेजी से बढ़ रहा हैं। कि शिक्षक के सामने उसे प्राप्त करने की चुनौती सदैव बनी रहती है। आवश्यकता इस बात की है कि प्रशिक्षण के दौरान प्रयुक्त विधियों तथा विषयवस्तु में समुचित परिवर्तन किए जायें ताकि प्रशिक्षणार्थियों को इस कठिनाई का सामना न करना पड़े । इस दृष्टि से प्रशिक्षण की अवधि को बढ़ाने की आवश्यकता वर्तमान समय में अधिक बलवती बन गई है।

वर्तमान में तीव्रगति से बढ़ रहे ज्ञान के साथ–साथ जनसंख्या भी द्रुत गति से बढ़ रही है । इसका अनुमान इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि भारत

की कुल जनसंख्या जो 1961 में 44 करोड़ थी, 1971 में 54.8 करोड़ तथा 1981 में 68.3 करोड़ की सीमा को लांघ चुकी है तथा 1991 में 85.6 और 2001 में 100 करोड़ से ऊपर की सीमा पार कर चुकी है। इस बढ़ती हुई जनसंख्या का कुप्रभाव शिक्षा पर किस प्रकार पड़ा है, यह स्पष्ट दिखाई देता है। स्वतन्त्रता प्राप्ति के समय बने संबिधान में वर्णित धारा 45 जिसके अनुसार 14 वर्ष तक के सभी भारतीय बच्चों के लिए सार्वभौमिक शिक्षा प्रावधान रखा गया था, उसके लक्ष्य की ओर हम बढ़ते रहे है, 1960 से 1970 फिर 1988 और अब लक्ष्य–पूर्ति का वर्ष 2005 बना दिया गया है। वस्तुतः संख्या के दबाब के कारण इस लक्ष्य को प्राप्त करना हमारे लिये अभी भी समस्या एक बनी हुई है। जनसंख्या बढाने से शिक्षा संस्थाओं में शिक्षकों एवं संसाधनों की माँग अधिक बढ़ गई है। वस्तुतः बढ़ती हुई जनसंख्या के अनुरूप शिक्षकों की संख्या एवं संसाधनों में बृद्धि नहीं की जा सकी है। जिसके फलस्वरूप शिक्षा के स्तर में गिरावट आ जाना स्वाभाविक है। इस दिशा में अधिकांश शिक्षाविदों का मत है कि शिक्षा में संख्यात्मक विकास के कारण, गुणात्मक विकास अवरूद्ध नहीं होना चाहिए ।

शिक्षा अपने में जटिल प्रक्रिया है और शिक्षक शिक्षा उससे भी जटिल प्रक्रिया मानी जानी चाहिए । 'स्टोन्स तथा मारिस' ने अपनी एक पुस्तक में स्पष्ट किया है कि दुनियां में मनुष्य का सीखना अत्यधिक जटिल वस्तुओं में से एक है, और मनुष्य को सिखलाना (जिसे हम प्रायः प्रशिक्षण मानते है।) उसी पैमाने पर असंख्य समस्याओं को समाहित किए हुए हैं अतः यह कोई आश्चर्य की बात नहीं कि वह व्यक्ति को जो शिक्षक शिक्षा में लगे हुए हैं उनका तथा उनके द्वारा प्रयुक्त विधियों की तीखी अलोचना देखने को मिले ।

शिक्षक शिक्षा की जटिलताएं सामान्यतः दो तत्वों पर आधारित हैं ।:–

प्रथम वह तत्व जिसपर शिक्षक का नियंत्रण रहता है, जिन में वह परिवर्तन ला सकता है। जैसे – प्रश्न पूछने की कला, विषय वस्तु का सीमांकन करना,

विचारों को श्रृंखला बद्ध करना, श्रव्य – दृश्य सामग्री का चयन आदि । दूसरे प्रकार के तत्व वह हैं। जिनपर उसका नियंत्रण नहीं रहता, जिनें में वह परिवर्तन नहीं ला सकता है जैसे – कक्षा में छात्रों की संख्या, कक्षा कक्ष का आकार, छात्रों की भौतिक विशेषतायें आदि। शिक्षा – प्रणाली ने इन विभिन्न तत्वों का अपना महत्व तो होता ही है साथ ही इन तत्वों का आपसी सम्बन्ध भी शिक्षा की संख्यात्मक एवं गुणात्मक प्रगति को प्रभावित करता रहता है । इसी बात को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण की अवधि में अधिकाधिक व्यवहारिक अवसर इन तत्वों को समझने हेतु प्रदान करने का प्रयत्न किया जाना चाहिए ।

व्यक्ति एवं समाज के लिए परिवर्तन अकाट्य एवं अवश्यभावी है। वस्तुतः उससे विमुख होना कायरता मात्र है । तीव्र गति हो रहे समाजिक परिर्वतन के परिपेक्ष्य में शैक्षिक उद्देश्यों में समुचित परिवर्तन लाना होगा ताकि विज्ञान एवं तकनीकि विकास को शिक्षा तन्त्र का आवश्यक अंग बनाया जा सके । संक्षेप में कहा जा सकता है कि परिवर्तन की चुनौती और भी गम्भीर तथा भयानक सिद्ध हो सकती है यदि हम इसके साथ अभियोजित होने को तैयार नहीं होते है। परिवर्तन की प्रक्रिया को भली–भाँति समझना होगा, इसके निःहितार्थों का पूर्व अभ्यास हमें प्राप्त करना होगा तभी व्यक्ति को वांछित ज्ञान एवं कौशल को प्राप्त करने में सहायता मिल सकेगी और वह नवीन वातावरण में अभियोजित हो सकेगा । व्यक्ति की नैसर्गिक एवं व्यकितगत भिन्नताओं का भर पूर उपयोग उस दिशा में करना उपयुक्त एवं न्याय संगत होगा । कुछ विचारकों ने परिवर्तन की भयावह स्थिति का तानाबाना बुनते हुए, विद्यालयों की भूमिका पर तीखा प्रहार किया है । इन में (इवान इलिच) का नाम सर्वोपरि है । विश्व में तीव्र गति से हो रहे परिवर्तन को तथा परंपरागत विद्यालयों की भूमिका को ध्यान में रखते हुए, औपचारिक विद्यालयों को समाप्त करने की बात धड़ल्ले के साथ उसने कही । औपचारिक स्कूलों के विकल्पों की खोज उसने प्रारम्भ की । उसने विद्यालयों

को विस्थापित करने अथवा अविद्यालयीकरण की जोरदार शब्दों में वकालत की है ।

इसी क्रम में एक अन्य विचारक 'एवरेट रीमर' के विचारों का इस स्थल पर उल्लेख करना उपयुक्त जान पड़ता है, चूंकि उनमें मौलिकता एवं एकरूपता दृष्टिगोचर है । रीमर ने शिक्षा प्रणाली में किसी प्रकार के सुधार की संकल्पना को ही सायं की दृष्टि से देखा है। उसका मानना है कि जब शिक्षार्थियों की संख्या बहुत हो, और साधन हों, तो शिक्षा नहीं दी जा सकती है। उसने प्राथमिक शिक्षा को सार्वभौमिक अनिवार्य स्वरूप देने की कटु आलोचना की है । उसका दावा है कि कोई भी देश अपने सभी बच्चों की समुचित शिक्षा व्यवस्था नहीं चला सकता है, चूंकि विधालयीय खर्च निरन्तर बढ रहा है । हमारे विधालय सभी बच्चों को शिक्षित करने हेतु सक्षम नहीं है। वह योग्यता के आधार पर बच्चों का चयन करते हैं किन्तु चयन प्रकिया की अवधारणा स्वाभाविक एवं कृत्रिम होती है । प्रायः देखा गया है कि विधालय उन तत्वों को अलग कर देते हैं जिन्हें जोड़ने का दायित्व उन पर होना चाहिए । उदाहरण के लिए विद्यालय अधिगम को कार्य तथा खेल से विलग करके प्रदान करने की चेष्टा की जाती है । अतः नियोजित शैक्षिक कार्यक्रमों को त्यागना होगा , व्यक्ति को सीखने की स्वतन्त्रता देनी होगी। मेरे विचार से इन स्वप्नों को साकार रूप में तभी देखा जा सकेगा जब शिक्षक शिक्षा में अविलम्ब सुधार लाने की दिशा में कुछ ठोस कदम उठाये जायें ।

तीव्र गति से हो रहे परिवर्तनों की पृष्ठभूमि में प्राचीन एवं परम्परागत जीवन के तौर –तरीकों को आधार बनाकर यदि हमने जीवन – यापन करना चाहा तो सम्भवतः निराशा ही हाथ लगेगी । प्रसिद्ध विचारक टाफलर ने यह स्पष्ट बताया है कि परिवर्तन की गति इतनी तेज हो सकती है। भविष्य इसका जबरदस्त धक्का हमें वास्तविता को स्वीकार करते हुए देखना होगा कि मानव जाति कितना परिवर्तन सहन कर सकती है, आत्मसात कर सकती है । भविष्य कैसा होगा , इसका पूर्वकथन किया जाने लगा है । यधपि यह कार्य काफी कठिन है जिस पर भी शिक्षाविदों ने भविष्य में क्या घटनाएं घट

सकतीं हैं । किन घटनाओं पर नियंत्रण किया जा सकता है तथा अपने साधनों के परिप्रेक्ष्य में परिस्थितियों के विकल्प क्या हो सकते हैं। परिवर्तन के कारण भविष्य का शिक्षा जगत ,वर्तमान के शिक्षा जगत से सर्वथा भिन्न होगा और उसमें प्रभावपूर्ण अभियोजन प्राप्त करते हुए जीवन –यापन करना अपने में एक चुनौती होगी। इसके लिए हमें तैयार रहना चाहिए । कितना दुर्भाग्यपूर्ण यह विषय है। कि वर्तमान में स्कूली पाठ्यक्रम भूतकाल से अधिक जुड़ा है। और उसमें भविष्य की शैक्षिक आवश्यकताओं का समावेश नगण्य है, मेरे विचार से भूतकाल तथा भविष्यकाल की शिक्षा – पद्धति को एक सीधी रेखा में रखना अपने को धोखे में डालना होता हैं। भविष्य की जनसंख्या एव उसकी संरचना में भीषण परिवर्तन की संभावना है।

वर्तमान की तुलना में जनसंख्या का बहुत बड़ा भाग शहरों में बस सकता है। छात्रों की शैक्षिक प्रगति पर अध्यापकों का नियन्त्रण घट सकता हैं। महिलाओं का शिक्षा जगत में अधिक प्रवेश हो सकता है। सांस्कृतिक विपन्नता का प्रतिशत बढ़ सकता है । वातावरण को प्रदूषण से बचाना भविष्य की एक गम्भीर समस्या बन सकती है। कम्प्यूटर तथा स्वचालित मशीनों के कारण वर्तमान से शिक्षा – प्रणाली को गहरा धक्का लग सकता हैं। इस प्रकार के परिवर्तनों को देखते हुए शिक्षक के लिए यह काफी चुनौती पूर्ण कार्य होगा । कि सांस्कृतिक विरासत तथा परम्परागत तौर – तरीकों के स्वरूप को भविष्य में भी यथावत् बनाए रखें । संक्षेप में कहा जा सकता है। कि आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए भविष्य में शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में आमूल – चूल परिवर्तन लाने की द्रिशा में हमें कटिबद्ध होकर तैयार हो जाना चाहिए । यद्यपि कल के स्कूल का सही–सही चित्रांकन करना बड़ा कठिन कार्य है। जिस पर भी कुछ प्रवृत्तियां स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर हो रहीं हैं । जैसे भविष्य के विद्यालयों का केन्द्र बिन्दु व्यक्तिगत कार्यकलाप होगा न कि सामूहिक, स्कूल का अधिकांश स्थान प्रयोगशालाओं, व्यक्तिगत कार्यो के निष्पादन हेतु रहेगा और भाषण कक्षों ,

सभा–भवन आदि के लिए कम । स्कूल का बहुत बड़ा भाग अनुदेशात्मक संसाधन केन्द्र के रूप में विकसित होगा जहाँ विभिन्न उपयोगी उपकरण, तकनीकि उपकरण, पुस्तकों का सम्बधित भंडार आदि एक स्थान पर उपलब्ध कराए जा सकेंगे। इन सभी के माध्यम से शिक्षक सुगमतापूर्वक नयी विधाओं के ताने– बाने बुनकर अधिगत को अधिक सुसंगठित करने की क्षमता प्राप्त कर सकेगा, ऐसी रखनी चाहिए।

शिक्षक शिक्षा एक जटिल प्रकिया है। भविष्य में इसकी जटिलता और भी बढ़ सकती है। अतः कहा जा सकता है कि भविष्य में शिक्षक को अधिक योग्य एवं कुशल प्रभावी भूमिका का निर्वाह करना होगा। शिक्षा, समाज कल्याण का प्रमुख साधन है। शिक्षा द्वारा मानवीय मूल्यों एवं आदर्शों को ध्यान में रखते हुए , शिक्षक शिक्षा को समुन्नत बनाना आवश्यक हो जाएगा।

अर्थ ,अवधारणा एवं उद्देश्य

अर्थ –साधारण बोलचाल की भाषा में शिक्षक शिक्षा' की तुलना में 'शिक्षक प्रशिक्षण' शब्द अधिक प्रचलित है यहां यह बताना उपयुक्त होगा कि शिक्षा शब्द अधिक व्यापक है प्रशिक्षण से । प्रायः व्यवहार परिवर्तन के उन सन्दर्भों में जहाँ बुद्धि का उपयोग कम होता है और कौशलों के सीखने का सम्बन्ध अधिक रहता है, वहां प्रशिक्षण शब्द का प्रयोग किया गया है। जैसे सर्कस में जानवरों को विविध कौशल सीखने का प्रशिक्षण दिया जाता है, उसी भांति पहले शिक्षकों के प्रशिक्षण की भी बात कही जाती थी । अब 'प्रशिक्षण' का स्थान 'शिक्षा' ने ले लिया है । वस्तुतः प्रशिक्षणार्थी अपनी बुद्धि, कल्पना, चिंतन, विवेक, निर्णय लेने की क्षमता आदि अनेक मानसिक शक्तियों का पूरा उपयोग अधिगम के क्षेत्र में करता है। अतः शिक्षा का सीधा सम्बन्ध सैद्धान्तिक पक्ष एवं ज्ञान के प्रतिपादन तथा विश्वास के परिवर्तन के साथ है और प्रशिक्षण शब्द पुराना है जिसका स्थान शिक्षा ने ले लिया है ।

अब प्रशिक्षण शब्द को अनुपयोगर मानते हैं और उसका उपयोग

जानवरों को कौतुक सिखाने में करते हैं । इस प्रकार उस स्थान को, जहां शिक्षकों को शिक्षा दी जाती है, अब शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय न कहकर शिक्षक शिक्षा संस्थान कहना पसन्द करते है। प्रशिक्षण के उपरान्त दी जाने वाली उपाधि को 'बैचलर ऑफ एजूकेशन (बी0 एड0) कहते हैं न कि 'बैचलर इन ट्रेनिंग ' (बी0 टी0) । जो प्रशिक्षण हेतु लिये जाते हैं। उन्हें 'ट्रेनी' अथवा 'प्यूपिल टीचर' अपेक्षा छात्राध्यापक (स्टूडेंट टीचर) कहना अधिक उपयुक्त माना जाता है। प्राचीन शब्द डिमान्सट्रेशन अथवा प्रेक्टिसिंग स्कूल के स्थान पर कोऑपरेटिंग स्कूल अर्थात् सहयोगी विधालय कहना उपयुक्त समझते हैं। इसी भांति अध्यापक या प्रधानाध्यापक जो छात्राध्यापकों की मदद करते हैं, उन्हें सहयोगी अध्यापक या प्रधानाध्यापक कहते हैं। इन नवीन शब्दों में यह बात स्पष्ट झलकती है कि शिक्षाविदों ने प्रत्येक शब्द को, जो शिक्षक शिक्षा से जुडा है,गहराई तक विवेक पूर्ण चिन्तन एवं मनन के बाद देने का प्रयास किया है।

शिक्षक शिक्षा का प्रमुख कार्य कुशल एवं प्रभावी शिक्षको को तैयार करना है। प्रभावी अध्यापक वह माना जाना है जो सामाजिक परिप्रेक्ष्य में शिक्षार्थियों की प्रमुख आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायक होता है। एक प्रभावी शिक्षक को अपना केन्द्र बिन्दु मानता है। वह केवल पढ़ाता ही नहीं वरन् स्वयं ही पढ़ता व सीखता है। "यह ध्रुव सत्य है कि एक दीपक दूसरे दीपक को कभी प्रज्जवलित नही कर सकता, जब तक कि वह अपनी बाती को लगातार जलाये न रखे । अधिगम शिक्षण के बिना हो सकता है। और क्षम्य है । किन्तु शिक्षण बिना अधिगम के वकवास है और किसी सीमा तक भ्रामक एवं घातक है वर्तमान में बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण प्रत्येक क्षेत्र में अधिक शिक्षकों की मांग हो रही है । यह भी मांग की जाती है कि प्रत्येक स्तर पर कुशल एवं प्रशिक्षित शिक्षक ही नियुक्त किये जायें अतः शिक्षक शिक्षा संस्थानों का यह उत्तर दायित्व हो जाता है कि वह शिक्षकों की तैयारी के समय उन शील गुणों एवं कौशलों का विकास करे जिनके माध्यम से वह एक प्रभावी शिक्षक बन सके इन संस्थाओ का

यह दायित्व बनता है कि छात्राध्यापकों में उनगुणों का प्रावधिर्भाव करे जो उनमें नही है, और जो गुण उनमें से दबे पड़े है उनका पता लगाकर समुन्नयत बनाये यह सर्वविदित है कि योग्य कुशल एवं शिक्षक ही प्रशिक्षित वह धुरी है जिसके चारों ओर सम्पूर्ण शिक्षा प्रणाली घूमती रहती है। अतः शिक्षण शिक्षा संस्थानों की यह जिम्मेदारी है कि वह बिगड़ती हुई दशा का यह आंकलन समय–समय पर करें और शिक्षक शिक्षाओं को अधिक सार्थक, उपयोगी एवं प्रभावी बनाने हेतु निरंतर प्रयास करते रहें।

अवधारणा

प्रभावी शिक्षक की अवधारणा मे भी परिवर्तन हुआ है । छात्रों तक ज्ञान पहुंचाना ही उसका कार्य अव नहीं रहा है। अब उसे अधिगम हेतु निदेशक का कार्य करना पड़ता है । अधिगम को नियोजित करते हुये समुचित वातावरण बनाना होता है। समस्त संसाधनो का उपयोग करना होता है, संस्कृति एवं मूल्यों का संप्रेषण करना होता है , और छात्रों में अपेक्षित व्यवहार करने हेतु प्रयास करना होता है । अब शिक्षक सामाजिक परिवर्तन का प्रतिनिधि माना जाता है जो भविष्य के समाज का प्रेणता होता है । उसका कार्यअब केवल कक्षा तक ही सीमित नही रहता है , उसे समाज के रूपान्तण में प्रभावी भूमिका अदा करनी पडती है ।

शिक्षक शिक्षा के कई उपागम है। एक विचार धारा जिसका पहले वोलवाला था , कि शिक्षणकला व्यक्ति जन्म से ही लेकर आता है , इसे सिखाया नही जा सकता । इस जन्म जात योग्यता का उपयोग शिक्षण की प्रत्येक परिरिथति मे शिक्षक करता है, किन्तु इस विचार धारा को सत्य नहीं माना जा सकता है। सत्य तो यह है कि शिक्षण व्यवहार निश्चित होते हैं , और व्यक्ति की आयु योग्यता रूझान आदि से उनका निकट का सम्बन्ध होता है । शोध परिणामों से यह सिद्व किया जा चुका है । कि प्राणियों के सामान्य व्यवहार की भांति शिक्षण व्यवहार में भी अपेक्षित परिवर्तन लाना सम्भव होता है।दूसरी विचारधारा के अनुसार कुशल अध्यापक की नकल करने से अध्यापन कला

के नियम सीखे जा सकते हैं। कुशल अध्यापक वह माना जाएगा जिसके शील गुण कला, कौशल, दृष्टिकोण, मान्यताओं आदि को नमूने के तौर पर मानते हुए शिक्षार्थीगण निरीक्षण, अनुकरण एवं अभ्यास द्वारा अपने व्यक्तित्व में समाहित करने का प्रयास करते हैं। इस विचारधारा का एक बड़ा दोष यह है। कि इसमें छात्राध्यापक को दूसरे की शिक्षण शैली का अनुसरण करने को कहा जाता है। जबकि शिक्षण एक विशिष्ट वैयक्तिक कार्य होता है। इस विचारधारा पर चलने वाले छात्राध्यापक लीक से जरा हटकर शिक्षण कार्य करने में अपने को अक्षम पाते है। एक बड़ी कठिनाई यह भी सामने आती है। कि प्रचुर संख्या में इस प्रकार के कुशल शिक्षकों को व्यवसाय में पाना सरल कार्य नही होता हैं।

एक तीसरी विचारधारा भी हैं । इसके अनुसार कुशल शिक्षक का अनुसरण करने की अपेक्षा शिक्षण प्रतिमानों का अनुसरण करना श्रेयस्कर माना जाता है । पिछली दशाब्दी से लेकर आज तक शिक्षा जगत में विभिन्न प्रकार के प्रतिमानों का उदय हो चुका है। डेविस, फ्लैडर, स्मिथ, स्ट्रेसर, टाबा आदि शिक्षाविदों द्वारा प्रतिपादित प्रतिमानों का उपयोग शिक्षक अपनी सुविधानुसार कर सकता है। यह विचारधारा उन सभी शिक्षार्थियों को, जो शिक्षण कार्य में रूचि रखते है। उनकी व्यक्तिगत भिन्नताओं के होते हुए भी, व्यवहारिक रूप से सहायता पहुँचती है। उपरोक्त विभिन्न प्रतिमानों की समुचित व्याख्या प्रस्तुत पुस्तक में अन्यत्र की गई है।

बहुत से लोग ज्ञान-प्राप्ति को ही शिक्षा मानते है। और शिक्षक को प्रशिक्षण के दौरान बच्चों के मस्तिष्क में विशेष विषयों से सम्बन्धित ज्ञान को ठूसने के लिए तैयार करना उपयुक्त मानते हैं। किन्तु सच तो यह हैं कि वर्तमान काल में शिक्षकों के कार्य एवं दायित्व पहले की अपेक्षा बहुत बढ़ चुके हैं। आज उसे प्रभावी ढंग से शिक्षण के साथ -साथ शाला की विविध गतिविधियों में सक्रिय रूप से हाथ बढ़ाना पड़ता है। उसे विभिन्न प्रवृतियों, खेल-कूद, निर्देशन आदि में भाग लेने के अलावा

शाला –अभिलेख तैयार करने, श्रव्य – दृश्य सामग्री बनाने, शैक्षिक तकनीकि का उपयोग करने, शैक्षिक भ्रमण की व्यवस्था करने, नवीन मूल्यांकन विद्याओं का उपयोग करने आदि के लिए कार्य करना पड़ता है। शालाओं में कम्प्यूटर का प्रवेश भी उसके लिए नवीन ज्ञान एवं कौशल प्राप्त करने का क्षेत्र बन गया है । अतः प्रशिक्षण संस्थानों को इन सभी क्षेत्रों में ज्ञान एवं दक्षता प्राप्त करने हेतु भरपूर अवसर उपलब्ध कराने होंगें। संक्षेप में कहा जा सकता है कि वर्तमान में शिक्षक को ज्ञान का स्रोत ही नहीं वरन, अधिगम अनुभवों का व्यवस्थापक बनना पड़ेगा । यदि शिक्षा को राष्ट्ीय एवं ग्रामीण विकास कार्यक्रमों का अभिकरण माना जाता है तो उस दशा में शिक्षक शिक्षा के पाठ,यक्रम को बदलकर सार्थक बनाते हुए समाज की आवश्यकताओं के साथ जोडना पड़ेगा । शिक्षक शिक्षा के संगठन , विषयवस्तु एवं विधियों में व्यापक फेर –बदल करना होगा । शिक्षक शिक्षा के पुराने एवं परम्परागत तौर–तरीकों से इस लक्ष्य की पूर्ति नहीं हो सकती है। शिक्षकों में वांछित योंग्यता एवं कौशल की प्राप्ति के लिए, शैक्षिक प्रयोगों एंव नवाचारों को बढावा देना होगा । शिक्षक प्रशिक्षकों को समुचित शैक्षिक अवसर प्रदान करने होंगें ताकि वह सेवारत रहते हुए अपने ज्ञान , कौशल एवं दृष्टि कोण आदि में आदि में व्यापक परिवर्तन एवं सम्बर्धन ला सकें ।

उददेश्य

उददेश्य शब्द संस्कृत भाषा के उदिदष्य शब्द से बना है । जिसका अर्थ होता है किसी कार्य को दिशा या निर्देश देना । शिक्षण कार्य करने में जो हमारी मूल धारणा या प्रेरक तत्व होता है वह शिक्षा का उददेश्य है , क्योंकि उसी के माध्यम से शिक्षा के कार्य की प्रगति होती है , उसे दिशा मिलती है। कुछ अन्य शब्द जैसे ध्येय का अर्थ है जिसका ध्यान एवं लक्ष्य समानार्थी प्रतीत होती है । उसे दिशा मिलती है । कुछ अन्य शब्द जैसे ध्येय एवं लक्ष्य समानार्थी प्रतीत होते हैं । किन्तु उनमें भेद करना उचित होगा । ध्येय का अर्थ है। जिसका ध्यान दिया जा सकता हो, जो ध्यान

में रखने योग्य हो। ध्येय और उद्देश्य में अन्तर यह हैं कि ध्येय में हमारे विचार एवं भावना का स्थान गौण रहता है। और स्वंय उस कार्य, वस्तु या विषय का भाव प्रधान होता है, जिस पर हमारा मन केन्द्रित होता है। लक्ष्य शब्द का प्रयोग शिकार की प्रक्रिया में होता रहा है। इसका शाब्दिक अर्थ होता है। जिस पर कोई चिन्ह या निशान हो । अत एंव लक्ष्य में दृष्टि की प्रधानता होती है। और ध्येय में ध्यान की। ध्येय में इतना अधिक नो निवेश नहीं होता जितना लक्ष्य में । उद्देश्य अन्तिम और चरम सीमा का द्योतक है । तो ध्येय और लक्ष्य उस तक पहुँचने के विश्राम–स्थल हैं। जिनको प्राप्त कर हम इच्छित दिशा की ओर बढ़ते हैं।

चूंकि किसी शैक्षिक कार्यक्रम की दिशा एवं अन्तिम लक्ष्य बहुधा उसके उद्देश्यों द्वारा परिभाषित किए जाते हैं। अतः आवश्यक हो जाता है कि शिक्षक शिक्षा कार्यक्रमों की सफलता हेतु वास्तविक एवं स्पष्ट उद्देश्यों को सुनिश्चित किया जाए। शिक्षक शिक्षा के उद्देश्यों का चयन बहुत कुछ वर्तमान शिक्षा प्रणाली और भावी शिक्षा योजना के परिप्रेक्ष्य में किया जाना चाहिए । यद्यपि शिक्षक शिक्षा के उद्देश्य विभिन्न स्तरो पर भिन्न–भिन्न होंगे (पूर्व प्राथमिक, प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च स्तर आदि) जिस पर भी इसकी संपूर्ण परिधि को दृष्टि में रखते हुए कुछ सामान्य उद्दश्यों को सुनिश्चित करने के पूर्ण यह तय करना होगा कि शिक्षक शिक्षा के माध्यम से किस प्रकार के अध्यापक तैयार करने हैं? यहाँ शिक्षक किस प्रकार के ज्ञान एवं कौशल को प्राप्त करें ताकि वह दक्ष एंव प्रभावी बन सकें ? किस प्रकार के आदर्श, मूल्य एंव दृष्टिकोण उनमें विकसित करने हैं ? इन प्रश्नों के अन्य प्रश्नों का समाधान निकालने के पश्चात ही उद्देश्यों की विशद विवेचना करना संभव हो सकेगा।

भारत में समय–समय पर कई शिक्षा आयोग गठित किए गए। इनकी शिक्षक शिक्षा सम्बन्धी प्रमुख अनुशंसाओं का संक्षिप्त वर्णन यहाँ प्रस्तुत करना समीचीन होगा।

विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग(1948–49) ने शिक्षक प्रशिक्षण के सम्बन्ध में निम्न सुझाव दिए हैं–

1. शिक्षक प्रशिक्षण के कार्यक्रम को पुनर्गठित किया जाना चाहिए।
2. शिक्षक प्रशिक्षण के कार्यक्रम में पुस्तकीय ज्ञान की अपेक्षा अधिकांश समय शालाओं में अध्यापन अभ्यास हेतु लगाया जाना चाहिए ।
3. छात्राध्यापकों को शालाओं के अभिनव परिवर्तनों एवं प्रगतिशील कार्यक्रमों के अध्ययन का अधिक अवसर देना चाहिए। उनके कार्य का मूल्यांकन करते समय उनकी अध्यापन सफलता पर विशेष ध्यान देना चाहिए।
4. सैद्धान्तिक विषयों का अध्ययन स्थानीय दशाओं के आधार पर किया जाना चाहिए।
5. प्रशिक्षण संस्थाओं के अध्यापकों को शाला में पढ़ने का पर्याप्त अनुभव होना चाहिए एम0 एड0 पाठ्यक्रम प्रारम्भ किए जायें तथा उनमें प्रवेश उन शिक्षकों को दिया जाए जिन्हें अध्यापन अनुभव हो।
6. प्रशिक्षण संस्थाओं के अध्यापकों द्वारा अनुसंधान कार्य अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित किया जाना चाहिए।

माध्यमिक शिक्षा आयोग (1952–53) में शिक्षक प्रशिक्षण सुधार हेतु निम्न प्रस्ताव देखने को मिलते हैं–

1. माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए दो प्रकार के पाठ्यक्रम निर्धारित किए जाने चाहिए। –

   (क) उनके लिए जो उच्च माध्यमिक शिक्षा के उपरांत अध्यापक बनना चाहते हैं, प्रशिक्षण अवधि 2 बर्ष की होगी ।

   (ख) उनके लिए जो स्नातक हैं, प्रशिक्षण की अवधि एक वर्ष की होगी।
2. प्रशिक्षण संस्थाओं में समय–समय पर अभिनवन पाठ्क्रमों, विषय आधारित लघु गहन पाठ्यक्रमों तथा कार्यशाला द्वारा व्यावहारिक प्रशिक्षण की व्यवस्था की

जानी चाहिए । शिक्षिकाओं के अभाव की पूर्ति के अंशकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए।

3. प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण के दौरान कोई शुल्क नहीं लेना चाहिए । उन्हें राज्य की ओर से छात्रवृत्तियां तथा छात्रावास की सुविधा दी जानी चाहिए।

4. छात्राध्यापकों को एक या उससे अधिक पाठ्यक्रम सहगामी कियाओं में प्रशिक्षित किया जाना चाहिए ।

5. जो अध्यापक विद्यालयों में सेवारत हो, उन्है प्रशिक्षण काल में पूरे वेतन पर अवकाश देना उपयुक्त होगा ।

6. प्रशिक्षित अध्यापकों के लिए एम0 एड0 पाठ्यक्रम की भी व्यवस्था की जाए । शिक्षक शिक्षा में शोध कार्य को बढ़ावा देना चाहिए ।

7. स्नातकों की प्रशिक्षण संस्थाएं विश्वविद्यालयों के शासन–प्रबन्ध में होनी चाहिए।

8. प्रशिक्षण संस्थाओं में शिक्षकों, प्रधानाचार्यो तथा जिला विद्यालय निरीक्षकों के बीच स्वतन्त्र विचार विमर्श होना चाहिए ।

भारतीय शिक्षा आयोग (1964–66) ने शिक्षक शिक्षा के उन्नयन हेतु निम्न सुझाव प्रस्तुत किए हैं –

1. प्रशिक्षणार्थियों की तैयारी विविध उत्तरदायित्व को ध्यान में रखकर की जानी चाहिए ।

2. प्रशिक्षण पाठ्यक्रम कुछ इस प्रकार बनाया जाए कि इसका शिक्षक के दायित्वों, परिस्थितियों एंव समस्याओं से सीधा बना रहे ।

3. प्रशिक्षण द्वारा शिक्षार्थियों में वह क्षमता विकसित करनी चाहिए जिससे वह सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक, आर्थिक, एंव औद्योगिक शक्ति के उस स्वरूप को समझ सकें जो परिवर्तन से उत्पन्न होगी ।

4. छात्राध्यापकों को कम से कम 8 सप्ताह का निरन्तर अध्यापन अभ्यास का

अवसर देना चाहिए और वह भी वास्तविक शाला के वातावरण में ।

आयोग ने इस बात पर बल दिया है कि शिक्षक शिक्षा के पाठ्यक्रम में नवीनता होनी चाहिए और उसकी आयोजना इस प्रकार से की जाए ताकि शिक्षक आधुनिकीकरण की प्रक्रिया में अपना योगदान सफलतापूर्वक दे सकें।

सामान्य उद्देश्य

शिक्षक की तैयारी केवल विद्यालय की समस्याओं तक ही सीमित नही होनी चाहिए, उसे राष्ट्रीय विकास तथा समुदाय की आवश्यकताओं के साथ जोड़ना उपयुक्त होगा । शिक्षण का दायित्व शिक्षार्थी का चहुंमुखी विकास करना होता है। और उस विश्वास को जगाना होता है। जो उसे धर्म निरपेक्षता, गणतन्त्रात्मक एंव सामाजिक मान्यताओं की ओर ले जा सके । अतः शिक्षक को पहले स्वयं इन मूल्यों एंव आस्थाओं को सीखना आवश्यक हो जाता हैं, शिक्षक समुचित ज्ञान, कौशल एंव दृष्टिकोण को प्राप्त करने के साथ-साथ शिक्षा कें माध्यम से वांछित व्यवहार परिवर्तन लाने की प्रभावी भूमिका का निर्वाह भी करता है। उपरोक्त भूमिका को आधार बनाते हुए शिक्षक शिक्षा के कुछ सामान्य उद्देश्य निर्धारित किए जा सकते है । राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (नेशनल काउंसिल ऑफ टीचर एजूकेशन) ने इस दिशा में कुद ठोस सुझाव दिये हैं, जिन्हें शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम – एक रूपरेखा (टीचर एजूकेशन करीकुलम–ए फ्रेमवर्क) नामक पुस्तिका में 1978 प्रकाशित किया गया हैं । इसके अनुसार निम्न सामान्य उद्देश्य प्रस्तुत किये गए हैं–

1. गाँधीवादी मूल्यों – यथा सत्य , अंहिंसा , स्वविश्वास , स्वअनुशासन , श्रम का आदर आदि का शिक्षा मे विकास करना
2. समुदाय में सामाजिक परिवर्तन के कार्यकर्ता के रूप मे अपनी भूमिका समझाना
3. अपनी भूमिका को छात्रों के नेतृत्व मात्र के रूप में न मानते हुये समुदाय के पथ–प्रर्दशन एंव निर्देशन के रूप मे समझना ।

4. समुदाय तथा विद्यालय के बीच सम्पर्क सूत्र स्थापित करना तथा सामुदायिक जीवन एंव संसाधनों को विद्यालय के कार्य के साथ समन्वित करने हेतु समुचित तौर तरीको का उपयोग करना ।

5. वातावरणीय संसाधनों का न केवल प्रयोग करना वरन उनकी परिरक्षा करना तथा ऐतिहासिक यादगारों एंव सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करना।

6. बढ़ते हुये बच्चों के एंव उनकी अकादमिक , सामाजिक , सांवेगिक तथा व्यक्तिगत समस्याओ के प्रति उपयुक्त दृष्टिकोण रखना तथा वह कोशल प्राप्त करना जिससे उन्हें समुचित निर्देशन दिया जा सके।

7. भारतीय परिप्रेक्ष्य में शालीय शिक्षा के उददेश्य को भलीभांति समझना और प्रजातांत्रिक, सामाजिक एंव धर्म निरपेक्ष लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु शाला की भूमिका को समझना ।

8. शिक्षक के संक्षरण के जो बच्चे हों , उनकी रूचि , प्रवृति एंव कौशल आदि को समझना ताकि उनका चहुंमुखी विकास किया जा सके ।

9. शिक्षण एंव अधिगम के नियमों के अनुरूप अध्यापन क्षमता का विकास कराना ।

10. संप्रेषण एवं मनोदैहिक कौशल एंव योग्यताओं का उपयोग मानवीय सम्बन्धो को बनाने में करना ताकि बच्चों में कक्षा के बाहर अधिगम स्तर को बढाया जा सके ।

11. विषय वस्तु का आधुनिक ज्ञान प्राप्त करना तथा उस विषय वस्तु से सम्बन्धित शिक्षण की नवीनतम विधाओं से परिचित होना।

12. क्रियात्मक अनु संधान एवं शोध अध्यनों को हाथ में लेना ।

पूर्व-प्राथमिक शिक्षक शिक्षा का उददेश्य

पूर्व प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षणार्थी के लिए अपेक्षित है–

1. शिशु–शिक्षा के विषय में सैदान्तिक एवं व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करना ।
2. शिशुओं के विशिष्ट पर्यावरण के सन्दर्भ में उनके विकास एवं वृद्धि के प्रमुख सिद्धान्तों को समझने की क्षमता विकसित करना
3. भारत की ग्रामीण नगरीय तथा औधोगिक परिस्थितियों के अनुरूप छोटे बालकों की शिक्षा में इन बोध – क्षमताओं ज्ञान को लागू कर सके ।
4. कौशल, बोध , अभिरूचि एवं अभिवृति आदि विकसित होना ताकि वह शिशुओ के सर्वागीण विकास को पोषित कर सकें ।
5. प्रत्येक वातावरण का निर्माण कर शिशुओं के शारीरिक एवं संवेगात्क स्वास्थ्य की देखमाल कर सकने का कौशल विकसित होना।
6. कहानी कहना, परिस्थितियों को समझाना आदि सम्प्रेषण के कौशल विकसित होना ।
7. संगीतात्मक, लयात्मक तथा अभिनयात्मक गतिविधियों, नाटक, कार्यानुभव, मौलिक कला एवं खेल आदि का संचालन करके विभिन्न प्रकार के अधिगम अनुभवों को प्रदान करने की योग्यता एवं कुशलता होना ।
8. निरर्थक एवं उपलब्ध वस्तुओं से सरल श्रव्य –दृश्य सहायक सामग्री विकसित करने का कौशल होना ।
9. बच्चों के घरेलू वातावरण को समझ सकना एवं पारस्परिक लाभ के लिए घर और विधालय में मित्रवत् संबंध विकसित करना।
10. समाज को वदलने में विधालय में एवं शिक्षक की भूमिका को समझ सकना ।

प्राथमिक स्तर पर शिक्षक शिक्षा के उददेश्य

चूंकि प्राथमिक शिक्षा के उददेश्य, पूर्व प्राथमिक शिक्षा के उददेश्यों से भिन्न है अतःस्वाभामिक है कि इसका प्रशिक्षण कार्यक्रम भी पूर्व प्राथमिक प्रशिक्षण से भिन्न होना चाहिए , फिर भी शिशु मनोविज्ञान , खेल – विधि द्वारा शिक्षण आदि पूर्व प्राथमिक शिक्षण शिक्षण शिक्षा के कतिपय तत्वों को प्राथमिक शिक्षण शिक्षा कार्यक्रम में समाहित करना आवश्यक है । प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षणार्थी के लिए अपेक्षित है–

1. प्रथम तथा द्वितीय भाषा में , गणित एवं पर्यावरणीय अध्ययन भाग एक व भाग दो से सम्बन्धित प्राकृतिक और सामाजिक विज्ञान विषयों में पूर्ण निपुण होना।
2. उपर्युक्त विषयों का औपचारिक परिस्थितियों में शिक्षण करने हेतु अधिगम अनुभवो को पहचानने , चयन करने तथा संगठित करने के कौशल विकसित होना ।
3. स्वास्थ्य, शारीरिक और मनोरंजन गतिविधियो, कार्यानुभव , कला और संगीत आदि का पर्याप्त सैद्धान्तिक तथा व्यावहारिक ज्ञान होना एवं इन गतिविधियों को संचालित करने की कुशलता होना।
4. 6 से 14 तक आयु वर्ग के बच्चों की वृद्धि एवं विकास के मूलभूत मनोविज्ञान सिद्धान्तों का बोध विकसित होना।
5. बाल शिक्षा का सर्वागीण शिक्षण सहित सैद्धान्तिक एंव व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करना ।
6. बोधात्मक, मनोगति एंव अभिवृत्यात्मक अधिगमों को विकसित करने हेतु प्रमुख अधिगम सिद्धान्तों को समझने की क्षमता विकसित होना ।
7. बालक का व्यक्तित्व निर्मित करने में घर, कुलीन वर्ग तथा समुदाय की भूमिका को समझना एंव घर व विद्यालय में पारस्परिक लाभ के लिए आत्मीयतापूर्ण सम्बन्ध विकसित करने के लिए सहायता देना।
8. सरल कियात्मक अनुसंधान का संचालन करना ।
9. समाज बदलने में शिक्षक एंव विद्यालय की भूमिका समझना ।

माध्यमिक स्तर पर शिक्षा के उद्देश्य

1. विद्यालय की नयी पाठ्यचर्या के सन्दर्भ में शिक्षण और अधिगम के स्वीकृत सिद्धान्तों के आधार पर अपने विशिष्टीकरण वाले विषयों के पढ़ाने में निपुण होना ।
2. कौशल, बोध, अभिरूचि तथा अभिवृत्ति विकसित होना ताकि वह अपने अन्तर्गत बालकों की सर्वागीण वृद्धि एंव विकास को पोषित कर सके ।
3. स्वास्थ्य व शारीरिक शिक्षा, खेल व मनोरंजक गतिविधियों एंव कार्यानुभव का पर्याप्त सैद्धान्तिक तथा व्यावहारिक ज्ञान होना
4. उपयुर्क्त सामान्य एंव विशिष्ट विषयों के शिक्षण हेतु अधिगम अनुभवों को पहचाने, चयन करने, नयी दिशा देने तथा संगठित करने के कौशल को विकसित करना ।
5. वृद्धि एंव विकास, वैयक्तिक विभिन्नताएँ व समानताएं तथा बोधात्मक, मनोगति और अभिवृत्यात्मक अधिगमों के मनोवैज्ञानिक सिद्धान्तों को समझने की क्षमता विकसित होना ।
6. बालको की व्यक्तिगत तथा साथ ही अध्ययन सम्बन्धी समस्याओ के समाधान हेतु मार्गदर्शन प्रदान करने के कौशल विकसित होना ।
7. बालक का व्यक्तित्व निर्मित करने में घर , कुलीन वर्ग तथा समुदाय की भूमिका को समझना एवं घर व विधालय में दोनो के लिए आत्मीयता पूर्ण सम्बन्ध विकसित करने हेतु सहायता प्रदान करना ।
8. समाज को बदलने में विधालय की भूमिका समझना ।
9. अनुसंधानात्मक प्रयोजन एवं कियात्मक अनुसंधान को सम्पादित करना।

कालेज स्तर पर (+२ के लिए) शिक्षक शिक्षा के उददेश्य ।

1. अधिगम एवं शिक्षण के मान्य सिद्धान्तों के आधार पर अपने विशिष्टी – करण वाले विषय को पढ़ाने हेतु निपुणता विकसित करने के साथ ही विषय और शिक्षण विधियों से सम्बन्धित नवीनतम ज्ञान व विकास से परिचित रहना ।

2. भारतीय पृष्ठभूमि के अन्तर्गत सामान्य रूप में शिक्षा और विशिष्ट रूप में उच्च शिक्षा के उददेश्य एवं लक्ष्य का विकसित करना, एक प्रजातांत्रिक धर्मनिरपेक्ष व समाजवादी समाज का निर्माण करने में शिक्षा एवं शिक्षक की भूमिका के प्रति जागरूकता विकसित होना ।
3. अध्ययनात्मक तथा / अथवा व्यावसायिक विषयों के शिक्षण हेतु उपयुक्त अधिगम अनुभवों के द्वारा बोधात्मक एवं मनोगति आदि कौशल विकसित होना ।
4. अध्ययन सम्बन्धी तथा/ अथवा व्यावसायिक विषयों के शिक्षण में शैक्षिक तकनीकी का उपयोग करने के कौशल विकसित होना।
5. किशोरावस्था के बालको की मानसिक एवं सामाजिक आवश्यकताओं को और उनके पूर्ण न होने से उत्पन्न समस्याओं को समझना । किशोरों की व्यक्तिगत एवं अध्ययन समस्याओं को सुलझाने में उनको मार्गदशर्न व परामर्श प्रदान करने का कौशल विकसित होना।
6. शिक्षा एवं विशेष योग्यता के विषय से सम्बन्धित क्षेत्रों में क्रियात्मक अनुसंधान प्रायोगिक एवं शोधपूर्ण प्रायोजनाओं में प्रवृत होना।
7. समाज को परिवर्तित करने में विधालय एवं शिक्षक की भूमिका के समझना ।

उपर्युक्त विवेचना से यह स्पष्ट हो जाता है कि शिक्षक शिक्षा के उददेश्य विभिन्न स्तरो पर भिन्न–भिन्न होते है। किन्तु कुछ समान्य उददेश्य भी बनाये जा सकते है, जो सभी स्तर की शिक्षक शिक्षा पर लागू होते है। यहां यह भी स्पष्ट करना उपर्युक्त होगा कि इन उददेश्यों का निर्धारण शिक्षा संस्थाओं की वर्तमान आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए । शिक्षक शिक्षा के उददेश्य समाज में हो रहे परिवर्तनों, सामाजिक मूल्यों एवं आदर्शो वैज्ञानिक एवं तकनीकि विकास तथा शिक्षा संस्थाओ की मागों को ध्यान मे रखकर निश्चित करने चाहिए। शिक्षक शिक्षा के उददेश्य एक ओर परम्परागत मूल्यो और वर्तमान आवश्यकताओं पर आधारित होते है तो दूसरी ओर समाज की भावी आवश्यकताओं और मांगो पर । इस दृष्टिकोण से प्रशिक्षण संस्थाओ की भूमिका वहुत महत्वपूर्ण होती है।

स्वरूप एवं सगंठन

शिक्षक शिक्षा के स्वरूप एवं संगठन के क्षेत्र में विभिन्न प्रान्तों, विश्व विधालयों तथा प्रशिक्षण संस्थाओ में भिन्नता पायी जाती है। वस्तुतः इनमे एक रूपता बहुत कम दीखती हैं। यही नही, यदि तनिक ध्यान दिया जाए तो यह भी स्पष्ट हो जाता है कि केवल शिक्षक शिक्षा के पाठ्य क्रम एवं मूल्याकंन में ही भिन्नता नहीं है, वरन् प्रशिक्षण संस्थाओ के संगठन, प्रबन्ध, प्रशासन आदि में भी है । किसी प्रान्त में अधिकांश प्रशिक्षण संस्थाए व्यक्तिगत प्रयासो पर गैर सरकारी रूप सरकारी रूप में चल रही है,तो किसी प्रान्त में सरकारी संस्थाओ की बहुलता है। ऐसा भी देखने में अधिकाश प्रशिक्षण संस्थाए व्यक्तिगत प्रयासो पर गैर सरकारी रूप में चल रही है, तो किसी प्रान्त में सरकारी व्यवस्थाओ की बहुलता है, ऐसा भी देखने में कि शिक्षक के चयन की प्रक्रिया विभिन्न प्रान्तीय सरकार विश्वविधालयों एवं प्रशिक्षण संस्थाओ द्वारा अपनी सुविधानुसार बना ली जाती है। शिक्षक शिक्षा के विभिन्न स्तरो – जैसे शाला – पूर्व, प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक एवं कॉलेज एवं परास्नातक के बीच दीवारे बन गई हैं । इन दीवारों को तोड़कर समग्र शिक्षक शिक्षा में तारतम्यता एवं एकरूपता लाने को प्रयास करना आवश्यक हो गया है । इनके पृथकीकरण को समाप्त करना होगा। इस दिशा में एक मूल कोर प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया जा सकता है जो सभी स्तरो के पाठक्रमो में समान रूप से लागू हो सके, इसमें प्रशिक्षण की वह सामान्य विधाए रखी जा सकती है , जिनका उपयोग प्रत्येक स्तर पर किया जा सकता है।

पूर्वशाला स्तरीय शिक्षक शिक्षा

यधपि पूर्वशाला शिक्षा को राज्य का विषय अभी तक नही माना गया है जिस पर भी इसकी आवश्यकता को नकारा नही जा सकता है। यह सर्व – विदित है कि प्रत्येक राज्य के शहरो क्षेत्रों में बहुत बडी संख्या में नर्सरी , मॉडल अथवा पब्लिक स्कूलों के नाम पर हजारो बोर्ड देखे जा सकते है । इनको देखते हुए ,इस स्तर

के शिक्षको के प्रशिक्षण की व्यवस्था करना उचित तो प्रतीत होता है, किन्तु वर्तमान संसाधनो एवं सीमाओं के परिप्रेक्ष्य मे यह सम्भव नही हो पा रहा है । फिलहाल प्राथमिक स्तरीय शिक्षक शिक्षा के पाठ्यक्रम में ही पूर्व शाला स्तरीय शिक्षको के लिए वैकल्पिक अथवा अतिरिक्त विषय के रूप में शिक्षा देना श्रेयकर प्रतीत होता है। कुछ विशेंष प्रविधियां जो पूर्व शाला बच्चो के लिए अधिक उपयुक्त होती है, उनका समावेश पाठ्य– क्रम में किया जा सकता है। अतः मेरे विचार से पूर्व शाला तथा प्राथमिक शाला स्तरीय शिक्षक शिक्षा का एक समन्वित पाठ्यक्रम बनाना उपयुक्त होगा, जो उन सभी बच्चो के लिए हो जिनकी आयु 3 से 8 वर्ष के मध्य होती है।

एन. सी .टी . ई . ने इस स्तर की शिक्षक शिक्षा के चार विकल्प प्रस्तुत किए है , तथा शिक्षक शिक्षा के समय को निम्न प्रकार से बांटने की रूप रेखा प्रस्तुत की है–

(अ)	शैक्षिक सिद्धान्त का ज्ञान	20प्रतिशत
(ब)	सामुदायिक कार्य	20प्रतिशत
(स)	शिक्षण विधियाँ ,शिक्षण अभ्यास एवं सम्बन्धित प्रयोगात्मक कार्य	60प्रतिशत

यहॉ यह स्पष्ट करना चाहूँगा कि प्रशिक्षण शिक्षा के दौरान व्यावहारिक पक्ष पर 60 प्रतिशत समय लगाना अपने आप में एक साहसिक कदम होगा । समुदाय के साथ कार्य करने की क्षमता का विकास करना भी एक नूतन आयाम है , जो शिक्षक शिक्षा में आवश्यताओ के अनुकूल जोड़ा गया है।

प्राथमिक स्तरीय शिक्षक शिक्षा

देश के सभी प्रांतो में प्राथमिक स्तर की शिक्षक शिक्षा का प्रशिक्षण काल प्रायः दो वर्षो का पाया जाता है,। दस वर्ष तक सामान्य शिक्षा प्राप्त करने के उपरान्त छात्रो एवं छात्राओ का चयन प्रशिक्षण हेतु किया जाता है , प्रशिक्षण काल के

प्रथम वर्ष मे प्रायः विषय वस्तु एवं द्वितीय वर्ष में शिक्षण विधियो का ज्ञान लिया जाता है ,प्रशिक्षण के उपरान्त उन्हें जूनियर वेसिक टीचर ट्रेनिगं जे. वी .टी. वेसिक स्कूल टीचिंग सर्टीफिकेट वी. एस. टी . सी . डिप्लोमा इन एजूकेशन बी.एड. अथवा टीचिंग डिप्लोमा टी. डी. आदि का सर्टीर्फिकेट दिया जाता है । एन. सी .टी. ई . ने इस स्तर की शिक्षा हेतु पांच प्रतिमान प्रस्तुत किए है, और पूर्व प्राथमिक स्तर की भॉति ही समय विभाजन किया गया है ।

माध्यमिक स्तरीय शिक्षक शिक्षा

एक वर्षीय प्रशिक्षण जो स्नातक उपाधि प्राप्त कर लेने के बाद दिया जाता है, देश के प्रत्येक कोने में काफी प्रज्जवलित है । इस एक वर्ष की अवधि में शिक्षा सिद्धान्त तथा शिक्षण विधियों, दोनों का ज्ञान दिया जाता है और अन्त में परीक्षा लेकर बी0 एड0 या बी0 टी0 की उपाधि प्रदान की जाती है । किन्ही प्रान्तों में डिप्लोमा प्रदान करने की प्रथा भी चल रही है। जैसे उत्तर प्रदेश में लाईसेन्शिएट इन टीचिंग (एल0 टी0) देने का प्रावधान प्रान्तीय सरकार ने कर रखा है। विश्वविद्यालय बी0 एड0 की उपाधि देते है।

इस एक वर्षीय पाठ्यक्रम के अतिरिक्त चार वर्षीय समन्वित पाठ्यक्रम (इन्टीग्रेठ्रेड कोर्स) भी चल रहा है। कुछ स्थानों पर, चारों रीजनल कॉलेज ऑफ एजूकेशन में, जो अजमेर, मैसूर भोपाल एवं भुवनेश्वर में स्थित हैं, इस प्रकार का चार वर्षीय पाठ्यक्रम चलाया जाता रहा है। पाठ्यक्रम पूरा कर लेने पर बी0 ए0/बी0 एस–सी, बी0 एड0 की समन्वित उपाधि प्रदान की जाती है। देश की वर्तमान दशा एवं संसाधनों को दृष्टि में रखते हुए यह कहा जा सकता है। कि स्नातक योग्यता वाले छात्रों के लिए एक वर्ष का बी0 एड0 पाठ्यक्रम बनाए रखना अभी उपयुक्त जान पड़ता हैं । नयी शिक्षा नीति के तहत यह बात उभरकर सामने आई है। कि अन्य व्यवसायों तथा इन्जीनियरिंग डाक्टरी आदि की भांति शिक्षक शिक्षा का प्रशिक्षण काल

भी लम्बी अवधि का (4–5 वर्ष) का होना चाहिए । समय विभाजन की दृष्टि से माध्यमिक स्तरीय शिक्षक शिक्षा में एन0 सी0 टी0 ई0 ने 20 प्रतिशत शिक्षा सिद्धान्त 20 प्रतिशत सामुदायिक कार्य तथा 60 प्रतिशत विषय–वस्तु सहित विधियों, शिक्षण अभ्यास एवं सम्बन्धित प्रयोगात्मक कार्य पर लगाना उपयुक्त समझा हैं।

10+2+3 शिक्षा प्रणाली देश में लागू होने के उपरान्त+2 स्तर पर शिक्षक शिक्षा को व्यावसायिक आधार प्रदान करने की बात जोरदार ढ़ग से कही जा रही हैं। अतः उच्च माध्यमिक स्तरीय शिक्षक शिक्षा का संगठन अलग से करना उपयुक्त होगा । एन0 सी0 टी0 ई0 ने इस स्तर के स्वरूप को माध्यमिक स्तर से कुछ भिन्न मानते हुए इस स्तर हेतु चार प्रतिमान प्रस्तुत किए हैं, जो अकादमिक और व्यावसायिक दोंनो धाराओं को समाहित किए हुए हैं । इस स्तर पर सैद्धान्तिक विषयों हेतु 30 प्रतिशत, सामुदायिक कार्य हेतु 20 प्रतिशत और विषय –वस्तु सहित विधियों, शिक्षण अभ्यास एंव सम्बन्धित प्रयोगात्मक कार्य हेतु 50 प्रतिशत समय निर्धारित करने की अनुशंसा की गई हैं।

स्नातकोत्तर स्तरीय शिक्षक शिक्षा

स्नातकोत्तर स्तर पर शिक्षक शिक्षा के एम0 एड0 तथा एम0 फिल0, पाठ्यक्रमों का स्वरूप निम्न प्रकार से एन0 सी0 टी0 ई0 ने सुनिश्चित किया हैं।

प्रस्तावित पाठ्यकम

	एम एड0	एम. फिल0
क्षेत्र	समय विभाजन	
(अ) शैक्षिक सिद्धान्त	1. आधार पाठ्यक्रम	1. एम0 ए0 (शिक्षा) एम0 एड0 पास शिक्षकों के लिए आवश्यक हीं किन्तु अन्य के लिए आवश्यक

	2. अनुसन्धान पाठ्य–	2. अनुसन्धान पाठ्य 50 प्रतिशत क्रम 20 प्रतिशत
(ब) विशिष्टीकरण	3. सैद्धान्तिक पाठ्य–	3. विशिष्टीकरण के किसी एक क्रम या क्षेत्र में सैद्धान्तिक पाठ्य क्रम 50 प्रतिशत
		4. कार्य आधारित पाठ्य पाठ्यक्रम 60 प्रतिशत

शिक्षा का स्वरूप अन्तःशास्त्रीय माना गया है। अतः यह अनुशंसा भी की गई है कि एम. एड. एवं एम. फिल. कक्षाओं में अन्य शास्त्रों (डिसिप्लिन) के छात्रो को सीधा प्रवेश देकर आकर्षित करना चाहिए। कुछ शिक्षाविदों का यह भी मत है कि किसी भी सम्बधित विषय में अनुसंधान कार्य (पी–एच.डी.) के लिए लेना चाहिए भले ही उसके पास एम. फिल. की उपाधि न हो । भविष्य में शिक्षक शिक्षा का स्वरूप एंव संगठन बहुत कुछ उन बिन्दुओ पर आधारित होगा, जिनकी विशद व्याख्या शिक्षा की चुनौती नीति सम्बन्धी दस्तावेज में देखने को मिलती है।

गुणात्मक सुधार

प्रकृति की सर्वोत्कृष्ट कृति मानव शिशु है । शिशु को विकसित करने, उसे परिष्कृत कर मानव बनाने का गुरूतर कार्य शिक्षक का होता है। यही शिशु भविष्य में राष्ट्र का सफल नागरिक बनता है । अन्य कलाकारो की तुलना में शिक्षक की कला सर्वश्रेष्ठ होती है चूंकि राष्ट्र निर्माण के सम्बन्ध में उसका बड़ा महत्व होता है। शिक्षक की कृति (शिशु) बिगड जाए , तो उसका परिणाम सारे समाज और राष्ट्र को भोगना पड़ता है। शिक्षक शिक्षा का कार्य कुशल एवं प्रंभावी अध्यापको को तैयार करना होता है। यधपि स्वतन्त्रता के उपरान्त शिक्षक शिक्षा में सुधार हेतु किए गए प्रयास सराहनीय है, जिस पर भी गुणात्मक उन्नयन की जो तस्वीर उभरकर सामने आई है, उसे बहुत उत्साहवर्धक नहीं माना जा सकता । शिक्षक शिक्षा के गिरते हुए स्तर की ओर बरबस

ही हम सभी का ध्यान खींच जाता है ।समय–समय पर गठित शिक्षा आयोगों ने शिक्षक शिक्षा को समुन्नत बनाने की जो संस्तुतियां की है, उन सभी को प्रस्तुत करना इस स्थल पर संभव नही है । फिर भी कोठारी कमीशन (1964–66)द्वारा इगिंत शिक्षक शिक्षा की कुछ कमियों की ओर ध्यान आकृष्ट करना चाहूँगा ।

डॉ. कोठारी का कथन है कि दुर्भाग्यवश स्वतन्त्रता के उपरान्त देश में शिक्षक शिक्षा को समुचित महत्व नहीं दिया गया । सामान्यताः प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर की प्रशिक्षण संस्थाओ का स्तर कुछ को छोड़कर प्रायः साधारण या हीन बन चुका है । कुशल एवं योंग्य व्यक्ति शिक्षा व्यवसाय के प्रति आकर्षित नहीं होते ,पाठ्य क्रम दोषपूर्ण है, शिक्षण अभ्यास में पुरानी एवं अनमनीय विधाओ का बहुल्य है, और कुल मिलाकर वर्तमान जीवन की आवश्यकताओं एवं उददेश्यों की यह पूर्ति नही करता है । शिक्षा आयोग ने यह सुझाया है कि शिक्षा के गुणात्मक विकास हेतु शिक्षक शिक्षा को ठोस आधार प्रदान करना होगा । आयोग का मत है कि शिक्षक शिक्षा पर किया जाने वाला व्यय बहुत अधिक लाभांश हो सकता है, चूंकि यदि करोडों लोगो की शिक्षा को सुमन्नत बनाने की दृष्टि आर्थिक स्रोत एवं संसाधनो को देखा जाए तो वह सीमित ही है। शिक्षक शिक्षा में स्तर से सम्बन्धित समस्या के दो पहलू है– पहले संख्यात्मक तथा दूसरा गुणात्मक । देश की परिस्थितियों के सन्दर्भ में दोनो को समान महत्व है। वर्तमान समय में छात्रों की बढती हुई संख्या को दृष्टि में रखते हुऐ हमें शिक्षक शिक्षा में संख्यात्मक वृद्धि पर विशेष ध्यान देना होगा किन्तु अस्तित्व रक्षा की ओट में , संख्या के दवाब में आकर हम गुणात्मक सुधार के महत्व को नकार नही सकते है। मेरे विचार से निम्न लिखित कुछ प्रमुख बिन्दुओ पर यदि ध्यान दिया जाए तो शिक्षक शिक्षा में गुणात्मक सुधार की आशा की जा सकती है।

1.<u>प्रत्याशियों का चयन</u>– वस्तुतः प्रशिक्षण संस्थाओ की अनियमित एवं अनियन्त्रित वृद्धि के कारण स्तर में भारी गिरावट आ गई है । यह भी देखने में आता है कि बहुत से अकुशल एवं अयोग्य व्यक्ति सिफारिश या धन के प्रभाव से इस

व्यवसाय में आने में सफल हो जाते है। अतः उपयुक्त चयन प्रक्रिया से इस समस्या का समाधान शीघ्र ही निकालना पड़ेगा । शिक्षक शिक्षा हेतु योग्य एवं कुशल लोगों का चयन हो , इसके लिए अभिरूचि, बुद्धि, भाषा, एवं व्यक्तित्व आदि का परीक्षण लेना न्यायसंगत जान पड़ता हैं। नयी शिक्षा नीति (1985) में स्पष्ट इंगित किया गया है कि प्रशिक्षण संस्थाए प्रवेश हेतु कठोर अभिरूचि परीक्षण (एप्टीट्यूड टेस्ट) तथा उपलब्धि परीक्षण (अटेनमेंट टेस्ट) बनाए तथा चयन प्रक्रिया में विज्ञान के छात्रों, खिलाडियों, शारीरिक दक्षता एवं व्यापक रूचि रखने वाले प्रत्याशियों पर विशेष ध्यान दें।संक्षेप में कहा जा सकता है, कि प्रत्याशी की परख परीक्षणों एवं सक्षात्कार के आधार पर की जानी चाहिए । माध्यमिक स्तरीय शिक्षक शिक्षा हेतु ऐसे शिक्षकों को चयनित करना चाहिए जिन्होने स्नातक परीक्षा में क्रम से क्रम दो विषय ऐसे लिये हो, जो विद्यालयों में पढाये जाते हों, यह भी संभव है कि एक प्रांत मे सभी प्रशिक्षण संस्थाओ हेतु चयन प्रक्रिया को केन्द्रित कर दिया जाए और शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व जन – शक्ति योजना के आधार पर इसे पूरा कर लिया जाए । चयन समिति में सरकार, विश्वविधालयो, निजी संस्थाओ और विशेषज्ञों का प्रतिनिधित्व होना चाहिए । भविष्य इस कार्य का दायित्व स्टेट कौसिंल आफ टीचर एजूकेशन वहन कर सकेगी, ऐसी आशा रखनी चाहिए।

2.शिक्षक शिक्षा में पृथकीरण – प्रशिक्षण संस्थाओं में अलगाव की प्रवृति बढती जा रही है । इनका अन्य स्तर की प्रशिक्षण संस्थाओं, विश्वविधालयो तथा विधालयों से निकट का संपर्क टूटता जा रहा है । इस अलगाववादी प्रवृति को समाप्त करना नितान्त आवश्यक हो गया है। तभी प्रशिक्षण प्रभावी बनेगा तथा अध्यापन की प्रकिया जीवन्त बन सकेगी। वर्तमान में पूर्व प्राथमिक ,माध्यमिक एवं उच्च स्तरीय प्रशिक्षण संस्थाए अलग –अलग कार्य कर रही है, उनके बीच निकट का सम्बन्ध एवं समन्वय होना आवश्यक है। इसीलिए कोठारी कमीशन ने वृहत (काम्प्री–हेन्सिव)प्रशिक्षण

महाविधालयो की संकल्पना की है, जिसके तहत सभी स्तर की प्रशिक्षण संस्थाएं एक साथ मिलकर काम कर सकें । प्रशिक्षण संस्था एवं विधालयौं के बीच निकटता का सूत्र स्थापित करने में विस्तार सेवा केन्द्र सहायक हो सकते हैं। अधिकाधिक प्रशिक्षण संस्थाओ मे इस प्रकार के केन्द्र खोलना श्रेयस्कर होगा।

3. पाठ्य क्रम में सुधार – शिक्षक शिक्षा पाठ्य क्रम में वही विषमता देखने को मिलती है कुछ पाठ्य क्रम एक वर्ष के ,कुछ दो वर्ष के तथा कुछ स्थानो पर चार वर्षीय पाठ्य क्रमो की अवधि एवं कार्यदशाओं में विभिन्नता समाप्त कि जानी चाहिए । इसी उद्देश्य से एन0 सी0 टी0 ई0 ने राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम के निमार्ण हेतु जो कदम उठाये हैं । वह सराहनीय हैं।

अध्यापन अभ्यास पर अधिक महत्व देना श्रेयस्कर होगा । विशेष प्रवृत्तियां सामुदायिक कार्य एंव समाज सेवा के अवसर प्रशिक्षण के दौरान अधिक से अधिक उपलब्ध कराए जाने चाहिए। प्रायः यह कहा जाता हैं कि प्रशिक्षण अवधि में सीखा गया ज्ञान एंव कौशल शाला में अध्यापक के काम नही आता हैं। मेरा स्पष्ट विचार हैं कि प्रशिक्षणार्थियों को शिक्षण अभ्यास के लिए ग्रामीण अंचल के विद्यालयों में भेजना लाभकारी होगा, ताकि वह ग्रामीण वातावरण से भली–भाँति परिचित हो जाएं और यदि प्रशिक्षण के बाद उन्हें ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय में नौकरी मिले तो उन्हें कोई कठिनाई न उठानी पड़े । भारत गॉव – प्रधान देश हैं अतः शिक्षकों को ग्रामोत्थान की विधियों प्रशिक्षित करना उपयुक्त होगा। मेरा यह भी विचार हैं कि शिक्षण अभ्यास के दौरान बनाई जाने वाली पाठ–योजना परम्परागत तौर–तरीकों से हटाकर नवीन विद्याओं एंव शैक्षिक तकनीकी आधार पर बनाई जानी चाहिए । यदि ऐसा किया जाता हैं। तो शिक्षण अधिक रूचिकर एंव प्रभावी सिद्ध होगा । इसके लिए प्रशिक्षणार्थियों में कठिन श्रम, सूझबूझ एंव निष्ठा से कार्य करने की आदत डालनी होगी ।

4. प्रयोगात्मक कार्य पर बल– यह सर्वविदित हैं कि प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रयोगात्मक एंव व्यावहारिक कार्य की अपेक्षा पाठ्यक्रम के सैद्धान्तिक पक्ष पर अधिक

बल दिया जाता है । एन0 सी0 टी0 ई0 ने राष्ट्रीय स्तर पर जो संस्तुतियां प्रस्तुत की हैं उनमें यह बात स्पष्ट रूप से झलकती हैं कि प्रशिक्षण के दौरान शिक्षण अभ्यास तथा प्रयोगात्मक कार्य पर अधिक बल दिया जाना चाहिए । और इसी लिए इस भाग पर कुल समय का साठ प्रतिशत लगाने की अनुशंसा की गई है। शिक्षण अभ्यास औपचारिक न होकर गहन तथा यथार्थ होना चाहिए ।

वस्तुतः विद्यालयों में शिक्षण के अतिरिक्त जो कार्य एक कुशल अध्यापक को करने पड़ते हैं, उन सभी का प्रशिक्षण अध्यापन अभ्यास के समय प्रशिक्षणार्थी को मिल जाना चाहिए जैसे निर्देशन देना, परीक्षा लेना, मनोवैज्ञानिक परीक्षण देना, शाला अभिलेख भरना, कम्प्यूटर का उपयोग करना, शैक्षिक भ्रमण की व्यवस्था करना, सामुदायिक सेवा में भाग लेना, शिविर का संचालन करना आदि ।

5. आदर्शों एवं मूल्यों की शिक्षा – प्रायः देखने में आता है कि प्रशिक्षण संस्थाए इस बात पर ध्यान कम देती है कि जिन शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा हैं। वह मानव है,मशीन नहीं । उन्हें प्रशिक्षण की अवधि में विभिन्न कार्यक्रमों एंव प्रवृत्तियों में डालकर शिक्षा के आदर्शों एवं मानवीय मूल्यों से हटाकर प्रशिक्षिण करना उपयुक्त नही जान पड़ता है। सामाजिक एंव सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को प्रशिक्षण काल में पर्याप्त महत्व देना चाहिए ताकि मानवीय पक्ष की अवहेलना न हो सके ।

शिक्षक शिक्षा के माध्यम से यह प्रयास किया जाना चाहिए कि विद्यार्थियो के मस्तिष्क में राष्ट्रीय चेतना का सुदृढ़ आधार बन जाए और उसके मानव – पटल पर से धीरे – धीरे प्रांतीयता, जातिवाद, भाषावाद, संप्रदायवाद आदि के संकीर्ण विचारों का प्रभाव समाप्त हो जाए। मेरा स्पष्ट मत हैं कि प्रशिक्षण संस्थाओं में कुछ इस प्रकार का वातावरण हमें बनाना होगा जिसमें भारतीय आदर्शों एंव मूल्यों, रीति–रिवाजों, परम्पराओं आदि में शिक्षक की आस्था बढ़ सके और वह धर्मनिरपेक्षता, नैतिकता एंव साम्प्रदायिक सद्भाव के प्रति अधिक सवेंदनशील बन सके।

6. नवाचार एवं अनुसंधान पर बल – देश के कुछ विश्वविद्यालयों के शिक्षा विभागों तथा प्रशिक्षण संस्थानों में अनुसंधान कार्य की सुविधा उपलब्ध हैं। देखने में आता है कि जो कुछ भी शोधकार्य चल रहा है, उसका स्वरूप परम्परागत एवं शास्त्रीय हैं। इस प्रकार का कार्य प्रायः पुस्तकालय की शोभा बढ़ाने के अतिरिक्त किसी विशेष काम का नहीं होता ।

आवश्यकता इस बात की है कि क्रियात्मक अनुंसधान एंव संस्थाओं की विभिन्न समस्याओं पर अनुसंधान किया जा सके । प्रशिक्षण संस्थाओं में नवाचार एंव अनुसंधानात्मक कार्य की उपयोगिता पर ध्यान देना चाहिए। शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में जो लोग इस प्रकार में लगे हों, उन्हें आर्थिक सहायता, साधनों की सुविधा, पुस्तकें आदि समय पर उपलब्ध कराना न्यायोचित एंव उपयुक्त होगा ।

7. प्रशिक्षण संस्थाओं में साधन सुविधांए – प्रायः देखा गया है कि स्टाफ, भवन, उपकरण, कार्यालय, पुस्तकालय आदि संसाधनों की कमी प्रशिक्षण संस्थाओं की आम बात बन गई है। अतः इन साधनों एंव सुविधाओं का न्यूनतम स्तर निश्चित करना बहुत आवश्यक हो गया है । इस दिशा में कुछ विश्व – विद्यालयों ने मानक बना तो रखे हैं। किंतु इनका कड़ाई से पालन नहीं हो पाता हैं मेरे विचार से इन मानको में राष्ट्रीय स्तर पर एक रूपता लाने के लिए एन० सी० टी० ई० को पहल करनी होगी । यहाँ यह बताना में आवश्यक समझता हूँ कि विभिन्न प्रशिक्षण संस्थाओं में शिक्षकों की योग्यता, वेतनमान, तथा कार्यदशाओं में बढ़ा अन्तर पाया जाता हैं। कम वेतन पर अयोग्य अध्यापकों से , कम समय के लिए शिक्षण कराना, गैर सरकारी संस्थाओं में साधारण बात बन गई है। मेरे विचार से शिक्षक विद्यार्थी अनुपात को निश्चित करके इसकी अनुपालना अनिवार्य कर देनी चाहिए।

प्रशिक्षण संस्थाओं में आवश्यक साधन सुविधाओ को उपलब्ध कराने हेतु समुचित आर्थिक व्यवस्था करना आवश्यक है। सरकारी अनुदान प्रणाली यधपि प्रशिक्षण संस्थाओ पर भी लागू की गई है, किन्तु इसमें बडी कमियाँ हैं। अन्य

व्यवसायों तथा इंजीनियरिंग ,चिकित्सा , कृषि आदि की भॉति सरकार की शिक्षक शिक्षा पर भी अपेक्षित धन राशि खर्च करनी चाहिए इसकी उपेक्षा करने पर शिक्षक शिक्षा का स्तर गिरेगा और राष्ट् से उज्जवल भविष्य के लिए कुशल एवं प्रभावी शिक्षक नहीं तैयार हो पायेगें ।

8. सेवांकालीन शिक्षा एवं प्रशिक्षण– यधपि अनवरत रूप में सेवा कालीन शिक्षा एंव प्रशिक्षण के महत्व को स्वीकारा गया है। किन्तु वास्तविकता यह है कि इसकी व्यवस्था बहुत कमजोर है । कुछ गिनी–चुनी संस्थाए अपने सीमित साधनों द्वारा यह कार्य कर रही हैं । स्पष्ट रूप से यह कहा जा सकता है । कि इस क्षेत्र में पर्याप्त साधनों, उपयुक्त नियोजन तथा अनुसंधान की कमी बनी हुई हैं । यही कारण हैं कि बहुत से शिक्षक सेवा निवृत्त हो जाते हैं । और उन्है एक भी अवसर अपने जीवन में पूर्ण सेवा प्रशिक्षणके बाद नवीन ज्ञान एंव अध्यापन प्रविधियों के सीखने का नही मिल पाता हैं।

कोठरी कमीशन ने प्रत्येक शिक्षक हेतु 5 वर्ष की सेवा के बाद माह के अभिनवन कार्यक्रम की संस्तुति की हैं । मेरे विचार से विभिन्न प्रकार के अध्यापकों, जैसे कम योग्यता वाले, अप्रशिक्षित, नवीनतम प्रशिक्षित एंव अनुभवी प्रशिक्षित आदि के लिए विभिन्न प्रकार के सेवाकालीन शिक्षा एंव प्रशिक्षण के कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। इन कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक धन जुटाना, बजट का एक आवश्यक अंग माना जाना चाहिए ।

9. शिक्षक शिक्षा की अवधि, प्रशासन एवं नियंत्रण – अन्य व्यवसाओं जैसे चिकित्सा, इजीनियरिंग आदि की भांति शिक्षक शिक्षा की अवधि लम्बी होनी चाहिए ताकि प्रशिक्षणार्थियों में अपेक्षित ज्ञान एंव कौशल का समावेश किया जा सके । एक वर्ष के प्रशिक्षण काल में जो बी0 एड0 उपाधि हेतु निर्धारित हैं, और जिसकी अवधि प्रायः घटकर कुछ माह की रह जाती है। आवश्यक शिक्षण अभ्यास एंव समस्याओं के हल करने की क्षमता को नही सिखाया जा सकता । शिक्षा विभाग के संचालक, निरीक्षक आदि विभागीय एंव प्रशासकीय कार्य में इतना व्यस्त रहते है। कि उन्हें प्रशिक्षण संस्थाओं का

निरीक्षण एंव मार्ग –दर्शन का अवसर बहुत कम मिल पाता है। इसकी समुचित व्यवस्था अविलम्व की जानी चाहिए ।

शिक्षण शिक्षा में गुणात्मक विकास हेतु यह भी आवश्यक है कि प्रशासन व्यवस्था एंव नियंत्रण में अपेक्षित सुधार लाया जाए । शिक्षकों में सुरक्षा की भावना लानी होगी । उनके विवादों को शीध्र हल करने के लिए उपयुक्त प्रणाली का निर्माण करना होगा एंव उन्हे कानूनी संरक्षण भी प्रदान करना होगा । नयी शिक्षा नीति (1985) में अन्तर्गत कई ठोस कदम इस दिशा में सुझाये गये हैं, यह शुभ लक्षण हैं।

10. शिक्षक संगठन एंव आचार संहिता – यह सामान्य धारणा बन गई हैं कि भारत में शिक्षक संगठन प्रायः वेतन, महंगाई भत्ते तथा अन्य सुविधाओं के लिए निरन्तर प्रयास कर रहे हैं, किन्तु शिक्षक की भूमिका, प्रतिष्ठा एंव व्यावसायिक उन्नति के लिए कोई ठोस कार्य नही कर सके हैं। वस्तुतः शिक्षक संगठनों की भूमिका सेवाकालीन शिक्षा एंव प्रशिक्षण के क्षेत्र में भी नगण्य रही है।

प्रत्येक व्यवसाय के लिए आवश्यक होता है। कि वह एक निश्चित स्तर बनाए रखे । शिक्षक शिक्षा पर भी यही बात लागू होती है । शिक्षको की एक आचार – संहिता बनाई जानी चाहिए ताकि शिक्षक – संगठनों के व्यावसायिक मानक बनाए जा सके । विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का मत है कि आचार–संहिता, शिक्षक–संगठन स्वेच्छा से तैयार करें, अनिवार्यता के दवाब में नही । यहां यह इंगित करना आवश्यक होगा कि एन0 सी0 ई0 आर0 टी0 इस प्रकार की आचार–संहिता के निर्माण में मदद कर रही है।

भारत में शिक्षक शिक्षा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

स्वतंत्रता के पूर्व शिक्षक शिक्षा का विकास एवं विस्तार

शिक्षक शिक्षा की कहानी, भारतीय सभ्यता की कहानी की तरह बहुत पुरानी है जो कि बैदिक युग से शुरू हुई थी जब आर्यो ने चार जातियों के चार लक्ष्य निर्धारित किए थे । यह शिक्षक शिक्षा का दृश्य लगभग चार हजार साल तक फैलता रहा इस बीच समय की मांग के अनुसार भारत में शिक्षा की बहुत–सी प्रणालियां अपनाई गई। यहाँ पर इस इतिहास की एक संक्षिप्त पृष्ठभूमि, प्राचीन काल, मध्य काल, बौद्धकाल, मुस्लिमकाल तथा स्वतन्त्रता से पूर्व शिक्षक शिक्षा प्रणाली किस तरह की थी, इस परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत है। ,

प्राचीन और मध्य काल - (2500 ईसा पूर्व से 500 ईसा पूर्व तक)

इस काल की शिक्षक शिक्षा प्रणाली के विषय में कहने के लिए बहुत कम प्रमाण उपलब्ध हैं । प्राचीन काल में शिक्षक मुखतः ब्राहमण समुदाय से आते थे तथा सम्भवतः हस्तलिपि के अभाव में उनको ज्यादा सामाजिक सम्मान मिलता था । मनु ने कहा है कि केवल ब्राहाण मात्र ही वेदों को पढायेगा और कोई नहीं । इस बात कि भी निश्चित प्रमाण हैं कि इस समय कुछ निश्चित ब्राहमण परिवार थे, शिक्षण जिनका जन्म जात व्यवसाय था। इस बात के कोई प्रमाण नही मिलते है कि उस समय शिक्षक शिक्षा किसी औपचारिक रूप में दी जाती थी। किन्तु निश्चित रूप से ब्राहमण अपना भविष्य जानते थे इसलिए भविष्य को ध्यान में रखते हुए वह अपना विषय याद करते थे ।

बौद्ध काल (500ईसा पूर्व से 1200 ई० तक)

इस काल में सम्भवतः शिक्षक प्रशिक्षण को प्रणाली अधिक विस्तार थी । भिक्षुओं के लिए शिक्षा मे निश्चित स्तर तक पहुंचने का क्रम बहुत ही मेहनत का था । प्रवज्या से लेकर उपसम्पदा के बाद प्रत्येक भिक्षु को दो प्राध्यापकों के निरीक्षण में अपना अध्ययन

करना होता था। अध्ययन की प्रस्तावित पाठ्य—वस्तु समाप्त होने के पश्चात् वह पढाने के लिए स्वतन्त्र होता था तथा वरिष्ठता के आधार पर उसे आचार्य या उपाध्याय की उपाधि देता था, नैतिकता के तत्वों के विषय में शिक्षित करता था तथा धर्म और विनय के विषय में विशेष हिदायतें देता था शिक्षकों को प्रशिक्षत करने की विधि उस समय एक प्रणाली पर आधारित थी जिसको बाद में कक्षा नाटकीय पद्वति (मानीटर प्रणाली) के रूप में मान्यता मिली। लेकिन यह प्रणाली पर शुरू हुई इसके लिए कोई तिथि निश्चित नही की जा सकती है। इसी समय में शिक्षक शिक्षा – प्रणाली का विस्तार हुआ । यह बात काफी महत्वपूर्ण है। बौद्ध काल में शिक्षण को सम्माननीय व्यवसाय के रूप में देखा जाता था ।

मुगल काल (1200ई० से 1700ई० तक)

इस समय में मदरसों के अध्यापको का काफी सम्मान था जो कि फिरोज तुगल द्वारा (1325 ई0 में)शुरू किए गए थे तथा इन मदरसो को काफी पैसा मिलता था । यह बात भी ध्यान देने योग्य है, कि उस समय राज्य में उच्च पदों पर नौकरी के लिए किसी विशेंष व्यावसायिक शिक्षण की आवश्यकता नहीं थी । इन पदों पर नौकरी शैक्षिक योग्यताओं के साथ—साथ अन्य गुणो के आधार पर की जाती थी । मुगलकाल में चिकित्सा , साहित्य ,कला तथा संगीत सायिक प्रशिक्षण की अधिक मान्यता थी। इस समय में नियमित शिक्षा तथा व्यवसायिक प्रशिक्षण के लिए विशेष संस्थाओं का प्रचलन नहीं था ।

ब्रिटिश काल (1700 ई० से 1947 ई० तक)

इस समय से पहले भारतीय विधालयों में सामान्यतः वरिष्ठ विधार्थी कनिष्ठ विधार्थीयों को पढाते थे और इस शिक्षक प्रशिक्षण की विधि का प्रयोग स्वदेशी विधालयों में शिक्षक प्रशिक्षण के लिए होता था । किन्तु उससमय तक इस विधि को एक नियमित विधि के रूप में मान्यता नही मिली थी जब तक कि डा 0 एन्ड्र यू वेल (अधीक्षक, मद्रास सैनिक असाइलम) ने इस विधि को अपनी पुस्तक 'ऐन एक्सपेरीमेंट इन एजूकेशन' में

प्रकाशित नहीं किया । हमारे देश में शिक्षक प्रशिक्षण के संस्थान सर्वप्रथम डैनिश मिशन रीज द्वारा चलाये गए । एक नार्मल ट्रेनिगं स्कूल कैरी, सेरेमपुर (प0 बंगाल) में स्थापित किया गया। इसके पश्चात कुछ शैक्षिक संस्थाओं ने कुछ शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र बम्बई, मद्रास तथा कलकत्ता में खोले । तत्पश्चात् कुछ नार्मल स्कूल आगरा, मेरठ और वाराणसी में खोले गए । सन् 1824 ई0 में एलीफेंस्टन द्वारा 26 शिक्षकों के व्यवस्था की गई । इन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के पीछे मुख्य अर्थ भारतीयों को निचले स्तर के प्रशासन के लिए तैयार करना था या ऐसे शिक्षकों की तैयारी करनी थी जो अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में पढ़ा सकें । कुछ भी हो लेकिन यह कार्यक्रम शिक्षक प्रशिक्षण के क्षेत्र में काफी महत्व पूर्ण साबित हुए ।

अब बुड डिस्पैच (1854) में ईस्ट इंडिया कम्पनी द्वारा पारित हुआ तथा भारत में पहली बार एक व्यापक शिक्षा नीति की रूपरेखा सामने आई । इस डिस्पैच के अनुसार शिक्षकों को नये विषयों में प्रशिक्षण और शहर के नये विद्यालयों को काफी महत्व दिया गया। इस डिस्पैच के अनुसार शिक्षको को नये विषयों में प्रशिक्षण और शहर के नये विधालयो को काफी महत्व दिया गया । इस डिस्पैच ने इस आवश्यकता पर जोर डाला कि शिक्षक–प्रशिक्षण महाविधालय प्रत्येक प्रदेश में खोले जाए। इसी समय ग्रांट–इन–एड' वितीय सहायता का उपबन्धन बना और केवल उन विधालयों को सहायता देने की बात कही गई जिसके शिक्षको के प्रशिक्षण को विशेष महत्व मिला । प्रो0 एस0 एन0 मुखर्जी के अनुसार सन् 1881–82 ई0 में अपने देश में 106 नार्मल स्कॅल थे जिसमें 3886 छात्रा– ध्यापक पढते थे और इन विधालयों पर वार्षिक खर्च चार लाख रूपये था ।

यधपि शिक्षक–प्रशिक्षण के क्षेत्र में इन दिनो मे कुछ उन्नति की गई फिर भी माध्यमिक शिक्षको के प्रशिक्षण के लिए पहली संस्था गवर्नमेंट नार्मल स्कूल नाम से सन् 1856 में लाहौर में इसी तरह की एक संस्था खोली गई । इन संस्थाओ में स्नातक तथा बिना स्नातक की डिग्री वाले छात्रो को एक ही कक्षा में प्रवेश दिया गया था । उन समय इनके पाठ्य में व्यावसायिक विषयों की अपेक्षा उन अध्यापको को अपने स्कूल में

पढाता था । कुछ स्कूल ऐसी जगह पर स्थापित किए गए थे जहां उनसे जुडें हुए मिडिल स्कूल भी थे। सन् 1882 में भारतीय शिक्षा समिति ने पूरे देश में माध्यमिक विधालयों के शिक्षको प्रशिक्षण के लिए संस्थाए खोलने पर बल दिया । इस समिति ने आगे कहा कि इन संस्थाओ मे परीक्षा सैद्धान्तिक तथा व्यावहारिक दोनो प्रकार की होनी चाहिए और केवल प्रशिक्षित अध्यापक ही सरकारी माध्यमिक विधालयो या वितीय सहायता प्राप्त विधालयो में नौकरी में रखे जाने चाहिए । उन्नीसवी शताब्दी के अंत तक पूरे देश में 6 प्रशिक्षण महाविधालय (मद्रास् लाहौर् राजामुन्द्री , कुरसेयांग , जबलपुर तथा इलाहाबाद) और माध्यमिक शिक्षको के प्रशिक्षण के लिए 50 प्रशिक्षण विद्यालय थे । सन् 1904 में भारत सरकार द्वारा संशोधित शिक्षा –नीति में शिक्षक प्रशिक्षण की समस्या पर विशेष जोर दिया गया और घोषित किया गया यदि माध्यमिक विधालयों में शिक्षण का स्तर उठाना है, यदि शिक्षार्थी अच्छी तरह से पाठ्य पुस्तकें पढना चाहते है, यदि इस विसरित यूरोपीय ज्ञान को एक विधि में लाना हो, तो अध्यापको को स्वयं को शिक्षण की कला में शिक्षित करना होगा उस समय शिक्षक प्रशिक्षण ऊंचा उठाने के लिए निम्न सिद्धात प्रस्तुत किए गये –

1. शिक्षा सेवाओ के लिए अच्छी तरह प्रशिक्षण तथा उतम स्टाल लिये योग्य एवं अनुभवी व्यक्तियो की सूंची बनाई जाए ।
2. माध्यमिक शिक्षको को शिक्षित करने वाले प्रशिक्षण महाविधालयों की जरूरी साज–सज्जा (यन्त्रो आदि) को पर्याप्त महत्व दिया जाय ।
3. स्नातक प्रशिक्षणार्थियों के लिए यह प्रशिक्षण एक वर्ष का होना चाहिए। इसके पाठ्यक्रम में व्यावहारिक ज्ञान के साथ–साथ सैद्धांतिक ज्ञान भी देना चाहिए तथा उन प्रक्षिणार्थियों के लिए जो स्नातक नहीं है, यह प्रशिक्षण दो वर्ष का होना चाहिए।

4. सैद्धांतिक ज्ञान के साथ–साथ व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए प्रत्येक महाविद्यालय से सम्बन्धित स्कूल भी होना चाहिए ।

5. प्रशिक्षण महाविद्यालय तथा स्कूल में सम्बन्ध स्थापित करने के लिए हर सम्भव प्रयास करना चाहिए ताकि शिक्षक उन विधियों को स्कूल में न भुला सके जिनको उसने प्रशिक्षण के दौरान सीखा हैं ।

इस तरह के सिद्धान्तों ने भारत के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों को सीधे प्रभावित किया जिससे प्रशिक्षण संस्थाओं की संस्था काफी बड़ी तथा उपवंध द्वारा स्नातक कक्षाओं के लिए वर्ष का तथा जो स्नातक नहीं उनके लिए दो वर्ष का पाठ्यक्रम तय किया गया और प्रशिक्षण महाविद्यालय के साथ–साथ व्यावहारिक ज्ञान के लिए स्कूल भी स्थापित किए गए ।

सन् 1908 ई0 में जैसी नीतियाँ घोषित की गई थी, सन् 1912 में घोषणा द्वारा उन्हीं नीतियों को सरकार द्वारा फिर समर्थन दिया गया और स्पष्ट किया गया कि अन्तिम रूप से, शिक्षा की आधुनिक प्रणाली के अनुसार कोई भी अध्यापक बिना प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के विद्यालयों में नहीं पढायेंगा चाहे वह पढाने के लिए शिक्षित क्यों न हो ।

सन् 1919 में कलकत्ता विश्वविद्यालय की उन्नति के लिए संस्तुतियां प्रेषित करने हेतु सैंडलर आयोग की नियुक्ति की गई । इस आयोग ने माध्यमिक शिक्षकों के व्यावसायिक प्रशिक्षक तथा शैक्षिक अनुसंधानों के लिए विश्वविद्यालय की भूमिका पर जोर दिया । इस आयोग ने सुझाव दिया कि प्रत्येक विश्वविद्यालय में शिक्षा विभाग होना चाहिए । माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के प्रशिक्षण के कार्यक्रमों की उन्नति के लिए इस आयोग ने निम्न सुझाव दिए–

1. शिक्षा में स्नातकोत्तर पाठयक्रम आरम्भ किया जाए ।
2. इंटरमीडियेट और बी0 ए0 स्तर पर शिक्षाशास्त्र एक अध्ययन विषय के रूप में रखा जाए ।
3. प्रत्येक प्रशिक्षण–महाविद्यालय की भौतिक दशा में सुधार किया जाए।

इन संस्तुतियों के बजह से भारत के सभी प्रमुख विश्वविद्यालयों ने माध्यमिक विद्यालयों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए । 'प्रशिक्षण महाविद्यालयों की संस्था बढी यद्यपि देश में प्रशिक्षित अध्यापकों के मांग की पूर्ति काफी कठिन थी क्योंकि केवल एक अच्छी तरह प्रशिक्षित एवं कुशल अध्यापक ही इन व्यावसायिक संस्थाओं में प्रशिक्षण दे सकता था।

सन् 1929 में हारटाग समिति ने बहुत ही मूल्यवान सुझाव दिए और व्यवसायरत अध्यापकों के स्तर को ऊचां उठाने के लिए विभिन्न वार्ताओं तथा अभिनव पाठ्यक्रमों (रिफ्रेशर कोर्सेज) का सुझाव दिया । इन सस्तुतियों की वजह से शिक्षक के लिए 'रिफ्रेशर कोर्सेज' चलाए गये । कुछ विश्वविद्यालयों में शिक्षा विभाग खोले गये और शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान शुरू हुए । प्रशिक्षण महाविद्यालय ने भी अपनी प्रयोगशालाओं और पुस्तकालओ की उन्नति की तथा व्यावहारिक शिक्षण के लिए स्कूल खोले । प्रशिक्षण सुविधायें तथा इनमें कार्यरत अध्यापकों की आर्थिक दशा में काफी सुधार किया गया । उस समय की शिक्षक–प्रशिक्षण संस्थाओं को तीन भागों में बांटा जा सकता है। –

1. केवल स्नातकों के लिए ।
2. उन अध्यापकों के लिए जो स्नातक नहीं थे तथा मिडिल में पढ़ा रहे थे ।
3. केवल प्राथमिक कक्षाओं के अध्यापकों के लिए ।

सन् 1937 में महात्मा गांधी ने वर्धा एजूकेशनल कान्फ्रेन्स बुलाई और शिक्षकों में एक नई प्रक्रिया 'बेसिक एजूकेशन' के नाम से शुरू की । गांधी ज़ी ने अनुभव किया कि शिक्षक – प्रशिक्षण अधिक व्यावहारिक तथा कार्यात्मक होना चाहिए । गांधी जी ने बच्चों के लिए शिल्प कला केन्द्रित शिक्षा की बात कहीं जो वास्तविक जीवन से जुड़ी हो । इस बेसिक शिक्षा की नई विचार धारा से शिक्षकों के प्रशिक्षण में भी काफी परिवर्तन हुआ और एक नए प्रकार के प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया गया जो अधिक व्यावहारिक तथा समुदाय के लोगों के अनुरूप हो । शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए

इस समय दो प्रकार के पाठ्यक्रम शुरू किए गये । (अ) लम्बी अवधि का पाठ्यक्रम तथा (ब) कम अवधि का पाठ्यक्रम । इस समय अध्यापक शिल्प कला भी अन्य विद्यालयों के विषयों के साथ पढ़ाते थें । प्रशिक्षणार्थियों के लिए कम से कम योग्यता प्रशिक्षण – महाविद्यालयों में प्रवेश लेने के लिए हाई स्कूल उत्तीर्ण करने के पश्चात् दो साल का अनुभव रखा गया । लम्बी अवधि के प्रशिक्षण के लिए 3 वर्ष का पाठ्यक्रम तय था। उस समय पाठ्यक्रम काफी व्यापक था। इसमें लगभग विद्यालय के सभी विषय सम्मिलित थे। कम अवधि के पाठ्यक्रम के लिए एक वर्ष का प्रशिक्षण रखा गया । उसका पाठ्यक्रम भी संक्षिप्त था। प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के समय छात्रावास में रहना अनिवार्य था ।

प्रशिक्षित अध्यापकों की संख्या अप्रशिक्षित अध्यापकों की तुलना में 1906 से 1947 के बीच काफी बढ़ी । 1906 में हाई स्कूल में 29 प्रतिशत, मिडिल स्कूलों में 37 प्रतिशत तथा प्राइमरी विद्यालयों में केवल 25 प्रतिशत अध्यापक प्रशिक्षित थे ।

सन् 1945 के बाद केन्द्रीय सरकार में एक अलग से शिक्षा विभाग बनाया गया। सन् 1937 से लेकर 1947 के बीच प्रशिक्षण विद्यालयों तथा महाविद्यालयों की संख्या में काफी बृद्धि हुई, इन प्रशिक्षण महाविद्यालयों के ऊपर खर्च इस दौरान काफी बढ़ा जो कि निम्न तालिका से स्पष्ट है–

तालिका संख्या–1

सन् 1937 व 1947 में प्रशिक्षण महाविद्यालयों व विद्यालयों की संख्या तथा अनुमानित खर्च

संख्थाएं	1937		1947	
	संख्या	खर्च रू0 मे	संख्या	खर्च रू0 में
प्रशिक्षण महाविद्यालय	23	0.10 करोड	42	0.22 करोड़
प्रशिक्षण स्कूल	537	0.46 करोड़	650	0.91 करोड़

संक्षेप में हम कह सकते है कि इस समय प्रशिक्षण की सुविधाएं संतोष नहीं थी। उदाहरण के लिए सन् 1937 में माध्यमिक स्कूल के सभी प्रकार के पुरूष शिक्षकों 56.6 प्रतिशत शिक्षक अप्रशिक्षित थे जबकि 1947 में सह प्रतिशत धटकर 53.2 हो गया। अप्रशिक्षित अध्यापिकाओं का प्रतिशत सन् 1937 से 1947 में इससे कुछ अधिक क्रमशः 65.4 तथा 63.3 प्रतिशत था।

द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात् सन् 1944 में तत्कालीन भारत सरकार के शैक्षिक सलाहकार जान सार्जेण्ट द्वारा शिक्षा की एक नयी योजना प्रस्तुत की गई। यह रिर्पोट केन्द्रीय शैक्षिक सलाहकार बोर्ड द्वारा प्रकाशित की गई। इस प्रतिवेदन के बारे में कहा जा सकता है कि यह एक पहला प्रतिवेदन था जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा के विषय में व्यापक ढ़ग से सोचा गया था। सार्जेन्ट प्रतिवेदन में सोचा गया कि इसयोजना के क्रियान्वयन के लिए शिक्षकों को अच्छी तरह से प्रशिक्षित करना आवश्यक है। इस योजना के माध्यम से 1.81 लाख स्नातक तथा 20 लाख बिना स्नातक लोगों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता बतलाई गई।

इसमें स्नातक प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण महाविद्यालय में और जोस्नातक नहीं है, उनको तीन तरह का प्रशिक्षण दिया जायेगा–पूर्व प्राथमिक अध्यापक, बेसिक अध्यापक तथा हाई स्कूल के लिए बिना स्नातक अध्यापक। इस प्रतिवेदन में निश्चित अन्तराल पर अभिनवन पाठ्यक्रमो पर बल दिया गया तथा यह कहा गया कि योग्य एवं प्रभावी शिक्षकों के लिए वेतन में भी वृद्धि की जानी चादिए। सामान्यतः यह कहा जो सकता है कि सन् 1901 से 1947 तक शिक्षा नीति में काफी परिर्वतन हुए जो निम्न रूप से परिलक्षित हाते है–

1. आरम्भ के प्रशिक्षण–विद्यालय के प्रशिक्षणार्थी की योग्यता प्राथमिकता कक्षाएं उत्तीर्ण रहती थी। शिक्षकों की सामान्य शिक्षा का स्तर धीरे–धीरे बढ़ा।

2. धीरे–धीरे हाई स्कूल उत्तीर्ण तथा स्नातक उत्तीर्ण लोग भी शिक्षक–प्रशिक्षण के लिए आने लगे।

सन् 1947 में लगभग चार लाख अध्यापक प्राथमिक विद्यालयों में काम कर रहे थे जिसमें से प्रशिक्षित अध्यापकों का प्रतिशत 64 था। कुल 72000 मिडिल अध्यापकों में से केवल 59 प्रतिशत अध्यापक प्रशिक्षित थें। उच्च माध्यमिक स्तर पर 88000 अध्यापकों में से 51 प्रतिशत अध्यापक प्रशिक्षित थें । इस समय तक कुल 649 प्रशिक्षण विद्यालय थे तथा 42 प्रशिक्षण महाविद्यालय थे जिनकी प्रवेश क्षमता 3000 प्रशिक्षणार्थीयों की थी । यह आंकड़े बताते है कि शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में स्वतन्त्रता से पूर्व कुछ उन्नति हुई थी किन्तु कुल मिलाकर शिक्षक शिक्षा की स्थिति संतोषजनक नहीं थी तथा उससे देश की बढ़ती हुई आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं हो रही थी ।

स्वतन्त्रता के उपरान्त शिक्षाक शिक्षा का विकास तथा विस्तार (१९४७से अब तक)

सन् 1947में देश स्वतन्त्र हुआ । स्वतन्त्रता के साथ बहुत–सी समस्या आयीं । उनमें से एक समस्या माघ्यमिक विधालयो के शिक्षको के प्रशिक्षण की थी । स्वतन्त्रता के दौरान शिक्षक प्रशिक्षण को संस्थात्मक तथा गुणात्मक दोनो स्तरो पर विकसित करने प्रवृत्ति बलवती हो चुकी थी । उस समय की बदलती हुई सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक एवं सांस्कृतिक परिस्थितियों ने शिक्षक शिक्षा को भी एक नया अर्थ दिया । देश की मांगो और आकाक्षांओं के अनूरूप शिक्षक शिक्षा की एक नई संकल्पना इस समय विकसित हुई । इस संकल्पना ने देश के प्रशिक्षण महाविद्यालयों को काम करने का एक नया आयाम दिया । इस समय तक यह स्वीकार किया जाने लगा था कि शिक्षक शिक्षा केवल शिक्षक – प्रशिक्षण नहीं है । बल्कि इसमें कुछ ओर भी है ।

सन् 1948 ई0 में भारत सरकार ने डॉ0 एस0 राधाकृष्णन की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग की स्थापना की । राधाकृष्णन आयोग आम जनता की शिक्षा तथा शिक्षक शिक्षा से बहुत अधिक सम्बन्धित था। इस संदर्भ में इस आयोग ने बहुत ही व्यावहारिक तथा उपयोगी संस्तुतियां दी जो निम्न लिखित है।

अ– आयोग ने कहा कि प्रशिक्षण महाविद्यालयों की पाठ्य वस्तु में सुधार किया जाये

तथा विद्यालय के व्यावहारिक शिक्षण पर अधिक ध्यान दिया जाये । प्रशिक्षणार्थियों की उपलब्धियों की जांच करते समय व्यावहारिक शिक्षण को अधिक महत्व दिया जाये ।

ब– व्यावहारिक शिक्षण के लिये कुछ विशेष विद्यालय चुने जाये ।

स– प्रशिक्षण महाविद्यालयों में उन अध्यापकों को लाये जाए जिन्हें व्यावहारिक शिक्षण का काफी अनुभव हों ।

द– सैद्धान्तिक पाठ्यक्रम कोमल होना चाहिये । तथा उनमें से स्थानीय समस्याओं का समावेश होना चाहिये।

य– एम0 एड0 में केवल उन्ही विद्यार्थीओ को प्रवेश दिया जाए, जिनके पास लम्बा शिक्षण का अनुभव हो ।

र– अ0 भा0 स्तर पर प्रोफेसरों तथा अन्य अध्यापकों के वास्तविक कार्य की योजना बनाई जाए ।

सन् 1952 में भारत सरकार ने डा0 ए0 एल0 मुदालियर की अध्यक्षता में माध्यमिक शिक्षा आयोग की नियुक्ति की । इस आयोग ने यह अनुभव किया कि अध्यापक ही सभी प्रकार के शैक्षिक परिवर्तन की कुजीं है। इस समय आयोग ने शिक्षक प्रशिक्षण की समस्या को काफी महत्वपूर्ण समझा तथा माध्यमिक शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने और शिक्षक शिक्षा के कार्यक्रमों को समुन्नत बनाने के लिए संस्तुतियां प्रस्तुत कीं । शिक्षकों का सामाजिक स्तर तथा कार्य करने की स्थितियों को समुन्नत करने के लिए मुदालियर आयोग ने शिक्षकों की नियुक्तियों के सम्बन्ध में महत्व पूर्ण सुझाव दिये । शिक्षको के प्रशिक्षण की और इस आयोग ने विशेष ध्यान दिया । इस आयोग की संस्तुतियां निम्न है ।

क. जो शिक्षण व्यवसाय में आना चाहें उन्हें एक या एक से अधिक विभिन्न सह पाठ्यगामी क्रियाओं का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।

ख. केवल दो प्रकार की प्रशिक्षण संस्थाए चाहिए । प्रथमतः वह संस्थाए दो साल

का प्रशिक्षण संस्थाए जो केवल हाईस्कूल उत्तीर्ण लोगों को प्रशिक्षित करें, ऐसे लोगों को दो साल का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। दूसरे प्रकार की वह संस्थाए जो स्नातको को प्रशिक्षित करे । इनका प्रशिक्षण अवधि दो वर्ष के लिए बढ़ाई जा सकती है।

ग. प्रशिक्षणाथियों से किसी प्रकार का शुल्क न लिया जाए। इनें छात्रवृत्ति भी प्रशिक्षण के दौरान दी जाए। प्रशिक्षण महाविद्यालयों में इन्हें रहने की अनुमति दी जाए ।

घ. अभिनव पाठ्यकमों में विशिष्ट विषयो मे, लघु समय के गहन पाठ्यकम कार्यशाला का व्यावहारिक शिक्षण, व्यावसायिक वार्ताए भी शिक्षक – प्रशिक्षण महाविधालयों द्वारा अपने कार्यक्रमों के अन्तर्गत आयोजित करवाई की जाए।

ड. प्रशिक्षण महाविधालय शिक्षा की विभिन्न समस्याओं पर अनुसंधान करें ।

च. एम0 एड0 में केवल उन्हें प्रवेश दिया जाऐ जिनके ,पास कम से कम तीन साल का शिक्षण अनुभव ।

छ. अध्यापिकाओं की कमी को दूर करने के लिए आयोग ने अवकाशकालीन पाठ्यक्रमों की व्यवस्था का सुझाव दिया ।

ज. इस आयोग ने शिक्षक – प्रशिक्षण के सन्दर्भ मे यह राय भी व्यक्त की इन संस्थाओ को विश्वविधालयों से मान्यता मिलनी चाहिए तथा इनकी डिग्रियाँ एवं डिप्लोमा भी विश्वविधालय द्वारा दिये जाने चाहिए, राज्य के शिक्षा विभाग या किसी तदर्थ संगठन से नहीं । इस आयोग कि संस्तुति के आधार पर जो विराट बहुउद्देशीय विद्यालय खोले गये उनमे सबसे प्रमुख कमी प्रशिक्षित एवं योग्य आध्यपको की थी । अतः शिक्षक शिक्षा के लिये एक अच्छी तरह से आयोजित कार्यक्रम कि आवश्यकता का अनुभव किया जाने लगा। इसी उददेश्य को ध्यान में रखने हुए एन0 सी0 ई0 आर0 टी0 द्वारा सन् 1963 में चार क्षेत्रीय महाविधालय खोले गये यह क्षेत्रीय महाविधालय अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर तथा

मैसूर में स्थित है, इन महाविद्यालयो से ऐसी आशा की गई कि यह शिक्षक शिक्षा के नये कार्यक्रम बनाएंगे तथा विकसित करेंगे, जिससे पिछली कमियो की पूर्ति हो सकेगी एक साल के शिक्षक – प्रशिक्षण (बी0 एड0)के अलावा इन महाविधालयों में बी0 एस–सी0, बी0 एड0 या बी0 ए0 बी0 एड0 जैसे समन्वित उपाधियों का पाठ्यक्रमो की भी व्यवस्था की , जिनकी अध्ययन अवधि 4वर्ष रखी गई । महाविधालयों मे अपने क्षेत्रों के अप्रशिक्षिण देने की व्यवस्था की गई । सेवा विस्तार विभाग द्वारा इन महाविधालयो ने स्कूलों के शिक्षकों तथा शिक्षा शास्त्रीयों के लिये कार्यरत रहते हुए भी प्रशिक्षण देने के कार्यकम शुरू किये। सन् 1964–66 में डॉ0 डी0 एस0 कोठारी की अध्यक्षता में नियुक्त है। प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षको के प्रशिक्षण की संस्थाए विश्वविद्यालय के शैक्षिक जीवन की मुख्य धारा से अलग हो गई है तथा विधालयों की रोज मर्रा की समस्याओ से भी इनका सम्बन्ध कम रह गया हैं । इन व्यवसाय के कमियो पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा आयोग ने कुछ प्रशिक्षण संस्थाओं को छोडकर शेष की स्थिति काफी खराब बताई हैं । योग्यअध्यापक इस व्यवसाय की ओर आकर्षित नहीं होते है । बहुत जरूरी और वास्तविक आवश्यकता का पाठ्यकम अभाव है और उसके समस्त कार्यकम परम्परागम ढंग काफी दिनो से चल रहे है। इसके व्यावहारिक शिक्षण में घिसी – पिटी विधियो का प्रयोग किया जाता है जिनकी वर्तमान उददेश्यों और आवश्यकताओं अनुसार कोई आवश्यकता नहीं प्रतीत होती ।

शिक्षक– प्रशिक्षण कार्यक्रमों की इन कमियों को देखते हुए इस आयोग ने एक व्यापक योजना निम्न संस्तुतियो के साथ प्रस्तुत की –

क. शिक्षक – प्रशिक्षण के पृथक्कीकरण को दूर किया जाए।

ख. प्रशिक्षण कार्यकमों में गुणात्मक वृद्धि की जाए।

ग. शिक्षण सुविधाओ में बृद्धि की जाए।

घ. सभी अध्यापको की निरन्तर व्यावसायिक शिक्षा के लिए उपेक्षा वनाये जाए।

ड. उच्च स्तर को कायम रखने के लिए केन्द्र तथा राज्य दोनों पर उचित ऐजेन्सियां बनाई जायें ।

शिक्षक शिक्षा को विश्वविधालय तथा स्कूल दोनो से पृथक होने के कारण पर ध्यान देते हुए आयोग ने सुझाव दिया कि शिक्षक शिक्षा को एक स्वतन्त्र शैक्षिक विषय (डिसिप्लिन) के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए तथा इनको एक वैकल्पिक विषय के रूप में स्नातक तथा स्नातकोतर कक्षाओ में भी पढाया जाना चाहिए, कुछ चुने हुए विश्व विघालयो में शिक्षा विभाग स्थापित किए जाने चाहिए । जो शिक्षक शिक्षा के बारे में विभिन्न प्रकार का कार्यक्रम विकसित करते रहें । विस्तार कार्य (एक्सटेंशन कार्य)को प्रशिक्षण महाविधालयो का एक आवश्यक अंग माना जाना चाहिए। शिक्षण संस्था में विस्तार सेवाए अवश्य स्थापित की जानी चाहिए। तथा इन स्कूलो को साज – सज्जा एंव निरीक्षण के लिए वितीय सहायता मिलनी चाहिए । उन्हे अघ्यापको तथा प्रशिक्षण संस्थाओ के अघ्यापको के बीच अपने – अपने स्तर पर तबादले की भी व्यवस्था होनी चाहिए ।

विभिन्न शिक्षण संस्थाओं की आपस की दूरी को कम करने तथा शिक्षा के विभिन्न स्तरो के लिए अध्यापको को तैयार करने के लिए निम्न उपाय किए जा सकते है–

1. सभी शिक्षण संस्थाओ को विश्वविधालयों के अन्तर्गत लाया जाये ।
2. योजना के आधार पर बनाए गए शिक्षा के व्यापक (काम्प्रीहेन्सिव) महाविधालय प्रत्येक राज्य में खोले जायें ।
3. प्रत्येक राज्य में शिक्षक शिक्षा की एक राज्य परिषद स्थापित की जाए जो शिक्षक शिक्षा से सम्बन्धित सभी प्रकार के कार्यों के लिए हर स्तर पर उत्तर दायी होगी ।

शिक्षा आयोग ने शिक्षक के क्षेत्र मे गुणात्मक सुधार के लिए बहुत ही मूल्यवान सुझाव दिए, जिनमे से कुछ बिन्दु निम्न लिखित है–

1. शिक्षक संस्थाओ के व्यावसायिक स्तर के गुणात्मक सुधार के लिए विभिन्न संगठनो के माध्यम से अच्छी तरह तैयार किये गये व्यावसायकि पाठ्यक्रम चलाये जाने चाहिये ।
2. सामान्य और व्यवसायिक शिक्षा के समन्वित पाठ्य कम शुरू किये जाने चाहिए।
3. व्यावसयिक शिक्षा की अधिक महत्वपूर्ण सामग्री को भारतीय परिस्थितियो के परिप्रेक्ष्य मे विकसित किया जाना चाहिए।
4. मूल्यांकन तथा शिक्षण की अधिक उन्नत विधियो को प्रयोग करना चाहिए।
5. व्यावहारिक शिक्षण को उन्नत को बनाना चाहिए और इसका आन्तरिक स्तर पर व्यापक कार्यक्रम बनाना चाहिए ।
6. विशेष पाठ्यक्रम और कार्यक्रम विकसित किए जाने चाहिए।
7. सभी स्तरो पर शिक्षको को शिक्षा के पाठ्यक्रम में सुधार होना चाहिए।
8. स्नातक प्रक्षिणाथियो के लिए यह पाठ्यकम एक वर्ष का होना चाहिए। इस एक वर्ष मे कार्य करने के दिन कम से कम 230 होने चाहिए।
9. माध्यमिक प्रशिक्षण महाविद्यालयो मे योग्य अध्यापको की नियुक्ति हेतु विशेंषज्ञो को सम्मिलित किया जाए ।
10. उन स्नातको के लिए विशेष पाठ्यक्रम की व्यवस्था की जाए जो प्राथमिक कक्षाओ में शिक्षण के लिए जाना चाहते है।
11. कार्यरत अध्यापको के प्रशिक्षण के लिए ग्रीष्मकालीन संस्थाए खोली जाऐं।
12. प्रशिक्षण महाविद्यालयो मे शिक्षण शुल्क समाप्त कर दिया जाए तथा प्रशिक्षणाथियों को छात्रवृति एवं रिड की सुविधा के लिए उपबन्ध बनाए जाए।
13. छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराई कराई जाए और प्रशिक्षण महाविद्यालयो से जुड़े परीक्षणात्क विद्यालय(एक्सपेरीमेंटल –स्कूल)खोले जाए।

14. प्रधानाध्यापकों तथा शिक्षाशास्त्रियों के उन्नयन के लिए उनके क्षेत्र विशेष से सम्बन्धित नया व्यावसायिक पाठ्यक्रम विकसित किया जांए।

15. प्रशिक्षणार्थियों ने जिन विषयों को स्नातक स्तर पर अध्ययन किया है उन विषयों में विशेष शिक्षण की स्वीकृति उसे मिलनी चाहिए ।

16. केवल प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी में उतीर्ण छात्रो को ही शिक्षण संस्थाओ मे प्रवेश एवं दिया जाए।

17. कार्य शाला , पुस्तकालय तथा प्रयोग शाला की उन्नति के लिए और अधिक सुविधाए दी जाऐ।

प्रशिक्षण की सुविधाओं को बढाने के लिए प्रत्येक राज्य को एक योजना तैयार करनी चाहिए जिससे प्रशिंक्षित अध्यापक उन स्थानो पर जा सके, जहॉ उनकी आवश्यकता है। पत्राचार प्रशिक्षित की सुविधाएं बढाई जानी चाहिए। अप्रशिक्षित अध्यापकों को शीघ्र अतिशीघ्र हटाना चाहिए । संस्थाओ का आकार बढाए जाना चाहिए तथा एक योजना के आधार पर उनको स्थापित किया जाना चाहिए । बडे स्तर पर समन्वित कार्यक्रम तथा कार्यरत अध्यापकों के लिए शिक्षा की व्यवस्था करनी चाहिए । ऐसा लक्ष्य होना चाहिए कि प्रत्येक कार्यरत अध्यापक कम से कम 5 वर्षो में 2–3 महीने को प्रशिक्षण अवश्य पाये । कार्यरत अध्यापकों के लिए ग्रीष्मकालीन संस्थाओ का कार्यक्रम नियमित रूप से चलाते रहना चाहिए और विभिन्न शैक्षिक संस्थाओ से इसके लिए सम्वन्ध रखना चाहिए। उच्च शिक्षा में अध्यापकों के लिए प्रोत्साहन मिलना चाहिए । प्रत्येक विश्वविद्यालयों में कुछ विश्वविद्यालयो को मिलाकर ऐसे पाठ्यक्रम चलते रहना चाहिए । बडे विश्वविधालयों को मिलाकर ऐसे पाठ्यकम स्थायी रूप से स्थायी महाविद्यालयों को स्थापित करके भी चलाये जा सकते है । राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षक शिक्षा के स्तर को कायम रखने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को उतरदायित्व लेना चाहिए तथा इसके साथ–साथ राज्य स्तर पर शिक्षक शिक्षा की राज्य परिषद को भी अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निभानी चाहिए । यू0 जी0 सी0 को एन0 सी0 ई0 आर0 टी0 की सहायता से एक सहसमिति शिक्षक शिक्षा के लिए बनानी चाहिए । शिक्षक शिक्षा को विकसित करने

के लिए वितीय सहायता हेतु भारत सरकार को कुछ उपबन्ध बनाने चाहिए।

पंचवर्षीय योजनाओं में शिक्षक शिक्षा

पंचवर्षीय योजनाएं भारत में 1951 से आरम्भ की गई है । उस समय भारत में लगभग आधे शिक्षक अप्रशिक्षित थे। सन् 1951से 1961तक प्रथम तीन पंचवर्षीय योजनाओं में शिक्षा और शिक्षकों के प्रशिक्षण को महत्व – पूर्ण स्थान दिया गया। उस समय की शिक्षा की योजनाएं मुख्यतः दो उददेश्यों पर आधारित थीं – पहला संख्यात्मक विकास तथा दूसरा गुणात्मक विकास । उस समय शत् –प्रतिशत शिक्षकों को प्रशिक्षित करने का प्रयास किया गया–दुर्भाग्य वश यह उददेश्य पूरा नहीं किया जा सका क्योकि पहले से कार्यरत अप्रशिक्षित अध्यापको की समस्या अभी दूर नहीं हुई थी। निरन्तर छात्रों की संख्या बढने के कारण बहुत अधिक नये अध्यापकों की नियुक्ति हुई लेकिन कुछ गैर सरकारी संस्थाओ ने धन बचाने के लिए अप्रशिक्षित अध्यापको को कम वेतन पर नियुक्त करना शुरू कर दिया । निम्न तालिका दर्शाती है कि उस समय प्राथमिक स्तर पर केवल 67. प्रतिशत मिडिल स्तर पर 72 प्रतिशत तथा माध्यमिक स्तर पर केवल 70 प्रतिशत थे । प्रशिक्षित अध्यापिकाओं का प्रतिशत 1966 में प्रशिक्षित अध्यापकों की संख्या से कुछ अधिक था।

तालिका संख्या –2(1)

सन् 1951–66 के मध्य प्रशिक्षित अध्यापकों का प्रतिशत

स्तर	प्रकार	1950–51	1960–61	1970–71	1980–81	2000–01
पूर्व प्राथमिक	पुरूष	66	58	67	59	65
महिला		64	61	66	70	72
योग		66	61	67	70	72
प्राथमिक पुरूष		57	59	62	65	68
महिला		69	74	73	74	72
योग		58	61	64	67	70
मिडिल पुरूष		52	57	64	70	72
महिला		58	67	73	77	77
योग		53	59	67	72	75
माध्यमिक एवं	पुरूष	51	57	62	67	73
उच्च माध्यमिक	महिला	66	73	74	75	78
योग		54	60	64	70	75

1 :– शिक्षा आयोग अखिल भारतीय शिक्षा सांख्यकी भारत सरकार

नोट – उत्तरांचल के आंकड़े सम्मिलित नही है।

तालिका संख्या –3(1)

पंचवर्षीय योजनाओं के मध्य शिक्षकों को संख्या

प्रकार	1950–51	1960–61	1970–71	1980 –81	2000–01
1. पूर्व प्राथमिक विधालय में अध्यापकों की संख्या (हजारों में)	866	1880	4000	6500	10800
2. प्राथमिक विघालयों में अध्यापको की संख्या (हजारों में)	538	691	742	1050	2,91,930
3. मिडिल विधालयों में अध्यापको की संख्या (हजारों मे)	86	148	345	520	9,10,000
4. उच्च माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विधालय में अध्यापकों की संख्या (हजारों में)	127	190	296	440	1,23,000
5. सभी संस्थाओ में कुल अध्यापकों की संख्या (हजारों मे)	803	1106	1508	2178	73,68

1 :– शिक्षा आयोग अखिल भारतीय शिक्षा सांख्यकी भारत सरकार

नोट – उत्तरांचल के आंकड़े सम्मिलित नही है।

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि द्वितीय और तृतीय पंचवर्षीय योजनाओं के दौरान प्रशिक्षित अध्यापको की संख्या में केवल सात प्रतिशत की वृद्धि हुई । फिर भी काफी संख्या में ऐसे अध्यापक माध्यमिक विद्यालयो में कार्यरत थे जो कि स्नातक नहीं थे । तथा प्राथमिक विद्यालयो में भी ऐसे अध्यापक काफी थे , जिन्होने हाई स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की थी , छात्राध्यापको का अनुपात इन तीनो पंचवर्षीय योजनाओ के दौरान लगभग स्थिर रहा ।

प्रथम तीन पंचवर्षीय योजनाओं के प्रशिक्षण संस्थाओ की संख्या में बृद्धि निम्न तालिका द्वारा स्पष्ट की गई है। इस समय में प्राथमिक स्तर के शिक्षको के प्रशिक्षण के लिए शिक्षा के कुल खर्च का 4.2 प्रतिशत तथा प्रशिक्षण महाविद्यालयों पर 5.8 प्रतिशत धन खर्च किया गया । कुल शैक्षिक वजट का लगभग 10 प्रतिशत शिक्षा और प्रशिक्षण पर खर्च किया गया ।

तालिका संख्या - 4(1,2)

शिक्षक शिक्षा का विस्तार

प्रकार	1970–71	1980–81	1990–91	2000–01
प्रशिक्षण विधालयो की	782	939	1138	1300
संख्या खर्च (हजारों में)	15,229	19,757	38,811	64,000
प्रति छात्राध्यपक खर्च				
(वार्षिक रूपये में)	219	236	315	328
प्रशिक्षण महाविद्यालयो	53	107	531	1,272
की संख्या खर्च	3,547	6,566	21,514	24,000
प्रति छात्राध्यपक खर्च	332	583	733	809

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि शिक्षण विद्यालयो से हर क्षेत्र में 1951 से 1961 के बीच में दोगुनी बृद्धि हुई और 1966 तक यह बृद्धि तीन गुनी पहुंच गई । सन् 1966 में देश भर में करीब 29 ऐसी संस्थाए थी जो शिक्षा में

---

1. शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार (फार्म,ए,)
2. शिक्षा प्रगति के पेज नं0 38–39 वर्ष 2000–01

नोट – उत्तरांचल के आंकड़े सम्मिलित नही है।

तालिका क्रमांक — 5

प्रशिक्षण संस्थान तथा सम्बन्ध प्रशिक्षण संस्थायें उत्तर प्रदेश में शिक्षक शिक्षा का विस्तार

वर्ष	ट्रेनिंग कॉलेज			विश्वविद्यालय			महाविद्यालय			कुल योग
	एल0टी0 बी0एड0			बी0एड0 एम0एड			बी0एड0 एम0एड			
	पुरू0	म0	योग	पुरू0	म0	योग	पुरू0	म0	योग	
1950 — 51	4	5	9			2	8	1	9	20
1960 — 61	7	3	10			5	28	2	30	45
1970 — 71	6	4	10			5	44	7	51	66
1980 — 81	9	5	14			8	76	22	98	120
1990 — 91	9	6	15			10	76	23	99	124
2000 — 01	11	9	20			20	88	22	110	150

1. : — भारतीय शिक्षा का इतिहास एवं समस्यायें डा0 कर्ण सिंह वर्ष 1996 पृष्ठ 296

2. : — उत्तर प्रदेश की शिक्षा साख्यिकी वर्ष 2000—2001

तालिका क्रमांक – 6 [1,2]

प्रशिक्षण संस्थान तथा सम्बन्ध प्रशिक्षण संस्थाओं में छात्र संख्या

वर्ष	ट्रेनिंग कॉलेज			विश्वविद्यालय			महाविद्यालय			कुल योग
	एल०टी० बी०एड०			बी०एड० एम०एड			बी०एड० एम०एड			
	पुरू०	म०	योग	पुरू०	म०	योग	पुरू०	म०	योग	
1950 – 51	226	337	563	312	107	419	520	66	586	1568
1960 – 61	500	520	1020	356	144	500	2413	509	2922	4442
1970 – 71	659	1357	2016	906	734	1343	3332	4316	7648	11007
1980 – 81	643	896	1541	1084	890	1974	6563	4316	10879	14394
1990 – 91	798	848	1646	1282	992	2274	7352	5440	12792	16712
2000 – 01	921	1021	1942	1422	1092	2514	8263	5848	14111	18567

1. – भारतीय शिक्षा का इतिहास एवं समस्यायें डा0 कर्ण सिंह वर्ष 1996 पृष्ठ 296
2. – उत्तर प्रदेश की शिक्षा सांख्यिकी वर्ष 2000–2001

एम0.एड0. व पी–एच0. डी0. की उपाधियां देती थी । सन् 1961 में एन0. सी0. ई0.आर0 टी0 तथा 1964 में एम0आई0 ई0 का गठन शिक्षक शिक्षा के कार्यक्रम को उन्नतशील बनाने के लिए किया गया ।

शिक्षाक शिक्षा चतुर्थ तथा पंचम पंचवर्षीय योजनाएं (1968– 1979)

कुछ कारणो से चतुर्थ एंव पंचम पंचवर्षीय योजनाओं को लागू करने में तीन वर्ष की देरी हुई जिसके लिए विभिन्न प्रकार की वार्षिक योजनाएं लायी गयी है । चतुर्थ पंचवर्षीय योजना का मुख्य लक्ष्य आर्थिक उन्नति का था , जिससे अनिश्चितताओं के क्षेत्र में सुरक्षा मिल सके ,लोग अधिक रूप से स्वनिर्भर हो सके कमजोर वर्ग को सामाजिक न्याय मिल सके , और लोग अधिक रोजगार की सुविधाएं उपलव्ध कराई जा सके, इस पंचवर्षीय योजनाएं के दौरान प्राथमिक शिक्षा विस्तार पिछडे वर्ग तथा लडकियो शिक्षा पर विशेष दिया प्राथमिक विधालयीय शिक्षा के क्षेत्र में अधिक महत्व शिक्षक प्रशिक्षण, शिक्षण सामग्री तथा शिक्षण तकनीक पर दिया गया। चतुर्थ पंचवर्षीय योजना के अन्य तक नामांकन का लक्ष्य 70 प्रतिशत रखा गया था, लडकियो के सम्बन्ध में यह प्रतिशत 55. रखा गया था । इस योजना के अन्तर्गत अप्रशिक्षित अध्यापको को निकालने के भी प्रयास किये गये । इस योजना के अन्तर्गत 18000 प्राथमिक विधालयो के शिक्षको तथा 17600 माध्यमिक विधालयो के अध्यापको को पत्राचार पाठ्य क्रम की सुविधा दी गई ।

शिक्षा आयोग (1964–66) ने सुझाव दिया था कि आधुनिक ,लोक तांत्रिक और सामाजिक समुदाय के उददेश्यों की पूर्ति हेतु प्रचलित शिक्षा – प्रकिया में आमूल परिवर्तन की आवश्यकता है । इससे सम्बधित प्रमुख विन्दु राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1968) में दिये गये और यह प्रस्तावित किया गया कि पंचम पंचवर्षीय योजना में शैक्षिक – विकास के कार्यक्रम के विन्दु निम्न होने चाहिए–

(क) <u>शैक्षिक प्रक्रिया में बदलाव</u>– यह आवश्यक है कि शिक्षा को इतना प्रभावशाली बनाया जाये जिससे वह सामाजिक परिवर्तन, आर्थिक आधुनिकीकरण तथा राष्ट्रीय एकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके। इसके लिए शिक्षा की पाठ्य वस्तु में परिवर्तन करने के साथ–साथ उन्नत शिक्षण विघियो को ग्रहण करना होगा। परीक्षा प्रणाली में सुधार करना होगा । पाठ्य पुस्तकें तथा शिक्षक अधिगम में सहायक सामग्री के स्तर को ऊँचा उठाना होगा।

(ख) **स्तर का उन्नयन** – स्तर के उन्नयन के लिए निम्न प्रयास किये जाने चाहिए, प्रत्येक विकास – खण्ड में एक आदर्श प्राथमिक विद्यालय, स्वतन्त्र महाविद्यालयो की संख्या में बृद्धि के साथ उनके स्तर में सुधार, स्थानीय सहयोग द्वारा संस्थाओ की योजनाओ को चलाना चाहिए ।

(ग) प्राथमिक विद्यालयों की उन्नति के लिए व्यापक कार्यक्रम बनाये जाने चाहिए विशेषकर समाज के पिछडे वर्ग के लिए।

(घ) सार्वभौमिक प्राथमिक शिक्षा का उपबन्ध सन् 1975–76 में 6 से 11 वर्ष तक की आयु से बढाकर 1980–81 में 6से 14 वर्ष की आयु तक कर दिया गया था ।

(ङ) सभी राज्यों तथा केन्द्र में शिक्षा का समाज प्रतिमान 10+2+3 ही अपनाया जाये ।

(च) उच्च माध्यमिक स्तर पर शिक्षा का व्यावसायीकरण किया जाये ।

(छ) एक राष्ट्रीय छात्रवृति नीति का विकास किया जाये, जिससे पिछडें समुदायों व गरीब घरों के मेधावी बच्चे अच्छे विद्यालयों तथा विश्व विधालयो में शिक्षा पा सकें ।

(ज) जनसंख्या नियंन्त्रण के लिए युवा आन्दोलन (14 से 25 वर्ष तक)चलाया जाये ।

(झ) महाविद्यालयीय तथा विश्व विद्यालयीय शिक्षा को निम्न सन्दर्भ में पुनः संगठित किया जाये ।

(अ) पिछडें समाज के छात्रों की सुविधा के लिए नियम ।

(आ) स्वयं पाठी या अवकाश काल में पढने वाले लोगों के लिए सुविधाओ का विस्तार ।

(इ) महाविद्यालयो में सुधार ।

(ई) परास्नातक शिक्षा में महत्वपूर्ण सुधार ।

(उ) पाठ्य वस्तु में नमनीयता , विभिन्नता तथा आधुनिकीकरण के आधार पर सुधार तथा पुस्तकालय और प्रयोग शाला की सुविधाओ में वृद्धि होनी चाहिए ।

(ऊ) गजेन्द्र गडकर समिति के अनुसार प्रशासन में सुधार होना चाहिए

(त्र) तकनीकी शिक्षा का विकास किया जाये।

(ट) राष्ट्रीय सामाजिक सेवा के लिए बडे पैमाने पर कार्यक्रम की शुरूआत की जाये।

(ठ) कार्यक्रमों को वनाने, लागू करने, विस्तार करने तथा गुणात्मक सुधार के लिए प्रशासनिक ढांचे मे मजवूती लानी होगी ।

तालिका संख्या –7(1)

विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओ में खर्च का तुलनात्मक प्रारूप (करोंड रू.में)

उप प्रकार	प्रथम योजना	द्वितीय योजना	तृतीय योजना	मध्यकालीन समय	चतुथी योजना	पंचम योजना
1. प्राथमिक शिक्षा	58	95	178	65.3	273.74	1600
पूर्व प्राथमिक शिक्षा के साथ	56	35	30	20	28.5	50
2. माध्यमिक शिक्षा	20	51	103	52.6	118.32	50
	13	19	18	16	14.4	18.9
3. विश्व विद्यालयो	14	48	87	77	183.52	400
शिक्षा	9	18	15	24	22.3	12.6
4. शिक्षक शिक्षा अ	23	9.4	21.16	—		
	—	—	4	3	2.6	—
5. सामाजिक शिक्षा	5	4	2	2.1	8.3	60
युवाओं सेवाओ	3	1	0	1	1	0
6. सांस्कृतिक कार्य	वी	3	7	3.7	12.49	—
क्रम	—	0	1	1	1.5	—
7. मिश्रित कार्यक्रम	9	23	64	30.7	11.86	340
	6	8	11	9	14.5	10.3
8. कुल सामान्य	133	224	484	240.8	697.29	3000
शिक्षा	87	82	79	75	84.8	93.7
9. कुल तकनीकि	20	49	125	80.7	125.36	200
शिक्षा	13	18	21	25	15.2	6.3
10. कुल शिक्षा	153	273	589	321.5	822.66	3200
	100	100	100	100	100	100

चुने हुए शैक्षिक तथा संबन्धित आंकड़े नई दिल्ली, भारत सरकार, आयोजना आयोग प्रभाग, 2001

छठी पंचवर्षीय योजना और शिक्षा (१९७८-८३)
सामान्य शिक्षा नीति का क्रियान्वयन

क. प्रौढ शिक्षा का कार्य 15 वर्ष तक की आयु के लोगों के लिए तेजी से चलाया जाएगा।

ख. 6से 14वर्ष तक के लिए अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा की व्यवस्था के लिए और अधिक प्रयास किए जायेगें–ऐसा तय किया गया कि शिक्षा के सम्पूर्ण बजट का आधा पैसा अनिवार्य शिक्षा पर खर्च किया जाएगा ।

ग. अनुसूचित जाति, जनजाति तथा कमजोर वर्ग के लड़को का नामांकन विधालय में करवाने के लिए और अधिक प्रयास किए जायेगें।

घ. माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा में गुणात्मक उन्नति के लिए ध्यान दिया जाएगा।

ड. माध्यमिक विधालयो में व्यावसायिक शिक्षा भी लागू की जाएगी ।

च. शिक्षा का प्रसार उन क्षेत्रो मे अधिक किया जाएगा जो शैक्षिक दृष्टि से पिछडे है तथा जिस क्षेत्र के अधिकांश प्रौढ़ अशिक्षित है।

ज. विज्ञान शिक्षा पर अधिक बल दिया जाएगा।

उच्च शिक्षा

छठी पंचवर्षीय योजना में नये विश्व विद्यालय खुलने का कोई प्रावधान नहीं रखा गया तथा नये महा विद्यालयो को केवल उन्हीं क्षेत्रो में खोलने कि अनुमति दी गयी जहां पर आवश्यक संसाधन पहले से उपलब्ध है, उच्च शिक्षा पाने के इच्छुक लोगो के लिए पत्राचार तथा खुले विश्वविद्यालयो की व्यवस्था कि गयी। उच्च शिक्षा पाने के लिए व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में विश्वविद्यालयी परीक्षा देने के लिए प्रोत्साहन दिया गया । इस योजना में मुख्यतः शिक्षा के गुणात्मक स्तर की उन्नति के लिए ध्यान दिया

गया। छठी पंचवर्षीय योजना में मुख्यतः निम्न शिक्षा की नीतियां निर्धारित की गयी ।

क. विश्व विद्यालयो मे प्रवेश मेरिट या सेलेक्शन के आधार पर किया जायेगा।

ख. स्नातक स्तर तक शिक्षा का माध्यम कुछ भारतीय भाषाओं में अच्छी पुस्तके तैयार करवाई जायेगी, विदेशी भाषाओं के अध्ययन को भी प्रोत्साहन दिया जायेगा ।

ग. कुछ स्वायतसेवी महा विद्यालय भी स्थापित किये जायेगे । विश्व विद्यालय के विभिन्न विभागो तथा महाविद्यालयों में शक्ति के नियम को लागू किया जायेगा ।

घ. यू0 जी0 सी0 द्वारा वितीय सहायता सभी महाविद्यालयो को देय नहीं होगी ।

ड. सेवा प्रसार विभाग के कार्यक्रम उच्च शिक्षा के अभिन्न अंग होगे।

च. परास्तानक स्वर की कक्षाओं की अनुमति केवल विश्वविद्यालयो को ही होगी ।

छ. अध्यापको को और अधिक सुविधाये दी जायेगी ।

ज. आधार भूत शोधों को और अधिक बढावा दिया जायेगा ।

तकनीकि शिक्षा

इस योजना को बनाने वालो को अभाव था कि तकनीकि शिक्षा के लिए वर्तमान सुविधाये पर्याप्त नहीं है इसलिए इस योजना में तकनीकी शिक्षा के गुणात्मक तथा संख्यात्मक दोनों प्रकार के विकास को उच्च प्राथमिकता दी गई । इसके अन्तर्गत पाठ्य पुस्तको का स्तर सुधारा जायेगा तथा इस क्षेत्र में उच्च शिक्षा के लिए नये केन्द्र खोले जायेगें ।

सातवी पंचवर्षीय योजना (1985–1990)

विश्व विधालयीय शिक्षा

इस योजना में उच्च शिक्षा का स्तर सुधारने तथा राष्ट्र की मांगो के अनुसार उसके रूप को परिवर्तित करने पर विशेष ध्यान दिया गया। पिछडें वर्गो की उच्च शिक्षा के लिए इस योजना में खुले विश्वविधालयों , पत्राचार पाठ्यक्रमों तथा अंशकालीन शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया। सातवीं पंचवर्षीय योजना मे उच्च शिक्षा के प्राध्यापकों को भी प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई जिसमे शिक्षण की नयी विधियो , प्रविधियों को सीखने, मूल्यांकन आदि के सम्वन्ध मे प्रशिक्षण दिया जाएगा । अनुसूचित जाति तथा जन जाति के विघार्थियो के लिए उच्च शिक्षा पर नैदानिक शिक्षण तथा स्पेशल कोचिगं की व्यवस्था भी इस योजना का एक महत्वपूर्ण पहलू रही । पिछडे वर्ग अनुसूचित जाति तथा जनजाति के लोगो के प्रति स्पर्धात्मक परीक्षाओं के लिए भी निः शुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई।

तकनीकि शिक्षा

सातवी पंचवर्षीय योजना में मुख्यतः निम्न विन्दुओ पर विशेष ध्यान दिया गया–

क. अब तक प्रदान की गई सुविधाओ का अधिकतम उपयोग ।

ख. उन के विकास के लिए, शिक्षा के लिए आवश्यक सुविधाओ को जुटाने के लिए तथा प्रशिक्षण एवं शोध के लिए नयी तकनीक का विकास करना,

ग. उन क्षेत्रो की पहचान करना जो कि सीधे पिछडे लोगो से सम्बन्धित है तथा उनके लिए, तकनीकी विकास करना ।

घ. तकनीकि शिक्षा के स्तर में गुणात्मक सुधार करना।

ड. तकनीकि शिक्षा की बाधाओ को दूर करना।

च. इंजीनियरिगं प्रयोग शालाओ, कार्य शालाओं तथा तकनीकि शिक्षण संस्थाओ का आधुनिकरण ।

छ. तकनीकी शिक्षा के लिए प्रभाव शाली प्रवन्ध ताकि इस क्षेत्र में किये जा रहे खर्च का भरपूर फायदा मिल सके।

ज. तकनीकि शिक्षा को ग्रामीण विकास से सीधा जोडा जायेगा ।

परीक्षा - प्रणाली में सुधार

इस योजना में कहा गया है कि वर्तमान परीक्षा न केवल सीखने के गलत ढंगो को उत्साहित करती है बल्कि विभिन्न तरीके की बुराइयो को शिक्षा के क्षेत्र मे उत्पन्न कर रही है। अतः परीक्षा ओ के स्वरूप में सुधार करने को उच्च प्राथमिकता दी जायेगी ।

भाषा का विकास

शिक्षा के विकास के लिए भाषा आधार है– इस योजना में भाषा के विकास के लिए निम्न विन्दुओ पर बल दिया गया –

क. हिन्दी भाषा की उन्नति (संविधान की धारा 351 के अनुसार)

ख. आधुनिक भारतीय भाषाओ की उन्नति (नयी शिक्षा के अनुसार)

ग. अंग्रजी तथा अन्य विदशी भाषाओं की उन्नति ।

घ. संस्कृत तथा अन्य शास्त्रीय भाषाओं का विकास जैसे अरवी तथा पारशियन्स।

ड. उर्दू, सिन्धी आदि कुछ भाषाओ के लिए केन्द्र विशेष ध्यान देगा।

अन्य कार्यक्रम

सातवी पंचवर्षीय योजना में शिक्षा के क्षेत्र में छात्रवृति भाषा का विकास, किताबो की उन्नति, शैक्षिक नियोजन एवं प्रशासन तथा प्रौढ़ शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया गया । ग्रामीण क्षेत्रो के विलक्षण छात्रो के लिए 432 माडल स्कूल भी खोले गये।

अध्यापको के राष्ट्रीय आयोग (1983–85)

आयोगों की नियुक्ति

अध्यापक समुदाय से सम्बन्धित विभिन्न पहुलओ पर सलाह देने के लिए भारत

सरकार ने 16 फरवरी , 1983 के प्रस्ताव नं0 23–1–81 पी0 एन0 2 के अनुसार दो राष्ट्रीय आयोगो की नियुक्ति की थी । पहले राष्ट्रीय आयोग ने स्कूल स्तर के अध्यापको से सम्बन्धियो पर विचार किया, जबकि दूसरे आयोग ने उच्च शिक्षा स्तर के अध्यापको से सम्बन्धित मुर्दो पर (इसमे तकनीकि शिक्षा भी शामिल थी) विचार किया । पहले आयोग के अध्यक्ष प्रो0 डी0 पी0 चटट्ोपाघ्याय थे और दूसरे आयोग के अध्यक्ष विश्व–विद्यालय आयोग में 18 सदस्य थे और दूसरे में 19 सदस्य थे। तत्कालीन शिक्षा सलाहकार तथा वर्तमान विशेष सचिव, मानव संसाधन विकास
शिक्षा विभाग दोनो ही आयोगो के सदस्य सचिव थे।

आयोगो के विचारार्थ विषय उददेश्य

आयोग के विचार विषय निम्नलिखित थे–

1. देश की विरासत, प्रजातन्त्र पद्वति, धर्म–निरेक्षता तथा सामाजिक न्याय में रखते हुए, उत्कृष्टता की खोज, विस्तृत अर्थात उदार दृष्टि तथा मूल्यो को जगाने के सन्दर्भ में अध्यापन व्यवसाय के लिए स्पष्ट उददेश्य निर्धारित करना।
2. व्यवसाय के सदस्यों को समाज में उपयुक्त स्थान देने के लिए उपायो का पता लगाना ।
3. व्यवसाय में गतिशील लाने के उददेश्य से तथा विश्व में अन्य विकास के प्रति अनुक्रियाशीलता लाने के लिए उपाय सुझाना।
4. अध्यापन व्यवसाय में प्रतिभाशाली लोगो को आकर्षित करने के लिए और भर्ती के आधार को, विशेष रूप से महिलाओ के लिए, व्यापक बनाने के उददेश्य से उपायो की सिफारिश करना ।
5. अध्यापको के लिए सेवा आरम्भ करने से पहले या सेवा के दौरान प्रशिक्षण – दिशा – निर्देश की वर्तमान व्यवस्था की समीक्षा और सुधार कि सिफारिश करना ।
6. अध्ययन के लिए सुधरे हुए तरीके और प्रौद्योगिकी (टेक्नोलोजी) को लागू करने

की समीक्षा और सिफारिश करना।

7. ज्ञान, दक्षता तथा मूल्यो को प्राप्त करने में विद्यार्थियों को सुविधा देने, प्रेरित करने, तथा प्रोत्साहन देने मे अध्यापको का योगदान बढाने के लिए उपायो की सिफारिश करना और उनके माध्यम से वैज्ञानिक रूझान, धर्म निरपेक्ष दृष्टि कोण, वातावरणीय जागरूकता तथा नागरिक उत्तरदायित्य की भावना के प्रसार को बढावा देना।

8. समाज तथा घर में शिक्षा एवं विकास कार्य में तालमेल बैठाने के लिए अध्यापको की भूमिका का पता लगाना ।

9. अनौपचारिक शिक्षा तथा शिक्षा जारी रखने के क्षेत्र मे अध्यापको की विशेष अपेक्षाओ का अध्ययन और अपेक्षाओ की किस तरह पूर्ति हो सकती है, उसके लिए उपाय सुझाना ।

10. अध्यापको के लिए स्वीकरणीय तथा व्यवहार्य आचार – संहिता तैयार करने की सम्भावना पर विचार।

11. व्यवसायिक विकास तथा व्यवसायिक जागरूकता में अध्यापको एवं संगठनो की भूमिका का पता लगाना ।

12. अध्यापको के कल्याण कार्यो को बढावा देने के लिए, विशेष रूप से अध्यापक कल्याण के राष्ट्रीय संस्थान के सन्दर्भ में, व्यवस्था पर्याप्त है, या नही इसका आंकलन करना और जहां आवश्यक हो, वहां सुझाव के सुझाव देना।

रिपोर्ट पेश करना -

आयोगों ने अपनी अन्तिम रिपोर्ट जून 1984 को तत्कालीन शिक्षा मंत्री को पेश की। इन अन्तिम रिपोर्टो मे तत्कालिक महत्व के अनेक मामले थे जिन पर आयोगो के अनुसार सरकार को तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता थी । विस्तार चर्चा के उपरान्त

पहले और दूसरे आयोग ने अन्त में 26 मार्च, 1985 को तत्कालीन शिक्षा, मन्त्री को अपनी रिपोर्ट पेश की । इन दोना आयोगो की रिपोर्टो की जांच उन0 सी0 टी0 कक्ष ने की । यह कक्ष शिक्षा विभाग के एक अंग के रूप मे काम कर रहा है, इन दोनों आयोगों द्वारा पेश की गई रिपोर्टो की सिफारिशो पर सरकार को सलाह देने के लिए भारत सरकार ने एक साधिकार समिति (एम्पावर्ड कमेटी) नियुक्त को , जिसके अक्ष्यक्ष शिक्षा सचिव थे। इस समिति में अन्यो के अतिरिक्त , वित मंत्रालय कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग तथा योजना आयोगो आदि के प्रतिनिधि थे,।

उक्त कक्ष ने विभिन्न सम्बन्धित मंत्रालयो , (विभागो से)इन सिफारिश पर उनके विचार आमन्त्रित किये। विभिन्न विभागो से जिसमे विश्वविद्यालय अनुदान आयोगो एन0 सी0 ई0 आर0 टी0 और एन0 आई0 ई0 ए0 आदि है, टिप्पणिया आई और उनकी जांच की गई । दोनों आयोगो पर होने वाले कुल खर्च रू0 49, 97, 583, 51 को सरकार ने उठाया । कर्मचारियों का वेतन, केन्द्रीय तकनीकी यूनिट, एन0 आई0 ई0 पी0 ए0 और इलाहाबाद में अनुसंधान कक्ष को अनुदान, बैठकों आदि पर अनुषांगिक खर्च के अलावा गैर सरकारी सदस्यों का दैनिक व यात्रा भत्ता इस खर्चे में शामिल था ।

अध्यापकों के लिए गठित राष्ट्रीय आयोग की मुख्य सिफारिशें

1. राष्ट्रीय विकास में अध्यापकों को भूमिका : राष्ट्रीय लक्ष्यों को, विशेषतः निम्न लक्ष्यों को बढ़वा देना चाहिए –

   (क) संयुक्त या संगठित सरकार

   (ख) आधुनिकीकरण की प्रक्रिया

   (ग) उत्पादन

   (घ) सहृदय व ध्यान रखने वाला समाज

इस बात पर बल दिया गया कि अध्यापक का बुनियादी काम मानव निर्माण अर्थात कल के भारत का निर्माण हैं।

2. कल्याणकारी उपाय : निम्नलिखित कल्याणकारी उपाय शुरू किए जाने चाहिए –

(क) मकान बनाने के लिए अध्यापकों को आसान किश्तों पर चुकाये जाने वाले ऋण देने के लिए आवास निधि की व्यवस्था ।

(ख) अध्यापकों के लिए आवास–निर्माण संस्थाओं को बढ़ावा देना ।

(ग) प्रमुख नगरों में छुट्टियां बिताने के लिए निवास (होली डे होम्स) की व्यवस्था करना ।

(घ) मूल वेतन के 7.5 प्रतिशत की दर से चिकित्सा भत्ता, प्रसूति तथा गम्भीर बीमारियों में चिकित्सा पर होने वाले खर्चे की प्रति पूर्ति ।

(ड़) स्कूल में प्राथमिक चिकित्सा की सुविधांए। अवकाश प्राप्त करने के बाद भी अध्यापकों एंव उनके परिवार के सदस्यों के लिए स्वास्थ्य तथा चिकित्सा सुविधांए।

3. महिला अध्यापकों के लिए क्वार्टरों का निर्माण : आयोग ने सिफारिश की है कि सातवी योजना में ग्रामीण क्षेत्रों में महिला अध्यापकों के लिए एक लाख क्वार्टर बनाने की व्यवस्था की जानी चाहिए । आयोग की राय में एक साधारण आवास यूनिट 25,000 रूपयों में बन सकता हैं।

4. राष्ट्रीय अध्यापक संस्थान की विविध गतिविधियां : अध्यापकों के कल्याण के लिए राष्ट्रीय संस्थान की गतिविधियो को और बढ़ाकर उनमें आवास की योजना, चिकित्सा सहायता, पुस्तको का प्रकाशन, शिक्षा ऋण, अध्यापक अतिथि निवास आदि को शामिल किया जाये ।

5. समन्वित वेतन–क्रम : केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों को अध्यापकों तथा शिक्षा प्रशासकों के लिए ढेर सारे वेतनक्रमों के स्थान पर एक ही वेतनक्रम लागू

करने की सम्भावना पर गम्भीरता से विचार किया जाना चाहिए । देश के सभी प्रकार के अध्यापकों तथा शिक्षा प्रशासकों के लिए एक ही समन्वित वेतनक्रम लागू करना संयुक्त राष्ट्रीय वेतन–क्रम की दिशा में पहला कदम होगा ।

6. वेतन–क्रमों का विवरण (सब भत्तों को छोड़कर): शुरूआत से पांच साल के बाद दक्षता रोक (एफीशियेंसी बार) और उनके बाद हर दस साल बाद–

500 –20	1000 – 40	2350 – 50	3575 – 75
600 – 20	1200 – 40	2600 – 60	3950
700 – 30	1600 – 50	2900 – 75	
850 – 30	2100 – 50	3275 – 75	

श्रेणी	भर्ती के समय वेतन	भर्ती की संभावित आयु	सेवा निवृति की आयु	सेवा अवधि की आयु	अधिकतम
1. प्राइमरी अध्यापक	4500	125	60	35	7000
2. प्राईमरी प्रधानाध्यापक	5500	175	60	35	9000
3. सहायक अध्यापक जूनियर	5500	175	60	35	9000
4. प्रधानाध्यापक (जूनियर)	6500	200	60	30	10500
5. एल0टी0 शिक्षक	5500	175	60	30	9000
6. प्रवक्ता	6500	200	60	25	10500
7.प्रधानाध्यापक (हाईस्कूल)	7500	250	60	20	12000
8. प्रधानाचार्य	10000	325	60	15	15200
9. जायेण्ट डाइरेक्टर ऑफ एजूकेशन	14300	425	60	15	18300
10. डाईरेक्टर ऑफ एजूकेशन	18400	475	60	10	22400

राज्यसरकार द्वारा पंचम वेतन आयोग की संस्तुति का शासनादेश 2000–2001

7. नये वेतन मानो से लाभ : नयी वेतन निर्धारण नीति के फलस्वरूप जैसी कि आयोग ने सिफारिश की है, आशा की जाती है कि प्रत्येक राज्य मे औसत सेकेण्डरी (माध्यमिक) स्कूल अध्यापक को 100 रूपया प्रतिमाह से कम का लाभ नहीं मिलेगा । जबकि प्राथमिक अध्यापक को 150 रूपया प्रतिमाह से कम लाभ नहीं मिलेगा।

8. दक्षता – रोध का प्रावधान : आयोंग ने सिफारिश की है कि प्रस्तावित समन्वित लम्वे वेतन–क्रम में, भर्ती होने के प्रत्येक चरण से 5 वर्ष के चाहिए । ऐसी व्यवस्था वेतन को कार्य–कौशल से जोडने के लिए की गई है । आयोग ने सुझाव दिया है कि प्रत्येक उस चरण पर जहॉ दक्षता –रोक होता है उस संस्था के प्रधान को समीक्षा करनी चाहिए कि सम्बधित अध्यापक पूर्ववर्ती वर्षो में कैसा काम करता रहा है । इस प्रकार की समीक्षा करने के लिए यह सुझाव दिया गया है कि समीक्षा में किसी दूसरे संस्थान के प्रधान या इंस्पेक्टर का , जो अपनी ईमानदारी व निष्पक्षता के लिए प्रसिद्व हो, जहां आवश्यक हो सहयोग ही किया जाए।

9. राज्य सरकार को सहायता : इन प्रस्तावित वेतनक्रमो को लागू करने के लिए पांच वर्ष तक केन्द्र सरकार को चाहिए, यदि आवश्यक हो तो राज्य सरकार के धाटे को पूरा करें ।

10. माध्यमिक स्कूलों मे और अधिक वरिष्ठ पद पर : वाईस प्रिंसिपल फर्स्ट टीचर के अतिरिक्त पदों को काफी संख्या में प्राइमरी और माध्यमिक स्कूलों में बढाया जाए । विभिन्न स्तरों पर पदों की संख्या मोटे तौर पर इस विभाजन के अनुसार हो । सहायक अध्यापक 60 प्रतिशत वरिष्ठ अध्यापक 25 प्रतिशत वाईस प्रिसिपंल 10 प्रतिशत और प्रिसिपल हैड–मास्टर 15 प्रतिशत ।

11. अध्यापको के विभिन्न वर्गो के एक जैसे वेतन – क्रम : शारीरिक शिक्षा,

भारतीय भाषाओं, संगीत , चित्रकला आदि कि अध्यापको के साथ वेतन एवं कार्य की अन्य शर्तो के सम्बन्ध में कोई भेद –भाव नहीं बरतना चाहिए ।

12 अध्यापक शिक्षा : शिक्षा का समन्वित कालेजः आयोग ने सिफारिश की है कि प्रत्येक राज्य को सातवी योजना की अवधि में कम शिक्षा का एक चतुर्षीय संमन्वित कालेज खोलने की शुरूआत करनी चाहिए ।

13. प्राथमिक अध्यापकों के लिए दो वर्ष का प्रशिक्षण : प्रारम्भिक अध्यापको के लिए यह वांछनीय है कि वे 12 वीं श्रेणी के बाद दो साल का प्रशिक्षण लें । इस प्रणाली को सामान्य प्रणाली के रूप में प्राथमिक अध्यापको के लिए लागू करने का शीघ्र से शीघ्र प्रयत्न करना चाहिए।

14. अध्यापको के चयन के बाद प्रशिक्षण : भविष्य में टीचर्स ट्रेनिगं केवल उन्हीं लोगों तक सीमित हो जिन्हें या तो भर्ती किया गया हो या भर्ती के लिए चुन लिया गया हो ।

15. सेवा के दौरान प्रशिक्षण पाठ्य क्रम : प्रत्येक प्रशिक्षण पाठ्य क्रम को सेवा के दौरान किया जाये वह एक कार्यशाला के रूप में हो , जिसमें वास्तविक व्यावहारिक कार्य के अवसर दिए जाए, जिसमें पढाने की सामग्री तैयार करना भी शामिल है, जिसे भाग लेने वाले अध्यापक अपने साथ इस्तेमाल के लिए भी ले जा सकें।

16. अध्यापको के लिए आचार – संहिता : अध्यापको के संगठनो के साथ परामर्श के बाद राष्ट्रीय स्तर पर अध्यापको के लिए आचार – संहिता तैयार की जाए।

17. योग्यता व अनुशासन कार्य विवरण को मान्यताः अकर्मण्य और सहज मान्यता देने सम्बन्धी दूसरा कदम होगा, अनुशासन की कार्यवाहियो पर शीध्रता तथा अधिक कुशलता से काम लिया जाए।

18. प्रधान का योग्यता के आधार पर चयन : स्कूल के कार्य में प्रधानाध्यापक का पद अत्यन्त महत्वपूर्ण होने के कारण उसका चयन केवल उत्कृष्टता और

वरिष्ठता के आधार पर न कि वरिष्ठता व योग्यता के आधार पर हो ।

19. राष्ट्रीय संगठन की स्थापना : स्कूली शिक्षा सुधार के लिए राष्ट्रीय संगठन की स्थापना की जाए ।

20. राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के कानूनी अधिकार : राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् को कानूनी अधिकार मिलने चाहिए ।

21. भारतीय शिक्षा सेवा को फिर चालू करना : शिक्षा व्यवस्था की प्रतिष्ठा को बढ़ाने के लिए, राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए और देश में शिक्षा के विकास की गति को तीव्र करने के लिए, भारतीय शिक्षा सेवा को फिर से चालू करने की जोरदार सिफारिश की गई हैं।

अध्यापकों के लिए गठित द्वितीय राष्ट्रीय आयोग की मुख्य सिफारिशें

1. **अध्यापकों की भूमिका** –मानव निर्माण तथा समाज निर्माण गतिविधि के रूप में शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित किया जाना चाहिऐ । अध्यापक की भूमिका को परिवर्तन का माध्यम, ज्ञान अर्जन कराने वाले तथा समाज के साथ सहयोग करने वाले माध्यम के रूप में समझना चाहिए । ज्ञान के अतिशय विकास के सन्दर्भ में, अध्यापकों का ज्ञान अद्यतन होना चाहिए । उन्हें नवीनतम जानकारी होनी चाहिए जिसके लिए उन्हें निरन्तर अध्ययन करने की आवश्यकता हैं। अब कक्षाओं में भाषण की प्रणाली काफी नहीं हैं और इसके लिए अनेक उपाय अपनाने पढ़ेगें, जैसे बाहर काम करना (फील्ड वर्क), आयोजनाएं, गोष्ठियां, अनुरूपक अभ्यास, समस्या– समाधान करने वाली प्रायोजनाएं, ट्यूटोरियल और अध्ययन–अध्यापन के अन्य गतिशील उपाय। ये विशेष रूप से इसलिए आवश्यक हैं। क्योंकि प्रवृत्तियों, आचरण, मूल्यों और सामाजिक विकास सम्बन्धी कार्यों को प्रोत्साहित करने की विशेष आवश्यकता हैं।

2. अध्यापकों की स्थितियों में सुधार -

(क) देशभर में अध्यापकों के रहने और काम करने की स्थितियों में सुधार होना चाहिए ।

(ख) व्यवसाय में देर से शुरूआत करने की क्षतिपूर्ति के रूप में अग्रिम वेतन वृद्धि स्वीकृत की जानी चाहिए ।

(ग) कम–से–कम 25प्रतिशत अध्यापकों की आवास की सुविधा मिलनी चाहिए। 250 करोड़ रूपये की आवर्ती (रिवाल्विगनिधि) अलग से रख दी जाए ताकि कम ब्याज की दरों पर संस्थाओं को ऋण दिया जा सके।

(घ) अध्यापकों के लिए भी आवास–निर्माण के लिए अग्रिम राशि स्वीकृत की जानी चाहिए ।

(ड़) वाहन खरीदने के लिए अध्यापकों को भी ऋण मंजूर किया जाए।

(च) कालेजों में कम–से–कम 25 प्रतिशत अध्यापकों के पास अलमारी या खाने (क्यूबिकल) हों जिनमें ताले लगाये जा सके । इसके लिए 150 करोड़ रूपये राशि की व्यवस्था की जानी चाहिए ।

(छ) 50 रूपये मासिक चिकित्सा भत्ता सभी अध्यापकों को दिया जाये अस्पताल में भर्ती होने की हालत में उसका पूरा खर्चा दिये जाने का प्राबधान भी हो ।

(ज) सभी अध्यापकों को छुट्टी और यात्रा सुविधाओं के अतिरिक्त अवकाश ग्रहण करने पर मिलने वाली सुविधायें जैसे प्रोविडेंट फंड, अनुग्रह राशि (ग्रंच्युटी), पेंशन और सामूहिक इंश्योरेंश जैसे लाभ मिलें ।

(झ) प्रत्येक जिले में केन्द्रीय सरकार द्वारा स्थापित किये जाने वाले स्कूलों में अध्यापकों के बच्चों को भर्त्ती के लिए उच्च प्राथमिकता दी जाए ।

3. अध्यापकों का चयन -

(क) अध्यापकों को 25 प्रतिशत नियुक्तियां राज्य के बाहर के लोगों में से होनी चाहिए ।

(ख) यह अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं कि अध्यापन व्यवसाय में प्रवेश पाने वाले व्यक्तियों का चयन कड़ाई के साथ योग्यता पर आधरित हो । एक अखिल भारतीय परीक्षा हो और केवल उन्ही लोगों के चयन पर विचार किया जाये जिन्होने इस प्रकार की परीक्षा में प्रवेश स्थान पाया हो । विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित दूसरी अर्हताएं (योग्यताएं) जारी रहनी चाहिए ।

(ग) उच्चतर स्तरों पर जैसे रीडर्स और प्रोफेसर पदों पर सभी नियुक्तियां अखिल भारतीय आधार पर यथार्थतः खुले चयन द्वारा की जाएं । प्रोफेसरों के उच्चतर पद के लिए राष्ट्रीय चयन हो ।

4. सेवा के दौरान प्रशिक्षण - अध्यापकों के लिए हर पांचवे साल व्यवस्थित परन्तु अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम ताकि वे अपने ज्ञान को फिर से ताजा कर सकें । अध्यापकों को सेवा शुरू करने से पहले भी कुछ प्रशिक्षण दिया जा सकता हैं। इसके अतिरिक्त एम0 फिल0/पी–एच0 डी0 लेने के अतिरिक्त भावी अध्यापक ऐसे कुछ विशेष पाठ्यक्रम ले सकते हैं जिनका सम्बन्ध सीधे अध्यापन से हो, इसके अलावा, किसी व्यक्ति के सीधे ही अध्यापन व्यवसाय में प्रवेश करने के तुरन्त बाद, उसे ऐसे प्रशिक्षण पाठ्यक्रम लेने की सुविधाएं मुहैया की जाएं जिसका सम्बन्ध निम्नलिखित विषयों से हो । व्यवसाय से सम्बन्धित उपयुक्त दिशा – निदेश और दक्षता, पाठ्य क्रम तैयार करना , श्रव्य दृश्य सहायता का प्रयोग , संचार कौशल , शैक्षिक मनोविज्ञान तथा मूल्यांकन विधिया । अध्यापको को अपने पूरे सेवाकाल के दौरान , समय –समय पर उनके पुनर्प्रशिक्षण की सुविधाए दी जाए, इस प्रकार के प्रशिक्षण के कार्यक्रमो के लिए राज्य – क्षेत्रीय स्तरों पर उन्नत केन्द्र और – या विभग से हो और वह समय – समय पर उदाहरणार्थ हर पांच साल में एक वार इसके कार्यक्रमो मे भाग ले । इस प्रकार के कार्यक्रमो में अध्यापको के कार्य को वडी कडाई से जाचां जाये और इस बात को उसकी उन्नति के सन्दर्भ मे ध्यान में रखा जाए ।

5. स्पष्ट वेंतनमान -

(क) लेक्चरार,,रीडर्स और प्रोफेसर के वर्गो मे से प्रत्येक के स्पष्ट वेतन मान होने चाहिए। सामान्य कार्य कौशल वाले व्यक्ति का जब वह 8 साल की सेवा पूरी कर ले, मूल्यांकन किया जाए और यदि उसे उस पद के उपयुक्त पाया जाए, तभी अगले वेतन क्रम मे लिया जाये । यह एक औसत तरीका माना गया है। अगर यह व्यवस्था ठीक तरह कार्यान्वित होती है तो अध्यापक को अपने सेवाकाल में कई उन्नतिया मिल सकती है और कोई भी व्यक्ति उच्चतम वेतन के 75 प्रतिशत तक पहुँच सकता है, प्रतिभाशाली अध्यापक अपना विवरण (वायोडेटा)और उपलब्धियां बताकर विशेष मूल्यांकन का अधिकारी हो सकता है, वशर्ते कि उसने विशेष वेतन मान पर छः साल सेवा की हो और अगर उसे वैध चयन समिति (स्टैचुटरी सैनेक्शन कमेटी)द्वारा योग्य पाया जाये, तो उसे उसी कोटि या पद के अगले उच्चतर वेतन में किया जा सकता है।

(ख) कालेजों में रीडर्स के ग्रेड शुरू किए जाए और स्नातकोतर कालेजो में प्रोफेसर ग्रेड चालू करने की सम्भावना पर विचार किया जा सकता है।

(ग) एक विश्व विधालय – कालेजो से दूसरे में स्थानान्तरित होने पर उन्हें पिछली सेवा के पूरे लाभ मिलने चाहिए ।

(घ) महिला अध्यापकों के लिए विशेष सुविधाए, जैसे अशंकालिक काम, अगर उनकी पारिवारिक दशा की मांग हो दी जानी चाहिए । संस्थाओ द्वारा कालेज खोले जाने चाहिए ।

6. अध्यापकों के लिए आचार-संहिता – कोई भी व्यवसाय और सेवा बिना कर्तव्यों (डूज) और वर्ज्रनाओं (डोन्टस्) के टिक नहीं सकता ओर न जीवित रह सकता है । अध्यापकों के लिए यह वांछनीय नहीं हे कि वे अपने शैक्षिक कर्तव्यों जैसे भाषणों ,प्रदर्शनों, मार्गदर्शन, निरीक्षण, आदि में टाल–मटोल करें। विद्यार्थियों के मूल्यांकन में किसी भी प्रकार का पक्षपात न हो । एक अध्यापक विद्यार्थियों अथवा

अध्यापकों को दूसरे विद्यार्थियों या अध्यापकों के विरूद्ध कदापि न भड़काए । उसे उपयुक्त प्रशासनिक अथवा शैक्षिक संस्था के निर्णयों को पालन करनें से इनकार नहीं करना चाहिए । इस प्रकार की बातें आचार या आचार–संहिता में कोई नयी नहीं हैं। अध्यापक समुदाय की चाहिए कि वह अपने कार्य में उत्तम कसौटी अपनाए ताकि वह समाज में सर्वोत्कृष्ट प्रतिष्ठित पद पा सके ।

7. विविध सिफारिशें -

(क) गतिविधियों के संचालन व प्रबन्ध में अध्यापकों को और अधिक उत्तरदायित्व संभालना चाहिये ।

(ख) संस्थानों के शामी निकाय (गवनिंग बॉडी) को उत्तरदायी होना चाहिए ।

(ग) अध्यापकों के संघों को इस बात में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए कि उनके सदस्य अध्यापक अपना व्यावसायिक कौशल उच्च स्तर का रखें । वे अपनी भूमिकाओं और उत्तरदायित्वों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने में सहमत हों ।

(घ) अध्यापकों कि शिकायतों को तत्काल दूर करने कि व्यवस्था कि जानी चाहिए ।

शिक्षक-शिक्षा की प्रगति

भारत मे पूर्व प्राथमिक शिक्षा के प्रति राज्य का उत्तरदायित्व नही है। अतः इस स्तर के लिए प्रशिक्षण की कोई स्पष्ट नीति उभरकर अभी तक नहीं वन पायी है। प्राथमिक शिक्षकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था राजकीय तथा व्यक्तिगत दोनो स्तरो पर की जाती है। स्तानक तथा स्नातकोतर छात्रो को प्रशिक्षित करने के लिए मुख्यतः तीन प्रकार की संस्थाए देखने में आती है–

(क) विश्व विधालय का शिक्षा विभाग

(ख) राज्य सरकार – राजकीय तथा राजकीय सहायता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थाए

(ग) स्वतन्त्र संगठन – जैसे एन0 सी 0 ई 0 आर0 टी0

इनका पाठ्यक्रम प्रायः एक वर्ष का है।(व्यवहार में 8.9माह) पाठ्य क्रम के अन्त में उतीर्ण होने पर वी0 एड0 की उपाधि या राँज्य सरकार का सर्टीफिकेट, डिप्लोमा प्रदन किया जाता है । चुकि छात्रों की संख्या लगातार बढ रही है अतः शिक्षको की मांग भी दिन – प्रतिदिन वढ रही है।

तालिका नं0 8 पर दृष्टि डालने से यह बात स्पष्ट हो जाती है। 1951 में स्कूल अध्यापको की संख्या पुरूष 6,34,768 एवं महिला 1, 15, 150 थी जो कि 1985 में स्कूल अध्यापकों, की संख्या पुरूष 6, 34, 768 एवं महिला 1, 15, 150 थी जो कि 1985 में बढ़कर पुरूष 24, 48, 329 तथा महिला 9, 90, 505, हो गई । तालिका न0 9 से प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तरीय शिक्षकों की संख्यात्मक वृद्धि के साथ – साथ, यह भी विविद हो जाता हैं । कि कुल अध्यापकों की सख्या में प्रशिक्षित अध्यापकों की संख्या क्या थी ।

तालिका संख्या-8(1)

भारत में शाला अध्यापको की वृद्धि 1950–51 से 2000–01 तक

	प्राथमिक		मिडिल		उच्च/उच्चतर माध्यमिक		कुल	
	पुरूष	महिला	पुरूष	महिला	पुरूष	महिला	पुरूष	महिला
1950– 51	455637	82281	72609	12887	106522	19982	634768	115150
1984–85	1076579	381561	618958	286249	752792	322695	2448329	990505
2000–2001	2693241	751615	1014608	542694	1942031	562968	4292381	1090501

तालिका संख्या–9(1)

शालाओं में शिक्षकों कि संख्या (कुल एंव प्रशिक्षित) 1970–71 से 2000–01 तक

	1970–71				2000–01			
	कुल		प्रशिक्षित		कुल		प्रशिक्षित	
	पुरूष	महिला	पुरूष	महिला	पुरूष	महिला	पुरूष	महिला
प्राथमिक	83534	224610	675370	179335	1021205	341592	883698	295904
मिडिल	463063	174506	384309	1499798	598191	253346	528794	229973
उच्च/उच्चत्तर माध्यमिक	473776	155426	345517	128207	657799	254313	578722	230698

शैक्षिक एंव सम्बन्धित आकड़ों का एक प्रपत्र : नई दिल्ली, मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, भारत सरकार 2002.

तालिका संख्या–10(1)

भारत में शिक्षक – प्रशिक्षण हेतु प्रवेश (स्नातक एंव स्नातकोत्तर)

वर्ष	पुरूष	महिला
1970–71	36,434	22,102
1980–81	36,695	32,179
1990 – 91	38,445	40,022
2000–01	42,035	41,392

शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में नई शिक्षा नीति (1985) के तहत बड़े व्यापक सुधार हो रहे हैं। संख्यात्मक वृद्धि के साथ गुणात्मक सुधार की दृष्टि में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (एन0 सी0 टी0 ई0) ने बहुत से ठोस कदम उठाये हैं। भबिष्य में प्रत्येक स्तर पर शिक्षक के क्षेत्र में व्यापक सुधार की आशा बलवती बन चुकी है

भारत में शिक्षक शिक्षा का पाठ्यक्रम

प्राथमिक स्तरीय शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम

पिछले तीन दशकों में भारत में शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रमों में नये विषय, नवीन आयाम तथा नूतन धारांए जोडी गई हैं। इस दिशा में कई प्रयोग तथा नवाचार किए गए हैं । परिवर्तनों के माध्यम से ज्ञात करने का प्रयास किया जा रहा हैं कि वर्तमान पाठ्यक्रम किस सीमा तक समाज तथा शालाओं की आवश्यकता की पूर्ति करता हैं। देश के बहुमुखी विकास की दृष्टि में रखते हुए तथा 10. 2. 3 शिक्षा प्रणाली के संदर्भ में, शिक्षक शिक्षा के उद्दश्यों में जो परिवर्तन होगा, उसका प्रभाव पाठ्यक्रम पर पड़ना स्वाभाविक हैं।

शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में औपचारिक प्रशिक्षण संस्थाएं तीन स्तरों पर देखने को मिलती हैं । इन विभिन्न स्तरों के लिए शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम भी भिन्न–भिन्न होता हैं। –

शैक्षिक एंव सम्बन्धित आकड़ों का एक प्रपत्र, नई दिल्ली, मानव संसाधन

1. प्राथमिक शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम
2. माध्यमिक शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम
3. स्नातकोत्तर शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम

पूर्व प्राथमिक शिक्षा वर्तमान में राज्य का उत्तरदायित्व नही हैं। जिस पर भी यह सर्वमान्य धारणा है कि इस स्तर की शिक्षा का महत्व अन्य स्तरों की तुलना में किसी भातिं कम नही हैं अतः इसे नकारा नही जा सकता । पूर्ण प्राथमिक विद्यालयों की बढ़ती हुई संख्या को देखकर यह सुझाव दिया जा सकता है कि इस स्तर के लिए 1 अथवा अन्य 2 वर्ष की अवधि का शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम उन लोगों के लिए जो कक्षा 10 पास कर चुके हैं,बनाया जा सकता हैं।

एन0 सी0 आई0 आर0 टी0 ने 1970 में पूर्व प्राथमिक शिक्षक शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम विकसित किया था जिसके दो भाग हैं –

	अंक
भाग (अ) –	
पाठ्यक्रम 1. पूर्व प्राथमिक शिक्षा के दार्शनिक आधार इसका ऐतिहासिक विकास	75
–पाठ्यकम 2.पूर्व प्राथमिक शिक्षा के मनोवैज्ञानिक आधार	100
–पाठ्यकम 3. स्वास्थ्य, पोषण तथा पूर्व शाला छात्र कल्याण	75
–पाठ्यकम 4. विधि तथा साधन	100
–पाठ्यकम 5. पूर्व शाला संगठन एवं सामुदायिक सम्बन्ध	75
–पाठ्य कम 6.भाषा ,विज्ञान ,तथा समाजिक अध्ययन	100
–पाठ्य कम 7.सर्जनात्मक कला तथा कापट	75
	600

भाग (ब) – नर्सरी विद्यालय में निरीक्षण एंव भागीदारी

1.	शाला छात्र, कार्यक्रम, विधि एंव साधन के निरीक्षण का लेखा–जोखा	100
2.	क्षेत्र पर्यटन तथा अभिभावक एंव समुदाय के कार्यक्रमों का विवरण तैयार करना	50
3.	शिक्षण अभ्यास	200
4.	शिक्षण सामग्री तैयार करना, खिलौने तथा कला एंव हस्तकला की वस्तुएं बनाना	100
5.	सैद्धान्तिक प्रश्न से सम्बन्धित प्रयोगात्मक कार्य	100
6.	पाठ्यसहगामी प्रवृत्तियों में भागीदारी जैसे नाचना, गाना, ड्रामा, खेल–कूद आदि	50
		600

1978 के एन0 सी0टी0 ई0 द्वारा मुद्रित पाठ्यक्रम रूपरेखा नामक पुस्तिका में भी इस स्तर के पाठ्यक्रम की महत्ता स्वीकारी गई हैं। तथा चार प्रकार के वैकल्पिक प्रारूप प्रशिक्षण हेतु दर्शाए हैं, दो वर्षीय पाठ्यक्रम में 20 प्रतिशत समय सैद्धान्तिक विषयों को दिया गया है जिसमें तीन विषय होंगे –

(क) उभरते भारतीय समाज में शिक्षक तथा शिक्षा, (ख) बाल विकास, (ग) विशेष पाठ्यक्रम आवश्यकतानुसार । सामुदायिक कार्य के लिए भी 20 प्रतिशत का समय रखा गया हैं। जिसमें भारतीय समाज, बालक की देख–रेख तथा गायन कला एंव कार्यानुभव संबन्धी कार्य परिस्थितियां होगी । पाठ्यक्रम के तीसरे भाग में जिसमें 60 प्रतिशत का समय दिया गया हैं। शिक्षण विधि, शिक्षण अभ्यास तथा संबधित प्रयोगात्मक कार्य संबंधी पाठ्यक्रम की यह हैं कि सैद्धान्तिक विषयों के लिए प्रशिक्षण समय का पांचवा भाग ही निर्धारित किया गया हैं।

प्राथमिक स्तर हेतु शिक्षक शिक्षा के पाठ्यक्रम की प्रमुख वातें एन0 सी0 टी0 ई0 फ्रेमवर्क 1978 में प्रकाशित की गई हैं। इस स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रम को पांच प्रकार के वैकल्पिक प्रतिमानों से पूरा किया जा सकता हैं।

1. कक्षा 10 के बाद 2 वर्षीय वृत्तिक शिक्षा का पाठ्यक्रम
2. कक्षा 10 के बाद 2 वर्षीय पाठ्यक्रम
3. कक्षा 10 के बाद 3 वर्षीय व्यावसायिक शिक्षा का पाठ्यक्रम
4. शिक्षा में 2 वषर्हय पाठ्यक्रम
5. स्नातक उपाधि के बाद 1 वर्षीय पाठ्यक्रम

देश के विभिन्न प्रातों में वर्तमान में प्रथम विकास कवेल्प जिसमें कक्षा 10 के बाद दो वर्षीय पाठ्यक्रम वृत्तिक शिक्षा (प्रोफेश–नल एजूकेशन) हेतु आयोजित किया जाता हैं। बहुत प्रचलित हैं। कहीं पर बी0 टी0 सी0, कही बी0 एस0 टी0 सी0 आदि के नाम से यह पुकारा जाता हैं । सूचनार्थ उत्तर प्रदेश (सबसे बड़ा प्रांत) के बी0 टी0 सी0 पाठ्यक्रम की रूपरेखा नीचे प्रस्तुत की जा रही हैं।

पाठ्यक्रम के प्रमुख भाग

द्वि वर्षीय बी0 टी0 सी0 पाठ्यक्रम के तीन प्रमुख भाग हैं :

1. प्रशिक्षण विज्ञान (सैद्धान्तिक)
2. विषय वस्तु परक शिक्षण विधियां और कक्षा प्रशिक्षण तथा तत्संबंधी प्रयोगात्मक कार्य
3. सामुदायिक सहभागिता

1. प्रशिक्षण विज्ञान (सैद्धान्तिक)

इसके अन्तर्गत निम्नांकित पांच प्रश्न पत्र हैं –

(1) शिक्षा सिद्धान्त,

(2) शिक्षा मनोविज्ञान,

(3) शिक्षण सिद्धान्त,

(4) प्रारम्भिक शिक्षा की समस्याएं, अभिनव प्रवृत्तियाँ एंव शैक्षिक मूल्यांकन,

(5) पाठशाला प्रबन्ध एंव सामुदायिक शिक्षा तथा स्वास्थ्य शिक्षा विज्ञान

2. विषय–वस्तु परक शिक्षा विधियॉ और कक्षा शिक्षण तथा तत्संबंधी प्रयोगात्मक कार्य

इसके दो खण्ड हैं –

खण्ड (क)

(क) शिक्षण विधिंया (सैद्धान्तिक)

(ख) सत्रीय कार्य

(क) इसके अन्तर्गत निम्नाकिंत चार विषय होंगे । इन चारों विषयों का अध्यापन दोंनों वर्ष होगा तथा मूल्यांकन बाह्य होगा ।

1. हिन्दी
2. गणित
3. सामाजिक अध्ययन
4. विज्ञान

(ख) सत्रीय कार्य

1. हिन्दी, गणित तथा सामाजिक अध्ययन में निम्नांकित सत्रीय कार्य होगा ।

अ. निबन्ध लेखन

आ. मूल्यांकन सम्बन्धी कार्य–ज्ञान, बोध, लघु उत्तरीय प्रश्नों की रचना एंव वस्तुनिष्ठ प्रश्न बनाना :

2. विज्ञान विषय में विषय से सत्बद्ध प्रयोगात्मक एंव सकिय कार्य होगा ।

खण्ड (ख)

इसके अन्तर्गत निम्नाकिंत पांच विषय होंगे । सामजोपयोगी उत्पादक कार्य दोंनो वर्ष पढ़ाया जाएगा। शेष विषयों का शिक्षण केवल एक अध्यापन सत्र में होगा ।

1. समाजोपयोगी उत्पादक कार्य (कृषि/शिल्प/गृहविज्ञान/में से एक)
2. कला
3. अग्रेंजी/संस्कृत/उर्दू में से एक भाषा
4. नैतिक शिक्षा
5. शारीरिक शिक्षा, योगासन, स्काउटिंग तथा प्राथमिक चिकित्सा

3. सामुदायिक सहभागिता

सामुदायिक कार्य अनौपचारिक शिक्षा (प्रारम्भिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के संदर्भ में) तथा संगीत ।

समय विभाजन

एक अध्यापन सत्र के कुल कार्य दिवस 220 हैं । 20 कार्य दिवस तथा प्रवेश आदि घटाने पर 200 कार्य दिवस प्रतिवर्ष शिक्षण कार्य हेतु होने की सम्भावना है। प्रत्येक कार्य दिवस के 8 कालांश होने पर सत्र में कुल कालांश = 200 गुणा 8 = 1600

200 कार्य दिवस का 20प्रतिशत=40 दिन=320 कालांश प्रतिक्षण सैद्धान्तिक विषयों हेतु

200 कार्य दिवस का 60प्रतिशत=120 दिन=960 कालांश विषय वस्तु परक शिक्षण विधियां, कक्षा शिक्षण तथा सम्बधिंत प्रयोगात्मक कार्य हेतु

200 कार्य दिवस का 20प्रतिशत=40 दिन=320 कालांश सामुदायिक कार्य सहभागिता हेतु

मूल्याकंन योजना

1. प्रशिक्षण विज्ञान (सैद्धान्तिक)

प्रशिक्षण विज्ञान सैद्धान्तिक के अन्तर्गत पांचो प्रश्न पत्र तीन – तीन घण्टे के होगे और प्रत्येक में अधिकतम 75 अंक होगें। मूल्यांकन पूर्ण तया बाहय होगा चतुर्थ प्रश्न पत्र के खण्ड होगे । 'खण्ड अ' प्रारम्भिक शिक्षा की समस्याए एवं अभिनव प्रवृतिया तथा 'खण्ड ब' शैक्षिक मूल्यांकन ,निर्धारित 5 प्रश्नो में से 3प्रश्न खण्ड ब तथा 2 प्रश्न खण्ड व में से करवाये जायेगें। पंचम प्रश्न पत्र के तीन खण्ड होगें । 'खण्ड क' पाठशाला प्रवन्ध, 'खण्ड ख' सामुदायिक शिक्षा 'खण्ड,ग' स्वास्थ शिक्षा । निर्धारित 5 प्रश्नो में से 'खण्ड क' से 2 खण्ड ख से 1 तथा खण्ड ग से 2 प्रश्न करवाये जायेगे।

2. विषय वस्तु परक शिक्षण विधियां, कक्षा शिक्षण तथा –पूर्णाक – 150 तत्सम्बन्धी प्रयोगात्क कार्य ।

'खण्ड क' की मूल्यांकन प्रक्रिया

1. इस खण्ड में वर्णित चारो विषयो की परीक्षा द्वितीय वर्ष कें अन्त में होगी ।
2. सभी विषयो की परीक्षा 3–3 घंटे की होगी ,
3. प्रत्येक विषय के अधिकतम 100 अकं होगे जिसमें से 25 अंक सत्रीय कार्य हेतु रखे गए है। सत्रीय कार्य का मूल्याकंन द्वितीय वर्ष के अन्त में बाहा परीक्षको द्वारा होगा। लिखित परीक्षा एवं सत्रीय कार्य दोनो में पृथक–पृथक पास होगा अनिवार्य होगा।
4. प्रायोगिक विषय विज्ञान की 75 अंको की सैदायिक तथा 25 अंको की प्रयोगात्मक परीक्षा होगी। सत्रीय कार्य का मूल्याकंन इन्ही 25 में से होगा।
5. सभी विषयो का मूल्यांकन पूर्णतयः बाहर होगा।

'खण्ड ख' की मूल्यांकन प्रक्रिया

1. प्रथम वर्ष खण्ड ख वर्णित जिन विषयो की विषयवस्तु, एवं अध्यापन विज्ञान

का अध्ययन किया जायेगा । उनकी परीक्षा प्रथम वर्ष के अन्त में होगी किन्तु समाजोपयोगी उत्पादक कार्य की परीक्षा द्वितीय वर्ष के अन्त मे होगी ।

2. द्वितीय भाषा अंग्रेजी, उर्दू, संस्कृत, तथा नैतिक शिक्षा की 50 अंको कि लिखित परीक्षा होगी तथा उसके लिए 2 घंटे का समय निर्धारित किया जाता है।

3. समाजोपयोगी उत्पादक कार्य, कला एवं शारीरिक शिक्षा योगदान, स्काउटिंग तथा प्राथमिक चिकित्सा की 25 अंको की घण्टे का सैद्धान्तिक एवं 25 अंको की क्रिमात्मक परीक्षा होगी । क्रियात्मक परीक्षा का मूल्यांकन बाहय होगा ।

4. द्वितीय वर्ष खण्ड ,ख, में वर्णित की विषय वस्तु एवं अध्यापन विज्ञान का अध्ययन किया जाएगा उनकी परीक्षा द्वितीय वर्ष के अन्त में होगी,

5. लिखित परीक्षा हेतु प्रश्न पत्रो का निमार्ण रजिस्ट्रार विभागीय परीक्षाओं द्वारा होगा किन्तु उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन आन्तरिक होगा।

6. कक्षा शिक्षण –

1. द्वितीय वर्ष के अन्त में शिक्षण योग्यता के मूल्यांकन हेतु प्रत्येक छात्राध्यापक को 3–3 पाठ पढाने होगे । इनमे से दो पाठो का चयन विषयवस्तु परक शिक्षण विधिया तथा कक्षा शिक्षण के क खण्ड तथा एक पाठ का चयन ख खण्ड से चयनित 2 पाठो में से एक पाठ हिन्दी तथा सामाजिक अध्ययन में से तथा एक पाठ गणित तथा विज्ञान मे से लेना अनिवार्य होगा।

2. 20 प्रतिशत मूल्यांकन आन्तरिक एवं 80 प्रतिशत मूल्यांकन बाहय होगा ।

3. आन्तरिक मूल्यांकन हेतु प्रधानाचार्य, प्रधानाचार्य एक समिति का गठन करेगे जिसमे कम से कम तीन वरिष्ठ अध्यापक होगे, तथा प्रधानाचार्य– प्रधानाचार्या इस समिति के पदेन अध्यक्ष होगें।

4. कक्षा शिक्षण की परीक्षा हेतु बाह्म परीक्षक नियुक्त किए जायेंगे । यह परीक्षक उस वर्ष पढ़ाये जाने वाले सभी विषयों के शिक्षण अभ्यास के पूर्व की तैयारी,

शिक्षण अभ्यास तथा शिक्षण अभ्यास के पश्चात अनुसरण सम्बन्धी कार्यो का निरीक्षण भी करेगे । परीक्षकों की नियुक्ति में प्रशिक्षण विधालयो एवं विशिष्ट संस्थाओ के अनुभव प्राप्त अध्यापको को वरीयता दी जाएगी । इस स्तर का पाठ्यक्रम में अन्य प्रान्तो मे कुछ भिन्न –सा है। उदाहरण के लिए राजस्थान में वी0.एस0. टी0. सी0. के द्वितीय पाठ्य क्रम में मूल कौशल शिक्षण पर काफी जोर दिया गया है। सूक्ष्म शिक्षण हेतु 17 कालाशं सैद्वान्तिक पक्ष संवन्धी तथा 83 कालाशं क्रियात्मक पक्ष संवधी निर्धारित किए गए है । इसी भांति समाजोपयोगी उत्पादक कार्य संबधी विभिन्न प्रवृतियों पर राजस्थान मे बड़ा बल दिया जाता है। अतः कहा जा सकता है कि इस स्तर के शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम मे देश मे बहुत विविधता देखने को मिलती है ।

प्राथमिक स्तर की शिक्षक शिक्षा से संबनधित प्रशिक्षण संस्थाओ की दशा भी बडी दयनीय है। यदि इन्हे सरकारी अनुदान नहीं मिलता है तो उस स्थिति मे बहुत –सी अनियमिताएं तथा विसंगतिया बहां देखने को मिलती हैं। इनकी गिरी दशा का एक प्रमुख कारण यह भी है कि बहुआ माध्यमिक स्तर हेतु प्रशिक्षित शिक्षक , इन संस्थाओ में कार्यरत होते है , जिन्हे प्राथमिक स्तर शिक्षा की समस्याओ से पूर्ण परिचय नहीं होता है।

माध्यमिक स्तरीय शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम माध्यमिक स्तरीय शिक्षक शिक्षा के लिए सामान्यतया एक वर्षीय वी0,एड0 या उसके समकक्ष उपाधि का प्रावधान भारत मे किया गया है। प्रायः देखने में आया है कि इन पाठ्यक्रमो में विविधता तथा नमनीयता की कमी है। यह यांत्रिक तथा एक जैसे ही है । कहीं पर पांच सैद्वातिक विषय है तो अन्यत्र एक वैकल्पिक विषय जोड़ दिया है। प्रायः जो सामान्य रूपरेखा देखने को मिलती है वह अधोलिखित है–

1. शिक्षा सिद्वान्त

2.शिक्षा मनोविज्ञान

3. शाला प्रशासन एवं स्वास्थ्य शिक्षा

4. अध्यापन विधिया (विभिन्न विषय)

5. शिक्षा का इतिहास एवं समस्याएं

6.वैकल्पिक विषय (एक विषय)

इन सैद्वान्तिक विषयो के अतिरिक्त प्रयोगात्मक कार्य के रूप मे प्रायः 20 से लेकर 60 पाठों का अभ्यास पाठ के रूप में बढाने की परिपाटी देखने को मिलती हैं । कहीं शिक्षण अभ्यास में 'ईटर्नशिप' तां कहीं 'ब्लाक टीचिंग प्रैक्टिस के रूप देखने को मिलते हैं।

एन0 सी0 टी0 ई0 फ्रेमवर्क के अनुसार इस स्तर की शिक्षण शिक्षा में 20 प्रतिशत समय सैद्धान्तिक विषय, 20 प्रतिशत सामुदायिक कार्य तथा 60 प्रतिशत समय विषय वस्तु परक शिक्षण विधियों, कक्षा शिक्षण तथा सम्बधिंत प्रयोगात्मक कार्य के लिए विभाजित किया गया हैं। किंतु यथार्थ में देखने पर पता चलता हैं कि प्रशिक्षण समय का अधिकांश भाग केवल 5–6 सैद्धान्तिक विषयों के ज्ञानार्जन में ही लगाया जाता हैं । एक अनुमान के अनुसार यह समय 60 से 70 प्रतिशत तक होता हैं, जो कि उचित नहीं ठहराया जा सकता हैं। विभिन्न प्रातों में तथा विभिन्न विश्वविद्यालयों में बी0 एड0 के0 एक वर्षीय पाठ्यक्रम में एकरूपता–सी देखने को मिलती हैं। पाठकों की सुविधा के लिए राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर तथा सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत की जा रही हैं। –

भाग (क) सिद्धान्त (छः प्रश्न पत्र प्रत्येक 100 अंक का)

1. शिक्षा तथा भारतीय समाज

2. अधिकतम तथा विकास के मनो–सामाजिक आधार

3. शाला संगठन तथा शिक्षा की समस्याएं

4. भावी शिक्षकों हेतु आधारिक कार्यक्रम

5. तथा 6. विषय वस्तु परक अधिगम, शिक्षण विधियां

(प्रश्न पत्र 5 तथा 6 में प्रशिक्षणार्थी विभिन्न पाचं समूहों में से किन्हीं 2 विषयों का चयन करेगा)

भाग (ख) शिक्षण अभ्यास

		अंक
आंतरिक मूल्यांकन सत्रीय	–	100
बाह्म मूल्यांकन अंतिम	–	200

भाग (ग) उपरोक्त के अतिरिक्त छात्राध्यापक को किसी एक विकल्प को लेने की छूट हैं। प्रत्येक के लिए 100 अंक निर्धारित होते है। (7 अ तथा 7 व)

7 (अ) में किसी एक विषय में विशिष्टीकरण किया जा सकता हैं। विभिन्न विषय हैं। –

(1) शैक्षिक तथा व्यावसायिक निर्देशन

(2) बेसिक शिक्षा

(3) अनौपचारिक शिक्षा

(4) शारीरिक शिक्षा

(5) शाला पुस्तकालय संगठन

(6) श्रव्य–दृश्य शिक्षा

(7) मापन तथा मूल्यांकन

(8) नैतिक शिक्षा

(9) विकलांगों की शिक्षा

(10) प्राथमिक शिक्षा

(11) योग शिक्षा

(12) जनसंख्या शिक्षा

(13) शैक्षिक तकनीकी

(14) शैक्षिक दूरदर्शन

(15) अभिक्रमित अधिगम

(16) पर्यावरणीय शिक्षा

7 (ब) के अन्तर्गत समाजोपयोगी उत्पादक कार्य को समाहित किया गया हैं । छात्र अपनी रूचि के अनुसार पाठ्यक्रम में दिये गये–(अ) विज्ञान आधारित, (ब) तकनीकी आधारित, (स) वाणिज्य आधारित, (द) कृषि आधारित, (य) भाषा आधारित, (र) कला एवं हस्त कला आधारित, (ल) औद्योगिक कला आधारित, सात समूहों में से किसी एक समूह की प्रवृत्तियों का अधिगम करता हैं ।देश में 1963 से चार क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों में चार वर्षीय समन्वित पाठ्यक्रम शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में लागू किया गया हैं । इनमें विषय वस्तु के लिए 50 प्रतिशत व्यावसायिक ज्ञान के लिए 22 प्रतिशत तथा सामान्य शिक्षा के लिए 19 प्रतिशत समय का प्रावधान किया गया हैं । इस प्रकार के पाठ्यक्रम की प्रमुख विशेषता रही हैं । सैद्धान्तिक तथा व्यावसायिक पक्षों में समन्वय।

एन0 सी0 टी0 ई0 के निर्देश पर एक समिति का गठन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया जिसे यह कार्य भार सौपा गया था कि इन चल रहे चार वर्षीय पाठ्यक्रमों की जांच करे तथा 1986 की नवीन शिक्षा नीति के अनुसार आवश्यक परिवर्तन हेतु सुझाव दे । समिति के सदस्य मई 1988 में रीजनल कॉलेज आफ एजूकेशन, भोपाल में मिले तथा नवीन विषय वस्तु विधाओं एवं ब्यूह–रचनाओं के माध्यम से पाठ्यक्रम को समुन्नत बनाने के सुझाव दिये । यहां यह बताना न्यायसंगत होगा कि प्रारम्भ से लेकर आज तक काफी परिवर्तन किये गये हैं। इस चार वर्षीय पाठ्यक्रम में यह प्रयास किया गया कि समन्वित उपाधि जैसे बी0 एस0 सी0 तथा बी0 एड0 के पाठ्यक्रम में बी0 एस0 सी0

पाठ्यक्रम तथा बी0 एड0 पाठ्यक्रम के सभी ग्रहण के बाद नौकरी मिलने में कठिनाई न हो। वस्तुतः बी0 डी0 नाग चौधरी रिर्पोट के उपरांत इसमें भारी परिवर्तन आया । तीन वर्षो की शिक्षा के उपरांत छात्र को इसे छोड़कर जाने की अनुमति दी गई अर्थात वह बी0 ए0, बी0 एस0 सी0, बी0 काम0 के बाद इस पाठ्यक्रम को छोड़कर अन्यत्र जा सकता था। जे0 एन0 कपूर तथा आर0 सी0 दास समितियों ने कुल मिलाकर इस चार वर्षीय पाठ्यक्रम को सुधारने की दिशा में कई सुझाव प्रस्तुत किये हैं। अब मैं वर्तमान समिति के उन सुझावों को आकृष्ट करना चाहूंगा जो हॉल मे भोपाल में आयोजित बैठक में दिये गये हैं। –

1. चार वर्षीय पाठ्यक्रम समन्वित पाठ्यक्रम के रूप में लिया जाना चाहिए न कि तीन वर्षीय डिग्री कोर्स. 1 वर्षीय बी0 एड0 कोर्स के रूप में । वस्तुतः कार्यक्रम के प्रत्येक सोपान पर समन्वय झलकना चाहिए ।
2. राष्ट्रीय प्रतिमान के रूप में इस पाठ्यक्रम में नयी शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षक की भूमिका को लिया जाना चाहिए ।
3. विषय वस्तु:, पाठ्यक्रम का स्वरूप तथा विधियां इस प्रकार प्रस्तुत की जाये कि उनमें समन्वय बना रहे ।
4. पाठ्यक्रम में प्रभारी भाषा, संप्रेषण, विभिन्न कौशल, शिक्षा तकनीकी सिद्धान्त, मूल्य परक शिक्षा, सामुदायिक कार्य, विकलांगों की शिक्षा, कम्पूटर लिटरेसी तथा नवीन 10+2+3 प्रणाली में 10 वर्षीय पाठ्यक्रम आदि के आवश्यक तत्वों को सम्मिलित किया जाना आवश्यक होगा ।
5. समय की दृष्टि से सामान्य शिक्षा के लिए 15 प्रतिशत विषय वस्तु हेतु 60 प्रतिशत तथा व्यावसायिक शिक्षा हेतु 25 प्रतिशत बटवारा किया जा सकता हैं।

इस समिति ने छः वैकल्पिक प्रारूप बताए हैं जिनके द्वारा चार वर्षीय पाठ्यक्रम को प्रभावपूर्ण ढंग से लागू किया जा सकता हैं। लम्बमान गति शीलता के

लिए यह भी सुझाव दिया गया हैं कि चार वर्षीय उपाधि प्रप्त करने के उपरांत छात्र को स्नातकोत्तर स्तरीय समन्वित पाठ्यक्रम में प्रवेश का प्रावधान किया जाना चाहिए । केन्द्रीय विद्यालयों तथा नवोदय विद्यालयों मे शिक्षकों के चयन के समय समन्वित पाठ्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षित शिक्षकों को वरीयता देनी चाहिए ।

माध्यमिक स्तर पर शिक्षक शिक्षा का एक रूप पत्राचार पाठ्यक्रम भी चलाया जाता हैं । वस्तुतः आरम्भ में अप्रशिक्षित अध्यापकों की संख्या कम करने की दृष्यि से इस प्रकार के पाठ्यक्रम की संकल्पना की गई थी । वैसे यह योजना खर्चीली भी कम हैं । सामान्वतः पाठ्यक्रम के दो भाग होते हैं – (क) सैद्धान्तिक विषय और (ख) व्यावहारिक कार्य । व्यावहारिक कार्य में सत्र भर का कार्य तथा शिक्षण अभ्यास, दोनों आते हैं। व्यावहारिक कार्य को पत्राचार द्वारा नहीं किया जाता हैं। प्रायः अवकाश के समय शिक्षक इन्हें पूरा करता हैं ।

समीक्षा

माध्यमिक स्तरीय शिक्षक शिक्षा कई रूपों में देश में प्रचलित हैं । एक वर्षीय बी0 एड0 पाठ्यक्रम का प्रचार इनमें सबसे अधिक हैं, यद्यपि एन0 सी0 टी0 ई0 फ्रेमवर्क ने सैद्धान्तिक विषयों पर 20 प्रतिशत समय लगाने की संस्तुति की हैं। देखा यह जाता हैं । कि इस भाग पर 60–70 प्रतिशत समय लगाया जाता हैं । व्यावहारिक पक्ष, शिक्षण कौशल तथा प्रायोगिक कार्यो पर अब अधिक बल दिया जाने लगा हैं। कई नवीन आयाम भी शिक्षक पाठ्यक्रम में जुड़ रहें हैं। जैसे – समाजोपयोगी उत्पादक कार्य एंव समाज सेवा, पर्यावरण शिक्षा एंव प्रदूषण, जनसंख्या शिक्षा, विकलांगों की शिक्षा, कम्प्यूटर लिट्रेसी कार्यक्रम आदि । एन0 सी0 टी0 ई0 ने बी0 एड0 एक वर्षीय पाठ्यक्रम की व्यावसायिक शिक्षा मानते हुए यह संस्तुति भी की हैं कि केवल पत्राचार के माध्यम से इसे न दिया जाय । चार वर्षीय समन्वित पाठ्यक्रम में भी अपेक्षित संशोधन किये जा रहे हैं।

स्नातकोत्तर स्तरीय शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम सबसे पहले बम्बई विश्वविद्यालय में एम0 एड0 पाठ्यक्रम मे आरम्भ किया गया था । उस समय यँह दो वर्षीय पाठ्यक्रम के रूप में था । आज एम0 एड0 का पाठ्यक्रम देश के विभिन्न भागों में बहुत से विश्वविद्यालयों में चल रहा हैं। किन्तु यह एक वर्षीय पाठ्यक्रम हैं। एम0 एड0 पाठ्यक्रम के सामान्यतः दो भाग होते हैं। – (अ) सैद्धान्तिक विषय (ब) शोध ग्रन्थ । सैद्धान्तिक विषयों में कुछ इस प्रकार हैं। –

(1) शिक्षा के दार्शनिक एंव सामाजिक आधार

(2) शिक्षा के मनोवैज्ञानिक आधार

(3) शैक्षिक अनुसंधान तथा सांख्यिकी

(4) एक वैकल्पिक विषय (दिये गए कई विषयों में) इस विषय के दो प्रश्न पत्र होते हैं।

शोध ग्रन्थ – किसी सामयिक शैक्षिक समस्या पर अनुसंधानात्मक अध्ययन । वैकल्पिक विषयों में विभिन्न विश्वविद्यालयों में अलग–अलग सूची देखने को मिलती हैं सामान्यतया जो विषय अधिकांश विश्वविद्यालयों में पाये जाते हैं । वह निम्नलिखित हैं।–

1. उच्च शिक्षा मनोविज्ञान
2. शैक्षिक प्रशासन, आयोजना एंव वित्त
3. तुलनात्मक शिक्षा तथा आधुनिक भारतीय शिक्षा का इतिहास
4. पाठ्यक्रम विकास एंव शिक्षण विधि
5. शिक्षक शिक्षा
6. शैक्षिक एंव व्यावसायिक निर्देशन
7. शैक्षिक मापन तथा मूल्यांकन
8. शैक्षिक तकनीकी

मूल्यांकन की योजना भी विभिन्न विश्व विद्यालयो मे भिन्न – भिन्न पायी

जाती है । जिन विश्वविधालयो में आंतरिक मूल्यांकन की पद्धति लागू है, वहां प्रत्येक प्रश्न पत्र में लगभग 20–25 प्रतिशत अंक आंतरिक तथा शेष वाहय परीक्षा के लिए निर्धारित होते हैं । डिसर्टेशन (शोध प्रवन्ध) का मूल्यांकन भी आंतरिक तथा वाह्य दोनों विधियो से होता है। कहीं पर मौखिक परीक्षा (वाइवावोसो परीक्षा)होती है। तो कहीं नहीं होती है। कुछ संस्थाए विना शोध प्रवन्ध के एम0 एड0 पाठ्यक्रम चलाती है जैसे हिमाचल प्रदेश विश्वविधालयो का पत्राचार विभाग । किन्तु ऐसी संस्थाओ की साख गिरती जाती है और एन0 सी0 टी0 ई0 द्वारा भी इसे पूर्ण मान्यता नहीं दी गई है।

कुछ विश्वविद्यालयो ने एम0 ए0 (शिक्षा शास्त्र)का पाठ्यक्रम भी चला रखा है जैसे लखनऊ, इलाहाबाद आदि । इस पाठ्यक्रम की विशेषता यह हैं कि स्नातक उपाधि प्राप्त करने के बाद छात्र इसमें प्रवेश ले सकता हैं। इसके लिए बी0 एड0 करना आवश्यक नहीं होता, इस पाठ्यक्रम में सैद्धान्तिक विषयों पर अधिक बल दिया जाता हैं । रीजनल कालेजों में एम0 एड0 (साइन्स), एम0 एड0 (आर्टस) आदि के पाठ्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। मेरठ विश्वविद्यालयों में एम0 फिल0 का पाठ्यक्रम एजूकेशन में कई वर्षो से चल रहा हैं । विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने भी एम0 फिल0 उपाधि धारक की वरीयता देने की संस्तुति की हैं। नौकरी में चयन के समय । एम0 फिल0 पाठ्यक्रम उच्चस्तरीय अनुसंधान की ओर अधिक उन्मुख होता हैं। एम0 ए0 पाठ्यक्रम में शिक्षण कौशल के प्रशिक्षण पर अधिक बल दिया जाता हैं । तथा एम0 ए0 (शिक्षा शास्त्र) के पाठ्यक्रम में सैद्धान्तिक पक्ष पर अधिक बल देते हैं।

सच कहा जाय तो 10 + 2 + 3 शिक्षा प्रणाली के तहत 2 स्तर के लिए शिक्षक शिक्षा की व्यापक योजना का निर्माण अभी किया जाना हैं । व्यवसायीकरण हेतु जिन प्रशिक्षित शिक्षकों की आवश्यकता होगी उनकी शिक्षा तथा प्रशिक्षण का दायित्व बहुत कुछ सरकार, प्रशिक्षण संस्थाओं तथा समाज पर जाता हैं । राष्ट्रीय स्तर पर इस दिशा में ठोस कदम शीघ्र ही उठाए जायेंगे, ऐसी आशा की जाती हैं ।

वर्तमान में शिक्षक शिक्षा का जो पाठ्यक्रम विभिन्न स्तरों पर चल रहा हैं, उसे

दो भागों में विभक्त किया जा सकता हैं– (1) सैद्धान्तिक, (2) व्यावहारिक । सैद्धान्तिक विषयों में कुछ का अध्ययन अनिवार्य एंव कुछ का ऐच्छिक रहता हैं । आशा यह हैं कि जाती हैं कि इन विषयों के अध्ययन से शिक्षक को आवश्यक ज्ञान मिलेगा जो उसे व्यवसाय में सफल एंव प्रभावी बनाने में मदद पहुंचाएगा । पूर्व प्राथमिक तथा स्तरीय शिक्षक – शिक्षा में वैकल्पिक विषय प्राप्त नही होते हैं । शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम को अधिक व्यावहारिक बनाने हेतु एन0 सी0 टी0 ई0 ने विभिन्न सुझाव दिये हैं । शिक्षण एक जटिल प्रक्रिया हैं चूकिं इसमें कियाएं, विचार विनिमय, शारीरिक कार्य, अधिगम नियम, बाल विकास आदि अनेक बातों का ज्ञान समाहित हैं, केवल ज्ञान प्राप्त कर लेने पर शिक्षक सफल नही हो पाता हैं । सफल तो वह तब हो पाता हैं । जब उन्हें उपयोग एंव व्यवहार रूप में परिणत करने की क्षमता का विकास उसमें हो जाता हैं । तभी दिये जाने वाले ज्ञान का विश्लेषण प्रस्तुतीकरण तथा सामान्यीकरण आवश्यकतानुसार कर सकेगा । शिक्षक को स्वंय अपने कार्य का वास्तविक मूल्यांकन करना आना चाहिए । शिक्षण कार्य को समुन्नत करने के लिए स्वंय का विश्लेषण बड़ा सहायक होता हैं। अतः उसे स्वंय विश्लेषण की विधियों से परिचित होना आवश्यक होता हैं।

सैद्धान्तिक एंव व्यावहारिक कार्य में दूरी बहुत दिनों से एक आलोचना का विषय रहा हैं। प्रशिक्षण के क्षेत्र में । यदि प्राचार्य तथा अन्य शिक्षक वर्ग सैद्धान्तिक तथा बौद्धिक कार्य के साथ–साथ , व्यावहारिक कार्य को उचित महत्व दें तो इन दोनों के बीच की खाई को पाटा जा सकता हैं । कक्षा में व्याख्यान देने के बजाय सत्रीय कार्य, स्व–अध्ययन, पेपर पठन आदि पर अधिक बल दिया जाना चाहिए । सिद्धांत और व्यवहार दोंनो में समन्वय स्थापित करने का पूरा प्रयास हमें शीध्र ही करना चाहिए। शिक्षण व्यवहार तथा अभ्यास के आधार पर यदि गहन अध्ययन किया जाये और इसके आधार पर सिद्धान्त निरूपण किया जाये तो शिक्षण व्यवहार एंव सिद्धान्त में अधिक घनिष्ठ सम्वन्ध स्थापित किया जा सकता हैं । व्यवहार तथा अभ्यास के परिणाम जितने

स्पष्ट एंव संशोधित होंगे, उनका अध्ययन [illegible]

अभ्यास एंव सिद्धान्त में उतनी ही निकटता [illegible]

चाहिए कि सिद्वान्त में एवं प्रशिक्षण संस्थाओ का [illegible] का शिक्षा सिद्धांतों का व्यावहारिक, रचानात्क एवं विभिन्न विधियो द्वारा उनके उत्तरदायित्व का बोध कराना होता है । अतः केवल बौद्धिक ज्ञान देने के वजाय, इन सिद्धातो का विश्लेषणात्मक तथा समालोचनात्मक व्यवहार भी छात्राध्यापको को सिखाया जाना चाहिए । पूर्व प्राथमिक तथा प्राथमिक स्तरीय शिक्षक शिक्षा पर व्यवहार में प्रयुक्त सिद्धान्तो का बौद्धिक विवेचन किया जाना चाहिए।

शिक्षक शिक्षा में मापन एवं मूल्यांकन

मापन का अर्थ है – किन्हीं निश्चित इकाइयो में वस्तु या गुण के परिणाम का पता लगाना । इसका आशय है , संक्षिप्त यथार्थ परिणात्मक मूल्य–जैसे किसी रेखा की लम्बाई या किसी विषय में छात्र के प्राप्तांक। मूल्यांकन का अर्थ शिक्षा में अधिक व्यापक है। इसमें आत्मनिष्ठ निर्णय एवं वस्तु का घटना के सम्बन्ध में हमारी राय भी सम्मिलित है।वस्तुतः मूल्यांकनगुणात्मक निर्णय करने की एक प्रक्रिया है। मापन वस्तुनिष्ठ होता है तथा मूल्यांकन आत्मनिष्ठ । मूल्यांकन शिक्षाथियो के व्यवहारगत परिवर्तन सम्बन्धी साक्षियो का सकलन करने तथा परिवर्तन के स्तर, प्रकृति एवं दिशा के संम्बन में करने की प्रक्रिया होती है।

मापन द्वारा शिक्षार्थियो उपलब्धियो की मात्रा अथवा स्तर निर्धारित किया जाता है । मापन का सम्बन्ध व्यवहार के विभिन्न आयामो का सख्यात्मक तथा गुणात्मक मान निर्धारित करने से है । इस प्रकार मापन मूल्यांकन में मापन के साथ मूल्य भी निर्धारित किया जाता है । इस प्रकार मापन मूल्यांकन का आवश्यक भाग हे । मूल्यांकन द्वारा यह बात सिद्व करने का प्रयास किया जाता है । कि पूर्व निर्धारित उददेश्यों को प्राप्ति किस सीमा तक हुई है ।

कोठारी कमीशन (1964–66) के मत के अनुसार चूँकि मूल्यांकन के लिए

प्रचलित सामान्य पद्वति लिखित परीक्षा ही हैं । अतः लिखित परीक्षा में ऐसे सुधार करने होगें ताकि वह शैक्षिक निष्पादन का एक प्रामाणिक तथा विश्वसनीय साधन बन सके । शिक्षक शिक्षा स्तर के उन्नयन हेतु समय – समय पर जो परीक्षाएं ली जाती है, उनमें सुधार वांछनीय है। उनको हटाना संभव नहीं है। उनकी उपयोगीता सदैव बनी रहेगी । परम्परागत परीक्षा प्रणाली के दोषो का निराकरण अपेक्षित है कुछ दोषो को सूचीबद्व करने का प्रयास नीचे किया गया है।–

1 .परीक्षा शिक्षा के साधन की अपेक्षा साध्य बन गई है। परीक्षा पास करना ही लक्ष्य बन गया है।

2. परीक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान की जांच करती है। व्यवहारगत परिवर्तन की नहीं ।

3. परीक्षा वैज्ञानिक तथा मनोवैज्ञानिक सिद्धान्तो पर आधारित नहीं है।

4. परीक्षा में संयोग का तत्व पाया जाता हैं उर्त्तीण होने के लिए ।

5. सर्म्पूण पाठ्यकम से प्रश्न नहीं पूछे जाते हैं।

6. निबन्धात्मक प्रश्न होते हैं। जो न विश्वसनीय होते हैं। न वैद्य।

7. परीक्षा में वस्तुनिष्ठता की कमी पायी जाती हैं।

8. छात्र असम्बद्ध, अप्रासंगित एंव लम्बे उत्तर दे सकते हैं।

9. छात्रों में अवाछनीय प्रतियोगिता बढ़ती हैं।

10. छात्रों में अनैतिक आचरण नकल करना, गुण्ड़ागर्दी आदि की प्रवृत्ति बढ़ती हैं।

11. रटने की शक्ति पर अत्यधिक बल दिया जाता हैं।

12. छात्रों में भय, असुरक्षा तथा मानसिक तनाव पैदा करता हैं।

13. छात्र की व्यापक उपलब्धियों की जाँच यह पैदा होता हैं।

14. इसके माध्यम से छात्र की वास्तविक कमी का पता लगाना कठिन होता हैं। अतः उपचारात्मक शिक्षण सम्भव नहीं हो पाता हैं।

15. प्रश्नो के इतने विकल्प दिए जाते है कि संपूर्ण पाठ्यकम का ज्ञात होना आवश्यक नहीं रह जाता।

16. प्रश्नो में प्राय विभेदीकरण का अभाव रहता है।
17. प्रश्न छात्रों की कठिनाई स्तर के अनुरूप नहीं बनाएं जाते है।
18. घिसे – पिटे प्रश्नो को पूछने के कारण छात्रो को मौलिकता के विकास के अवसर नहीं मिल पाते हैं ।

मूल्यांकन की विशेषताए

नवीन मूल्यांकन प्रविधि की कुछ विशेषताएं अधोलिखित है–

1. उददेश्य केन्द्रित– शिक्षण की भांति मूल्यांकन भी उदेद्श्य केन्द्रित होता है।
2. छात्र अभिस्थापित – मूल्यांकन छात्र अभिस्थापित होता है क्योकि इसके द्वारा छात्रो के वांछित व्यवहार परिवर्तन की जांच होती है।
3. अनवरत प्रकिया – मूल्यांकन को एक अनवरत प्रक्रिया माना गया है । निरन्तर रूप से मूल्यांकन किया जाता है पाठ इकाई अवधि , अर्धवर्ष , सत्र के अन्त में ।
4. व्यापक – मूल्यांकन व्यापक होता है । वह व्यक्तित्व के तीनो पक्षो – ज्ञानात्मक, भावात्मक तथा क्रियात्मक से सम्बन्ध रखता है।
5. संख्यात्मक एवं गुणात्मक – मूल्यांकन दोनो रूपो मे किया जाता है। अभिरूचि, अभिवृद्धि आदि का मूल्यांकन गुणात्मक तरीके से किया जाता है तथा ज्ञान एवं कौशल का मूल्यांकन विस्तृत रूप से किया जा सकता है ।
6. निदानात्मक– मूल्यांकन द्वारा छात्रो की कमियो की जानकारी (निदान) की जाती है और उसी के अनुरूप उपचारात्मक शिक्षा की व्यवस्था की जाती है ।
7. सहकारी प्रक्रिया – मूल्यांकन एक सहकारी प्रक्रिया होती हैं। जिसमें शिक्षक, अभिभावक तथा छात्र तीनों के अनुभवों का लाभ मिलता हैं।
8. विश्लेषण एंव संश्लेषण किया – मूल्यांकन में उद्देश्यों के विश्लेषण से विशिष्ट उद्देश्यों (जिन्हें व्यवहारगत परिवर्तन भी कहते हैं।) को तय किया जाता हैं तथा साक्षियों की व्याख्या एंव सारांशीकरण अथवा संश्लेषण की प्रक्रिया अपनाई जाती हैं।

परम्परागत परीक्षा एवं मूल्यांकन में अन्तर

1. परीक्षा सत्र में निश्चित समय पर ही आयोजित की जाती हैं। जबकी मूल्यांकन एक निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया हैं।
2. परीक्षा पाठ्यक्रम के सीमित क्षेत्र की जॉच कर पाती हैं। जबकी मूल्यांकन अर्जित उपलब्धियों की व्यापक जांच करता हैं। तथा सम्पूर्ण पाठ्यक्रम की जांच करता हैं।
3. परम्परागत वार्षिक परीक्षा को आधार मानकर छात्र उसको उत्तीर्ण कर आगे बढ़ते हैं। जबकि मूल्यांकन सर्वाधिक परीक्षाओं, अर्ध वार्षिक एवं वार्षिक परीक्षाओं के कुल प्राप्तांकों के आधार पर किया जाता हैं।
4. परीक्षा लिखित, मौखिक या प्रायोगिक होती हैं। जबकि मूल्यांकन अनेक प्रविधियां होती हैं। जैसे – पड़ताल सूची (चेक लिस्ट) स्तर मापनी (रेटिंग स्केल), घटनाक्रम विवरण (अनेक्डोटस रिकार्ड), सचिव अभिलेख (क्यूलेटिव रिकार्ड), पर्यवेक्षण (आब्जर्वेशन), साक्षात्कार (इन्टरव्यू), समाजमिति उपकरण (सोनियोग्राम), परख (टेस्ट), इत्यादि ।
5. परीक्षा का उपयोग बहुधा क्रमोन्नति या वर्गीकरण के लिए करते हैं । जबकि मूल्यांकन का निदान, मार्गदर्शन एंव उपचारात्मक शिक्षण के लिए ।
6. परीक्षा की तुलना में मूल्यांकन अधिक वस्तुनिष्ठ एंव उद्देश्यनिष्ठ होता हैं।
7. परम्परागत परीक्षा में प्रश्नों के विकल्प अधिक होते हैं। एंव स्वरूप निबन्धात्मक होता हैं। किन्तु मूल्यांकन में प्रश्नों के उत्तरों की सीमा निश्चित रहती हैं। तथा प्रश्न वस्तुनिष्ठ होते हैं।
8. परीक्षा में व्यक्तिनिष्ठता (सब्जेक्टेविटी) जबकि मूल्यांकन में वस्तु निष्ठता (आब्जेक्टिविटी) होती हैं।

शिक्षण शिक्षा में मूल्यांकन एन0 सी0 टी0 ई0 फ्रेमवर्क में आंतरिक मूल्यांकन पर बल देते हुए कहा गया हैं कि मूल्यांकन विश्वसनीय, वैध तथा व्यापक होना चाहिए । यह अनवरत प्रक्रिया हैं । अतः समय–समय पर छात्राध्यापक के व्यक्तित्व के

विभिन्न आयामों की परीक्षा लेते रहना चाहिए । बाहय परीक्षा से ही सही मूल्यांकन सम्भव नहीं हैं अतः आंतरिक मूल्यांकन को महत्व अधिकाधिक दिया जाना चाहिए। सैद्धान्तिक विषयों के ज्ञान का मूल्यांकन सत्र की समाप्ति पर एक तीन घण्टे की परीक्षा द्वारा करना अमनोवैज्ञानिक तथा अवैज्ञानिक है । इससे शिक्षक शिक्षाओं के उद्देश्यों की पूर्ति कदापि नहीं हो पाती हैं । औपचारिक परीक्षा पर कम बल देते हुए पुस्तकालय, अध्ययन, सर्वे, मौखिक परीक्षा, सत्रीय प्रपत्र, अनुसंधानात्मक योजना आदि पर अधिक बल दिया जाना चाहिए । मूल्यांकन के तत्व होने चाहिए । छात्राध्यापक अथवा शिक्षक की मौलिकता सर्जनशीलता, स्वतन्त्रता, लक्ष्य धारित कार्य,आत्मनिर्भता आदि । इसको परखने के लिए प्रशिक्षक एवं छात्राध्यापको के बीच निकट का सम्पर्क होना आवश्यक होता है।

सामुदायिक कार्य तथा समाज सेवा के लिए आवश्यक है कि छात्रो के कार्य को निकट से लगाकर देखना होगा, प्रशिक्षक को इसके समुचित मूल्यांकन हेतु कुछ उपकरण निर्मित करने आवश्यक है – जैसे रेटिंग स्केल, निरीक्षण सूची, सीशियोमेट्रिक परीक्षा आदि । इसको मूल्यांकन आंतरिक होना चाहिए । शिक्षण अभ्यास का मूल्यांकन भी पूर्णरूपेण आन्तरिक होना चाहिए। ऐसी अनुशंसा इस प्रपत्र में की गई है । कई प्रकार के प्रोफार्मा विकसित हो चुके है । जिनके माध्यम से शिक्षण की प्रभाव शीलता को सही–सही मापने का प्रयास किया जाता है।

एन० सी० टी० ई० फ्रेमवर्क में सात विन्दु मापनी बिन्दु मापनी पर मूल्यांकन को आधारित करने की संस्तुति विश्वविधालय अनुदान आयोग के अनुसार प्रशिक्षण संस्थाओ को ए० सी० डी० ई० एफ० तथा एम० बिन्दुओ पर मूल्यांकन आरम्भ कर देना चाहिए । एम० (मेरिट के लिए)तथा एफ० (फेल के लिए)प्रयुक्त हुए है । आशा की जानी चाहिए । कि विभिन्न प्रशिक्षण संस्थाए मूल्यांकन स्तर में समानता बनाए रखने का प्रयास करेगी । इस प्रपत्र में सेमिस्टर प्रणाली तथा कैडिट आवर की गणना विधि का वर्णन भी किया गया है। किन्तु अधिकांश विश्वविधालयो ने सेमिस्टर प्रथा को अस्वीकार कर दिया है।

मूल्यांकन उपकरणो के प्रकार

छात्रा ध्यापको की उपलब्धियों के मापन एवं मूल्यांकन हेतु विभिन्न उपकरणों का उपयोग किया जाता है। इन उपकरणों में प्रमुख निम्न है।—

1. पडताल पक्ष (चेकलिस्ट) — प्रशिक्षण छात्राध्यापक के व्यवहार के प्रत्येक पक्ष के सामने यथा स्थान सही अथवा गलत का चिन्ह अंकित कर देता है । सत्र के अंत में इन सूचियो के आधार पर छात्राध्यापक के विषय में वह निश्चित धारणा बना सकता हैं।

2. स्तर मापनी (रेटिंग स्केल) — यह उपरोक्त पड़ताल सूची का बिकसित रूप हैं । उसमें किसी विशेष कथन के सबंध में गुणात्मक उल्लेख किया जाता हैं । अर्थात् प्रत्येक कथन को विभिन्न स्तरों में बाटकर अंक प्रदान किए जाते हैं।

3. घटनात्मक प्रपत्र (अनिक्डोटल रिकार्ड) — इसमें छात्राध्यापक के व्यावहार का किसी घटना के संदर्भ में वर्णन अकिंत किया जाता हैं। अंकन घटना के समय या तत्काल बाद किया जाता हैं। अंकन निष्पक्ष होना चाहिए । पूरे सत्र में समय—समय पर छात्राध्यापक का घटनाक्रम प्रपत्र अनवरत रूप से लिखा जाना चाहिए । ताकि सत्र के अंत में छात्राध्यापक के विषय में निश्चित मत निर्धारित किया जा सकें।

4. संचित अभिलेख (क्यूमुलेटिब रिकार्ड) — छात्राध्यापक के संबध में यह एक ऐसा अभिलेख हैं, जिसमें उसमें सम्बन्धित विभिन्न पक्षों की सूचना का संकलन एक लम्बी अवधि तक किया जा सकता हैं। इससे छात्राध्यापक के विकास की दिशा तथा गति का अनुमान लगाया जा सकता हैं।

5. प्रेक्षण (आब्जर्वेशन) — छात्राध्यापक की अभिरूचि, अभिवृत्ति, चारित्रिक गुणों के मूल्यांकन हेतु इस उपकरण का उपयोग किया जा सकता हैं। जैसे अनुशासन का मुल्यांकन लिखित प्रश्नों या साक्षात्कार से करना संभव नहीं होता अतः इसके लिए छात्राध्यापकों को प्रयोगशाला या पुस्तकालय में कार्य करते समय प्रेक्षण विधि द्वारा मूल्यांकन किया जा सकता हैं।

6. साक्षात्कार (इन्अरब्यू) – व्यक्तित्व के मूल्यांकन का बड़ा उपयुक्त उपकरण हैं। प्रशिक्षण साक्षात्कार में पूछे गए प्रश्नों के माध्यम से छात्राध्यापक के शीलगुणों का तथा ज्ञान का पता लगा सकता हैं । साक्षात्कार प्रायः दो प्रकार का होता हैं।

1. नियंत्रित साक्षात्कार – जिसमें साक्षात्कार पूर्व निर्मित प्रश्नावली की सहायता से लिया जाता हैं।

2. अनियंत्रित साक्षात्कार – जिसमें पूर्व निर्मित कोई प्रश्नावली नहीं होती हैं। परिस्थिति के अनुकूल प्रश्नकर्त्ता प्रश्न पूछता हैं।

7. समाजमिति उपकरण (सोशियोग्राम) – छात्राध्यापकों के मध्य अन्तः संबधों को ज्ञात करने के लिए मूल्यांकन का यह उपयुक्त उपकरण हैं। इसके द्वारा छात्राध्यापक की समूह में विषय विशेष पर लोक प्रियता या एकाकीपन का पता लग जाता हैं। यह उपकरण कक्षा की सोशल क्लाइमेट अर्थात् सामाजिक पर्यावरण जानने की उपयुक्त विधि हैं।

8. परीक्षा (टेस्ट) – मूल्यांकन उपकरणों में सर्वाधिक प्रचलन इनका हैं। परीक्षांए दो प्रकार की होती हैं।–

    1. प्रमापीकृत (स्टेंडरडाइज्ड)
    2. शिक्षक द्वारा निर्मित

प्रमापीकृत परीक्षाएं बहुत–सी प्रायः होती हैं। जिनके प्रयोग से छात्राध्यापक के कौशल, वृद्धि, व्यक्तित्व, रूचि, रूझान आदि का सही – सही पता लग जाता हैं । वस्तुतः मनोविज्ञान शाला में सैकड़ों प्रमापीकृत परीक्षाएं देखने को मिलती हैं । शिक्षक को उपयुक्त परीक्षा का चयन अपनी आवश्यकतानुसार तथा छात्र की योग्यता, ज्ञान, आयु, आदि के अनुसार करना होता हैं।

अप्रमापीकृत परीक्षा अथवा शिक्षक द्वारा निर्मित परीक्षा का उपयोग मार्गदर्शन के लिए किया जाता हैं। शिक्षक छात्राध्यापक की कमियों का निदान कर लेता हैं। तथा उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था भी कर सकने में समर्थ होता हैं। इस प्रकार

की परीक्षा शिक्षक सत्र में अनेक बार आयोजित कर सकता हैं। प्रत्येक पाठ के अंत में, इकाई के अंत में, निश्चित समय के अंतरॉल पर इन्हें किया जा सकता हैं। शिक्षक को अपने शिक्षण कार्य के विकास में इन परीक्षाओं से बड़ी मदद मिलती हैं।

9. व्यक्ति इतिहास (केस स्टडी) – इस उपकरण द्वारा छात्राध्यापक के संबध में समस्त सूचनाएं एकत्रित करके अध्ययन किया जाता हैं। – जैसे शैक्षिक, सामाजिक, राजनीतिक, शारीरिक, विकास के क्षेत्र आदि ।

10. प्रश्नावली (क्वेश्चनायर) – प्रश्नावली सामान्यतया प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करने की योजना होती हैं। यह दो प्रकार की होती हैं – बद तथा खुली । बन्द प्रश्नावली में निर्धारित रूप में ही उत्तर देना होता हैं। जबकि खुली प्रश्नावली में उत्तर देने की स्वतंत्रता रहती हैं। शिक्षण में विभिन्न प्रकार की प्रश्नावली तैयार करके समुचित मूल्यांकन संभव हैं।

10 + 2 + 3 तथा शिक्षक शिक्षा

प्रचलित शिक्षा प्रणाली के दोषों – जैसे कार्य की उपेक्षा, विभिन्न प्रांतों में असमान शिक्षा व्यवस्था, परीक्षा पर अधिक बल, कलात्मक तथा शारीरिक शिक्षा की अवहेलना, शिक्षा में अनमनहयता, शिक्षा में पृथकीकरण आदि को दूर करने की दृष्टि से कोठारी कमीशन ने 10 + 2 + 3 शिक्षा प्रणाली की संकल्पना की थी । आशा की जाती हैं। कि इस नवीन योजना से कार्यानुभव पर आधारित शिक्षा का पूरा लाभ शिक्षार्थी उठा सकेंगे । भारत के विभिन्न प्रांतों ने इस शिक्षा व्यवस्था को अपनाकर, शिक्षा को राष्ट्र की आकांक्षाओं, परंपराओं, आवश्यकतानुसार परिवर्तनों से संबधित करने के प्रयास किए हैं।

प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षा हेतु राष्ट्रीय स्तर पर नवीन पाठ्यक्रम की रूपरेखा, जो 1988 में प्रस्तुत की गई हैं, उसमें मुख्य विषय, दिए जाने वाले समय के अधोलिखित हैं।

प्राथमिक स्तर		समय प्रतिशत
भाषाएं	–	30
गणित	–	15
पर्यावरण	–	15
कार्यानुभव	–	20
कलाशिक्षा	–	10
स्वास्थ्य तथा शारीरिक शिक्षा	–	10
		100

उच्च प्राथमिक सतर		समय प्रतिशत
भाषाएं	–	32
गणित	–	12
विज्ञान	–	12
सामाजिक विज्ञान	–	12
कार्यानुभव	–	12
कला शिक्षा	–	10
स्वास्थ्य तथा शारीरिक शिक्षा	–	10
		100

माध्यमिक स्तर		समय प्रतिशत
भाषाएं	–	30
गणित	–	13

विज्ञान	–	13
सामाजिक विज्ञान	–	13
कार्यानुभव	–	13
कला शिक्षा	–	9
स्वास्थ्य एंव शारीरिक शिक्षा	–	9
		100

विशेष ध्यान देने वाली बात यह हैं कि इस व्यवस्था में शिक्षा का उद्देश्य बहुमुखी विकास हैं । तथा बाल केन्द्रित शिक्षा उपागम को विकसित करना हैं । अनवरत तथा व्यापक मूल्यांकन विधि को अपनाने एंव शैक्षिक तकनीकी तथा माध्यम के भरपूर उपयोग की बात पर बल दिया गया हैं । सृजनात्मक प्रभिव्यक्ति तथा सीखने की कला को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया हैं । यह योजना एक समन्वित रूप के सभी बच्चों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर उभर आई हैं । + 2 स्तर पर व्यवसायीकरण तथा प्रथम स्नातक उपाधि + 3 के उपरान्त दी जाने की व्यवस्था इस प्रणाली के तहत दी गई हैं । अतः आशा यह की जाती हैं । कि समूचे राष्ट्र में पहली स्नातक उपाधि किसी छात्र को 15 वर्ष के अध्ययन के बाद ही मिल सकेगी।

10 वर्षीय स्तर पर शिक्षक शिक्षा का स्वरूप राष्ट्रीय स्तर पर निश्चित किए जाने की प्रक्रिया चल रही हैं। किन्तु कुछ बातें जो लगभल तय हैं, कहीं जा सकती हैं । जैसे – शिक्षक शिक्षा के दो पहलू रहेंगे – सेवारत, सेवा, पूर्व । सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण सामान्यतया एक वर्षीय बी0 एड0 पाठ्यक्रम के माध्यम से दिया जायगा चूंकि लम्बी

अवधि के समन्वित पाठ्यक्रम उतने प्रचलित एंव ग्राहय नहीं बन सकेंगे । यहा यह बताना न्याय संगत होगा कि राष्ट्रीय स्तर पर यह विचार धारा बलवती बनती जा रही हैं। कि शिक्षक शिक्षा को अन्य व्यवसायों जैसे इंजीनियरिंग तथा डाक्टरी की भांति लम्बी अवधि का बनाना उपयुक्त होगा । किन्तु संसाधनों को तथा समय को दृष्टि में रखकर यह कहा जा सकता हैं कि निकट भविष्य में ऐसा कर पाना सम्भव नहीं दिखता हैं।

शिक्षक शिक्षा को विद्यालयों की आवश्यकताओं के अनुरूप ढालना पड़ता हैं। अतः नवीन अनुशासित 10 वर्षीय पाठ्यक्रम के अनुसार शिक्षक शिक्षा में परिवर्तन लाना आवश्यक हो गया हैं। यही कारण हैं कि कुछ नवीन बिन्दु शिक्षक शिक्षा में जोडे जा रहे हैं।, जैसे – कार्यानुभव, सामाजोपयोगी उत्पादक कार्य तथा समाज सेवा, पर्यावरणीय शिक्षा आदि ।

मुझे यह कहने में संकोच नहीं हैं कि ज्ञान और जनसंख्या के विस्फोट ने विश्व में अनेक समस्याएं पैदा कर दी हैं और पुरानी परम्परावादी शिक्षण विधियों द्वारा इनका सामना शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में कर पाना संभव नहीं रहा हैं। अतः नवाचारों तथा आधुनिक तकनीकी का सहारा लेकर शिक्षक शिक्षा को समुन्नत बनाना होगा । बहुत– से शिक्षाविदों के शोध नतीजों से पता चलता हैं कि विगत कुछ वर्षो में कक्षा शिक्षण अन्तः प्रकिया तथा विज्ञापन का महत्व और अधिक बढ़ा हैं । शिक्षक शिक्षा में अपेक्षित परिवर्तन लाने होंगे, इन शोध परिणामों के आधार पर वर्तमान शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम में सैद्धान्तिक विषयों पर अधिक जोर दिया जाता हैं। किन्तु आवश्यकता अब यह हैं कि पाठ्यक्रम को छात्र दृष्टि कोण के अनुरूप व्यावहारिक बनाया जाय तथा इसमें उन तत्वों को प्रथम देना चाहिए । जो 10 + 2 + 3 प्रणाली के शाला के व्यावहारिक कार्य से अधिक सम्बन्धित हैं। तभी हम कुशल एंव प्रभावी शिक्षकों का निर्माण कर सकेंगे ।

+2 स्तर पर व्यावसायीकरण लागू करने का सीधा अर्थ यह हैं । 10 वर्षीय शिक्षक शिक्षा से भिन्न शिक्षक शिक्षा एंव प्रशिक्षण की व्यवस्था करनी होगी । इस स्तर की आवश्यकता को पूरी करने के लिए । पूर्व सेवा प्रशिक्षण के दौरान इस स्तर के शिक्षकों को कक्षा शिक्षण सम्बन्धी आधुनिक यांत्रिकी तकनीकी क्षेत्र में प्रशिक्षित करना होंगा। इस स्तर पर भी कार्यानुभव, समाजोयींगी उत्पादक कार्य, समाज सेवा आदि अनुभागों की शिक्षक शिक्षा पाठ्यकम में जोड़ना पड़ेगा ।

+3 स्तर पर शिक्षक शिक्षा की व्यवस्था प्रायः नगण्य देश में । किन्तु सप्तम पंचवर्षीय योजना के दौरान, विश्वविद्यालयों अनुदान आयांग की ओर से कुछ चुने हुए विश्वविद्यालयों में अकादमिक स्टाफ कॉलेज खोलने की संस्तुति की गई हैं। वर्तमान में कुछ अकादमिक स्टाफ कॉलेज, उन शिक्षकों को विषय वस्तु एंव नवीन ज्ञान देने का प्रयास गोष्ठियों के माध्यम से कर रहे हैं। जो विश्वविद्यालयों अथवा संबद्ध महाविद्यालयों में कार्यरत हैं । कुरूक्षेत्र, इलाहाबाद, इंदौर, जोधपुर आदि में स्थित विश्वविद्यालयों में अकादमिक स्टाफ कॉलेज के कार्य कलाप +3 स्तर के शिक्षकों के उन्नयन हेतु देखे जा सकते हैं।

कुछ नूतन प्रवृत्तियां

शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में कुछ नूतन आयाम एंव प्रवृत्तियां दिख रही हैं । जिनका उल्लेख इस स्थल पर करना समीचीन होगा । शिक्षक शिक्षा को तकनीकि सहायता देने की दृष्टि से डिस्ट्रिक्ड इन्सटीट्यूट ऐंड ट्रेंनिग ऑफ एजूकेशन (डी0 आई0 ई0 टी0) धीरे–धीरे स्थापित किए जाने हैं इनके माध्यम से प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों हेतु पूर्व सेवा तथा

सेवारत शिक्षक शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी । माध्यमिक स्तरीय शिक्षक शिक्षा को भी समुन्नत बनाया जाएगा । कुछ चुनी हुए प्रशिक्षण संस्थाओं को प्रत्येक प्रांत में इन्सटीट्यूट जाएगा। इन संस्थाओं का संपर्क प्रदेशीय व राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत अन्य संस्थाओं के साथ रहेगा ।

शिक्षक शिक्षा की अन्य संस्थाएं भी तकनीकी सहायता अधिक से अधिक दे सके, इसकी सुचारू व्यवस्था की संकल्पना की जा रही हैं । संस्थाएं जो शिक्षक शिक्षा में सहायक हो सकती हैं । वह हैं – नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन प्लांनिग एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन (एन0 आई0 ई0 पी0 ए0), सेन्ट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ इग्लिश एण्ड फारेन लैंग्वेजेज, (सी0 आई0 आई0 एफ0 एल0), सेन्ट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ इण्डियन लैंग्वेजेज (सी0 आई0 आई0 एल0), केन्द्रीय हिन्दी संस्थान (के0 एच0 एस0), नेशनल इंस्टीट्यूट फार द हेन्डीकैप (एन0 आई0 एच0), रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंग्लिश (आर0 आई0 ई0), टेक्निकल टीचर्स ट्रेंनिग इंस्टीट्यूट (टी0 टी0 टी0 आई0), स्टेट कौसिंस ऑफ एजूकेशन रिसर्च एण्ड ट्रेंनिग (एस0 सी0 ई0 आर0 टी0), स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन, (एस0 आई0 ई0) बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजूकेशन, शिक्षा विभाग, विश्वविद्यालयों एंव सेवा प्रसार विभाग आदि। आकाशवाणी तथा दूरदर्शन भी कुछ सीमा तक कार्यक्रमों में सहायता देता हैं।

शिक्षक शिक्षा की सफलता बहुत कुछ इस पर निर्भर करेगी कि उपरोक्त संस्थाओं से हम कितना सहयोग ले पाते हैं। तथा बहुत कुछ इस पर कि सेवारत प्रशिक्षण को हम कितना ठोस एंव प्रभावी बना सकें हैं। शिक्षक शिक्षा में मूल्यांकन के तौर– तरीके बदलने

नितांत आवश्यक हो गए हैं। शैक्षिक तकनीकी तथा कम्प्यूटर का अधिकाधिक योग भी भविष्य की रूपरेखा को निर्धारित करेगा ।

शिक्षक शिक्षा के अभिकरण

अभिकरणों की भूमिका :-

भारत लम्बे समय तक दासता के चंगुल में जकड़ा रहा । मुगल शासकों के बाद अग्रेंजों ने अपना आधिपत्य भारत पर जमाया । अग्रेंजी हुकूमत के खिलाफ 1857 में पहला स्वतन्त्रता संग्राम हुआ, जो निरन्तर चलता रहा जब तक हम 1947 में स्वतन्त्र नहीं हो गए । जहॉ राजनैतिक स्वतन्त्रता के लिए संधर्ष हुआ वहीं शिक्षा में आमूल–चूल परिवर्तन के लिए भी राष्ट्रीय नेताओं तथा शिक्षाविदों ने प्रयास किए । प्रारंभिक अवस्था में उन सभी अभिकारणों का जो प्रगतिशील एंव राष्ट्रवादी थी, जनता ने खुलकर साथ नहीं दिया किन्तु बाद में इन्हें जनसाधारण का सहयोग मिलने लगा। स्वतन्त्रता प्राप्ति के आरंभिक वर्षो की कठिनाई के होते हुए भी शिक्षक शिक्षा की प्रगति नहीं रूकी। 1947 में केंन्द्रीय शिक्षा संस्थान दिल्ली और 1948 में विश्वभारती विश्वविद्यालयों में 'विनयभवन' स्थापित किया गया । कुछ राष्ट्रीय स्तर के अभिकरणों ने राष्ट्रीयता, सहयोग, सामाजिक एंव राष्ट्रीय एकता की शिक्षा देना आरम्भ कर दिया और सरकारी आर्थिक सहायता न लेते हुए निरन्तर मातृभाषा, देशप्रेम समाज–सेवा आदि भावनाओं के प्रसार में जुट गई । वर्तमान समय में शिक्षक शिक्षा के विभिन्न अभिकरण देखने को मिलते हैं। इनके माध्यम से शिक्षक शिक्षा में गुणात्मक उन्नयन का लगातार प्रयास किया जा रहा हैं। कुछ प्रमुख अभिकारणों की संक्षिप्त जानकारी इस स्थल पर देना उपयुक्त होगा।

प्रमुख अभिकरण :-

(क) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू0 जी0 सी0)

(ख) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एंव प्रशिक्षण परिषद् (एन0 सी0 ई0 आर0 टी0)

(ग) राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद् (एन0 सी0 टी0 ई0)

(घ) इण्डियन कोसिल ऑफ सोशल साइन्स रिसर्च (आई0 सी0 एस0 आर0)

(ड़) सेंटर फार एडवांस स्टडी इन एजूकेशन (सी0 ए0 एस0 ई0)

(च) विश्वविद्यालयी शिक्षा विभाग एंव प्रशिक्षण संस्थाएं

(क) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग भारत सरकार की विज्ञप्ति के अनुसार 28 दिसम्बर 1953 में स्थापित किया गया था तथा 1956 में इसे स्वायत्तता प्रदान की गई । चेयरमैन, वाईस चेयरमैन तथा सचिव के अतिरिक्त इसके अन्य सदस्य भी होते हैं। यह उच्च शिक्षा में उन्नति, समन्वय के अलावा अनुसंधान, अध्ययन एंव परीक्षा के स्तर निर्धारण करने का कार्य भी करता हैं । इसे विश्वविद्यालयों की आर्थिक स्थिति का पता लगाकर अनुदान देने का अधिकार भी हैं । नवीन विश्वविद्यालयों की स्थापना सम्बधी सलाह देने का कार्य भी करता हैं। इसकी उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी अंहम् भूमिका हैं। आयोग के प्रमुख कार्य निम्नलिखित हैं। –

(अ) विश्वविद्यालयों की आर्थिक आवश्यकताओं को ज्ञात करना ।

(आ) विश्वविद्यालयों की सामान्य अथवा विशिष्ट अनुदान की स्वीकृति देना तथा धनराशि उपलब्ध कराना।

(इ) विश्वविद्यालयी शिक्षा के सुधार हेतु विश्वविद्यालयों को सुझाव देना तथा कार्यान्वयन हेतु आवश्यक परामर्श देना।

(ई) केन्द्रीय तथा प्रांतीय सरकारों को उनके वजट से विश्वविद्यालयों को अनुदान दिए जाने की सलाह देना ।

(उ) नये विश्वविद्यालयों के खोले जाने के संबंध में संस्तुति देना तथा चल रहे विश्वविद्यालयी शिक्षा में विकास संबधी सुझाव देना ।

(ऊ) उस समस्त जानकारी को एकत्रित करना जो भारत या दूसरें देशों के विश्वविद्यालयी शिक्षा से संबधित हो और जिसकी आवश्यकता किसी विश्वविद्यालय को हो ।

(ए) विश्वविद्यालय को आर्थिक स्थिति की जानकारी देना, ताकि वह विभिन्न शैक्षिक

केकार्यक्रमों को विधिवत् आयोजित कर सकें । सभी सम्बन्धित नियमों की

(ऐ) उन सभी कार्यों को संपादित करना जो आयोग के लिए आवश्यक समझे जाते हैं उच्च शिक्षा के उन्नयन हेतु ।

संक्षेप में कहा जा सकता हैं कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का कार्य अनुदान देने के अतिरिक्त, उच्च शिक्षा के क्षेत्र में समन्वय स्थापित करना तथा स्तर बनाये रखना हैं । सामान्यतयः यह कहा जा सकता हैं कि आयोग ने विगत कुछ वर्ष में बड़ा सराहनीय कार्य किया हैं । विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का शिक्षक शिक्षा पर बनाया गया पैनल भी अच्छा कार्य कर रहा हें। इन सबके अतिरिकत आयोग के बहुत–से कार्यक्रम विभिन्न विश्वविद्यालयों में चलते रहते हैं जिनका उल्लेख निम्नलिखित हैं।

विश्वविद्यालयों का विकास

- सामान्य विकास (स्टाफ, सामग्री, भवन, पुस्तकें आदि)
- उच्च अध्ययन केन्द्र तथा विशिष्ट अनुदान पाने वाले विभाग
- स्नातकोत्तर अध्ययन हेतु विश्वविद्यालयी केन्द्र
- क्षेत्रीय अध्ययन
- अतिथि गृह
- विशिष्ट चेयर (पदों) की स्थापना
- केन्द्रीय उपकरण सुविधा
- कम्प्यूपर सुविधा विकास
- पांडलिपियों को एकत्रित करना तथा उनका संरक्षण
- विकास अधिकारियों की नियुक्ति
- शताब्दी अनुदान
- आंतरिक सुविधाएं (होस्टल, स्टाफ क्वार्टर, पुस्तकालय भवन, प्रयोगशालाएं)

– संग्रहालय विकास

– बिना आवंटित अनुदान

– वन जीवन तथा अनुसंधान

– पुरातत्व विज्ञान तथा संग्रहालय, विश्वविद्यालय स्तर पर पुरातत्व केन्द्र स्थापना

महाविद्यालयों का विकास

– सामान्य विकास (3.5 लाख अनुदान योजना भवन, कक्षाकक्ष, प्रयोगशाला, होस्टल, पुस्तकें आदि)

– सी0 ओ0 एस0 आई0 पी0 तथा सी0 ओ0 एच0 एस0 एस0 आई0 पी0 योजना ।

– विज्ञान में स्नातकोत्तर अध्ययन विकास

– सामातिक विज्ञान तथा मानविकी में स्नातकोत्तर अध्ययन विकास ।

– महाविद्यालयों में स्वायत्तता

– शताब्दी अनुदान

– पाठ्यक्रम को संबधित करने हेतु आर्थिक सहायता ।

संकाय सुधार कार्यक्रम

– सेमीनार, संगोष्ठी, ग्रीष्मकालीन सभाएं

– राष्ट्रीय फेलोशिप

– राष्ट्रीय असोशिएटशिप

– विजिटिंग प्रोफेसरशिप, फेलोशिप

– अनुसंधान असोशिएटशिप

– शिक्षक फेलोशिप

– राष्ट्रीय व्याख्यान

– सेवामुक्त शिक्षकों की सेवाएं लेना

– भ्रमण अनुदान

– युवा वैज्ञानिकों को छात्रवृत्तियां

अनुसंधान कार्य हेतु सहायता

- मानविकी तथा सामाजिक विज्ञान में उच्च शोध योजनायें
- मानविकी तथा सामाजिक विज्ञान में कम अवधि की शोध योजनायें
- विज्ञान में बड़ी अनुसंधान योजनाएं
- विज्ञान में छोटी अनुसंधान योजनाएं
- अनुसंधान हेतु मूल सहायता
- अनुसंधान छात्रवृत्तियां तथा फेलोशिप
- शिक्षकों को अनुसंधान कार्य हेतु आर्थिक सहायता
- शोध प्रबन्ध का प्रकाशन एंव उत्तम शोध कार्य का प्रकाशन

छात्र कल्याण कार्यक्रम

- छात्र सहायता कोष
- आवासीय छात्र केन्द्र
- अध्ययन आवास
- बुक बैंक
- स्वास्थ्य केन्द्र
- रोजगार समाचार, व्यवसायिक निर्देशन ब्यूरी
- जिमनाजियम निर्माण
- खेत के मैदान का विकास
- प्रशिक्षित कोचों का प्रावधान
- कैंटीन

अकादमिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम

- पत्राचार पाठ्यक्रम
- प्रौढ़/अनवरत शिक्षा तथा प्रसार
- सांस्कृतिक तथा द्विपक्षीय विनिमय कार्यक्रम
- परीक्षा सुधार
- पांडुलिपियों का एकत्रीकरण एंव संरक्षण
- राष्ट्रीय एकता समिति

– आयोजना मंच

– विज्ञान शिक्षा केन्द्र

– क्षेत्रीय पुस्तकालय केन्द्र

– महाविद्यालय विकास परिषद्

– गांधी भवन एंव गांधी संबंधी अध्ययन

– पुस्तक लेखन

(ख) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एंव प्रशिक्षण परिषद्

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एंव प्रशिक्षण परिषद् की स्थापना 1 सितम्बर, 1966 में हुई । इसका मुख्यालय दिल्ली में हैं। यह स्कूली शिक्षा के गुणात्मक सुधार के लिए नीतियों एंव कार्यक्रमों को तैयार करने और कार्यान्बयन संबंधी मामलों में, मानव संसाध ान विकास मंत्रालय को अकादमिक परामर्श देने में मुख्य अभिकरणो की भूमिका निभाना हैं। यह राज्यों के शिक्षा विभागों, विश्वविद्याालयों और अन्य संस्थाओं, जिनकी स्कूल शिक्षा के क्षेत्र मे रूचि हैं।, के साथ निकट सहयोग से कार्य करती हैं। यह अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों से भी निकट सम्पर्क बनाए रखती हैं । इसके अलावा राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान नई दिल्ली, चारों क्षेत्रीय महाविद्यालयों (अजमेर, मैसूर, भुवनेश्वर, भोपाल) की परिषदों, केन्द्र शिक्षा तकनीकी संस्थान, नई दिल्ली एंव राज्य शिक्षा विभागों से सम्पर्क बनाएं रखने के लिए विभिन्न राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों में 17 क्षेत्रीय कार्यालय की इकाईयां काम कर रही हैं।

परिषद् के चार क्षेत्रीय महाविद्यालयों में चार वर्षीय शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम कला तथा विज्ञान में चलाया जा सकता हैं इसके अतिरिक्त एक वर्षीय बी0 एड0 पाठ्यक्रम में तथा एम0 एड0 पाठ्यक्रम भी चलाएं जा रहे हैं। शिक्षा में अनुसंधान पी–एच0 डी0 का इन महाविद्यालयों में हैं। संक्षेप में कहा जा सकता हैं कि इस परिषद् के तहत तीन प्रमुख अगं हैं। –

– राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली

– चार क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय

– 17 क्षेत्रीय कार्यालय इकाईयां

राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के स्वरूप में समय – समय पर परिवर्तन होता रहता हैं । वर्तमान में शिक्षक शिक्षा का कार्य जिस विभाग द्वारा संपादित किया जा रहा हैं उसका नाम शिक्षक शिक्षा, विशिष्ट शिक्षा तथा प्रसार सेवा विभाग' । राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के विभिन्न विभाग शिक्षा सम्बंधी जानकारी एकत्र करने, शोध करने तथा प्रसार सेवा के माध्यम से नवीन ज्ञान एंव प्रवृत्तियों को विद्यालयों तक पहुँचाने का कार्य करते हैं। देशव्यापी परीक्षा प्रणाली सुधार का कार्य इस संस्थान ने सफलता पूर्वक चलाया । शिक्षक शिक्षा विभाग ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आधुनिकतम बनाने का प्रयास किया हैं । शिक्षकों में रचनात्मक लेखन कला के विकास हेतु सेमीनार रीडिंग कार्यक्रम चलाया जाता हैं। योग्य शिक्षक पुरस्कृत भी किए जाते हैं। परिषद् का प्रकाशन विभाग बड़ा महत्वपूर्ण अंग बन गया हैं। परिषद् द्वारा मुद्रित विभिन्न पाठ्य पुस्तकें पूरे देश में बहुत प्रचलित हो चुकी हैं। चार पत्रिकाओं का प्रकाशन भी परिषद् करता हैं। – इंडियन एजूकेशन रिव्यू (त्रैमासिक), जर्नल ऑफ इण्डियन एजूकेशन (द्विमासिक), स्केल साइन्स (त्रैमासिक), प्राईमरी टीचर (त्रैमासिक), भारतीय आधुनिक शिक्षा (त्रैमासिक) तथा प्राइमरी शिक्षक (त्रैमासिक), पत्रिकाओं का प्रकाशन हिन्दी में भी किया जाता हैं।

परिषद् द्वारा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 'राष्ट्रीय प्रतिभा खोज' बड़ी प्रख्यात हैं । प्रतिवर्ष परीक्षा के आधार पर लगभग 750 छात्रों को छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं। सफल विद्यार्थियों को विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान में अथवा इंजीनियरिंग तथा चिकित्सा जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए पी0 एच–डी0 स्तर तक अध्ययन जारी रखने के लिए छात्रवृत्तियां दी जाती हैं।

परिषद् मुख्य रूप से अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण एंव विस्तार के क्षेत्र में कार्यरत हैं और इससे शिक्षा की 10 + 2 + 3 प्रणली को समूचे राष्ट्र में लागू करने का ठोस प्रयास किया है। स्कूली शिक्षा के विभिन्न चरणो के लिए पाठ्यक्रम विकसित करने के अतिरिक्त , परिषद ने सम्पूर्ण स्कूली शिक्षा (कक्षा 1 से 12)के लिए लग भग सभी विषयो में पाठ्य पुस्तके तैयार की है, परिषद स्कूलो के प्रयोग हेतु विडियो टेप, टेप स्लाइट , फिल्मे तथा अन्य श्रव्य दृश्य सामग्री तैयार करता है । परिषद ने प्राथमिक तथा मिडिल के लिए कम लागत वाले विज्ञान किट भी तैयार किए है । परिषद

ने प्राथमिक शिक्षक क्षेत्र में यूनेस्को तथा यूनीसेफ द्वारा संचालित सहायता प्राप्त परियोजानाओ को लागू करने में बडी मदद पहुचाई ।

स्कूलों में कम्प्यूटर ज्ञान और अध्ययन नामक परियोजना को भी आरम्भ किया गया हैं कि ताकि कुछ चुने हुऐ स्कूलों में कम्प्यूटर लगाकर शिक्षा दी जा सकें । छात्रों में जनसंख्या के प्रति चेतना विकसित करने के लिए यू0 एन0 एफ0 पी0 ए0 के सहयोग से जनसंख्या शिक्षा परियोजना को भी लागू किया जा चुका हैं। यूनिसेफ को पांच प्रमुख परियोजनाएं स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। –

1. प्राइमरी शिक्षा को व्यापक पहुँच तक लाना ।
2. पोषण, स्वास्थ्य शिक्षा एंव स्वच्छ वातारण ।
3. प्राईमरी शिक्षा पाठ्यक्रम का नवीनीकरण ।
4. सामुदायिक शिक्षा और भागीदारी में विकासात्मक गतिविधियां ।
5. बच्चों की मीडिया प्रयोगात्मक/वाल्यावस्था की शिक्षा ।

परिषद् ने विगत वर्षो में सामुदायिक गायन को एक राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में आरम्भ किया हैं। बच्चों को सामूहिक रूप से गाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता हैं । ताकि उनमें राष्ट्रीय एकीकरण की भावना का विकास हो सकें । स्कूली पाठ्यपुस्तकों की गुणात्मकता और राष्ट्रीय एकीकरण की दृष्टि से मूल्यांकन किया जाता हैं। शिक्षा पर नवीन राष्ट्रीय नीति (1986) तैयार की गई हैं, जिसमें शैक्षिक तकनीकि, मूल्य प्रधान शिक्षा और राष्ट्रीय एकीकरण पर बहुत बल दिया गया हैं। एक नया राष्ट्रीय पाठ्यक्रम मूल रूप में समूचे राष्ट्रके लिए बनाया गया हैं। स्कूल शिक्षकों के अनुकूलन के लिए भी एक व्यापक कार्यक्रम आरम्भ किया जा रहा हैं।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एंव प्रशिक्षण परिषद् अनुसंधान का कार्य करती हैं । तथा इस कार्य में सहायता भी देती हैं। एक समिति 'एरिक़' (एजूकेशन रिसर्च एण्ड इन्नोवेशन कमेटी) इस कार्य का सम्पादन सरलता–पूर्वक कर रही हैं। यह परिषद् एन0 सी0 टी0 ई0 के मुख्यालय के रूप में भी कार्य करता हैं। यह परिषद् राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना हैं। तथा स्कूली शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर परामर्श सेवाएं भी देता हैं।

(ग) राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद्

कोठारी कमीशन (1964–66) की संस्तुति के अनुरूप शिक्षक शिक्षा के स्तर उन्नयन का दायित्व बहुत अंश में भारत सरकार पर हैं । इसकी ध्यान में रखते हुए 1973 में राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद् (एन0 सी0 टी0 ई0) का गठन किया गया । इस परिषद् से यह आशा की जाती हैं । कि शिक्षक शिक्षा की विविध योजनाओं के सम्वन्ध में सरकार को समय–समय पर परामर्श दें। सेंट्रल एडवाईजरी बोर्ड ऑफ एजूकेशन ने (1972) राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद् के गठन सम्वन्धों प्रस्ताव को पारित किया था । परिषद् के निम्न सदस्य होंगे –

– केन्द्रीय शिक्षा मंत्री	– अध्यक्ष
– प्रत्येक राज्य के शिक्षा विभाग का एक प्रतिनिधि	– 21 सदस्य
– विश्वविद्यालय अनुदान आयोग	– 1 सदस्य
– आल इंडिया कौंसिल फार टेक्निकल एजूकेशन	– 1 सदस्य
– सेंन्ट्रल एडवाईजरी बोर्ड ऑफ एजूकेशन	– 1 सदस्य
– राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एंव प्रशिक्षण परिषद्	– 1 सदस्य
– आयोजना आयोग प्रतिनिधि	– 1 सदस्य
– भारत सरकार द्वारा मनोनीत	– 12 सदस्य
– पूर्व प्राथमिक, प्राथमिक, माध्यमिक, टेक्निकल एंव व्यावसायिक शिक्षक शिक्षा से सम्बन्धित	–12 सदस्य
– शिक्षा सचिव	– 2 सदस्य
– परिषद् के अध्यक्ष द्वारा मनोनीत	– 1 सदस्य
– मेम्बर सेक्रेटरी केपद पर	– 1 सदस्य
कुल	**– 41 सदस्य**

यह भी प्रस्तावित किया गया कि सदस्यों का कार्यकाल 3 वर्ष का होना चाहिए। अध्यक्ष को विशिष्ट सदस्यों को परिषद् की बैठकोंमें बुलाने का अधिकार रहेगा तथा विभिन्न उप – समितियों के गठन का भी अधिकार रहेगा । राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद् के प्रमुख कार्य निम्न होंगे –

1. शिक्षक शिक्षा से सम्बन्धित सभी मामलों पर भारत सरकार की परामर्श देना। इसमें पूर्व सेवा तथा सेवारत प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम का मूल्यांकन तथा समय–समय पर सुधार की प्रगति को आंकना भी सम्मिलित हैं।
2. राज्य सरकार को समय–समय पर शिक्षक शिक्षा से सम्बन्धित किसी योजना के विषय में राय देना।
3. उन सभी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना जो पंचवर्षीय योजनाओं में शिक्षक शिक्षा से सम्बन्धित हों।
4. शिक्षक शिक्षा में अपेक्षित स्तर को बनाए रखने केलिए सरकार को परामर्श देना ।
5. भारत सरकार के द्वारा किसी अन्य आयाम पर परामर्श देना, जिसके विषय में परिषद् से पूछा गया हो ।

1973 से राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद् निरन्तर यह प्रयास करता रहा हैं कि शिक्षक शिक्षा को समुन्नत बनाया जाये किन्तु इस क्षेत्र में बहुत प्रगति नहीं हो सकी हैं जिसका प्रमुख कारण यह रहा कि राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद् को कानूनी अधिकार (स्टैच्यूरी पावर) नहीं मिले हैं । यह परिषद् राज्यों को परामर्श मात्र देती रही हैं । यह राज्यों पर निर्भर करता हैं कि वह इसकी राय को माने या न माने । यही कारण हैं कि राष्ट्रीय स्तर पर परिषद् द्वारा तैयार किये गये । बहुमूल्य सुझाव शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न विश्वविद्यालयमें लागू नहीं किये जा सकें । "टीचर एजूकेशन करीकुलम – ए फ्रेमवर्क" केवल गाइड लाइन प्रपत्र बनकर रह गया।
नवीन शिक्षा नीति 1986 की घोषणा के बाद लगातार प्रयास किया जा रहा है। कि राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद को कानूनी जामा पहना दिया जाय। यदि निकट भविष्य मे संसद द्वारा यह प्रस्ताव पारित कर दिया जाता है। तो आशा रखनी चाहिए। कि शिक्षक शिक्षा मे वांछित सुद्यार अवश्य हो सकेगें।

राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद ने एक समिति द्वारा उस ड्राफ्ट को तैयार करवा लिया है। जिसके संसद मे पारित होने के बाद परिषद को संवैधानिक मान्यता मिल जायेगी । किसी भी समय इसे संसद मे पेश किया जा सकता है। इस प्रपत्र मे राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद का दायित्व मेडिकल कौंसिल ऑफ इण्डिया या वार कौंसिल ऑफ इण्डिया की भाति माना गया हैं। परिषद के प्रमुख कार्य होगें।

1. मान्यता प्रदान करना –विभिन्न स्तरीय शिक्षक शिक्षा के पाठ्यक्रमो को जो विश्वविद्यालय प्रांतीय संस्थान अथवा सरकार द्वारा बनाए जाएगे मान्यता प्रदान करना । बिना मान्यता प्राप्त किए हुए कोई विश्वविद्यालय विभाग या संस्थान पाठक्रम लागू नही कर सकेगा ।
2. प्रमाणित करना –विभिन्न विशेषज्ञो तथा समितियों द्वारा तैयार किए गए मानको को दृष्टि में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद् विभिन्न शिक्षक शिक्षा एंव प्रशिक्षण संस्थाओं को प्रमाणित करेगा । समय – समय पर निरीक्षण समितियों की सहायता से जांच परख की जायेगी। कि संस्था विशेष में आवश्यक साधन सुविधाएं प्रशिक्षण हेतु उपलब्ध हैं। अथवा नहीं।
3. प्रमाणन करना – शिक्षक कार्य्र संपादित करने के लिए पहले 2 वर्ष हेतु प्रमाण पत्र देना। फिर लम्बी अवधि 5–10 वर्ष हेतु और बार में सम्पूर्ण जीवन हेतु । शिक्षक की व्यवसाय मे प्राप्त उपलब्धियो के आधार पर प्रमाणन किया जाएगा ।

आशा की जाती हैं। कि भविष्य में राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद् का अलग से भवन एंव स्टाफ होगा। अध्यक्ष एंव उपाध्यक्ष के अलावा एक सचिव तथा अन्य ऑफिस स्टाफ इसके कार्य को संचालित करेंगे। एक कार्यकारिणी समिति भी बनाई जाएगी। जो कम माह मे एक बार अपनी बैठक करेगी। ताकि कार्य की प्रगति का सही लेखा जोखा रखा जा सके। यह भी प्रस्तावित किया हैं कि राज्य शिक्षक शिक्षा परिषदों का गठन शीघ्र ही किया जाए और उन्हे भी संवैधानिक अधिकार प्रदान किए जाये ताकि व्यापक रूप मे शिक्षक शिक्षा मे सुधार लाये जा सके । आशा रखनी चाहिए कि शिक्षक शिक्षा परिषद का संवैधानिक अस्तित्व एक पृथक उच्च स्वायत्तशासी संस्था के रूप मे देखने को मिल सकेगा ।

(घ) इंडियन कौंसिल ऑफ सोशल साइन्स रिसर्च

सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के महत्व को ध्यान में रखते हुए आयोजना आयोग ने एक समिति का गठन किया था जिसमें यह संस्तुति दी कि राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् की स्थापना की जाए । भारत सरकार ने इसे मानते हुए उपरोक्त परिषद् की स्थापना 1 अगस्त 1969 में की । इस परिषद् से यह

आशा की गई कि सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के क्षेत्र में उन्नयन एंव समन्वय स्थापित करेगा तथा आवश्यक धनराशि जुटाने का दायित्व निभायेगा ।

इस परिषद् के प्रमुख कार्य निम्नलिखित हैं। –

1. सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में लिए जाने वाले अनुसंधान की समीक्षा करना तथा सरकार की एंव गैर सरकारी व्यक्तियों को परामर्श देना ।
2. उन व्यक्तियों तथा संस्थाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना, जो सामाजिक विज्ञान में शोध कार्य कर रहे हैं । तथा सामाजिक विज्ञान में शोध परियोजनाओं को हाथ में लेना । प्रतिष्ठित संगठनों, पत्र–पत्रिकाओं तथा संस्थाओं को भी आर्थिक सहायता देना, यदि वह इस प्रकार का कार्य कर रही हैं।
3. सामाजिक विज्ञान अनुसंधान कार्यक्रमों में तकनीकि सहायता प्रदान करना, तथा व्यक्तियों या संस्थाओं के शोधकार्य का प्रारूप तैयार करवाना । शोधकार्य में निपुणता प्रदान करने हेतु संस्थानएं व्यवस्था संबंधी एंव अन्य सहायता प्रदान करना ।
4. समय – समय पर उन विषयों को बताना तथाउन क्षेत्रों को बताना जिन पर सामाजिक विज्ञान के शोधों को किया जा सकें । उन क्षेत्रों का पता लगाकर शोधकार्य करवाना जो महात्वपूर्ण होते हुए भी अवहेलना के शिकार हो गयें ।
5. लेखन सेवा केन्द्रों (डॅाकूमेंन्टेशन सेंटर) का विकास करना । प्रदत्त प्रदान करना आधुनिक सामाजिक विद्वान प्रश्नावली तथा राष्टीय स्तर पर सामाजिक वैज्ञानिकों की सूची आदि तैयार करना ।
6. सेमिनार, संगीष्ठी, कार्यशाला, स्टडी सर्किल, आदि का संगठन करना तथा उन्हें संरक्षण देते हुए अर्थिक सहायता प्रदान करना ।
7. सामाजिक विज्ञान अनुसंधान कार्य को प्रकाशित करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना तथा इस प्रकार के कार्य के प्रचार प्रसार के लिए पत्रिकाएं, जर्नल एवं डाइजेस्ट का प्रकाशन करना ।
8. भारत में तथा विदेशों में छात्रों, शिक्षकों एवं अन्य अनुसंधान कर्ताओं हेतु छात्रवृत्तियों, फेलोशिप तथा पारितोषित का आदि आरम्भ करना तथा उसका कियान्वयन करना ।
9. विश्वविद्यालयों में इस क्षेत्र के विशेष कार्य पर सीनियर फेलोशिप प्रदान करना ।

10. समय–समय पर भारत सरकार द्वारा पूछी गई। वह समस्त जानकारी उपलब्ध कराना जो सामाजिक विज्ञान अनुसंधान से सम्बन्धित हैं। विदेशी अभिकरणों के साथ सम्बन्ध व्यवस्था भी इसके क्रार्यक्षेत्र में होगी।

11. सामान्य रुप से वह सभी कदम उठाना जो सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में सुधार ला सकें तथा उसे समुन्नत बना सकें। ताकि उसका लाभ समूचे देश को मिल सकें।

संक्षेप में कहा जा सकता हैं । कि सामाजिक विज्ञान का क्षेत्र व्यापक हैं इसमें विभिन्न विषय आते हैं तथा इन विषयों में अनुसंधान कार्य के प्रोत्साहित करने, शोधकार्य हेतु आर्थिक सहायता देने तथा शोध कार्य के परिणामों के प्रसार हेतु प्रकाशन कार्य पर बल देते हुए आर्थिक सहायता देने का कार्य यह परिषद् सफलता पूर्वक कर रहा हैं। परिषद् एक स्वायत्तशासी संस्था के रुप में, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में हैं। सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे अनुसंधान कार्य को प्रोत्साहन देने का कार्य कर रहा हैं।

(ड़) सेंटर फार ऐडवांस स्टडी इन एजूकेशन

विगत कुछ दशाब्दियों में शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र को बहुत से देशो में वरीयता दी गई । भारत में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सहायता से एम० एस० यूनिवर्सिटी, बडौदा में एक उच्च अध्ययन केन्द्र(सेंटर फार ऐडवांस स्टडी इन एजूकेशन) स्थापित किया गया। इसका संक्षिप्त नाम 'केस' (सी० ए० एस० ई०)हैं।शिक्षा के क्षेत्र में भारत का यह अग्रणीय प्रयास माना जायगा । शिक्षा में स्नातकोत्तर (एम० एड०) तथा शोध कार्य (पी–एच० डी०) के अलावा यह केन्द्र शिक्षा की विभिन्न समस्याओं को हल करने के निरन्तर प्रयास करता रहता हैं। केन्द्र की विभिन्न इकाइयों के माध्यम से यह कार्य सम्पन्न किया जाता हैं। कुछ प्रमुख इकाइयां जैसे – शिक्षा अनुसंधान से इकाई, पाठ्यक्रम इकाई, मनोभित्तिक इकाई आदि अपने क्षेत्रों मे अनुसंधान कार्य को प्रोत्साहित करती हैं। इनके द्वारा प्रकाशन कार्य सेमिनार एवं गोष्ठियों का आयोजन तथा गीष्मकालीन शिविर भी चलाये जाते है। अनुसंधान कार्य का प्रसार करने की दृष्टि से केन्द्र द्वारा संक्षिप्त सार प्रसारित करता है । तथा एक त्रैमासिक पत्रिका का प्रकाशन भी करता हैं । इस केन्द्र द्वारा प्रकाशित पुस्तकें शिक्षा अनुसंधान क क्षेत्र में बहुत प्रसिद्धि पा चुकी हैं।

अभिक्रमित अध्ययन, शैक्षिक स्तर के निर्धारिक तत्व, अनुसंधान प्रतिवेदन लिखने की कला, पिछड़े बालकों की शिक्षा आदि विषयों पर केन्द्र ने पुस्तकें प्रकाशित की हैं । जिनके उपयोग से शिक्षक शिक्षा को एक नयी दिशा मिली हैं ।

स्थापना के बाद से ही केन्द्र ने देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर अनुसंधान कार्य किए हैं तथा शिक्षा को प्रोत्साहन दिया हैं। केन्द्र के प्रमुख कार्य निम्नलिखित हैं।

1. सहकारिता के आधार पर अनुसंधान कार्य को प्रोत्साहित करना, विभिन्न विश्वविद्यालयों का इस सम्बन्ध में सहयोग लेना ।
2. उन पुस्तकों को प्रकाशित करना जो शिक्षको तथा शैक्षिक योजनाएं बनाने वालों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध करा सकें ।
3. शिक्षा में अनुसंधान (पी–एच0 डी0) हेतु फेलोशिप प्रदान करना ।
4. सामाजिक सुधार की दृष्टि से अपने क्रियाकलापों का विस्तार करना तथा कतिपय प्रमुख परियोजनाओं का प्रोत्साहित करना ।
5. समूचे देश के शिक्षकों को इस बात के लिए प्रोत्साहित करना कि वह विषय वार शिक्षक संगठनों की संगठनों की स्थापना जनपद, राज्य तथा राष्ट्र स्तर पर कर सकें ।
6. एन0 सी0 ई0 आर0 टी0 तथा एन0 सी0 टी0 ई0 के सहयोग से सेवा विस्तार विभागों के कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था करना ।
7. शैक्षिक समस्याओं के निराकरण हेतु कार्य गोष्ठियों का आयोजन करना ।
8. शिक्षा क्षेत्र में उच्च अध्ययन में लगी संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित करना ।

अतः संक्षेप में यह कहा जा सकता हैं । कि 'केस' पूरे देश में अकेला केन्द्र हैं । जो शिक्षक शिक्षा तथा सामान्य शिक्षा के विभिन्न आयामों पर निरंतर अनुसंधान करता रहा हैं । शिक्षक व्यवहार पर किए गये अनुसंधान कार्य की प्रशंसा देश तथा विदेश दोंनो में की जाती हैं। शोधकर्ता का यह सुझाव हैं कि शिक्षक शिक्षा की बढ़ती हुई आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, विश्व–विद्यालय अनुदान आयोग को इसी प्रकार के कुछ और केन्द्र देश में स्थापित करने चाहिए । इस प्रकार की कार्यवाही से शिक्षक शिक्षा में सुधार लाया जा सकेगा तथा इसकों गति प्रदान की जा सकेगी ।

(च) स्टेट बोर्ड ऑफ टीचर एजूकेशन

शिक्षा आयोग (1964–66) ने सुझाव दिया था कि शिक्षक शिक्षामें समुचित सुधार लाने की दृष्टि से स्टेट बोर्ड ऑफटीचर एजूकेशन गठित किए जाए। आयोग ने यह भी प्रस्तावित किया था कि प्रत्येक राज्य में एक पूर्ण–कालिक सचिव नियुक्त किया जाना चाहिए जो इसके कार्य को सुचारू रूप से चलाने का यत्न करेगा । शिक्षा आयोग ने इसके कार्यों का उल्लेख भी किया हैं। आयोग के अनुसार इसके प्रमुख कार्य निम्न होंगे –

(क) प्रशिक्षण संस्थाओं के लिए स्तर का निर्धारण करना ।

(ख) शिक्षक शिक्षा में पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तकों, कार्यक्रमों, परीक्षाओं तथा शिक्षक सामग्री में सुधार करना।

(ग) प्रशिक्षण संस्थाओं की मान्यता के लिए शर्ते बनाना एंव उनके निरीक्षण की समय–समय पर व्यवस्था करना ।

(घ) इस बात को सुनिश्चित करना कि निर्धारित पाठ्यक्रम को पूरा करने के बाद शिक्षक राज्य की शालाओं में शिक्षण कार्य के योग्य हैं।

(ड़) तात्कालिक एंव लम्बी अवधि के लिए शिक्षक शिक्षा योजनाओं का विकास करना जो संख्यात्मक, तथा गुणात्मक दोंनो ही हो सकती हैं।

एन0 सी0 टी0 ई0 ने स्टेट बोर्ड ऑफ टीचर एजूकेशन के स्वरूप को स्पष्ट करने का प्रयास किया हैं। उसके अनुसार निम्न सदस्य होंगे इस अभिकरण के –

1. डायरेक्टर ऑफ एजूकेशन – चेयरमैन
2. डायरेक्टर स्टेट कौसिल ऑफ रिसर्च एण्ड ट्रेंनिग – सदस्य
3. डायरेक्टर स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन – सदस्य
4. डायरेक्टर स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ सांइस एजूकेशन – सदस्य
5. राज्य के सभी संभागों के ज्वाइन्ट डायरेक्टर/ डिप्टी डायरेक्टर – सदस्य
6. प्रभारी अधिकारी आयोजना एंव सांख्यिकी शिक्षा निदेशालय में – सदस्य
7. शिक्षा निदेशालय के शिक्षक शिक्षा का प्रभारी अधिकारी – सदस्य

8. चेयरमैन, स्टेट बोर्ड ऑफ सेकेंड्री एजूकेशन — सदस्य

जिन प्रदेशों में प्राथमिक एंव माध्यमिक शिक्षा केलिए अलग–अलग निर्देशक हैं वहां वरिष्ठता के क्रम में सदस्य का चयन किया जाना चाहिए ।

विश्वविद्यालय प्रतिनिधि

9. शिक्षा संकाय के राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के डीन — सदस्य
10. राज्य के समस्त विशविद्यालयों के बोर्ड ऑफ स्टडीज (शिक्षा) के चेयरमैन — सदस्य
11. शिक्षा के अतिरिक्त अन्य विषयों से 4 या 5 विभागीय अध्यक्ष — सदस्य
12. सरकारी प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रत्येक से एक प्राचार्य, पूर्व प्राथमिक, प्राथमिक तथा माध्यमिक स्तरीय — सदस्य
13. गैर सरकारी प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रत्येक से एक प्राचार्य, पूर्व प्राथमिक, प्राथमिक, एंव माध्यमिक स्तरीय — सदस्य
14. सेवा प्रसार केन्द्र के निदेशक (एक प्राथमिक तथा एक माध्यमिक) — सदस्य
15. पूर्व प्रथमिक, प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षक संगठनों के अध्यक्ष — सदस्य
16. प्रतिष्ठित शिक्षाविद, प्रत्येक क्षेत्र से एक, पूर्व प्राथमिक, प्राथमिक, — सदस्य

माध्यमिक एंव उच्चस्तरीय शिक्षक शिक्षा

एन0 सी0 टी0 ई0 ने प्रस्तावित किया हैं कि इन सदस्यों का कार्यकाल 3 वर्ष का होगा । देश के विभिन्न राज्यों में शिक्षक शिक्षा के उन्नयन हेतु स्टेट बोर्ड ऑफ टीचर एजूकेशन गठित भी किए किन्तु देखने में यह आता हैं कि यह सक्रिय रूप से कार्य नहीं कर रहे हैं। उदाहरण स्वरूप राजस्थान के टीचर एजूकेशन बोर्ड का लेखक सदस्य होने के नाते यह स्पष्ट रूप से कह सकता हैं कि यह अभिकरण नाम मात्र के लिए जीवित हैं राज्य में एन0 सी0 टी0 ई0 ने भी

टीचर एजूकेशन बोर्ड के प्रमुख कार्य बताये हैं, जो अधोलिखित हैं। –

1. विश्वविद्यालयी विभागों को सम्मिलित करते हुए समस्त प्रशिक्षण संस्थाओं हेतु शिक्षक शिक्षा के स्तर का निर्धारण करना।
2. सभी स्तरों पर समन्वय स्थापित करना तथा शिक्षक शिक्षा में सुधार लाना ।
3. शिक्षा विभाग, विश्वविद्यालय तथा अन्य संस्थाओं को सभी स्तर के प्रशिक्षकों की अपेक्षित योग्यताओं के विषय में तथा पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तकों, सहायक सामग्री आदि के विषय में जानकारी उपलब्ध कराना ।
4. शिक्षक शिक्षा के प्रत्येक स्तर हेतु प्रशिक्षकों की अकादमिक तथा व्यावहारिक मानकों का निर्धारण करना तथा प्रशिक्षण संस्थाओं के अपेक्षित संसाधनों को सूची बनाना तथा लागू करना ।
5. विश्वविद्यालयों द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण संस्थाओं के मान्यता के नियमों की जॉच करना तथा सुधार हेतु सुझाव देना।
6. सभी स्तरों की प्रशिक्षण संस्थाओं के निरीक्षण की व्यवस्था समय–समय पर करना । इसमें विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग भी निहित हैं।
7. राज्य सरकार को विभिन्न स्तर की प्रशिक्षण संस्थाओं के प्रमाणी करण के लिए परामर्श देना।
8. आवश्यकता के आधार पर विभिन्न प्रशिक्षण संस्थाओं की दी जाने वाली आर्थिक सहायता के लिए राज्य सरकार को सलाह देना ।
9. विषयवस्तु तथा शिक्षण विधाओं दोंनो क्षेत्रों में सेवारत प्रशिक्षकों एंव शिक्षकों के लिए कार्यक्रम का विकास करना, सरकार तथा विश्वविद्यालयों की मदद से।
10. समयात्मक एंव गुणात्मक विकास की दृष्टि से शिक्षक शिक्षा उन्नयन के लिए तात्कालिक एंव लम्बी अवधि की परियोजनाओं को तैयार करना ।

अतः संक्षेप में कहा जा सकता हैं कि स्टेट बोर्ड ऑु टीचर एजूकेशन शिक्षक शिक्षा के विभिन्न आयामों में सुधार लाने के लिए एक प्रमुख अभिकरण हैं । राज्य के शिक्षकों एंव प्रशिक्षकों में आत्म – विश्वास जगाने एंव उन्हें प्रोत्साहित करने के साथ – साथ, यह अभिकरण राज्य सरकार को समुचित परामर्शदेने का अहं दायित्व भी वहन करता हैं। विभिन्न कार्यों, जिनके लिए इसका गठन किया गया हैं, को पूर्ण सफलता हेतु इसे यह छूट रहती हैं कि अन्य समितियों एंव उपसमितियों का आवश्यकतानुसार गठन कर लें ।

विश्वविद्यालयी शिक्षा विभाग एवं प्रशिक्षण संस्थाएं

सर्वप्रथम कलकत्ता विश्वविद्यालय में (1919) में शिक्षा विभाग आरम्भ किया गया तब से लेकर आज तक देश के तमाम विश्वविद्यालयों में शिक्षा विभाग की स्थापना की जा चुकी हैं । एक अनुमान के अनुसार लाने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है, प्रशिक्षण महाविघालयो की तुलना में विश्व–विद्यालयो मे प्रायः अधिक योग्य शिक्षक पाये जाते है , प्रायः इन सभी विश्वविधालयो में बी0 एड0 एम0 एड0 तथा पी–एच0डी0 पाठ्यक्रम चलाए जाते है। विश्वविद्यालयो विभागो तथा अन्य प्रशिक्षण सस्थाओ, जो सरकारी या गैर सरकारी दोनो होती है, के माध्यम से निम्नलिखित कार्य संपादित किए जाते है–

1. शिक्षा में स्नातकोतर तथा अनुसंधान सम्बन्धी अध्ययन का विकास करना ।
2. विभिन्न स्कूलो के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित करना ।
3. स्नातकोतर तथा अनुसंधानात्मक स्तर पर शिक्षक शिक्षा के ठोस कार्यक्रम को तैयार करना।
4. उन पाठ्यक्रमो का विकास करना जो असामान्य है– जैसे विकलागो के लिए शिक्षक शिक्षा ।
5. भाषा प्रयोगशाला , सहायक सामग्री तथा नवाचारो का विकास करना।
6. चार वर्षीय शिक्षक पाठ्यक्रम पत्राचार पाठ्यक्रम आदि तैयार करना।
7. शिक्षक शिक्षा पाठ्य क्रम का अन्य विषयो के साथ सह सम्पर्क स्थापित करना तथा अतं शास्त्रीय उपासन को बढावा देना।
8. सेवा प्रसार विभाग के समस्त कार्य क्रमो को अपेक्षित दिशा प्रदान करना।

यह बात निर्विवाद हैं। कि शिक्षक शिक्षा में अपेक्षित सुधार की आशा तभी करनी चाहिए जब विश्वविद्यालयी विभाग एंव अन्य प्रशिक्षण संस्थाएं शिक्षा में प्रयोग एंव नवाचारों में विमुख न हो तथा शिक्षक शिक्षा को एक दायरे में न बांधते हुए। इसके उन्नयन हेतु अन्तः शास्त्रीय उपागम को अपनायें ।

नयी शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रमुख अभिकरण

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) के अनुसार शिक्षक शिक्षा को समुन्नत बनाने के

लिए विभिन्न स्तरों पर कई प्रकार के अभिकरणों की संकल्पना की गई हैं । प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों तथा अनौपचारिक एंव प्रौढ़ शिक्षा में कार्यरत कार्मिकों के लिए पूर्व सेवा एंव सेवारत पाठ्यक्रमों के आयोजन हेतु जिला शिक्षा तथा प्रशिक्षण संस्थान (डिस्ट्रिक्ट इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन एण्ड ट्रेंनिग) स्थापित किए जाने हैं । माध्यमिक स्तर पर शिक्षक शिक्षा में अपेक्षित सुधार लाने की दृष्टि से चुनी हुई माध्यमिक शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाओं को राज्य शैक्षिक अनुसंधान एंव प्रशिक्षण परिषदों के कार्यों को संपादित करने के लिए उन्नत किया जायेगा ।

प्राथमिक स्तर हेतु अनुमोदित जिला शिक्षा तथा प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) राज्य के विभिन्न जनपदों में स्थापित किए जा रहे हैं। उनकी स्थापना के उपरान्त निम्न स्तर की प्रशिक्षण संस्थाएं धीरे – धीरे समाप्त कर दी जायेंगी । इस संस्थान के प्रधान का सामाजिक स्तर डिग्री कॉलेज अथवा बी0 एड्0 कॉलेज के प्राचार्य के समकक्ष होगा । प्राथमिक शिक्षा में विशिष्टीकरण रखने वाले योग्य शिक्षक का विधिवत चयन इस पद के लिए जायेगा । आधुनिकतम तकनीकी सम्बन्धी समस्त साधन– सुविधायें उपलब्ध होंगी, जैसे – कम्प्यूटर आधारित अधिगम, बी0 सी0 आर0, टी0 बी0 आदि । प्रशिक्षणार्थियों से आशा की जायेंगी कि वह अपने उपयोग हेतु श्रव्य–दृश्य सम्बन्धी सामग्री, जिनमें कैसट भी सम्मिलित होंगे, तैयार कर सकने में सक्षम होंगे । शिक्षण की विभिन्न विधाओं तथा नवीन व्यूह, रचनाओं का उपयोग करते हुए इसे प्रभावी बना सकेंगे। संक्षेप में जिला शिक्षा तथा प्रशिक्षण संस्थान के अधोलिखित कार्य होंगे। –

1. औपचारिक शिक्षा प्रणाली हेतु शिक्षकों की पूर्व सेवा एंव सेवारत प्रशिक्षण की व्यवस्था करना।
2. अनौपचारिक तथा प्रौढ़ शिक्षा के कर्मियों हेतु आरम्भिक तथा अनवरत शिक्षा व्यवस्था करना।
3. संस्थान आयोजना एंव प्रबन्ध के प्रति संस्था को प्रशिक्षण देना ।
4. ऐच्छिक संगठनों के कर्मियों, समाज नेताओं तथा स्कूली शिक्षा की प्रभावित करने वाले अन्य व्यक्तियों की अपेक्षित जानकारी एवं प्रशिक्षण देना ।
5. शाला संगम तथा डिस्ट्रिक्ट बोर्ड ऑफ एजूकेशन को अकादमिक सहायता देना ।

6. प्रयोगात्मक कार्य तथा क्रियात्मक अनुसंधान को बढ़ावा देना ।
7. प्राथमिक, उच्च प्राथमिक पाठशालाओं तथा अनौपचारिक एंव प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों के मूल्यांकन केन्द्र के रूप में कार्य करना ।
8. संसाधन सेवा तथा अधिगम केन्द्र के रूप में कार्य करते हुए परामर्श देना । चयनित माध्यमिक स्तर की प्रशिक्षण संस्थाओं को उठाने की दृष्टि से दो प्रकार के अभिकरणों की संकल्पना प्रोग्राम ऑफ ऐक्शन (1986) के तहत की गई हैं।

   (क) शिक्षक शिक्षा के कॉलेज

   (ख) शिक्षा में उच्च अध्ययन संस्थान

शिक्षक शिक्षा के कॉलेजों के निम्न कार्य होंगे -

1. माध्यमिक शिक्षकों की तैयारी हेतु पूर्व सेवा शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम को संगठित करना ।
2. माध्यमिक शिक्षकों के लिए विषय सम्बन्धी (3–4 सप्ताह की अवधि) तथा विशिष्ट विषयक (कम अवधि 3–10 दिन) के सेवारत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रमों को संगठित करना । कम अवधि के कार्यक्रम के अलावा कम से कम प्रति 5 वर्ष की सेवा के उपरान्त एक विषय संबन्धी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिल सके, इसकी व्यवस्था करना ।
3. व्यक्तिगत शिक्षकों, शाला संगमों, एंव माध्यमिक विद्यालयों को प्रसार तथा परामर्श सम्बन्धी सेवाएं उपलब्ध कराना ।
4. स्कूल शिक्षा में प्रयोग तथा नवाचार के कार्यक्रम को लागू करना ।
5. मूल्य आधारित शिक्षा, कार्यानुभव, पर्यावरणीय शिक्षा, जनसंख्या शिक्षा, शैक्षिक तकनीक, कम्प्यूटर शिक्षा, व्यवसायीकरण, विज्ञान शिक्षा आदि क्षेत्रों में प्रशिक्षण तथा अन्य सहायता प्रदान करना ।
6. व्यावसायिक संस्थाओं को सहायता देना तथा शिक्षक शिक्षा में सामुदायिक कार्य को प्रोत्साहन देना ।

शिक्षा के उच्च अध्ययन संस्थान उन समस्त कार्यों के अलावा जिनका उल्लेख ऊपर किया जा चुका हैं, अधोलिखित कार्य भी करेंगे –

1. प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षकों को तैयार करने के लिए प्राथमिक शिक्षक शिक्षा के कार्यक्रम को संगठित करना ।

2. शिक्षा में एम0 एड्0, एम0 फिल0 तथा पी–एच0 डी0 कार्यक्रमों को चलाया ताकि प्राथमिक एंव माध्यमिक स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षकों की तैयारी हो सकें । कुछ उच्च अध्ययन संस्थानों में 4 वर्षीय समन्वित कार्यक्रम भी माध्यमिक शिक्षकों हेतु चलाया जा सकता हैं।
3. सेवारत् प्राथमिक तथा माध्यमिक स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षकों के लिए सेवाकालीन पाठ्यक्रमों को चलाना । माध्यमिक विद्यालयों के निरीक्षण तथा प्रधानध्यापकों के लिए भी सेवाकालीन पाठ्यक्रम चलाना ।
4. शिक्षक शिक्षा में मार्गदर्शक कार्यक्रमों का संचालन करना ।
5. उच्च स्तरीय अनुसंधान तथा प्रयोगात्मक कार्य का संचालन करना जो विशेष रूप से अन्तःशास्त्रीय उपागम पर आधारित हो ।
6. शैक्षिक तकनीकी क्षेत्र में साफ्ट वेयर तैयारी सम्बन्धी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संगठन करना ।
7. जिला शिक्षा तथा प्रशिक्षण संस्थानों (डाइट) एंव शिक्षक शिक्षा के कॉलेजों को अकादमिक निर्देशन देना ।
8. अनुदेशात्मक सामग्री के विकास के कार्यक्रम आयोजित करना –जैसे शिक्षण सहायक सामग्री किट, प्रश्न बैंक, यूनिट प्लान, टीचर हैण्ड बुक, छात्र वर्क बुक, संदर्भ ग्रंथ, नवाचार कार्यक्रम, स्वाध्ययन अनुदेशन सामग्री आदि ।

देश के सभी प्रांतों में इन विशिष्ट अभिकरणों की स्थापना धीरे–धीरे की जानी हैं। आशा रखनी चाहिए कि इन नवीन प्रयासों से शिक्षकों, प्रशिक्षकों तथा छात्रों को अधिकाधिक कल्याण एंव लाभ होगा ।

शोध हेतु समस्या -

देश को आजादी मिल जाने के बाद सभी राज्यों में संविधान के अनुसार प्राथमिक स्तर से लेकर शिक्षक शिक्षा स्तर की में संख्यात्मक तथा गुणात्मक वृद्वि हेतु प्रयास किये जाने का प्रयास राज्य सरकारों द्वारा किया जाने लगा। इस हेतु केन्द्र सरकार नेभी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से इस स्तर की शिक्षा को उन्नत तथा गतिशील बनाने का प्रयास किया परन्तु उत्तर प्रदेश जो कि देश का जनसंख्यात्मक

दृष्टि से सबसे बडा राज्य है, में इन योजनाओ को उतना गतिशील नही बनाया जा सका जिससे शिक्षक शिक्षा स्तर की शिक्षा की दशा काफी सोचनीय है। और इस स्तर के विघार्थी दिशाहीन होते जा रहे हैं। इस स्थिति का शैक्षिक मूल्यांकन किये जाने की दृष्टि से शोध हेतु निम्न समस्या का चुनाव किया गया है।

" उत्तर प्रदेश में स्नातक स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण और शिक्षा का विकास और समस्याओं का विकास आलोचनात्मक अध्ययन"

शोध समस्या का परिभाषीकरण -

प्रस्तुत शोध समस्या में प्रयुक्त विभिन्न पहलुयों को निम्न प्रकार परिभाषित कर शोध के दृष्टिकोण को प्रदर्शित किया गया है –

उत्तर प्रदेश -

यह भारतवर्ष का सबसे अधिक जनसंख्या वाला प्रदेश है। जिसकी परिधि में 70 जनपद आते है।

शिक्षाक शिक्षा -

इससे तात्पर्य यह है कि + 3 स्तर की शिक्षा प्राप्त करने के उपरान्त शिक्षक शिक्षा तथा उसके आगे की शिक्षा प्राप्त करने से है जैसे – बी0 एड0 , एम0 एड0 आदि।

दशा और दिशा -

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद शिक्षक शिक्षा स्तर की शिक्षा हेतु उत्तर प्रदेश की

सरकार द्वारा जो नीति , वित्त व्यवस्था, पाठ्यक्रम आदि के सम्बन्ध मे निर्धारित की गयी है तथा वर्तमान समय मे शिक्षक शिक्षा स्तर पर शिक्षा का स्तर कैसा है आदि का , अध्ययन इसके अन्तर्गत किया गया है।

शोध समस्या का परिसीमन -

प्रस्तुत शोध कार्य शिक्षक शिक्षा स्तर की स्नातक तथा स्नात्कोत्तर शिक्षा (सामान्य) तक ही सीमित रखा है। इसमें मेडिकल, इन्जीनियरिंग तथा अन्य वैज्ञानिक , तकनीकी स्तर की शिक्षा को शामिल नही किया गया है। अतः 1958 से लेकर वर्ष 2002 तक के सांख्यिकीय आंकडे ही इसमें प्रस्तुत किये गये है।

शोध हेतु उद्देश्य -

किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये सम्बन्धित विषय के लिये उद्देश्य निर्धारित करना अत्यन्त ही आवश्यक है। क्योकि यदि यह कार्यसम्पन्न न किया गया तो दिशाहीन यात्री की भांति ही शोध कार्य भी कुशलता पूर्व सम्पन्न नही हो सकता। इस तर्क को ध्यान मे रखते हुये प्रस्तुत शोध हेतु निम्नलिखित उद्देश्य निश्चित किये गये है।

(1) उत्तर प्रदेश में वर्ष 1950–51 से वर्ष 1993–94 तक की अवधि में स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर के महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों की संख्यात्मक वृद्वि का अध्ययन करना।

(2) शिक्षक शिक्षा स्तर की शिक्षा के विकास संगठन एवं वित्त व्यवस्था की प्रवृत्तियों की खोज करना।

(3) शिक्षक शिक्षा स्तर की शिक्षा के सुधार हेतु शिक्षा के भावी विकास के सम्बन्ध में सुझाव प्रस्तुत करना।

शोध अध्ययन की परिकल्पना -

(1) उत्तर प्रदेश में स्वतन्त्रता के पश्चात शिक्षक शिक्षा का विकास उचित दिशा मे नही हुआ है।

(2) उत्तर प्रदेश में शिक्षा की दशा गुणात्मक रूप से संतोषजनक नही है।

शोध में प्रयुक्त विधियां -

शोध कार्य हेतु शिक्षक शिक्षा स्तर की शिक्षा सम्बन्धी आकडो का एकत्रीकरण सर्वेक्षण विधि द्वारा किया गया है। इस हेतु विभिन्न वर्षो हेतु जिन स्त्रोतो से आंकडो का एकत्र करने में सहायता ली गयी है। उनका विवरण निम्न प्रकार है।

1– वर्ष 1950–51, 1955–56 –

इन वर्षो से सम्बन्धित आंकडे भारत सरकार के मानव विकास मंत्रालय तथा सूचना निदेशालय, उ0प्र0 से एकत्र किये गये है।

2– वर्ष 1960–61 –

इस वर्ष से सम्बन्धित आंकडो की यघपि एन0सी0ई0आर0टी0 नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित "सेकेण्ड नेशनल सर्वे आफ सेकेण्ड्री एजूकेशन इन इण्डिया" में प्रकाशित किया गया है परन्तु इसमें उ0प्र0 के सभी जनपदो के स्पष्ट आंकडे उपलब्ध नही है। जिन्हे भारत सरकार तथा उ0प्र0 सरकार के शिक्षा मंत्रालय तथा सूचना निदेशालय से प्राप्त किया गया है।

3– वर्ष 1965–66, 75–76, 80–81 से 93 तक –

इस अवधि के आंकडे शिक्षा निदेशालय (उच्च शिक्षा) उ0प्र0 इलाहाबाद के कार्यालय से प्राप्त किये गये है।

प्रशनावली -

स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात उ0प्र0 में शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में हुई प्रगति का मूल्यांकन करने हेतु एक प्रशनावली तैयार की गयी है, जिसके अन्तर्गत निम्न कारणों से सम्बनधित प्रश्नो को रखा गया है।

(1) आर्थिक

(2) सामाजिक

(3) राजनैतिक

(4) धार्मिक

(5) अन्य कारण

इस प्रश्नावली को शिक्षकों तथा शिक्षा से सम्बन्धित अधिकारीे तथा व्यक्तियो में वितरित करके उनकी राय ली गयी है तथा बहुमत के आधार पर मूल्यांकन किया गया है।

द्वितीय अध्याय

भारत के उत्तर में 23° 52′ उत्तरी अक्षांश से 31° 28′ उत्तर अक्षांश तक 77° 3′ पूर्व देशान्तर से 84° 30′ पूर्वी देशान्तर तक उत्तर प्रदेश का विस्तार है ।[1] उत्तर प्रदेश के उत्तर में तिब्बत और नेपाल, उत्तर दक्षिण में हिमालय प्रदेश, पश्चिम में हरियाणा दक्षिण पश्चिम में राजस्थान, दक्षिण में मध्य प्रदेश और पूर्व में बिहार स्थित है । भारत के इसी राज्य के भौगोलिक, ऐतिहासिक, आर्थिक, राजनैतिक एंव सांस्कृतिक दृष्टि से अपना विशिष्ट स्थान होने के कारण शोधकर्त्ता ने अपने शोध का क्षेत्र बनाया है ।

उत्तर प्रदेश राज्य की भौगोलिक संरचना:-

उत्तर प्रदेश जनसंख्या की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य है । क्षेत्रफल की दृष्टि से इसका भारतवर्ष में मध्य प्रदेश, राजस्थान एंव महाराष्ट्र के बाद चौथा स्थान है । उत्तर प्रदेश का क्षेत्रफल भारत के कुल क्षेत्रफल का 9 प्रतिशत है। उत्तर प्रदेश का क्षेत्रफल 2.94 लाख वर्ग कि0मी0 है । जनसंख्या का घनत्व 471 व्यक्ति वर्ग कि0मी0 है। उत्तर प्रदेश का पूर्व से पश्चिम तक का विस्तार 650 कि.मी. तथा उत्तर से दक्षिण का विस्तार 240 कि.मी. हैं।

राज्य के तीन प्राकृतिक भाग है–उत्तर में हिमालय का क्षेत्र बीच में गंगा का मैदान और दक्षिण में पहाड़ी तथा पठारी भू–भाग।

हिमालय का क्षेत्र:–

हिमालय क्षेत्र में अनेक श्रेणियां है, जो अत्यन्त बलित एंव भ्रशित समुद्री अवसाद द्वारा निर्मित है । इन पर्वत श्रेणियों में से कुछ जो 7000 मीटर से अधिक हैं वे नन्दादेवी कमित, बदरीनाथ, त्रिशूल और इनागिर हैं।

इस क्षेत्र में 1,500 मीटर की ऊँचाई तक प्रचुर वर्षा होती है। जैसे जैसे ऊँचाई बढ़ती जाती है। यह क्षेत्र सदैव हिमाच्छादित रहता है। अतः जलवायु की दृष्टि से यह

---

1. पंकज चावला उत्तर प्रदेश सामान्य ज्ञान की एक झलक 1991 – 92 (प्रकाश प्रकाशन मेरठ)

भूभाग प्रदेश का सबसे ठण्डा स्थान है। पहाडों के निचले भागों में अत्यधिक नमी होने के कारण जंगल ही जंगल है। चारागाह तो लगभग हिमरेखा तक फैले हुए हैं। जहाँ कहीं सम्भव है, वहाँ गर्मियों में चावल और जाड़ों में गेहूँ की खेती होती हैं।

हिमालय सम्भाग के अन्तर्गत चकराता और देहरादून तहसील का कुछ भाग, नैनीताल जिले की नैनीताल तथा अल्मोड़ा, गढ़बाल, पिथौरागढ़, चमोली और उत्तर काशी जिले आते हैं।,

गंगा के मैदान :-

उत्तर में हिमालय एंव दक्षिण के पठारी क्षत्रों के बीच गंगा और उसकी सहायक नदियों के बेसिन से बना मैदान है। यह क्षेत्र खनिज पदार्थो की कमी परन्तु उपजाऊ पन के लिए विख्यात है । खनिज पदार्थो की कमी के कारण इस क्षेत्र में औद्योगिक प्रगति नहीं कर पाया परन्तु उपजाऊ पन के कारण यह क्षेत्र घना बसा हुआ है । यह क्षेत्र उत्तर में भावर और तराई क्षेत्र तथा दक्षिण में विन्ध्याचल के पठार के बीच स्थित है । पुरे गंगीय क्षेत्र को तीन उपक्षेत्रों में विभाजित किया जा सकता है।

(1) गंगा का पूर्वी मैदान, (2) गंगा का मैदानी क्षेत्र, (3) तथा गंगा का पूर्वी मैदानी प्रदेश ।

गंगा का ऊपरी मैदानी क्षेत्र शिवालिक पहाड़ियों के दक्षिण और बुन्देलखण्ड तथा मालवा पठार के बीच स्थित है । इस मैदानी प्रदेश में भावर और तराई का मैदानी भाग स्थित है । गंगा के अतिरिक्त घाघरा एंव गोमती नदियों इस क्षेत्र में अपवाह तंत्र का मुख्य साधन हैं । इस क्षेत्र की जलवायु गर्म एवं आर्द्र है। अधिक गर्मी व वर्षा के कारण इस क्षेत्र में प्राकृतिक वनस्पति अधिक पायी जाती है। कागज उद्योग अनुकूल वनों के कारण इस क्षेत्र में विकसित हैं।

गंगा का मध्य मैदान मुख्य रूप से यमुना, एवं गंगा, राम गंगा, दोआब में पाये जाते हैं । यहॉ ग्रीष्म ऋतु में तापमान 45 सेन्टीग्रेट तक पहुॅच जाता है। बंगाल की खाड़ी की तरफ से आने वाली मानसूनी हवाओं से इस क्षेत्र वर्षा होती है। इस भू – भाग में खूब खेती की जाती है । गंगा के इस मध्य भाग में सहारनपुर , बिजनौर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा, मैनपुरी, बदायॅु, मुरादाबाद, बरेली आदि जिलो के क्षेत्र आते हैं।

गंगा के पूर्वी मैदानी क्षेत्र में बनारस, गाजीपुर, जौनपुर, बलिया, मिर्जापुर जिले स्थित है। यह क्षेत्र नदियों द्वारा लायी गयी मिट्टी की परतों से बने है, जिन्हें खादर क्षेत्र कहॉ जाता है। इस क्षेत्र में कृषि की अपेक्षा खनिज पदार्थ अधिक पाए जाते हैं।

दक्षिण का पठारी क्षेत्र:-

गंगा यमुना के दक्षिण में यह भाग स्थित है। इस क्षेत्र में झाँसी, हमीरपुर और बाँदा जिले, इलाहावाद जिले की मेजा और करछना तहसील गंगा के दक्षिण में पड,ने वाला मिर्जापुर का हिस्सा तथा वाराणसी जिले की चकिया तहसील आती है । यह दक्षिण के पठार का ही प्रसार है । भूगर्भ विज्ञान की दृष्टि से इस क्षे;त्र का निर्माण अति प्राचीन युग मे हुआ । पठार की ऊँचाई सामान्यतः 300 मीटर से. ऊँची नही है । बहुत कम स्थलों पर यह 450 मीटर से अधिक. ऊँचा है । मिर्जापुर के कुछ स्थानो पर कैमूर और सोनपार की पहाडियां लगभग 600 मीटर ऊँची है । ये पहाडि,यॉ सोन नदी के उत्तर में मिर्जापुर जिले से होकर गुजरती है। बाँदा जिले की कर्वी तहसील मे भी विन्ध्य पर्वत श्रेणियां है। इस क्षेत्र की ढाल सामान्यतः उत्तर पूरब की तरफ है। बेतबा और केन नदियां जो बुन्देलखंड से होकर बहती है । यमुना मे दक्षिण

पश्चिम से आकर मिली है। मिर्जापुर जिले का सुदूर दक्षिण भाग बुन्देलखंड का हिस्सा है । इस सम्भाग में यंत्र तंत्र नीची पहाड़ियां है। पूरे प्रदेश में बर्षा कम होती है। और पानी के आभाव तथा भीषण गर्मी के कारण वृक्षादि छोटे होते है एवं उनका विकास पूरी तरह से नही हो पाता है । जमीन ऊबड, खाबड़ होने के कारण योग्य नही होती है। यहाँ की मुख्य फसल ज्वार चना और गेंहूँ है।

जलवायु और वर्षा:-

उत्तर प्रदेश की जलवायु भिन्न भिन्न स्थानो पर भिन्न भिन्न है। यद्यपि प्रदेश मुख्य रूप से उष्ण प्रधान शीतोष्ण कटिबंध के अन्तर्गत है किन्तु समुद्र तल से विभिन्न स्थानों की अलग अलग ऊँचाई के कारण जलवायु मे बहुत अंतर आ जाता है। हिमालय सम्भाग मे जून से सितम्बर के बीच सामान्यतः भारी बर्षा होती है। जिसका औसत 100 से 200 सेण्टीमीटर तक होता है। उप– पर्वतीय भाग से बर्षा का औसत 100 सेन्टीमीटर से अधिक होता है । गंगा के पश्चिमी प्रभाग से बर्षा का औसत 60 से 100 सेमी के बीच रहता है । जब की पूर्वी प्रभाग मे औसत 100 से 120 सेन्टीमीटर तक रहता है ।

दक्षिण पहाड़ियां और पठार पर वार्षिक वर्षा का औसत 100 सेन्टीग्रेट है। झांसी और बांदा जिले के बाकी हिस्सों मे और हमीरपुर में वर्षा कम होती है।

उत्तर पर्वतीय क्षेत्र को छोड़ कर राज्य के प्रमुख भागों मे वर्षा का औसत 94 सेन्टीमीटर रहता है । वर्ष मे औसतन 44.7 दिन वर्षा होती है। नैनीताल देहरादून और गड़वाल जिलो मे सर्वाधिक वर्षा होती है । मैदानी क्षेत्रों मे गोरखपुर मे सर्वाधिक वर्षा होती है। जिसका औसत 184.7 है। और मथुरा से सबसे कम जिसका औसत 54.4 सेन्टीमीटर है।

मिट्टी :-

उत्तर प्रदेश मे विभिन्न प्रकार की मिट्टी पाई जाती है । जिसको मोटे तौर पर

1– उत्तर प्रदेश बार्षिक 1986–87 (प्रकाशन ,सूचना एंव जन सम्पर्क विभाग ,उ0 प्र0) पृष्ठ–3

उपयुक्त सारिणी से ज्ञात होता है कि सन् 1991 की जनणना के अनुसार उत्तर प्रदेश की सम्पूर्ण जनसंख्या का उत्तर काशी जनपद में .17 प्रतिशत, चमोली जनपद में .32 प्रतिशत, टेहरी गढ़वाल जनपद में .41 प्रतिशत, देहरादून जनपद में .73 प्रतिशत, गढ़वाल जनपद में .48 प्रतिशत, पिथौरागढ़ जनपद में .40 प्रतिशत, अल्मोड़ा जनपद में .59 प्रतिशत, नैनीताल जनपद में 1.12 प्रतिशत, बिजनौर जनपद में 1.76 प्रतिशत, मुरादाबाद जनपद में 2.96 प्रतिशत,रामपुर जनपद में 1.08 प्रतिशत, सहारनपुर जनपद में 1.65प्रतिशत, हरिद्वार जनपद में .80 प्रतिशत, मुजफ्फरनगर जनपद में 2.04 प्रतिशत, मेरठ जनपद में 2.04 प्रतिशत,गाजियाबाद जनपद में 1.98 प्रतिशत, बुलन्दशहर जनपद में 2.04 प्रतिशत, अलीगढ़ जनपद में 2.37 प्रतिशत, मथुरा जनपद में 1.38 प्रतिशत, आगरा जनपद में 1.94 प्रतिशत, फिरोजाबाद जनपद में 1.10 प्रतिशत, एटा जनपद में 1.61 प्रतिशत, मैनपुरी जनपद में .94 प्रतिशत, बदायूँ जनपद में 1.75 प्रतिशत, बरेली जनपद में 2.03 प्रतिशत, पीलीभीत जनपद में .92 प्रतिशत, शाहजहाँपुर जनपद में 1.42 प्रतिशत, खीरी जनपद में 1.73 प्रतिशत, सीतापुर जनपद में 2.05 प्रतिशत, हरदोई जनपद में 1.97 प्रतिशत, उन्नाव जनपद में 1.58 प्रतिशत, लखनऊ जनपद में 1.97 प्रतिशत, रायबरेली जनपद में 1.67 प्रतिशत, फर्रुखाबाद जनपद में 1.75 प्रतिशत, इटावा जनपद में 1.53 प्रतिशत, कानपुर देहात जनपद में 1.79 प्रतिशत जालौन जनपद में .87 प्रतिशत, झाँसी जनपद में 1.02 प्रतिशत, ललितपुर जनपद में .53 प्रतिशत, हमीरपुर जनपद में 1.05 प्रतिशत, बाँदा जनपद में 1.33 प्रतिशत, फतेहपुर जनपद में 1.36 प्रतिशत, प्रतापगढ़ जनपद में 1.52 प्रतिशत, इलाहाबाद जनपद में 3.54 प्रतिशत, बहराइच जनपद मे 1.98 प्रतिशत, गोण्डा जनपद मे 2.57 प्रतिशत, बाराबंकी जनपद में 1.74 प्रतिशत, फैजाबाद जनपद में 2.15 प्रतिशत, सुल्तानपुर जनपद में 1.84 प्रतिशत, सिद्धा र्थनगर जनपद में 1.23 प्रतिशत, महाराजगंज जनपद में 1.20 प्रतिशत, बस्ती जनपद में 1.98 प्रतिशत, गोरखपुर जनपद में 2.21 प्रतिशत देवरिया जनपद में 3. 19 प्रतिशत, मऊ जनपद में 1.03 प्रतिशत, आजमगढ़ जनपद में 2.26 प्रतिशत, जौनपुर

जनपद में 2.30 प्रतिशत, बलिया जनपद में 1.62 प्रतिशत, गााजीपुर जनपद में 1.72 प्रतिशत, बाराणसी जनपद में 3.45 प्रतिशत, मिर्जापुर जनपद में 1.19 प्रतिशत, तथा सोनभद्र जनपद में .77 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है।

लिंगानुसार प्रदेश के उत्तर काशी जनपद में कुल जनसंख्या के 51.86 प्रतिशत पुरूष तथा महिलाएं 48.14 प्रतिशत थी। जनपद चमोली की कुल जनसंख्या में 48. 57 प्रतिशत पुरूष तथा महिलाओं की संख्या 51.43 प्रतिशत, जनपद टेहरी गढ़बाल की कुल जनसंख्या में पुरूषों की संख्या 48.39 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 51.61 प्रतिशत, जनपद देहरादून की कुल जनसंख्या में पुरूषों की संख्या 54.02 प्रतिशत, तथा महिलाओं की संख्या 145.98 प्रतिशत, जनपद गढ़बाल में कुल जनसंख्या के 47.35 प्रतिशत पुरूषों और 52.65 प्रतिशत महिलाएं थी। जनपद पिथौरागढ़ की कुल जनसंख्या में 49.22 प्रतिशत पुरूष तथा महिलाओं की संख्या 50.65 प्रतिशत, जनपद अल्मोड़ा की कुल जनसंख्या के 47.47 प्रतिशत पुरूष एवं महिलाओं की संख्या 52.53 प्रतिशत, जनपद नैनीताल की कुल जनसंख्या 46.6 प्रतिशत महिलाएं एंव पुरूषों की संख्या 53.4 प्रतिशत निवास करते थे। जनपद बिजनौर की कुल जनसंख्या 53.4 प्रतिशत पुरूष तथा महिलाओ की संख्या 46.6 प्रतिशत थी । जनपद मुरादाबाद की कुल जनसंख्या में पुरूषों की संख्या 54.00 प्रतिशत तथा महिलाएं 46.00 प्रतिशत, जनपद रामपुर की कुल जनसंख्या में पुरूषों की संख्या 53.56 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 46.44 प्रतिशत, जनपद सहारनपुर की जनसंख्या में पुरूषों की संख्या 53.77 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 46.23 प्रतिशत, हरिद्वार जनपद की कुल जनसंख्या में पुरूषों की संख्या 54.20 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 45.80 प्रतिशत मुजफ्फर नगर जनपद की कुल जनसंख्या में पुरूषों की संख्या 53.73 तथा महिलाओं की संख्या 46.27 प्रतिशत थी । जनपद मेरठ की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 53.86 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 46.14 प्रतिशत,जनपद गाजियाबाद की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 54.48 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 45.52 प्रतिशत, जनपद बुलन्दशहर की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 53.75 प्रतिशत तथा महिलाओं

की संख्या 46.25 प्रतिशत, जनपद अलीगढ़ की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 54.24 प्रतिशत तथा महिलायों की संख्या 45.76 प्रतिशत, जनपद मथुरा की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 54.96 प्रतिशत तथा महिलायों की संख्या 45.04 प्रतिशत, जनपद आगरा की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 54.60 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 45.40 प्रतिशत, जनपद फिरोजाबाद की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 54.59 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 45.41 प्रतिशत, जनपद एटा की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 54.68 प्रतिशत, तथा महिलाओं का प्रतिशत 45.32 था। जनपद मैनपुरी की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 54.25 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 45.75 प्रतिशत निवास करती थी।

प्रदेश के जनपद बॅदायू की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 52.21 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 47.79 प्रतिश, जनपद बरेली की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 54.25 प्रतिशत महिलाओं की संख्या 45.75 प्रतिशत, जनपद पीलीभीत की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 54.01 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 45.99 प्रतिशत, जनपद शाहजहॉपुर की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 54.99 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 45.01 प्रतिशत, जनपद खीरी की कुल जनसंख्या में पुरुषों संख्या 54.20 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 45.80 प्रतिशत, जनपद सीतापुर की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 54.56 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 45.44 प्रतिशत, जनपद हरदोई की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 54.97 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 45.03 प्रतिशत, जनपद उन्नाव की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 53.33 प्रतिशत, तथा महिलाओं की संख्या 46.67 प्रतिशत, जनपद लखनऊ की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 53.86 प्रतिशत, तथा महिलाओं की संख्या 46.14 प्रतिशत,जनपद रायबरेली की कुल जनांख्या में पुरुषों की संख्या 51.73 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 48.27 प्रतिशत, जनपद फर्रुखाबाद की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 54.38 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 45.62

प्रतिशत, जनपद इटावा की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 54.46 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 45.54 प्रतिशत, जनपद कानपुर देहात की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 54.24 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 45.76 प्रतिशत, जनपद कानपुर नगर की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 54.39 प्रतिशत तथा महिलाओं की कुल संख्या 45.61 प्रतिशत थी ।

जनपद जालौन की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 54.62 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 45.38 प्रतिशत, जनपद झाँसी की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 62.36 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 37.64 प्रतिशत, जनपद ललितपुर की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 53.67 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 46.33 प्रतिशत तथा हमीरपुर जनपद की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 54.28 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 45.72 प्रतिशत, जनपद बांदा की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 54.28 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 45.72 प्रतिशत, जनपद फतेहपुर की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 53.08 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 46.92 प्रतिशत, जनपद प्रतापगढ़ की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 50.22 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 49.78 प्रतिशत, जनपद इलाहाबाद की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 53.27 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 46.73 प्रतिशत, जनपद बहराइच की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 54.30 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 45.70 प्रतिशत थी । जनपद गोण्डा की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 53.43 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 46.57 प्रतिशत, जनपद बाराबंकी की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 53.79 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 46.21 प्रतिशत,जनपद फैजाबाद की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 51.91 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 48.09 प्रतिशत, जनपद सुल्तानपुर की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 57.65 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 42.35 प्रतिशत, जनपद सिद्धार्थ नगर की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 52.25 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या

47.75 प्रतिशत, जनपद महराजगंज की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 51.99 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 48.01 प्रतिशत, जनपद बस्ती की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 52.26 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 47.74 प्रतिशत, जनपद गोरखपुर की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 51.81 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 48.17 प्रतिशत, जनपद देवरिया की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 50.83 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 49.17 प्रतिशत, जनपद मऊ की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 50.71 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 49.29 प्रतिशत,जनपद आजमगढ़ की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 49.73 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 50.27 प्रतिशत थी ।

जनपद जौनपुर की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 50.12 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 48.88 प्रतिशत, जनपद बलिया की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 51.24 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 48.76 प्रतिशत, जनपद गाजीपुर की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 50.98 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 49.02 प्रतिशत, जनपद वाराणसी की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 52.75 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 47.25प्रतिशत, जनपद मिर्जापुर की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 53.34 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 49.66 प्रतिशत, जनपद सोनभद्र की कुल जनसंख्या में पुरुषों की संख्या 53.84 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या 46.16 प्रतिशत थी ।

सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश की 1991 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या 138,760,417,है जिसमें पुरुषों की संख्या 73,745, 994, तथा महिलाओं की संख्या 65,014,423, थी ।

सारणी से ज्ञात होता हैं कि प्रदेश के जनपद उत्तर काशी की जनसंख्या का घनत्व 30 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है चमोली जनपदं की जनसंख्या का घनत्व 48 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है। टहेरी गढ़वाल का घनत्व 130 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है । देहरादून जनपद का घनत्व 329 किलोमीटर है । गढ़वाल जनपद का

घनत्व 123 किलोमीटर, पिथौरागढ़ जनपद का घनत्व 63 प्रति वर्ग किलोमीटर, अल्मोड़ा जनपद का घनत्व 153 प्रति वर्ग किलोमीटर , नैनीताल जनपदं का घनत्व 229 प्रति वर्ग किलोमीटर, बिजनौर जनपद का घनत्व 519 प्रति वर्ग किलोमीटर, मुरादाबाद जनपद का घनत्व 689 प्रति वर्ग किलोमीटर, रामपुर जनपद का घनत्व 633 प्रति वर्ग किलोमीटर, सहारनपुर जनपद का घनत्व 595 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर, हरिद्वार जनपद की जनसंख्या का घनत्व 563 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर, मुजफ्फरनगर जनपद की जनसंख्या का घनत्व 700 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर, मेरठ जनपद का घनत्व 1062 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर, बुलन्दशहर जनपद की जनसंख्या का घनत्व 653 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर, अलीगढ़ जनपद का घनत्व 657 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर, मथुरा जनपद का घनत्व 505 व्यक्ति प्रति वर्ग किलो मीटर, आगरा जनपद का घनत्व 672 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर, फिरोजाबाद जनपद का घनत्व 649 व्यक्ति प्रति वर्ग किलो मीटर, एटा जनपद का घनत्व 504 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर, मैनपुरी जनपद का घनत्व 473 प्रति वर्ग किलोमीटर, बदायूँ जनपद का घनत्व 472 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर, बरेली जनपद का घनत्व 685 प्रति वर्ग किलोमीटर, पीलीभीत जनपद का घनत्व 365 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर, शॅाहजहापुर जनपद का घनत्व 433 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर, खीरी जनपद का घनत्व 314 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर, सीतापुर जनपद का घनत्व 496 प्रति वर्ग किलोमीटर, हरदोई जनपद का घनत्व 458 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर, लखनऊ जनपद का घनत्व 1086 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर, उन्नव जनपद का घनत्व 482 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर, रायबरेली जनपद का घनत्व 503 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर, फर्रुखाबाद जनपद का घनत्व 569 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर, इटावा जनपद का घनत्व 492 व्यक्ति प्रति वर्ग किलामीटर, कानपुर देहात का घनत्व 416 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर,कानपुर नगर जनपद का घनत्व 2390 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर, जालौन जनपद का घनत्व 267 व्यक्ति प्रति वर्गकिलोमीटर, झाँसी जनपद का घनत्व 248 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर, ललितपुर जनपद का घनत्व

149 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर, हमीरपुर जनपद का घनत्व 205, बांदा जनपद का घनत्व 243, फतेहपुर जनपद का घनत्व 455, प्रतापगढ़ जनपद का घनत्व 595,इलाहाबाद जनपद का घनत्व 676 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर, हैं। बहराइच जनपद का घनत्व 400 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर, गोण्डा जनपद का घनत्व 486 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर, बाराबंकी जनपद की जनसंख्या का घनत्व 551 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर, हैं । फैजाबाद जनपद का घनत्व 661 प्रति वर्ग किलोमीटर, सुल्तानपुर जनपद का घनत्व 577 प्रति वर्ग किलोमीटर, सिद्धार्थनगर जन पद का घनत्व 580 प्रति वर्ग किलोमीटर , महराजगंज जनपद का घनत्व 570 बस्ती जनपद का घनत्व 642, गोरखपुर जनपद का घनत्व 923 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर हैं । देवरिया जनपद का घनत्व 813 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर, मऊ जनपद का घनत्व 834, आजमगढ़ जनपद का घनत्व 747 एंव जौनपुर जनपद की जनसंख्या का घनत्व 794 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर हैं । बलिया जनपद का घनत्व 753 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर , गाजीपुर जनपद का घनत्व 710 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर वाराणसी का घनतव 943 प्रति वर्ग किलोमीटर, मिर्जापुर जनपद का घनतव 334 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर तथा सोनभद्र जनपद की जनसंख्या का घनत्व 168 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर हैं ।

सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश की कुल जनसंख्या 138760417 जिसमें पुरुषों की संख्या 73745994 तथा महिलाओं की संख्या 65014423 हैं तथा जनसंख्या का घनत्व 471 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर हैं, जबकि भारत वर्ष का घनत्व 1991 की जनगणना के अनुसार 267 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर हैं । इससे ज्ञात होता हैं । कि उत्तर प्रदेश का जनसंख्या घनत्व अधिक हैं । उसका प्रमुख प्रमुख कारण प्राकृतिक एंव गंगा ,यमुना के मैदान का उपजाऊ होना हैं ।

जनसंख्या वितरण आंकड़ों से ज्ञात होता हैं कि भारत में उत्तर प्रदेश सर्वाधिक जनसंख्या वाला प्रदेश हैं। वहां की जनसंख्या 1901 में 4.86 करोड़ थी, जो सन् 1981 में 11.08 करोड़, जो 1991 में 13.87 करोड़ हो गयी हैं । प्रदेश की जनसंख्या का घनत्व

1971 में 300 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर तथा 1981 में 377 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर था । सन् 1991 में बढ़कर 471 व्यक्ति प्रतिवर्ग किलोमीटर हो गया हैं। जो भारत के जनसंख्या घनत्व 267 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर से कहीं अधिक हैं दुति जनसंख्या वृद्धि से प्रदेश की स्थिति बड़ी चिन्ताजनक हैं । सन् 1981 में यहाँ की दशकानुसार वृद्धि दर 25.49 प्रति हजार तथा 1991 में 25.16 प्रति हजार आंकी गयी, जो देश की वृद्धि दर से अधिक हैं ।

सन् 2001 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश में जनपदवार जनसंख्या का विवरण

तालिका नं० – 3

क्रमांक	जिला	जनसंख्या 2001
1	2	3
	उत्तर प्रदेश	**166052859**
1	इलाहाबाद	4941510
2	कानपुर नगर	4137489
3	आजमगढ़	3950808
4	जौनपुर	3911305
5	गोरखपुर	3784720
6	मुरादाबाद	3749630
7	लखनऊ	3681416
8	सीतापुर	3616510
9	आगरा	3611301
10	बरेली	3598701
11	मुजफ्फरनगर	3541952
12	हरदौई	3397414
13	गाजियावाद	3289540
14	खेरी	3200137
15	सुल्तानपुर	3190926
16	वाराणसी	3147927
17	बिजनौर	3130586
18	बुदोन	3069245
19	गाजीपुर	3049337
20	मेरठ	3001636

जनसंख्या शिक्षा दिग्दर्शिका 2001 (जनगणना कार्यालय उ० प्र० लखनऊ से प्राप्त प्राबिसनल जनसंख्या दिग्दर्शिका) पृष्ठ–40–41

तालिका नं0 – 3 (क्रमागत)

क्रमांक	जिला	जनसंख्या 2001
1	2	3
21	अलीगढ़	2990388
22	बुलन्दशहर	2923290
23	कुशीनगर	2891933
24	रायबरेली	2872204
25	सहारनपुर	2848152
26	एटा	2788270
27	गोण्डा	2765754
28	बलिया	2752412
29	देवरिया	2730376
30	प्रतापगढ	2727156
31	उन्नाव	2700426
32	बारावंकी	2673394
33	शाहजहांपुर	2549458
34	बहराइच	2384239
35	फतेहपुर	2305847
36	महाराजगंज	2167041
37	मिर्जापुर	2114852
38	फैजावाद	2087914
39	मथुरा	2069578
40	बस्ती	2068922
41	फिरोजाबाद	2045737
42	सिद्धार्थनगर	2038598
43	अम्बेडकरनगर	2025373
44	रामपुर	1922450
45	मऊ	1849294

तालिका नं0 — 3 (क्रमागत)

क्रमांक	जिला	जनसंख्या 2001
1	2	3
46	झाँसी	1746715
47	बलरामपुर	1684567
48	पीलीभीत	1643788
49	चन्दौरी	1639777
50	मैनपुरी	1592875
51	कानपुरदेहात	1584037
52	फरूखाबाद	1577237
53	बांदा	1500253
54	ज्योतिवाफूलेनगर	1499193
55	सोनभद्र	1463468
56	जालौन	1455859
57	सन्त कबीर नगर	1424500
58	कन्नोज	1385227
59	सन्त रवीदास नगर भदौई	1352056
60	इटावा	1340031
61	हाथरस	1333372
62	कौशाम्बी	1294937
63	गौतमबुद्व नगर	1191263
64	औरैया	1179496
65	सिराबस्ती	1175428
66	बागपत	1164388
67	हमीरपुर	1042374
68	ललितपुर	977447
69	चित्रकूट	800592
70	महोबा	708831

SEX RATIO IN INDIA AND UTTAR PRADESH 1901-2001

NUMBER OF FEMALES PER 1000 MALES

1000
980
960
940
920
900
880
860
840
820
800

CENSUS YEAR	India	Uttar Pradesh
1901	972	938
1911	954	916
1921	955	908
1931	950	903
1941	945	907
1951	946	908
1961	941	907
1971	930	876
1981	934	882
1991	927	876
2001	933	898

CENSUS YEAR

जनसंख्या दिग्दर्शिका 2001 पृष्ठ – 87

इस राज्य में अधिकतर लोग हिन्दी भाषा भाषी हैं। किन्तु राज्य के प्रत्येक सम्भाग की अपनी अपनी स्थानीय भाषायें है। बुन्दलेखण्ड सम्भाग में हिन्दी के साथ –साथ वहाँ बोले जाने वाली बुन्देलखण्डी भाषा का भी प्रयोग किया जाता है। गंगा के मैदानी भागों में भी हिन्दी के साथ ब्रज भाषा का भी प्रयोग किया जाता है। पूर्वी सम्भाग में पुरबिया भाषा का प्रयोग तथा गोरखपुर, बलिया,मिर्जापुर तथा गाजीपुर में भोजपुरी भाषा का प्रयोग हिन्दी के साथ किया जाता है । प्रदेश में उर्दू भाषा बोलने की संख्या 17657735 हैं । उर्दू भाषा के बाद पंजाबी एंवं मराठी भाषा का स्थान आता है ।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट होता हैं, कि इस प्रदेश के धरातलीय स्वरूप ने यहाँ की जनसंख्या के वितरण में असमानता उत्पन्न कर दी हैं । राज्य का अधिकतर भाग ग्रामीण अंचलों में निवास करता है, जिमसें साक्षरता का अभाव है । इस अभाव की पूर्ति हेतु स्वतन्त्रोत्तर काल में विभिन्न प्रयास किए गए हैं, किन्तु सन्तोषप्रद उपलब्धि नहीं हो सकी है ।

उत्तर प्रदेश की जनसंख्या में विभिन्न धर्मावलम्बी है । सन् 1991 की जनगणना के आधार पर 92365968 व्यक्ति हिन्दू, 17657735 लोग मुस्लिम, 162199 लोग ईसाई धर्म, 45647 लोग सिक्ख, 54542 लोग बौद्ध धर्म मानने वाले है[1] ।

शैक्षिक पिछड़ेपन के कारण :-

उत्तर प्रदेश भारतवर्ष का सबसे अधिक जनसंख्या वाला प्रदेश है किन्तु शिक्षा की दृष्टि से पिछड़ा हुआ राज्य हैं उत्तर प्रदेश में अधिक निरक्षरता क्यों है ? इसके पहले शिशु को बाल एवं युवावस्था में भी उसे शिक्षा प्राप्त न हो सकी । इसके अनेक कारण हो सकते है। मसलन –गरीब होना, परिवार का शिक्षित न होना, साधनहीन होना आदि। इसके अतिरिक्त प्रदेश की भौगोलिक संरचना , सामाजिक पृष्ठ भूमि, ऐतिहासिक पृष्ठ–भूमि, राजनैतिक पृष्ठ – भूमि तथा जनसंख्यात्मक विवरण भी है। किन्तु उक्त

---

1. पंकज चावला उत्तर प्रदेश सामान्य ज्ञान की एक झलक उत्तर प्रदेश 1991–92 (प्रकाश प्रकाशन मेरठ) – 2. पृष्ठ – 4

परिवेशों से ही उसके पिछड़ेपन का आंकलन नहीं किया जा सकता हैं जो कुछ मानवीय प्रयत्नों से सम्भव है, उसकी अवतारणा तथा उसके कार्यान्वयन में कहीं न कहीं त्रुटि है। इस त्रुटि या दोष के निराकरण के बिना साक्षरता एंव शिक्षा को प्रगति के पथ पर अग्रसर करना असम्भव प्रतीत होता है।

उत्तर प्रदेश में सम्पूर्ण साक्षरता की सार्वभौमिक उपलब्धि में बहुमुखी बाधाऐं है। सर्व प्रथम तो समस्या बच्चों की है। जिनकों दो श्रेणियॉ में विभाजित किया जा सकता है। एक तो वे जिन्होने कभी भी पाठशाला जाने का प्रयत्न नहीं किया । दूसरे वे जो किसी भी तरह पाठशाला पहुॅच तो गए , किन्तु उस पाठशाला की अन्तिम पीढ़ी तक नहीं पहुॅच सके । दूसरी समस्या पाठशालाओं की है, जिनके भवन साज सज्जा, उपकरण इतने जीर्ण क्षीर्ण है, कि जो बच्चों को एंव अभिभावको को अपनी तरफ आकर्षित करने में सक्षम नहीं है ।

उत्तर प्रदेश राज्य में शैक्षिक पिछड़ेपन का प्रमुख कारण इस राज्य की तीव्र गति से जनसंख्या वृद्धि हैं। यदि किसी कृषक के पास अपनी भूमि हैं, तो उसके परिवार के सदस्यों की संख्या बढ़ने पर उसकी भूमि कई पुत्रों में बंट जाती है। फलतः ऐसे परिवार के लिए जितनी मात्रा में खाद्यान्न अपेक्षित हैं, उसमें भी कमी होने लगती है। परिवार के सदस्यों के कृषि सम्बन्धी कार्य कम हो जाते है। और उनकी प्रति व्यक्ति आय कम हो जाती है।

तृतीय अध्याय

शोध से सम्बन्धित साहित्य एवं शोध कार्य की मौलिकता

सम्बद्ध साहित्य का तात्पर्य उस साहित्य से हैं, जिसमें समस्या अथवा उसके किसी पक्ष की विवेचना की गई हो। इस साहित्य का स्वरुप पुस्तक, प्रतिवेदन लेख, शोध प्रबन्ध, टीका ,कोष आदि हो सकता है। जिसमें सम्बन्धित बिषय की पूर्ण अथवा आंशिक व्यवस्था प्रस्तुत की गयी है। सम्बद्ध सहित्य को जान लेने से शोधकर्त्ता को अपनी समस्या के सम्बन्ध में आधुनिकतम जानकारी प्राप्त हो जाती है। यह जानकारी व्यापक ज्ञान के लिए आवश्यक होती है । इससे पता चलता है कि उपलब्ध ज्ञान सें समस्या का निराकरण हो सकता है या नहीं। यदि समस्या के सन्दर्भ में पहले से ही ज्ञान उपलब्ध हो तो उस पर शोध करने की आवश्यकता नही होती यदि उसके सम्बन्ध में कोई नया ज्ञान प्राप्त हो सकता है तो शोध की आवश्यकता प्रतिपादित हो जाती हैं। सम्बद्ध साहित्य का ज्ञान बहुत से नये विचार व्याख्याएं, सिद्धान्त और परिकल्पना की जानकारी देता हैं जिससे शोधकर्त्ता को अपनी समस्या हल करने में सहायता मिलती हैं। सम्बन्धित शोध ग्रन्थों का अध्ययन कर लेने से नई विधियां और उपकरणों का ज्ञान होता हैं। जिससे प्रस्तुत समस्या में सहायता मिलती है। इस सन्दर्भित साहित्य के सर्वेक्षण से अनुसंधानकर्त्ता को दो लाभ हुए–एक तो अपने विषय की सीमाओं से सुपरिचित हुआ दूसरे अनावश्यक पुनरावृत्तियां से भी बचने का अवसर मिला । पूर्व काल का अध्ययन विचारोत्तेजना, प्रेरणा और स्थिति से परिज्ञान के लिए अनुसंधान कर्मी को उपयोगी सिद्ध हुआ। तथा इस अनुसंधान के विधान की रचना के सम्बन्ध में अर्न्तदृष्टि प्राप्त हुई । यह अर्न्तदृष्टि समस्या के परिसीमन, समस्या के परिभाषीकरण एवं अनुसंधान विधि के चयन आदि के बारे में प्राप्त हुई दूसरी ओर प्रदत्तों का विश्लेषण तथा व्याख्या करके निष्कर्षों तक पहुँचा जाता है। इन निष्कर्षों से तुलना की जा सकती है जिससे उसकी प्रमाणिकता में वृद्धि हो जाती है।

इसी दृष्टिकोण से इस अध्याय में प्रस्तुत शोध से सम्बन्धित ऐसे साहित्य का अध्ययन किया गया है जो विभिन्न विश्व विद्यालयों, संस्थाओं, व्यक्तियों तथा

शिक्षा विदों द्वारा अनुसंधान कर प्राप्त किया गयाा है। यह अनुसंधान अधिकांशतः भारत वर्ष में ही हुए है। इस विषय पर विदेशों में कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं हुआ है। अनुसंधानकर्त्ता ने ऐसी शोध संक्षेपिकायें प्रस्तुत की हैं जिनमें उनके उद्देश्य और निष्कर्षों का संक्षेप में उल्लेख किया गया है। इस विवरण के अन्त में उसकी विवेचना की गयी है और प्रस्तुत समस्या से उसकी तुलना भी की गयी है।

विदेशी विश्वविद्यालयों में :-

के०सी०एन०सैम्अल:-

1. '' दि रोल आफ हायर एजूकेशन इन इण्डिया सिन्स इण्डीपेन्ड्स '' पी–एच0डी0, कैथोलिक यूनीवर्सिटी आफ अमेरिका 1971.

शोध के उद्देश्य:-

1– स्वतन्त्र भारत के शैक्षिक परिवेश का अध्ययन करना ।

2– विश्वविद्यालय स्तर (उच्च शिक्षा की भूमिका) की शिक्षा का भारतीय परिवेश के सन्दर्भ में अध्ययन करना।

निष्कर्ष:-

1– स्वतन्त्र भारत के लिए वर्तमान में प्रचलित उच्च शिक्षा हेतु निर्धारित नीतियां पूर्णतः अनुपयुक्त है ।

2– वर्तमान में जो निर्धारित की गयी हैं उनके अनुसार पाठ्यक्रम को पुनः संशोधित करने की आवश्यकता है ।

3– विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में शैक्षिक माहौल का पूर्ण अभाव है ।

4– सम्पूर्ण शिक्षा पर किया जाने वाले व्यय में उच्च शिक्षा का हिस्सा मात्र 2 प्रतिशत हैं जो अत्यन्त कम हैं ।

2– चम्पा टिम्कू:-

"ए क्रिटिकल स्टडी आफॅ दि हिस्ट्री एण्ड डिवलप मैन्ट आफॅ दि यूनीवर्सिटी एजूकेशन इन मार्डन इण्डिया विद् स्पेशल टू प्राब्लम एण्ड पैन्ट्रर्से आफॅ ग्रोथ सिन्स 1947, पी–एच0 डी0 यूनी , आफॅ लन्दन, 1981.

उददेश्य:-

1– आधुनिक भारतीय परिवेश में उच्च शिक्षा के स्वरुप के बारे में अध्ययन करना ।

2– भारत में उच्च शिक्षा के विकास में आने वाली बाधाओं का अध्ययन करना ।

निष्कर्ष:-

1– आधुनिक भारतीय परिवेश के अनुसार प्रचलित शिक्षा नीति (उच्च शिक्षा के सन्दर्भ) में परिवर्तन किया जाना आवश्यक हैं ।

2– उच्च शिक्षा केवल मेघावी तथा प्रतिभा सम्पन्न छात्रों को ही उपलब्ध करायी जानी चाहिऐ ।

3– उच्च शिक्षा पर किया जाने वाला पूर्ण व्यय केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार दोनों को आपस में बॉट लेना चाहिए ।

4– ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा हेतु विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयी सुविघांए उपलब्ध करायी जानी चाहिए।

5– पाठ्यक्रम में नवीन शैक्षिक सामग्री जोड़ी जानी चाहिए जिसमें भारतीय नवयुवक नवीन वैज्ञानिक खोजों से अपने को अद्यतन रख सके ।

6– महाविद्यालय/विश्वविद्यालय स्तर के शिक्षकों की नियुक्तियां केवल भारतीय खोज परीक्षा के आघार पर होनी चाहिए ।

....

फोर्थ सर्वे ऑफ एजूकेशन नई दिल्ली एन0सी0ई0आर0टी0 1991 पृष्ठ – 86

भारत वर्ष में हुए शोध

डी० लिट० स्तर पर किये गये शोध :-

1– **मिश्रा, आत्मानन्द :-**

फाइनेन्शसिंग इन एजूकेशन इन इण्डिया डी0 लिट0 शिक्षा, सागर विश्वविद्यालय सागर (म0प्र0), 1970

उद्देश्य :-

1– भारत वर्ष में संविधान में किये गये प्रविधानों के अनुसार विभिन्न स्तरों की शिक्षा हेतु उपलब्ध बजट के बारे में जानकारी हासिल करना ।

2– भारत वर्ष में शिक्षा के विभिन्नता हेतु, उपलब्ध संसाधनों के अतिरिक्त आय के अन्य स्रोतों की जानकारी करना ।

3– देश में शिक्षक शिक्षा स्तर की शिक्षा हेतु विशेष नीति तथा अर्न्तराष्ट्रीय गुणवत्ता स्थापित करने हेतु विभिन्न पक्षों की उपलब्धता ज्ञात करना ।

निष्कर्ष :-

1– देश में संविधान में उल्लिखित सुविधाओं तथा स्पष्ट नीति का अभाव हैं ।

2– प्राथमिक माध्यमिक तथा विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा हेतु राज्यों को स्वतन्त्रता प्राप्त नहीं हैं ।

3– शिक्षा हेतु बजट बहुत कम हैं ।

4– विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा सामूहिक रुप से उपलब्ध कराने के स्थान पर उसे योग्य तथा मेधावी तथा प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रदान किये जाने की कोई व्यवस्था नहीं हैं। अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर गुणवत्ता की छवि बनाने हेतु विभिन्न देशों तथा प्रदेशो में समय–समय पर कान्फ्रेंस, सेमीनार आयोजित किये जाने की आवश्यकता हैं तथा शिक्षकों की अदला–बदली भी एक निश्चित समय के लिये की जानी आवश्यक हैं। वर्तमान में इस प्रकार की योजनाओं का पूर्ण अभाव हैं ।

2— **अग्रवाल, डॉ० वी० पी० -**

राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में भारत वर्ष की आधुनिक शिक्षा का आलोचनात्मक अध्ययन, डी. लिट., कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर, 1992.

शोध के उद्देश्य:-

1— भारत वर्ष में स्वतन्त्रता के पश्चात् प्राथमिक, माध्यमिक, विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा सहित सभी प्रकार की शिक्षा हेतु केन्द्र सरकार की नीति का क्रियान्वयन पक्ष का अध्ययन करना ।

2— सभी स्तरो की शिक्षा व्यवस्था का अध्ययन करना ।

3— सभी स्तरों की शिक्षा हेतु केन्द्र – राज्य सम्बन्धों की जानकारी करना ।

4— शिक्षक तथा विद्यार्थियों की शैक्षिक सुविधाओं तथा शैक्षिक अवसरों की जानकारी करना ।

5— विभिन्न स्तरों की शैक्षिक संस्थाओं की संख्यिकीय वृद्धि तथा गुणात्मक वृद्धि के बारे में जानकारी करना।

6— केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकारों द्वारा शिक्षा पर किया जाने वाले बजट तथा अन्य श्रोतों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करना ।

शोध के निष्कर्ष :-

1— केन्द्र सरकार द्वारा प्राथमिक, माध्यमिक, विश्वविद्यालय शिक्षक शिक्षा स्तर हेतु निर्धारित नीतियों का पक्ष बहुत कमजोर हैं तथा उनका क्रियान्वयन ठीक प्रकार से नही होता हैं ।

2— प्राथमिक, माध्यमिक तथा विश्वविद्यालय शिक्षक शिक्षा स्तर की शिक्षा के क्रियान्वयन हेतु शिक्षा की प्रशासनिक व्यवस्था में सामंजस का अभाव हैं ।

3— केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकारों में विभिन्न स्तर की शिक्षा हेतु अलग–अलग राजनैतिक दृष्टिकोण तथा सोच हैं जिसके कारण उनकी गुणवत्ता गिर रही हैं ।

4— शैक्षिक तथा विद्यार्थियों की शैक्षिक सुविधाओं में सुधार की अत्यन्त आवश्यकता हैं।

5– स्वतंन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् प्राथमिक स्तर से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक की सभी संस्थाओं की संख्यात्मक वृद्धि काफी तेजी से हुई है लेकिन जनसंख्या वृद्धि दर के सापेक्ष यह बहुत कम हैं ।

6– केन्द्र तथा राज्य सरकारों द्वारा शिक्षा पर किये जाने वाला बजट बहुत कम है जिससे शिक्षा का स्तर निरन्तर गिर रहा हैं ।

2– पी-एच० डी० स्तर पर किये गये शोध :-

डी० सिंह :-

[1]ए कम्परेटिव स्टडी ऑफ एजूकेशन डिवलपमैन्ट इन मध्य प्रदेश एण्ड उत्तर प्रदेश ड्यूरिंग दि पीरियड–1947 पी–एच0डी0 शिक्षा ए0 पी0 एस0 विश्वविद्यालय, रीवा ।

उद्देश्य :-

1– उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश के विश्वविद्यालयों में स्नातक तथा स्नातकोत्तर पर चलाये जा रहे पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता मालूम करना ।

2– उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश के विश्वविद्यालयों में उपलब्ध शैक्षिक सुविधाओं का तुलनात्मक अध्ययन करना ।

निष्कर्ष :-

1– दोनों प्रदेशों में प्रचलित पाठ्यक्रम अत्यन्त प्राचीन एंव परम्परागत है उनमें नवीन शिक्षा नीति के अनुसार परिवर्तन किये जाने की आवश्यकता हैं ।

2– दोनों प्रदेशों में उच्च शिक्षा स्तर पर पर्याप्त शैक्षिक सुविधायें उपलब्ध नही हैं । आवासीय विश्वविद्यालयों में शैक्षिक माहौल हैं ।

थर्ड सर्वे ऑफ एजूकेशन नई दिल्ली, एन0 सी0 ई0 आर0 टी0

कौल, जे० एन०:-

यूनीवर्सिटी एजूकेशन इन इण्डिया, पी–एच0 डी0 एजुकेशन हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला, 1955

उद्देश्य:-

1– स्वतन्त्रता के पश्चात् देश में विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा हेतु नीति एंव योजनाओं के विभिन्न पक्षों का अध्ययन करना ।

2– विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा को सुदृढ़ बनाने हेतु सुझाव प्रस्तुत करना ।

3– रोजगार परक शिक्षा उच्च स्तर पर किये जाने की अत्यन्त आवश्यकता हैं।

4– डिग्री को रोजगार से न जोड़ने के पक्ष में 90 प्रतिशत लोगों के द्वारा अभिमत व्यक्त किया गया ।

एम० मिश्रा :-

एजूकेशन इन उत्तर प्रदेश फाम 1958 टू 1900 पी–एच0 डी0 एजुकेशन लखनऊ यूनी. 1969.

उद्देश्य:-

ब्रिटिश साम्राज्य में प्रचलित शिक्षा नीति का आलोचनात्मक अध्ययन करना ।

निष्कर्ष:–

1– उच्च शिक्षा की जो व्यवस्था सरकार द्वारा की जा रही हैं। वह व्यावहारिक कम सैद्धान्तिक अधिक हैं।

2– शिक्षा के द्वारा छात्रों में नैतिकता का विकास नही किया जा सका हैं ।

ए० चक्रवर्ती:-

''हिस्ट्री ऑफ एजुकेशन इन आसाम 1826–1919, पी–एच0 डी0 आर्ट्स गढ़वाल यूनीवर्सिटी श्री नगर 1971''

उद्देश्य:-

ब्रिटिशन साम्राज्य के अन्तर्गत आसाम में शिक्षा की प्रकृति और विकास का अध्ययन (1826–1919)

निष्कर्ष:-

1– स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् देश में विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा हेतु जो नीति निर्धारित की गयी है वह भारत जैसे गरीब देश हेतु उपयुक्त नही हैं ।

2– विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा हेतु योग्य शिक्षक, उपयुक्त पाठ्यक्रम, स्तरीय पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने हेतु राज्य सरकार में सामंजस्य स्थापित होना आवश्यक हैं।

डी.एच.डाकर:-

प्रोग्रेस ऑफ यूनीवर्सिटी एजूकेशन इन गुजरात स्टेट आफ्टर इण्डीपेन्स, पी–एच0 डी0 1979, गुजरात यूनीवर्सिटी बड़ौदा ।

उद्देश्य:-

1– गुजरात प्रदेश में स्वतन्त्रता के बाद हुई संख्यात्मक वृद्धि का अध्ययन करना ।

2– उच्च शिक्षा के विकास में आने वाली बाधाओं एवं समस्याओं का अध्ययन करना ।

निष्कर्ष:-

1– प्रदेश में उच्च शिक्षा संस्थाओं के विकास की गति अत्यन्त मन्द है ।

2– विश्वविद्यालय/महाविद्यालय स्तर के शिक्षकों की योंग्यताएं तथा सेवा शर्ते उपयुक्त नहीं है।

निष्कर्ष:-

प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा स्तर पर व्यावसायीकृत शिक्षा पर अधिक जोर दिया जा रहा है ।

उच्च स्तर पर शिक्षा की व्यवस्था सन्तोषजनक नहीं थी ।

वर्मा जी. सी.:-

ग्रोथ एण्ड डिवलपमेन्ट ऑफ मार्डन एजुकेशन इन राजस्थान, पी–एच0 डी0 इतिहास, राजस्थान विश्वविद्यालय, 1981 .

उद्देश्य :-

1– भारत वर्ष में शैक्षिक विकास की सांख्यिकीय गति का अध्ययन करना ।

2– भारत वर्ष में शिक्षा में हो रहे गुणात्मक विकास का अध्ययन करना ।

निष्कर्ष :-

1– भारत वर्ष में शिक्षा के विकास की गति अत्यधिक धीमी है ।

2– उच्च शिक्षा के लिए पर्याप्त शैक्षिक अवसर उपलब्ध नहीं है ।

3– विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा हेतु उचित दिशा का अत्यन्त अभाव है ।

4– उच्च शिक्षा का स्तर अत्यन्त निम्न है ।

5– भारतीय शिक्षा प्रणाली पूर्णतः अनुपयुक्त एवं प्रभावहीन है ।

अग्रवाल, राज :-

स्वतन्त्रता उपरान्त बुन्देलखण्ड क्षेत्र में स्त्री शिक्षा का विकास एवं मूल्यांकन, पी–एच0 डी0 शिक्षा, कानपुर विश्वविद्यालय कानपुर – 1986.

1– उत्तर प्रदेश के सापेक्ष बुन्देलखण्ड क्षेत्र शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर स्त्री शिक्षा के विकास के सांख्यिकीय अध्ययन करना।

2– उत्तर प्रदेश के सापेक्ष बुन्देलखण्ड क्षेत्र में शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर स्त्री शिक्षा की गुणवत्ता का अध्ययन करना ।

निष्कर्ष :-

1– स्वतन्त्रता के पश्चात् उत्तर प्रदेश में प्राथमिक, माध्यमिक तथा विश्वविद्याालय स्तर की शिक्षा के विकास की गति धीमी रही जिसका प्रभाव बुन्देल खण्ड क्षेत्र की स्त्री शिक्षा पर भी पड़ा ।

2– स्वतन्त्रता के पश्चात् उत्तर प्रदेश प्राथमिक तथा माध्यमिक स्तर की शिक्षा पर अधिक ध्यान दिया गया परन्तु विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा पर कम ध्यान दिये जाने के कारण बुन्देल खण्ड क्षेत्र की स्त्री शिक्षा की गुणवत्ता पर भी काफी विपरीत प्रभाव पड़ा ।

1–एमफिल/एम० एड० स्तर पर किये गये शोध शीर्षक:-

एस०के० शुक्ला :-

एजुकेशन सर्वे ऑफ जौनपुर, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद 1950.

2–श्रीमती एस०आर० त्रिवेदी :-

ए सर्वे ऑफ एजुकेशन कन्डीशन्स ए.जी सटीग इन चन्दोसी आगरा विश्वविद्यालय 1950.

3–श्याम बाबू त्रिपाठी :-

फतेहपुर जनपद की शिक्षा की प्रगति, कानपुर विश्वविद्यालय 1970.

4–जय नारायण निरंजन :-

जालौन जिले की शिक्षा में प्रगति, कानपुर विश्वविद्यालय, 1971.

5–एम०एल० सक्सेना :-

एजूकेशन सर्वे ऑफ फर्रुखाबाद, कानपुर विश्वविद्यालय, 1980.

उपरोक्त शोध संपेक्षिकाओं तथा शोध शीर्षकों को देखने से स्पष्ट होता हैं कि विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा हेतु जो भी शोध अभी तक सम्पन्न किये गये हैं, वह अधिकतर शिक्षा के सभी स्तरों हेतु सम्मलित रुप से किये गये हैं । दूसरा तथ्य जो इन शोध से सामने आया वह है कि इन सभी में पूरे देश की शिक्षा प्रणाली, शिक्षा नीति आदि का केवल क्रियान्वयन पक्ष ही देखा गया हैं । इसके साथ ही प्रादेशिक स्तर पर जो शोध हुए हैं उनमें भी शिक्षक शिक्षा स्तर की शिक्षा पर कम ध्यान दिया गया हैं ।

प्रस्तुत शोध की तार्किकता तथा पूर्व शोध से विभिन्नता :-

शोधकर्त्ता द्वारा जिस शोध शीर्षक को चुनकर शोध कार्य सम्पन्न किया गया हैं इस शीर्षक पर अभी तक किसी भी विश्वविद्यालय में कोई शोध सम्पन्न नही किया गया हैं। स्वतन्त्रता के पश्चात् शिक्षा के विभिन्न स्तरों की गुणवत्ता तथा सांख्यिकीय अभिवृत्ति को

जानने के लिए जो शोध किये गये हैं उनमें सामान्यतः शिक्षक शिक्षा स्तर की शिक्षा के विभिन्न पक्षों पर बहुत ही सूक्ष्म अध्ययन किया गया है । उत्तर प्रदेश में शिक्षा के विभिन्न पक्षों पर शोधकार्य अवश्य सम्पन्न हुये हैं परन्तु उसमें स्त्री शिक्षा, किसी विशेष क्षेत्र मंडल अथवा जिला स्तर पर ही शोधकार्य किये गये हैं । वर्तमान में जनसंख्या विस्फोट के साथ – साथ ज्ञान का विस्फोट भी हो रहा है अतः उत्तर प्रदेश जो कि जनसंख्या की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा प्रदेश है , उच्च शिक्षा (शिक्षक शिक्षा स्तर की शिक्षा) के बारे में विस्तृत जानकारी कर, इस क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यो, सरकारी नीतियों, यू. जी. सी. द्वारा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी तथा उनका महाविद्यालयों / विश्वविद्यालयों में क्रियान्वयन आदि कुछ ऐसे महत्वपूर्ण पक्ष है। जिनका इस स्तर की दशा और दिशा दोनों पर ही प्रभाव पड़ता हैं ।

अतः उपरोक्त सभी पक्षो के बारे में एक शिक्षक समाज से जुड़ा हुआ अध्यापक होने के नाते शोधकर्ता के मन मे शिक्षक शिक्षा स्तर की विभिन्न समस्याओं के बारे में जानकारी कर उन पर शोध किये जाने की अभिलाषा जागृत हुयी और इसी दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुये शोधकर्ता ने शोध हेतु (**उत्तर प्रदेश में स्नातक स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण और शिक्षा का विकास और समस्याओं का आलोचनात्मक अध्ययन**) विषय को चुना ।

चतुर्थ अध्याय

पंचवर्षीय योजनाओं में शिक्षक शिक्षा स्तर की शिक्षा का स्थान

देश की आजादी मिलने के बाद भारत की स्वतंत्र सरकार द्वारा सर्वप्रथम विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा को उच्च स्तर प्रदान किये जाने पर विचार किया गया जिसके परिणामस्वरूप उसने सर्व प्रथम राधाकृष्णन कमीशन (1949) का गठन किया तथा दूसरी ओर इस स्तर की शिक्षा के त्वरित विकास तथा गतिशील बनाने के उद्देश्य से देश की प्रगति के लिये बनायेजाने वाली पंचवर्षीय योजनाओं में भी पर्याप्त धन उपलब्ध कराने के साथ–साथ राज्यों को भी पूरा सहयोग दिये जाने की ओर भी पर्याप्त ध्यान दिया । इस हेतु उसने एक स्वतंत्र संस्था विश्वविद्यालय अनुदान आयोग' का गठन किया जिसको इस स्तर की शिक्षा में सुधार हेतु पूरा अधिकार प्रदान किया गया, साथ ही यह भी सलाह दी गयी कि विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों में गुणवत्ता बनाने हेतु जिन बातो की आवश्यकता वह महसूस करती है, उसका प्राविधान संविधान में किये जाने हेतु समय–समय आवश्यक सुझााव प्रस्तुत करें । विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू0जी0सी0) को इस स्तर पर शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षको का उचित वेतन तथा सेवाशर्तो का उत्कृष्ट बनाने का सुझाव देने का परामर्श भी दिया

देश में अभी तक आठ पंचवर्षीय योजनायें लागू हो चुकी है तथा नवीं योजना चल रही है। प्रस्तुत है विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं में विश्वविद्यालय शिक्षक शिक्षा स्तर की शिक्षा हेतु किये गये प्राविधानो पर एक दृष्टि :–

तृतीय पंचवर्षीय योजना :–

इस योजना अवधि में नये विश्वविद्यालयों की स्थापना हेतु विश्वविद्यालय

अनुदान आयोग द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी । पांच नये विश्वविद्यालयों की स्थापना की गयी, जिसमें पंजाब में 2 तथा पश्चिम बंगाल में 3 विश्वविद्यालय शामिल है। वर्ष 1961–62 में विश्वविद्यालयों की संख्या 53 तक पहुँच गयी जबकि महाविद्यालयों की संख्या में 246 की वृद्धि हुई । वर्ष 1960–61 में इनकी संख्या 1537 थी जो वर्ष 1961–62 में 1783 हो गई ।

विज्ञान, कला तथा कामर्स संकायो में नामांकन कराने वाले छात्रों की संख्या वर्ष 1960–61 में 8.5 लाख थी जो वर्ष 1961–62 में बढ़कर 9.27 लाख हो गयी । वर्ष 1964–65 में विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में नामांकन 15.28 लाख तक पहुँच गया । इस अवधि में कला, विज्ञान तथा कामर्स महाविद्यालय की संख्या 1050 से बढ़कर 1615 तक हो गयी । वर्ष 1960–61 में देश की कुल 45 विश्वविद्यालय थे जो वर्ष 1964–65 में बढ़कर 62 हो गये । महिलाओं के नामाकंन में पर्याप्त वृद्दि हुई। वर्ष 1963 में पी0 सर्प की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा में केन्द्र की भागीदारी करने के उद्‌देश्य से एक समिति की गयी क्योकि शिक्षा को समवर्ती सूची में रखे जाने के बाद भी विभिन्न राज्यो द्वारा आवश्यक सहयोग न दिये जाने के कारण इसके विकास में गतिरोध आ रहा था ।

चतुर्थ पंचवर्षीय योजना :–

इस योजना के विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा को दृढ़ता करने पर विशेष बल दिया गया तथा इन संस्थानो में पुस्तकालय तथा प्रयोगशालाओं की व्यवस्था किये जाने पर जोर दिया गया । सम्बद्व महाविद्यालयों के स्तर को सुधारने के उद्‌देश्य से कुछ अच्छे महाविद्यालयों का चयन कर उन्हे शिक्षा सहायकों की सुविधा उपलब्ध करायी गयी । उच्च शिक्षा केन्द्रो के छात्रो को अधिक सुविधायें उपलब्ध कराने के साथ–साथ अन्य विश्वविद्यालयों

के विभागो को भी शिक्षा केन्द्रो में परिवर्तित करने का विशेष प्रयास किया गया ।

वर्ष 1963–64 में नामांकन 81..6 प्रतिशत था लेकिन वर्ष 1973–74 में बढ़कर 88.2 प्रतिशत हो गया । विश्वविद्यालयों में नामांकन की संख्या में काफी गिरावट आयी । वर्ष 1963–64 में 18.4 प्रतिशत नामांकन था परन्तु 1973–74 में वह 11.8 प्रतिशत ही रह गया ।

विभिन्न संकायों में नामांकन –

इस अवधि में सामान्य संकायो में नामांकन में काफी वृद्वि हुई जबकि प्रोफेशनल कोर्स के सम्बन्धित संकायों में काफी गिरावट आयी । कला संकाय में वर्ष 1963–64 में नामांकन 40.4 प्रतिशत था जो वर्ष 1973–74 में बढ़कर 44.6 प्रतिशत हो गया। विज्ञान संकाय में वर्ष 1963–64 में नामाकंन 25.7 था जो वर्ष 1973–74 में घटकर 20.7 प्रतिशत हो गया । वाणिज्य संकाय में वर्ष 1963–64 में नामांकन 15.6 प्रतिशत था जो वर्ष 1973–74 में घटकर 10.2 प्रतिशत ही रह गया ।

व्यावसायिक संकायों तथा शिक्षा संकाय में नामांकन की स्थिति वर्ष 1963–64 में 3.2 प्रतिशत थी जो वर्ष 1973–74 में बढ़कर 3.3 प्रतिशत तक पहुँच गया । दूसरी ओर इंजीनियरिंग तथा तकनीकी संकाय में नामांकन वर्ष 1963–64 में 8.11 प्रतिशत था जो वर्ष 1973–74 में घटकर 3.8 ही रह गया । विधि संकाय में वर्ष 1963–64 में नामांकन 5.8 था परन्तु वर्ष 1973–74 में यह प्रतिशत मात्र 4.6 ही पाया गया । कृषि तथा पशु चिकित्सा संकायो में वर्ष 1963–64 का नामांकन 3.1 से घटकर 1.4 हो गया ।

पांचवी पंचवर्षीय योजना :–

इस योजना अवधि में विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा में गुणात्मक सुधार पर बल दिया गया । समाज के कमजोर और पिछड़े व्यक्तियोको उच्च शिक्षा की पर्याप्त

सुविधायें प्रदान किये जाने का प्रयास किया गया । इस योजना में पत्राचार पाठ्यक्रम, व्यक्तिगत प्रशिक्षण तथा सायंकालीन कक्षायें खोले जाने पर भी विशेष ध्यान दिया गया।[1] शोध तथा परास्नातक स्तर की शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के ध्येय से उच्च शोध शिक्षा केन्द्रो की संख्या में भी वृद्धि की गयी । इस बात का प्रयास किया गया कि आवश्यकतानुसार विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों की संख्या में वृद्धि की मांग 50 प्रतिशत नियमित, 20 प्रतिशत पत्राचार, 20 प्रतिशत सांयकालीन कक्षाओं एवं 10 प्रतिशत व्यक्तिगत शिक्षण द्वारा पूरी की जायें । इस योजनावधि में वर्ष 1974–75 में कुल नामांकन 23,66,541 था जबकि पूर्व वर्षो में यह 22,34,385 था । इस प्रकार इसमें 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई । वर्ष 1975–76 में इस स्तर पर नामांकन कराने वालों की संख्या 24,26,109 हो गयी तथा गत वर्ष के नामांकन से इसमें 2.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई । वर्ष 1976–77 में यह नामांकन बढ़कर 24,31,563 तक जा पहुँचा । परन्तु इस बार वृद्धि केवल 0.2 प्रतिशत तक हुई । वर्ष 1977–78 में नामांकन 25,64,972 हो गया तथा पिछले वर्ष से इसमें 5.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई । इसी प्रकार वर्ष 1978–79 में भी 2.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई तथा नामांकन संख्या 26,18,228 हो गयी जो गत वर्ष से 53,256 अधिक थी । इस योजनावधि में महिलाओ का नामांकन 595 हजार था जो कि 100 पुरूषो में 24 महिलाओं के समान था ।[2]

छठी पंचवर्षीय योजना :–

इस योजना तक विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा में काफी विकास हो चुका था परन्तु अभी भी गुणात्मक सुधार की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, अतः

---

1. फिफ्थ फाइव ईयर प्लान (1974–79), प्लानिंग कमीशन, 1976, पेज – 76
2. एनुअल रिपोर्ट फार दि ईयर 1987–88, नई दिल्ली, यू0जी0सी0, 1988, पेज – 183

उपलब्ध संसाधनों का प्रयोग पूर्ण रूप से ऐसी व्यवस्था से नही हो सका । बहुत से ऐसे महाविद्यालय थे जहाँ नामांकन में ठहराव आ गया था अथवा नामांकन मे निरन्तर कमी होती जा रही थी, इसे दूर करने के उद्‌देश्य से विशेष आर्थिक सहायता देकर, इन विद्यालयों में पर्याप्त शैक्षिक सुविधायें उपलब्ध कराने की व्यवस्था पर बल दिया गया इसके साथ ही साथ शिक्षक शिक्षा स्तर की शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात छात्रों को रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने हेतु भी कई योजनाओं का निर्माण किया गया, इसके साथ–साथ स्नातक स्तर पर पाठ्यक्रम को पुनगठित करने तथा कार्यानुभव को इसमें जोड़ने हेतु भी काफी ठोस कदम उठाये गये ।

इस अवधि में महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में आवश्यक रूप से पुस्तकालयों को सुदृढ़ करने के उद्‌देश्य से ''बुक बैंक'' की सुविधायें छात्रों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गयी ।

सातवी पंचवर्षीय योजना :–

इस योजनावधि तक देश में विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों की संख्या में पर्याप्त वृद्वि हुई है। वर्ष 1983–84 में जहाँ देश में कुल 5246 महाविद्यालय थे वही वर्ष 1987–88 तक इनकी संख्या 6,597 तक पहुँच गयी ।

विभिन्न पाठ्यक्रम के महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों की संख्या :–

(i) कला, विज्ञान तथा कामर्स महाविद्यालय :–

वर्ष 1983–84 में कला, विज्ञान तथा कामर्स महाविद्यालयों की संख्या 3758 थी जबकि वर्ष 1984–85 में यह बढ़कर 4004 हो गयी, वर्ष 1985–86 में यह संख्या 4,132 हो गयी थी । वर्ष 1986–87 में इसमें पुनः वृद्वि हुई तथा इनकी संख्या 4,354 तक जा पहुँची तथा वर्ष 1987–88 तक इस प्रकार के कुल महाविद्यालयों की संख्या 4,428 तक हो चुकी थी ।

(ii) तकनीकी/व्यावसायिक :–

वर्ष 1983–84 में देश में तकनीकी तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रम के महाविद्यालयों की संख्या 563 थी जबकि 1984–85 में इनकी संख्या 618 थी, वर्ष 1985–86 में इस संख्या में पुनः वृद्वि हुई तथा यह वढ़कर 655 हो गयी । वर्ष 1986–87 में यह संख्या 695 तथा 1987–88 में यह संख्या 719 तक पहुँच गयी थी ।

---

1. फाइव ईयर प्लान (1980–85), नई दिल्ली, प्लानिंग कमीशन, 198, पेज – 356–358.

तालिका क्रमांक – 1(1)

विभिन्न पाठ्यक्रमों के महाविद्यालयों की संख्या

अध्ययन का संकाय	कॉलेजों की संख्या				
	1995–96	1996–97	1997–98	1998–99	1999–00
कला,विज्ञान,कामर्स	3758	4004	4132	4354	4428
तकनीकी / व्यावसायिक	563	618	655	695	719
इंजीनियरिंग	119	223	242	253	257
चिकित्सकीय	286	303	320	342	361
कृषि	58	63	63	67	68
पशु चिकित्सा	28	29	30	33	33
विधि	186	194	199	202	204
शारीरिक / शिक्षा	391	430	441	479	470
ओरियन्टल लर्निंग	283	277	321	720	714
संगीत / कल	65	67	68	62	62
योग	5246	5590	5816	6512	5597

(ii) **इंजीनियरिंग** :–

वर्ष 1995–96 से लेकर वर्ष 1999–2000 तक इस प्रकार की संस्थाओं में निरन्तर प्रगति होती रही और 1995–96 में यह बढ़कर 4004 हो गयी, वर्ष 1996–97 में यह संख्या 4132 हो गयी जबकि वर्ष 1997–98 में इनकी संख्या 4.354 रही तथा वर्ष 1998–99 में इनकी संख्या 4,428 हो चुकी थी ।

1. एनुअल रिपोर्ट 1999–2000, नई दिल्ली, यू0जी0सी0, 2000

(iii) **चिकित्सकीय** :–

इस प्रकार की संस्थाओं की संख्या वर्ष 1983–84 में 286 थी, वर्ष 1984–85 में इनमें वढ़ोत्तरी हुई तथा यह 303 तक पहुँच गयी । वर्ष 1985–86 में इनकी संख्या 320 हो गयी तथा वर्ष 1986–87 में इनकी संख्या 342 थी तथा वर्ष 1987–88 में यह बढ़कर 361 तक हो गयी थी।

(i) **कृषि** :–

इस प्रकार की संख्याओं में भी वर्ष 1983–84 से लगातार वृद्वि हुई है। इस अवधि में इनकी संख्या 58 थी, वर्ष 1984–85 में इनकी संख्या 63 हो गयी जबकि वर्ष 1985–86 में यह 63 ही रही । परन्तु 1986–87 में यह बढ़कर 67 हो गयी तथा वर्ष 1987–88 में यह बढ़कर 68 हो गयी ।

पशु चिकित्सा :–

वर्ष 1983–84 में इस प्रकार की संस्थायें 28 थी जो वर्ष 1984–85, 1985–86, 1986–87 में क्रमशः 29, 30, 33 तथा 33 थी ।

(ii) **विधि, शारीरिक शिक्षा, ओरियेन्टल लर्निंग तथा संगीत कला महाविद्यालयः**–

इन महाविद्यालयों की संख्या में भी पर्याप्त वृद्वि हुई । वर्ष 1983–84 में इनकी संख्या क्रमशः 186, 391, 283, तथा 65 थी जो वर्ष 1987–88 में बढ़कर क्रमशः 204, 470, 714 तथा 62 तक पहुँच गयी ।

उच्च शिक्षा संस्थाओं के विभिन्न संकायों में छात्रे का नामांकन (1963–01) :–

वर्ष 1963–64 से वर्ष 2000–2001 तक विभिन्न संकायों में नामांकन कराने वाले छात्रों की संख्या में निरन्तर वृद्वि हुई है। वर्ष 1963–64 में नामांकन कराने वाले छात्रों की संख्या में निरन्तर वृद्वि हुई है। वर्ष 1963–64 में नामांकन कराने वाले छात्रों की संख्या अलग–अलग तालिका में दर्शायी गयी है। इस अवधि में कुल नामांकन 8,45,387 था जबकि 1973–74 में यह नामांकन 22,26,571 हो गया । वर्ष 1983–84 में यह नामांकन 33,07,649 हो गया जबकि वर्ष 1985–86 यह संख्या 35,70,897 तथा वर्ष 1991–92 में 37,56,067 जबकि 2000–01 तक यह संख्या 38,39,056 तक पहुँच गयी ।

विश्वविद्यालयो तथा सम्बद्व महाविद्यालयों में स्तरानुसार नामांकन (1983–84, 1987–88) :–

वर्ष 1983–84 में विश्वविद्यालयों में स्नातक स्तर पर नामांकन कराने वाले छात्रों की संख्या 413,956 थी जबकि सम्बद्व महाविद्यालयों में यह वर्ष 1984–85 में 87.9 प्रतिशत थी । वर्ष 1985–86 यह 87.7 प्रतिशत रही तथा वर्ष 1987–88 में 87.7 प्रतिशत हो गयी ।

परास्नातक स्तर पर नामांकन विश्वविद्यालय में 15,7269 था तथा सम्बद्व महाविद्यालयों में 56.9 प्रतिशत था । वर्ष 1985–86 में 56.5 प्रतिशत तथा 1986–87 में 87. 7 प्रतिशत तथा वर्ष 1987–88 में भी 87.7 प्रतिशत ही रहा । अनुसंधान में पंजीकृत छात्रों की संख्या 35,664 थी । वर्ष 1986–87 में यह नामांकन 14.9 था तथा वर्ष 1987–88 में 15.0 था ।

डिप्लोमा, सर्टिफिकेट वाली संस्थाओं में नामांकन कराने वाले छात्र शिक्षक शिक्षा स्तर पर 30,119 थे तथा महाविद्यालयों में 43.4 प्रतिशत रहा । वर्ष 1985–86 में यह घटकर 43.2 प्रतिशत रह गया । वर्ष 1986–87 में यह नामांकन 43.2 प्रतिशत था जबकि वर्ष 1987–88 में यह नामांकन पुनः बढ़कर 83.6 प्रतिशत तक पहुँच गया । इस प्रकार स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद विश्वविद्यालयों तथा सम्बद्व महाविद्यालयों में विभिन्न विषयों तथा विभिन्न स्तरों पर नामांकन कराने वाले छात्रों की संख्या में भारी वृद्वि हुई है परन्तु गुणात्मक वृद्वि न होने के कारण शिक्षक शिक्षा का स्तर निरन्तर गिर रहा है। आवश्यकता है इसमें गुणात्मक सुधार करने की ।

शिक्षको की संख्या :–

वर्ष 1988–89 : इस अवधि के दौरान विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षा की संख्या में 2.42 लाख की वृद्वि हुई । इनमें से 0.53 लाख शिक्षक विश्वविद्यालय विभागों/विश्वविद्यालय कालेजो और शेष सम्बद्व कालेजो में अध्यापनरत थे ।

वर्ष 1987–88 : इस अवधि में विश्वविद्यालयो में अध्यापनरत 53165 शिक्षकों में 6273 प्रोफेसर, 13079 रीडर, 31580 प्रवक्ता और 2233 अनु शिक्षक, प्रदर्शनकर्ता थे जबकि इसी अवधि में सम्बद्व महाविद्यालयों में अध्यापनरत शिक्षकों की संख्या 188,808 थी जिनमें 24923 वरिष्ठ शिक्षक, 1.55.339 प्रवक्ता, 8.496 ट्यूटर तथा डिमोन्सट्रेटर शामिल है।

वर्ष 1986–87 : इस अवधि में विश्वविद्यालयों में अध्यापनरत शिक्षकों की संख्या 51,150 थी जबकि सम्बद्व महाविद्यालयों में अध्यापनरत शिक्षकों की कुल संख्या 183.238 थी ।

वर्ष 1985–86 : इस अवधि में विश्वविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की संख्या 49,008 थी जबकि सम्बद्व महाविद्यालयों में कुल अध्यापनरत शिक्षकों की संख्या 1,77,901 थी ।

वर्ष 1984—85 तथा 1983—84 :—

इन वर्षो में सम्बद्व महाविद्यालयों में अध्यापनरत कुल शिक्षकों की संख्या क्रमशः 1,72,719 तथा 1,69,641 थी जबकि इसी अवधि में विश्वविद्यालयों में अध्यापनरत् शिक्षकों की संख्या क्रमशः 47,382 तथा 46,859 थी ।

1983—84 के पूर्व की शिक्षकों की संख्या में निरन्तर वृद्वि हो रही है और यह वृद्वि भारतीय उच्च शिक्षा की प्रगति का सूचक है।

शिक्षक शिक्षा स्तर की शिक्षा का स्तर अन्य सभी स्तरों की शिक्षा से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। अतः इस स्तर के लिये, योग्य अनुभवी, परिश्रमी तथा लगनशील शिक्षकों की आवश्यकता है। अतः इन शिक्षकों का स्तर ऊँचा उठाने में जहाँ सरकार ने इनके वेतनमानों की वृद्वि की है वही दूसरी ओर इनकी भर्ती के लिए अखिल भारतीय स्तर पर प्रवेश परीक्षा आयोजित करके नियमित किये जाने का प्राविधान भी कया है। यह एक उचित कदम है तथा इस प्रक्रिया से देश को योग्य शिक्षक प्राप्त होगें ।

विश्वविद्यालयों और कालेजो के शिक्षकों के वेतनमान में संसोधन :—

वर्तमान में महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में अध्यापनरत शिक्षकों के वेतनमान संशोधित किये जाने की घोषणा केन्द्र सरकार ,द्वारा की गयी जिसे विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा भी स्वीकृति प्रदान कर दी गयी तथा वर्तमान में विश्वविद्यालय शिक्षको के लिये निम्न वेतनमान लागू है :—

पदनाम		वेतनमान
प्रवक्ता	रू0	8500–275–13500
वरिष्ठ प्रवक्ता	रू0	10000–325–15200
रीडर / प्रवक्ता	रू0	12200–420–18300
प्रोफेसर	रू0	16400–450–20900–500–22400

नौकरियो को डिग्री से अलग करना :–

नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में नौकरियों में भर्तीके लिये विश्वविद्यालय डिग्री को अलग करने की प्रक्रिया को आसानी से लागू किये जाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय परीक्षण सेवा की स्थापना की परिकल्पना की गयी है।

अखिल भारतीय स्तर पर शिक्षकों की नियुक्तियां :–

देश के समस्त विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की देखरेख में अखिल भारतीय स्तर पर लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार द्वारा सुनिश्चित की गयी है ताकि इस स्तर की शिक्षा हेतु मेघावी तथा अनुभवी एवं योग्य व्यक्ति इस व्यवसाय में आगे आयें ।

आठवीं योजना अवधि के दौरान विश्वविद्यालयों के कार्य निष्पादन की समीक्षा करने हेतु निरीक्षण समितियां तथा नवी योजना के लिए आवश्यकतांए

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विशेषज्ञो और यू0जी0सी0 के अधिकारियों

की निरीक्षण समितियां बनाई है। इनका उद्देश्य आठवीं योजना अवधि के दौरान देश के सभी विश्वविद्यालयों तथा संस्थाओं द्वारा किए गए कार्य निष्पादन की समीक्षा करने के लिए उनका दौरा करना तथा नवी योजना अवधि के दौरान उनकी आवश्यकताओं का निर्धारण करना है। इन समितियों ने फरवरी, 1977 से विश्वविद्यालयों का दौरा करना शुरू कर दिया है और यह सम्भावना है कि वे अप्रैल, 1997 के अंत तक अपना निरीक्षण कार्य पूरा कर लेगी ।

आठंवी योजना अवधि के दौरान विश्वविद्यालयों द्वारा किए गए कार्य की समीक्षा करने के लिए निष्पादन–सूचक

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने अनेक सूचको का पता लगाया है जिनसे आठवी योजना अवधि के दौरान विश्वविद्यालयों के कार्य–निष्पादन की समीक्षा करने में सुविधा होगी । यह निर्णय लिया गया कि नवी योजना अवधि के दौरान विश्वविद्यालय को उसकी जरूरतो के आधार पर कुल योजनागत अनुदान को दो–तिहाई राशि आवंटित की जाएगी और एक–तिहाई राशि आठंवी योजना अवधि के दौरान विश्वविद्यालय के कार्य–निष्पादन के आधार पर दी जायेगी । कार्य–निष्पादन का निर्धारण निम्नलिखित सूचको के आधार पर किया जायेगा :–

1. **विश्वविद्यालय प्रबन्ध** :–

1. क्या आठवी योजना का लक्ष्य पूर्णतः प्राप्त कर लिया गया है या आंशिक रूप से ?
2. प्रत्येक मद के लिए आवंटित और इस्तेमाल की गई राशि, कार्यप्रगति तथा समस्याएं जो सामने आई ।

3. क्या विश्वविद्यालय गत तीन वर्षो के दौरान प्रत्येक वर्ष 180 दिवस कार्यक्रम का अनुसरण कर रहा है।

4. क्या प्रति सप्ताह प्रति शिक्षक कार्यभार 40 घंटा है ?

5. क्या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियमावली, 1991 के अनुसार शिक्षकों की नियुक्ति की जाती है ?

6. क्या विश्वविद्यालय ने परियोजनाओं आदि के लिए किन्ही अन्य एजेंसियों से ऋण प्राप्त किया है ?

7. गत तीन वर्षो के दौरान हड़तालों के कारण नष्ट हुए कार्यदिवसो, यदि हो, की संख्या ।

8. क्या गत तीन वर्षो के दौरान पाठ्यचर्या विकास केन्द्र की रिपोर्टो के अनुसार पाठ्यक्रमो/विषयों में संशोधन किया गया है ?

9. विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित पुस्तकों, शोधलेखो, मोनोग्राफो की संख्या ।

10. क्या शिक्षकों के कार्य–निष्पादन का मूल्यांकन प्रत्येक वर्ष किया गया है तथा मूल्याकंन–विधि ।

11. किसी विदेशी विश्वविद्यालय के साथ सहयोग या सम्बन्ध ।

12. लागू किए गए परीक्षा–सुधार/परीक्षा पद्वति में संशोधन ।

13. दृश्य–श्रव्य तथा अन्य शिक्षण सहायक साधनो का प्रयोग ।

14. क्या शिक्षा की न्यूनतम शिक्षण स्तरों के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मानको का पालन किया जा रहा है ?

15. गत पांच वर्षो के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा सृजित किए गए अतिरिक्त संसाधन, यदि हो ।

16. लेखाओं की स्थिति अर्थात गत पांच वर्षो के दौरान आवंटित निधियों का उपयोग किस प्रकार किया गया ?

17. पुस्तकालय की पुस्तको,/पत्रिकाओं/पत्र–पत्रिकाओं आदि की संख्या ।

18. कितने प्रतिशत स्टाफ क्वाटर उपलब्ध है ?

19. लागू किए गए अंतविद्याशाखा पाठ्यक्रम, यदि हो ?

2. विशेष कार्यक्रम :–

विश्वविद्यालय में विभागो की संख्या जिन्हे "सेप", यूसिक/कार्सिस्ट, कोहस्सिप/कोसिप, पर्यावरण शिक्षा/उदीयमान क्षेत्रों/व्यावसायिक शिक्षा जैसे कार्यक्रमों के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से निधियां प्राप्त हुई ।

3. छात्र निष्पादन :–

प्रवेश स्तर पर गत शैक्षिक रिकार्ड के मुकाबले विश्वविद्यालय स्तरीय परीक्षाओं में छात्रो का निष्पादन ।

4. पूर्व–स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर पर छात्रो की संख्या

5. संकाय के अनुसार शिक्षकों की संख्या ।

6. शिक्षक–छात्र अनुपात ।

7. संकाय–निष्पादन :–

1. उन शिक्षको की संख्या जिनके पास पी–एच0डी0 डिग्री है ।

2. उन शिक्षको की संख्या और प्रतिशतता जिन्होने गत तीन वर्षो के दौरान अभिविन्यास पाठ्यक्रमो तथा पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों में भाग लिया था ।

3. उन शिक्षको की संख्या और प्रतिशतता जिन्होने गत तीन वर्षो के दौरान राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों/परिचर्चाओं/कार्यशाला में भाग लिया ।

4. उन शिक्षको की संख्या जो 30 जून 1996 को अनुसंधान परियोजनाओं में काम कर रहे थे।

5. संकाय द्वारा निकाले गये प्रकाशन यथा–पाठ्यपुस्तकें, मोनोग्राफ, लेख, अनुसंधान/तकनीकी रिपोर्ट आदि ।

6. गत तीन वर्षो के दौरान सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम/विश्वविद्यालय विनिमय कार्यक्रम के अधीन विदेशी विश्वविद्यालयों में या उनके द्वारा प्रतिनियुक्त किए गए शिक्षको की संख्या ।

7. 30 जून 1996 को उन संकाय सदस्यो की संख्या और प्रतिशतता जो व्यावसायिक/अकादमिक संस्थाओं में काम कर रहे थे ।

8. उन वर्तमान शिक्षकों की संख्या जिनके पास डी0एसी0सी0 डिग्री है या जिन्होने ज्ञानपीठ/पद्मश्री/भटनागर/हरिओम आश्रम/आई0एन0एस0ए0 आदि पुरस्कार प्राप्त किए है ।

9. उन शिक्षको की संख्या जिन्होने अध्ययन/विश्राम छुट्टी ली है।

10. कैम्पस में शिक्षको द्वारा व्यतीत किए गए घंटे ।

8. सुविधावंचित वर्गो के लिए सुविधाए :–

1. विश्वविद्यालयों द्वारा संचालित दूरस्थ शिक्षा तथा अनुवर्ती शिक्षा कार्यक्रम, यदि हो, इनमें प्रौढ़ शिक्षा तथा महिला अध्ययनों की योजनाएं भी शामिल है।

2. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़े वर्गो के लिए विशेष अभिविन्यास कार्यक्रम, यदि आयोजित किए गए हो ।

3. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यकों तथा अन्य पिछड़े वर्गो के लिए अनुशिक्षण कक्षायें, यदि आयोजित की गई हो ।

विश्वविद्यालयों द्वारा संसाधन जुटाव योजना के लिए संशोधित मार्गनिर्देश

विश्वविद्यालयों द्वारा संसाधन जुटाने के कार्य को प्रोत्साहित करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने सन् 1995 में एक योजना शुरू की थी जिसके अंतर्गत उन विश्वविद्यालयों को प्रोत्साहन के रूप में 25 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाता है जो आंतरिक साधनो से निधियां जुटाते है । आयोग ने हाल में इस योजना के संशोधित मार्गदर्शन अनुमोदित किए है जिसके अनुसार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग संसाधन जुटाने के वास्ते वर्ष 1996–97 के लिए सहायता प्रदान करेगा । ये मार्ग–निर्देश नीचे दिए जा रहे है :–

वर्ष 1995–96 के दौरान विश्वविद्यालयों द्वारा जुटाए गए संसाधनो के हेतु वर्ष 1996–97 के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सहायता योजना (संसोधित मार्गदर्शन)

1. राष्ट्र के विकास में शिक्षक शिक्षा की भूमिका स्वंयसिद्व है । स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद गत चार दशकों के दौरान भारत में शिक्षक शिक्षा का तेजी से विस्तार हुआ है। विस्तार की दृष्टि से भारतीय शिक्षक शिक्षा प्रणाली का स्थान विश्व में कदाचित दूसरा है। विश्वविद्यालयों का मुख्य कार्य अद्यन ज्ञान का प्रसार, अनुसंधान के द्वारा नए ज्ञान का सृजन और विस्तार शिक्षा के माध्यम से विश्वविद्यालयों एवं समुदायों के बीच सार्थक एवं सत्त सौहार्द को बढ़ावा देना है । ज्ञान का तेज विस्तार तथा विज्ञान एंव प्राधौगिकी की अभूतपूर्व प्रगति हुई है। लेकिन

विश्वविद्यालयों के लिए अपर्याप्त वित्तीय संसाधनों की वजह से समाज की बदलती हुई जरूरतो को पूरा करना कठिन हो रहा है । विश्वविद्यालयों के लिए वित्त उपलब्ध कराने से सम्बन्धित मामला वास्तविक चिन्ता का विषय है और उसके सम्बन्ध में विभिन्न मंचो पर चर्चा की जा रही है । इस बात का उत्तरोत्तर अनुभव किया जाता रहा है कि उच्च शिक्षा का विशाल तंत्र मात्र सरकार (राज्य या केंद्रीय) द्वारा उपलब्ध कराए गए संसाधनो पर ही निर्भर नही रह सकता । इसे विकास के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना होगा । इसे अपने संसाधन–आधार का विस्तार करना होगा और विश्वविद्यालयों को इसके लिए प्रयास करना होगा कि समाज शिक्षक शिक्षा प्राप्त करें ।

भारत की महानपरम्परा रही है कि यहाँ शिक्षा को मानव प्रेमियो का संरक्षण प्राप्त होता रहा है । प्राइवेट व्यक्तियों तथा स्वेच्छिक संगठनों द्वारा की गई पहल के परिणामस्वरूप स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व अवधि के दौरान अनेक शिक्षक शिक्षा संस्थाओं की स्थापना की गई । स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद स्थिति बदल गई और आजकल अधिसंख्य उच्च शिक्षाओं को वित्तीय संसाधनों के लिए सरकार पर ही निर्भर रहना पड़ता है । शिक्षक शिक्षा को सहायता प्रदान करने की पद्वति प्रायः समाप्त होती जा रही है । शिक्षक शिक्षा को सहायता प्रदान करने की परम्परा को पुनः लागू करने और विश्वविद्यालयों के विकास में समाज की सहभागिता की प्रोत्साहित करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने ये मार्गनिर्देश तैयार किए है।

2. योजना का उद्देश्य :–

क विश्वविद्यालयों को उनके विकास में समाज की सहभागिता/योगदान द्वारा संस्थान जुटाने के लिए प्रोत्साहित करना ।

ख विश्वविद्यालय विकास में समाज की सहभागिता के लिए प्रक्रिया तैयार करना ।

ग विश्वविद्यालय विकास के लिए समाज से प्राप्त किए जाने वाले संसाधनों को प्रोत्साहित करना तथा बढ़ाना ।

घ उन विश्वविद्यालयो को प्रोत्साहन उपलब्ध कराना जो अपनी विकास गतिविधियों में समाज की सहभागिता प्राप्त करते है ।

3. योजना प्रक्रिया :–

विश्वविद्यालय ऐसे वाहय संसाधनों का जुटाव भारतीयो या अनिवासी भारतीयो, भूतपूर्व छात्र संघ , सार्वजनिक और परिवार न्यासो, औद्योगिक/व्यापार घरानों, सहकारी समितियों, व्यावसायिक संघो, कर्मचारियों की यूनियनों/संघो, नगर–पालिकाओं/पंचायतों की सहभागिता/योगदान से कर सकते है और उसका उपयोग पैरा 3.1 में उल्लेखित अनवती मदों के लिए या समग्र निधि सृजित करने के लिए कर सकते है।

3.1 विश्वविद्यालय विकास की मदें –

विश्वविद्यालय विकास में अनेक मदें सम्मिलित है लेकिन इस योजना के अंतर्गत समाज की सहभागिता के लिए निम्नलिखित मदें ही शामिल है :–

1. भवन निर्माण (कक्षाएं, प्रयोगशालाएं, छात्रावास, निदानशालाएं आदि)
2. पुरानी इमारतो का नवीनीकरण

3. उपस्करों की खरीद

4. पुस्तकों तथा पत्र–पत्रिकाओं की खरीद

5. छात्र/स्टाफ सुविधाएं (कैटीन, खेल का मैदान, व्यायामशाला आदि)

6. संस्था की गतिविधियों के लिए समग्रनिधि का विकास

7. विद्यार्थी छात्रवृत्तियों के लिए समग्रनिधि का विकास

8. परियोजनाओं के लिए सीधा निधोयन या समग्र–निधि (कार्पेस) का विकास करके विस्तार गतिविधियों, संगोष्ठियों/वर्कशाप अनुसंधान का विकास ।

9. पीठो की स्थापना

10. अनुसंधान तथा विस्तार कार्य सहित नवाचार एवं अकादमिक कार्यक्रम ।

3.2 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का योगदान :–

3.2.1 इस योजना के अंतर्गत केवल उन विश्वविद्यालयों/संस्थाओं को निधिया उपलब्ध कराई जा सकती है जो वि0अ0आ0 अधिनियम की धारा 12 बी के अधीन शमिल किए गए है और जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग या राज्य सरकार से योजनेतर अनुदान प्राप्त कर रहे है/रही है । इस योजना के अंतर्गत के अंतविश्वविद्यालय केन्द्र भी निधियां प्राप्त करने के पात्र है जिनकी स्थापना वि0अ0आ0 अधिनियम की धारा 12 (सी0सी0सी0) के अधीन की गई है।

3.2.2 विश्वविद्यालयों को प्रोत्साहित करने तथा उनको उनके प्रयासो के लिए पुरस्कृत करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग उन विश्वविद्यालयों को जो वाहय संसाधन जुटाने में सफल रहे है, गत वर्ष अर्थात 2000–01 में प्राप्त अंशदान के आधार पर वर्ष 2001–02 के लिए अंशदान देगा ।

3.2.3 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने यह निर्णय भी लिया है कि विश्वविद्यालयों द्वारा वस्तुरूप यथा भूमि और भवनो के रूप में प्राप्त दानराशि पर भी विचार किया जाए । लेकिन किसी सक्षम प्राधिकारी को यह प्रमाणित करना चाहिए कि भूमि और भवन के मूल्य का सही अनुमान लगाया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा दान के रूप में प्राप्त भूमि और भवनो के मूल्य का निर्धारण केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / लोक निर्माण विभाग या किसी अन्य सरकारी एजेंसी द्वारा किया जा सकता है और अनुमानित लागत के प्रमाणपत्र पर विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी और कुल सचिव को विधिवत हस्ताक्षर करने चाहिए । प्रमाण पत्र पर लो0नि0वि0 / लो0नि0वि0 का वह कोई भी सक्षम अधिकारी हस्ताक्षर कर सकता है जिसका ओहदा अधीक्षक इंजीनियर से कम न हो ।

3.2.4 जहाँ तक दानरूप में प्राप्त उपस्करों का सम्बन्ध है, इस योजना के अधीन उपस्कर लागत मूल्य का ध्यान में रखा जाना चाहिए और केवल नए उपस्करो को दान रूप में प्राप्त किया जाना चाहिए । उसी प्रकार दान रूप में प्राप्त पुस्तकों एवं पत्रिकाओं के लिए भी उनके मूल्य को ध्यान रखा जाना चाहिए और केवल नई पुस्तको और पत्रिकाओं को ही दान रूप में प्राप्त किया जाना चाहिए । पुरानी पुस्तकों एंव दस्तावेजो को केवल उसी स्थिति में दानरूप में ग्रहण करना चाहिए जब उन्हे किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा दुर्लभ पुस्तकों आदि के रूप में प्रमाणित किया गया हो ।

3.2.5 वाहय संसाधन जुटाव के अंतर्गत उस राशि पर भी विचार किया जा सकता है जो अध्येतावृत्तियो / छात्रवृत्तियों / पीठो (समग्रनिधि के रूप में नही बल्कि वार्षिक अनुदान के रूप में) प्राप्त की गई है।

3.2.6 विश्वविद्यालय अनुदान आश्रम का अंशदान विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त अंशदान के 25 प्रतिशत तक रहेगा लेकिन इसकी अधिकतम राशि रू0 25 लाख होगी । रूपए 25 लाख से अधिक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के बराबर के शेयर पर इस योजना के अधीन उपलब्ध निधियों पर निर्भर करते हुए विचार किया जा सकता है। लेकिन यह तभी किया जायेगा जब सभी निलंबित प्रस्तावो पर विचार कर लिया जाएगा ।

3.2.7 जिन विश्वविद्यालयों ने ऐसी निधियां प्राप्त कर ली है वे अपने प्रस्ताव प्रत्येक 30 नवम्बर तक भेज सकते है और विश्वविद्यालय के प्राधिकारी ऐसी दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर निर्णय ले सकते है कि उक्त निधियां वास्तव में पहले ही प्राप्त कर ली गई हैं । निधियां प्राप्त करने के मात्र आश्वासनों पर विचार नही किया जायेगा ।

3.2.8 इस योजना के लिए विश्वविद्यालय एक समग्र–निधि सृजित करेगा और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्रोत्साहन के रूप में प्राप्त अनुदान को इसमें रखा जायेगा । इस समग्र–निधि से जो ब्याज प्राप्त होगा उसका उपयोग विश्वविद्यालय उपर्युक्त पैरा 3.1 में निर्दिष्ट किसी भी मद पर कर सकता है।

4.0 लेखाओ का रख–रखाव –

विश्वविद्यालयों द्वारा प्राप्त की गई निधियों के लिए लेख रखें जायेगें और उनकी परीक्षा विश्वविद्यालय के सविधिक लेख–परीक्षकों द्वारा की जायेगी । विश्वविद्यालय को एक उपयोग प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा जिस पर विश्वविद्यालय के कुल सचिव तथा वित्त अधिकारी के विधिवत हस्ताक्षर होगे और उसकी पुष्टि में कार्यकारणी परिषद/अभिषद् (सिंडीकेट) का इस आशय का संकल्प संलग्न किया जाएगा कि विश्वविद्यालय अनुदान से उक्त प्रोत्साहन के रूप में जो अनुदान प्राप्त हौ उसे समय–निधि (बैक/वित्तीय संस्था का

नाम) में डाल दिया गया है और इससे जो ब्याज अर्जित किया गया है उसका उपयोग विश्वविद्यालय से उपर्युक्त पैरा 3.1 में निर्दिष्ट मदों पर उसके विकास के लिए कर लिया है / करेगा ।

नवी पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान उच्च शिक्षा के विकासार्थ मुख्य कार्यक्रम

योजना आयोग ने विश्वविद्यालय आयोग के अध्यक्ष की अध्यक्षता में एक कार्यदल की नियुक्ति की थी जिसका उद्देश्य उच्च शिक्षा के लिए 9वी योजना का मसौदा तैयार करना था । इसमें तकनीकी और प्रबन्ध शिक्षा तथा मुक्त विश्वविद्यालय शामिल नही है । इनके लिए पृथक समितियां नियुक्त की गई थी । विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अध्यक्ष ने देश के सभी कुलपतियों को एक पत्र (अशा0प0सं0 7–2 / 16 सीपीपी दिनांक 2 दिस0 1996) भेजा जिसमें 9वी पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान उच्च शिक्षा के विकास के लिए मुख्य कार्यक्रमों की रूपरेखा दी गई थी । नीचे उसके मुख्यांश दिए जा रहे है :–

नवी योजना उस समय शुरू हुई है जब विश्व और विशेष रूप से भारत में महान सामाजिक, आर्थिक एवं प्रौद्योगिकीय परिवर्तन हो रहे है । इस प्रक्रिया का प्रभाव राष्ट्र की केवल बाजार अर्थव्यवस्था पर ही नही बल्कि उच्च शिक्षा के सम्पूर्ण प्रणाली पर पड़ेगा । उच्च शिक्षा प्रणाली का देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में सहभागिता के लिए स्नातक तैयार करने होगें तथा ऐसे सांस्कृतिक पर्यावरण एवं लोकाचार का सृजन करना होगा जिसको संजोए रखना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, सूचना प्रौद्योगिकी भी ऐसा परिवर्तन लाने में सहायक सिद्व हो रही है और शिक्षा प्रणाली की संरचना, प्रबन्ध और उसको प्रदान

किए जाने की विधि पर भी उसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा । अतः विश्वविद्यालय/संस्थानो द्वारा तैयार की गई नवी योजना में हम यह देखना चाहेंगें कि वर्तमान विभागो की संख्या में वृद्वि करने की परम्परा से हटाया जाए और उन विकास कार्यक्रमों के लिए अधिक से अधिक योजनागत निधियां आवंटित की जाएं जो पर्यावरण परिवर्तन के लिए आवश्यक है तथा राष्ट्रीय विकासात्मक प्राथमिकताओं पर पूर्णतः ध्यान दिया जाए (साथ ही ग्राम विकास पर भी जोर दिया जाना चाहिए) । इसकी निधियों का उपयोग राष्ट्र के लिए योगदान, संपूर्ण शिक्षा प्रणाली तथा उसके अपने विकास पर किया जाना चाहिए ।

विश्वविद्यालय विकास में कार्य दल द्वारा सुझाए गए निम्नलिखित क्षेत्रो पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए :–

1. शिक्षा की प्रासंगिकता एवं गुणता
2. पहुँच एवं साम्या (ईक्विटी)
3. विश्वविद्यालय तथा सामाजिक परिवर्तन
4. शिक्षा प्रबन्ध
5. वित्त

योजनागत मुख्य क्षेत्रे की रूपरेखा नीचे दी जा रही है :–

1. प्रांसगिकता एवं गुणताः :–

पूर्व–स्नातक तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में छात्रों के लिए व्यावसायिक विकास पर विशेष जोर दिया जाएगा । यह तभी संभव हो सकेगा जब इस प्रकार के पथप्रदर्शक नए पाठ्यक्रम तैयार किए जाएं जिनमें व्यावसाय पर पूरा ध्यान दिया गया हो

या वर्तमान विभाग के पारम्परिक पाठ्यक्रमों में तरमीम करें उनको व्यवहार–प्रधान बनाया गया हो। इसके आधार पर छात्र रोजगार, स्वरोजगार प्राप्त कर सकेंगें या परिवार अथवा स्थानीय समुदाय के पारंपरिक व्यवसाय में सुधार हो सकेगा लेकिन इसका अर्थ यह नही है कि विश्वविद्यालय/संस्थान किसी विषय का बुनियादी सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करने के अपने उत्तरदायित्वि से मुक्त हो जायेगा बल्कि ऐसा ज्ञान किसी विषय के प्रचालनात्मक पक्ष के निहितार्थ से जुड़ा होना चाहिए । सैद्धांतिक व्यावहारिक पक्ष को किसी विषय का अभिन्न अंग बनाए जाने पर विशेष जोर दिया जाना चाहिए । पारंपरिक पाठ्यक्रमों से भी यह व्यवस्था की जानी चाहिए कि छात्रों को नियमित रूप से क्षेत्र कार्य में लगाया जाए ताकि वे व्यावहारिक (हैंड्सआन) अनुभव प्राप्त कर सकें ।

शिक्षा के व्यावसायिक अभिविन्यास तथा कार्यस्थल पर वास्तविक व्यावहारिक (हैंड्सआन) अनुभव पर नवम्बर 1995 में मणिपाल में आयोजित यू0जी0सी0–ए0आई0यू0 सम्मेलन में चर्चा गई थी ।

इसके अतिरिक्त, दुर्भाग्यवश शिक्षा के गिरते हुए स्तर पर छात्रो, अभिभावकों, समाज एवं सरकार द्वारा सार्वजनिक रूप से गहरी चिंता व्यक्त की जाती रही है। हमें आशा है कि विश्वविद्यालय/संस्थान/कालेजो की 9 वीं योजना के दौरान कार्यक्रमों के मात्रात्मक विस्तार के अपेक्षाकृत उनके गुणात्मक विकास पर अधिक जोर देगी ।

यद्यपि ऐसे अनेक विश्वविद्यालय/संस्थान और कॉलेज हैं। जो शिक्षा के लिए उत्कृष्ट योगदान कर रहे है, लेकिन अन्य ऐसे भी हैं, जिनकी विभिन्न कारणों से आलोचना की जा रही है। अब समय आ गया है जब निश्पादन को पुरस्कृत किया जाना

चाहिए ताकि विश्वविद्यालय/संस्थान अपने कार्यक्रमों का स्तर ऊँचा करते हुए उनमें गुणात्मक सुधार कर सकें अतएव, विकास अनुदान की एक तिहाई राशि विश्वविद्यालय द्वारा किए गए निष्पादन के लिए दी जाएगी । इस प्रयोजन के लिए एक निष्पादन मूल्यांकन प्रोफार्मा तैयार कर लिया गया है। जिसका प्रयोग विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा स्व–मूल्यांकन के लिए किया जाऐगा। इसी के आधार पर निरीक्षण समितियां विचार–विमर्श तथा उसका अंतिम रूप देगी ।

2. पहुँच एवं साम्या (इक्विटी) :–

दूसरी और क्षेत्रीय असंतुलनो के कारण कार्यदल ने देश के पिछड़े क्षेत्रो, पहाड़ी क्षेत्रो तथा सीमावर्ती इलाको मे स्थित विश्वविद्यालय/संस्थानो तथा कॉलेजो और उन वर्गो पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया है जो अभी विश्वविद्यालय–शिक्षा की मुख्य धारा में पूरी तरह सम्मिलित नहीं हो पाए हैं यथा–महिलाए, आरक्षित वर्ग, अल्पसंख्यक तथा विंकलांगो विश्वविद्यालयो/संस्थानो के उन विकास कार्यक्रमों से सम्बन्धित प्रस्तावो पर विशेष ध्यान दिया जायेगा जिनका उद्देश्य उपर्युक्त वर्गो को शामिल करना तथा उक्त क्षेत्रों में स्थित विश्वविद्यालय/संस्थान एवं कालेजो के गुणात्मक सुधार पर विशेष जोर देना है।

3. विश्वविद्यालय/संस्थान तथा सामाजिक परिवर्तन

चूंकि हमारे समाज में परिवर्तन हो रहे हैं अतः यह आशा की जाती है कि विश्वविद्यालय भी गैर डिग्री वाले कार्यक्रमों पर अधिक जोर देंगें । इन कार्यक्रमों में

शामिल है उन लोगो के लिए अनवरत शिक्षा जो अपने ज्ञान की अद्यतन करने या नये कौशल सीखने के लिए विश्वविद्यालय में प्रवेश लेना चाहते हैं तथा उन लोगों के लिए विस्तार कार्यक्रम जो साधारणतया विश्वविद्यालय में नही पढ़ पाएंगें । इसके अतिरिक्त अब समय आ गया है जब विश्वविद्यालय/संस्थान को सामाजिक जरूरतों पर अधिक प्रासंगिकता प्रदर्शित करनी चाहिए तथा विस्तृत क्षेत्रीय गतिविधियां सुविधावंचित लोगों तक पहुँचकर अपने सार्वजनिक समर्थन को वैध रूप देना चाहिए । यद्यपि अनवरत तथा विस्तार शिक्षा तथा क्षेत्रीय कार्यकलापों के लिए विश्वविद्यालयों के प्रौढ़ शिक्षा विभागों पर विशेष ध्यान दिया जा सकता है, साथ ही सामाजिक परिवर्तन संबधी कार्य शुरू करने के लिए प्रत्येक विभाग की यह जिम्मेदारी होनी चाहिए कि वह इन गतिविधियों प्रारम्भ करें । जहाँ तक महिला अध्ययनों का संबघ है, विश्वविद्यालयों को यह सलाह दी जाती है कि वे विकास योजनाओं में पदो को भी शामिल कर लें क्योकि इस योजना के अधीन मुख्यतः कार्यक्रम विकास के लिए ही महिलाओं के अध्ययनार्थ निधियां आंवटित की जाएगी । अनुमान है कि ये पद सामान्य अवधि के दौरान राज्य सरकारों की सहमति से नियमित हो जाएंगे और केन्द्र द्वारा सहायता प्राप्त संस्थाओं के मामले में इन्हे अगली योजना के अनुरक्षण अनुदान में शामिल कर लिया जाएगा । बहरहाल विश्वविद्यालय में वर्तमान अप्रयुक्त पदों का उपयोग भी किया जा सकता है। ऐसे विभागों को अनिवार्यतः अंतविषयक होना चाहिए और उनका अध्यक्ष ऐसा कोई प्रोफेसर/रीडर होना चाहिए जिसे महिला अध्ययनों के क्षेत्र में शिक्षण और/या अनुसंधान अनुभव तथा अन्य विस्तार/ क्षेत्र कार्य का अनुभव प्राप्त हो ।

4. उच्च शिक्षा प्रणाली का प्रबन्ध :–

विश्वविद्यालय प्रबन्ध प्रणाली को सरल एंव कारगर बनाने को

समर्थन मिलेगा वशर्ते कि उसे विश्वविद्यालय के विकास प्रस्ताव में शामिल किया जाए । विकास प्रस्तावों में शामिल किये गये अकादमिक, प्रशासनिक तथा वित्तीय विकेन्द्रीकरण तथा विश्वविद्यालय/संस्थान के विभागों की स्वायत्ता में वृद्वि करने के कार्य औ संबद्व कालेजों/संस्थाओं को स्वायत्ता, शिक्षणेत्तर स्टाफ के इन हाउस प्रशिक्षण पदों के भौवतीकरण तथा प्रबन्ध में सूचना प्रौद्योगिकी के वर्तामान प्रयोग का समर्थन किया जायेगा । विश्वविद्यालय द्वारा अपने कॉलेजो पर ध्यान केन्द्रित करने के कार्य का समर्थन किया जायेगा । इसमें कॉलेज विकास परिषद की स्थापना कॉलेज प्रिंसपलों के लिये कार्यशालाएं तथा उच्च एवं निम्न स्तरों विशेषतः विश्वविद्यालय में स्थिति क्षेत्र में गुणात्मक विकासपेक्षी कॉलेजो तथा स्कूल के साथ सम्पर्क स्थापित करना शामिल है।

5. संसाधन जुटाना :-

विश्वविद्यालय आंतरिक तथा वाहय संसाधन जुटाने के लिये अपनी योजना प्रस्तुत कर सकता है, यथा पाठ्यक्रम के स्वरूप पर आधारित विभेदक फीस संरचना तथा छात्र की सामाजिक, आर्थिक पृष्ठभूमि विकसित करना, विदेशी छात्रो की फीस वृद्वि करना तथा अन्य निधियां जिनका प्रयोग विश्वविद्यालय करना चाहता है । इसमें उद्योग के साथ विशिष्ट अन्योय क्रिया तथा बाह्‌य निर्वाचन के अन्य रूप शामिल है।

उ0प्र0 में उच्च शिक्षा का विकास :-

वर्तमान वैज्ञानिक युग में उद्योगों, व्यवसायों, सामाजिक तथा सामाजिक क्षेत्रों में नेतृत्व प्रदान करने में उच्च शिक्षा का अपना अलग ही महत्व है । शिक्षा जगत के बदलते आयाम तथा उच्च शिक्षा के परिवर्तित स्वरूप की दृष्टि से उच्च शिक्षा की नीतियों में परिवर्तन

न केवल आवश्यक है, वरन कतिपय क्षेत्रों मे उच्च शिक्षा की आवश्यकता की अनुभूति परिलक्षित होने लगी है।

विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों की संख्यात्मक वृद्धि :-

स्वतन्त्रता प्राप्ति के पूर्व उत्तर प्रदेश में मात्र 2 केन्द्रीय विश्वविद्यालय एवं 3 राज्य विश्वविद्यालय तथा 16 महाविद्यालय संचालित थे । स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात प्रदेश में उच्च शिक्षा का तीव्रता से विकास हुआ जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश में 21 विश्वविद्यालय तथा 5 विश्वविद्यालय 1 इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय 3 कृषि विश्वविद्यालय 14 सामान्य शिक्षा प्रदान कर रहे प्रदेशीय विश्वविद्यालय तथा एक विशिष्ट शिक्षा प्रदान करने हेतु डा0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ है। जिसकी स्थापना वर्ष 1980 में प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में स्तरीय शोध तथा शिक्षा एंव प्रौधोगिकी के बीच समन्वयक स्थापित करके ज्ञान विज्ञान की परिधि में नये आयाम जोड़ते हुए के अनुरूप शिक्षा के स्वरूप की विकसित करने के उद्देश्य से भारतीय संविधान के निर्माता महान समाज सुधारक एवं विचारक डॉ0 भीमराम अम्बेडकर की पुण्यस्मृति में की गयी थी इस विश्वविद्यालय का स्वरूप ऐकिक आवासीय रखा गया है । केन्द्रीय सरकार द्वारा इस विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किये जाने का निर्णय लिया जा चुका है । प्रदेश के विश्वविद्यालय में इलाहाबाद विश्वविद्यालय की प्रथम विश्वविद्यालय का गौरव प्राप्त है । प्रदेश के समस्त महाविद्यालय किसी न किसी विश्वविद्यालय से सम्बद्व /सहयुक्त है ।

स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात विश्वविद्यालयों की संख्या में यद्यपि पर्याप्त वृद्वि हुई है । परन्तु देश के सबसे अधिक जनसंख्या वाले इस प्रदेश में समुचित उच्च शिक्षा

उपलब्ध कराना वर्तमान विश्वविद्यालयों की क्षमता के बाहर है । सीमित वित्तीय साधनों को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा नये विश्वविद्यालयों की स्थापना किया जाना निकट भविष्य में प्रतीत नही होता है।

स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात प्रदेश में महाविद्यालयों की संख्या में तीव्रता से वृद्वि हुई है । स्वतन्त्रता प्राप्ति के पूर्व उत्तर प्रदेश में जहाँ केवल 16 महाविद्यालय थे इस समय (1994—95) प्रदेश में कुल 487 महाविद्यालय है । जिनमें अशासकीय महाविद्यालयों की संख्या 419 है। शासकीय महाविद्यालयों की संख्या 68 है । जिनमें से 27 उत्तराखण्ड में तथा 41 मैदानी क्षेत्रो में स्थित है।

शासकीय महाविद्यालयो की स्थापना वर्ष 1948 में रामपुर स्टेट का भारत राज्य में सम्मिलित होने के फलस्वरूप रामपुर में संचालित महाविद्यालय के प्रान्तीयकरण से हुई, बाद में वर्ष 1951 में दो शासकीय महाविद्यालयों की स्थापना की गयी जिनमें से एक नैनीताल व दूसरा वाराणसी जनपद में ज्ञानपुर स्थान पर खोला गया । ठाकुर देवसिंह विष्ट राजकीय महाविद्यालय, नैनीताल की स्थापना मं उस क्षेत्र के तत्कालीन जमीदार एवं लकड़ी के व्यवसायी ठाकुर देवसिंह विष्ट ने नैनीताल में एक पब्लिक स्कूल की भूमि, भवन तथा छात्रावास क्रय करके महाविद्यालय की स्थापना हेतु शासन को दान दिया जबकि ज्ञानपुर में तत्कालीन काशीनरेश (रामनगर स्टेट) ने अपनी सम्पत्ति से लगभग 62 एकड़ कृषि खुर्शीद मंजिल भवन तथा अन्य भवन महाविद्यालय हेतु दिये तथा इस महाविद्यालय का नाम काशी नरेश महाविद्यालय रखा गया । प्रारम्भ में शासन द्वारा अन्य अशासकीय महाविद्यालयों की तुलना में इन दोनो शासकीय महाविद्यालयों के अध्यापकों को उच्च वेतनमान दिया गया तथा

इन अध्यापकों का चयन लोक सेवा आयोग द्वारा किया गया । पूरे पूर्वी उत्तर प्रदेश में लगभग 15 वर्षो तक ज्ञानपुर एक मात्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय रहा । इसी प्रकार ठाकुर देवसिंह विष्ट राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रहा । इसी प्रकार ठाकुर देवसिंह विष्ट राजकीय स्नतकोत्तर महाविद्यालय नैनीताल भी उत्तराखण्ड में कई वर्षो तक एक मात्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय रहा । इन दोनो महाविद्यालयों में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य में स्नातकोत्तर स्तर तक कक्षाओं का संचालन एंव शोधकार्य सम्पादित किये गये । इस शताब्दी के छठे दशांक से अन्य शासकीय महाविद्यालय खोलने का क्रम आरम्भ हुआ और अब इनकी संख्या 68 है । जिनमें से केवल 7 महिलाओं के लिए है । अधिकांश शासकीय महाविद्यालय उत्तराखण्ड एवं शैक्षिक तथा आर्थिक रूप से पिछड़े हुए क्षेत्रो में है।

उत्तर प्रदेश मे उच्च शिक्षा संस्थाओं की विभिन्न वर्षो में स्थिति निम्न तालिका से स्पष्ट हो जाती है।

उत्तर प्रदेश में विश्वविद्यालयों महाविद्यालयों की संख्या

तालिका का क्रमांक 2(1)

वर्ष	विश्वविद्यालय	विश्ववि0 समकक्ष संस्थायें	महाविद्यालय		
			पुरूष	महिला	क्षेत्र
1950–51	6	.	34	6	40
1960–61	9	.	108	20	128
1970–71	19	2	276	76	352
1990–91	25	2	330	88	418
1993–94	28	5	360	127	487
2000–01	18	5	580	178	758

वर्ष 1946–47

इस अवधि में उ0प्र0 में कुल प्राथमिक विद्यालयों की संख्या 20 थी जबकि जूनियर हाई स्कूल विद्यालयों की संख्या 13 थी । इसी अवधि मे माध्यमिक विद्यालयों की कुल संख्या

शिक्षा की प्रगति बर्ष 2000–2001 शिक्षा निदेशालय उ0प्र0 इलाहाबाद

05 थी परन्तु प्रदेश में कुल 5 विश्वविद्यालय की उच्च शिक्षा हेतु स्थापित थे । जबकि पूरे देश में कुल 16 विश्वविद्यालय कार्यरत थे । जिनमें 14 महाविद्यालय पुरूषों की तथा 2 महाविद्यालय महिलाओं की शिक्षा हेतु स्थापित किये गये थे ।

वर्ष 1950–51 :–

इस अवधि में प्राथमिक विद्यालयों की संख्या 32 थी जबकि जूनियर हाईस्कूल विद्यालयो की संख्या 13 थी। हाईस्कूल तथा इण्टर स्तर तक की शिक्षा विद्यालयों मे प्रदान की जा रही थी जबकि उच्च शिक्षा हेतु केवल 6 विश्वविद्यालय थे। जबकि इस अवधि मे देश मे कुल 27 विश्वविद्याालय स्थापित है। जिनमें 34 पुरूष महाविश्वद्यालय तथा 6 महिला महाविश्व–विद्यालय थे।

वर्ष 1960–61 –:

आजादी के लगभग 15 वर्षो बाद की इस अवधि में उच्च शिक्षा की संख्याओ मे कुछ वृद्वि दृष्टिगोचर हुई तथा विश्वविद्यालयों की संख्या 5 से बढकर 09 तक पहॅुच गई जबकि पूरे देश मे यह बढकर 45 हो गयी। लेकिन दूसरी ओर प्राथमिक ,जूनियर हाईस्कूल तथा इण्टर कालेजो की संख्या भी क्रमशः 40,43,2 तक हो गयी । उच्च शिक्षा हेतु 108 पुरूष तथा 20 महिला महाविद्यालय थे।

वर्ष 1970–71 :–

इस अवधि तक उच्च शिक्षा प्रदान किये जाने हेतु विश्वविद्यालयों की संख्या 11 तक पहॅुच गई जबकि देश मे यह बढकर 86 हो गयी दूसरी ओर प्राथमिक जूनियर हाईस्कूल तथा इण्टर कॉलेजो की संख्या क्रमशः 62,09,3.4 तक पहॅुच गई जिनमें 276 पुरूष तथा 76 महिला महाविद्यालय शामिल है।

वर्ष 1980—81 :—

इन वर्षो मे विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा हेतु प्रदेश सरकार द्वारा विशेष प्रयास किये गये तथा छात्रो को बेहतर उच्च शिक्षा मिल सके, इस हेतु प्रदेश मे 8 नये विश्वविद्यालय स्थापित किये गये इस प्रकार प्रदेश मे कुल विश्वविद्यालयों की संख्या बढकर मात्र 19 तक पहुँच सकी जबकि देश मे यह संख्या बढकर 127 तक हो गयी । इसी अवधि इण्टर कॉलेज,जूनियर हाईस्कूल तथा प्राथमिक विद्यालयो की संख्या क्रमशः 52, 14 , 71 तक पहुँच गई। इसके साथ साथ उच्च शिक्षा हेतु 298 पुरूष तथा 86 महिला महाविश्वविद्यालय स्थापित किये गये।

वर्ष 1993—94 :—

देश मे नई शिक्षा नीति प्रारम्भ किये जाने का प्रभाव उत्तर प्रदेश की उच्च शिक्षा पर भी पड़ा और सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति को दृष्टिगत रखते हुये 09 और विश्वविद्यालयो को स्थापित किया। इस प्रकार कुल 28 विश्वविद्यालय प्रदेश में उच्च शिक्षा प्रदान कर रहे थे। जबकि पूरे देश मे इनकी संख्या बढकर 203 हो गयी। इसी अवधि मे इण्टर कालेजो, जूनियर हाईस्कूल तथा हाईस्कूल तथा प्राथमिक विद्यालयो की संख्या क्रमशः 7,16 तथा 80 तक पहुच गयी। इस अवधि मे उच्च शिक्षा हेतु 360 पुरूष तथा 127 महिला महाविश्व विद्यालय मिलाकर कुल महाविद्याालय की शिक्षा बढकर 487 तक पहुच गयी। उपरोक्त तालिका से स्वयं स्पष्ट हो जाता है कि संख्यात्मक दृष्टि से उच्च शिक्षा प्रदान करने वाली संस्थाये उस अनुपात मे नही थी जैसी कि प्राथमिक तथा माध्यमिक स्तर की शिक्षा हेतु स्थापित थी।

वर्ष 2000–2001 :–

इस अवधि में हाईस्कूल तथा इण्टर स्तर तक की शिक्षा विद्यालयो मे प्रदान की जा रही थी जबकि उच्च शिक्षा हेतु केवल 18 विश्वविद्यालय थे। जिनमें 580 पुरूष महाविश्वद्यालय तथा 178 महिला महाविश्व–विद्यालय थे।

इसी प्रकार वर्ष 1946–47 में जहॉ प्रदेश में कुल 16 महाविघालय उच्च शिक्षा हेतु स्थापित थे इस वर्ष 2000–2001 में बढकर 580 तक हो गयी।

उपरोक्त तालिका से यह स्पष्ट होता है कि महिला महाविघालयां की स्थापना हेतु सरकार ने प्रयास किया इसके परिणामस्वरूप वर्ष 1946–47 मे जहॉ संख्या मात्र 2 महिला महाविद्याालय थे वहीं वर्ष 2000–2001 मे इनकी संख्या बढकर लगभग 178 तक पहॅुच गयी।

परन्तु संख्यात्मक विकास की यह गति उ0प्र0 जैसे बडे राज्य के लिये अत्यन्त ही धीमी है।

<u>उत्तर प्रदेश में शिक्षक शिक्षा स्तर की विद्यार्थियो का नामंकन</u>

विश्व की जनसंख्या के सापेक्ष भारत वर्ष की जनसंख्यात्मक वृद्वि जिस रफ्तार से निरन्तर बढ़ी हैं । उस अनुपात में बच्चों तथा युवकों को शैक्षिक सुविधायें उपलब्ध कराना भी सरकार का उत्तरदायित्व हैं । यद्यपि संविधान में सबके लिए शिक्षा उपलब्ध कराना शैक्षिक सुविधाओं को उच्च स्तर का बनाना तथा विद्यालयों तथा महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में शैक्षिक महौल दूषित न हो, आदि कुछ ऐसे तथ्य है जिनका सीधा सम्बन्ध विद्यार्थियों के नामांकन से है । विशेष रूप से जब उच्च स्तर की शिक्षा की बाढ़ आती है तो हमारा ध्यान छात्रों के नामांकन के साथ–साथ उनके रोजगार की सुविधाओं से जुड़ जाता है । देश में नई शिक्षा 1986 के लागू होने के बाद डिग्री स्तर की शिक्षा व्यवस्था में सबसे बड़ा बदलाव यह

आया । शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में बी0एड0 करने की अवधि दो वर्ष तथा एम0एड0 करने की अवधि एक वर्ष निर्धारित की गयी है।

वर्ष 1950 — 51 :—

स्वतन्त्रता प्राप्ति के प्रारम्भिक वर्षो में शिक्षक शिक्षा स्तर की शिक्षा ग्रहण करने वाले लड़को की संख्या 1058 थी जबकि 410 लड़कियाँ अध्ययनरत थी इस प्रकार कुल विद्यार्थी विश्वविद्यालय में अध्ययन कर रहे थे जिनका कुल योग 1568 था ।

वर्ष 1960—61 :—

इस अवधि में विश्वविद्यालयों में नामाकिंत 3269 लड़के और 1163 लड़कियों की कुल संख्या तक पहुँच गयी जिनमें लड़के तथा लड़कियाँ थी । जिनकी कुल संख्या 4442 थी ।

वर्ष 1970—71 :—

इन वर्षो में अध्ययन हेतु पंजीकृत विश्वविद्यालय लड़को की संख्या 906 तथा 734 लड़कियों की संख्या थी । जबकि महाविद्यालयों में अध्ययनरत लड़के और लड़कियों की संख्या क्रमशः 3332 तथा 4316 थी जबकि दोनो स्तरों पर कुल संख्या क्रमशः 4238 तथा 5162 थी ।

वर्ष 1980 — 81 :—

इस अवधि में महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययन हेतु पंजीयन लड़के और लड़कियों की कुल संख्या क्रमशः 7647 तथा 5206 थी जबकि अलग—अलग यह संख्या क्रमशः 10876 तथा 1974 थी ।

वर्ष 1990–91 –

इस अवधि में विश्वविद्यालय/महाविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत लड़के और लड़कियों की कुल संख्या क्रमशः 2274 तथा 12792 थी तथा अलग–अलग क्रमशः 1282 तथा 292 और 7352 तथा 5440 थी ।

वर्ष 2000 – 01 :–

इस अवधि में विश्वविद्यालय/महाविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत लड़के और लड़कियों की कुल संख्या क्रमशः 2514 तथा 14111 थी तथा अलग–अलग क्रमशः 1422 तथा 1092 और 8263 तथा 5848 थी ।

स्वतन्त्रता के पश्चात एक और जहाँ देश में शिक्षक शिक्षा को नयी दिशा प्रदान करने हेतु राधाकृष्णन कमीशन (1949) द्वारा की गयी संस्तुतियों को आधार बनाया गया वही दूसरी मुदलियर कमीशन (1952) में की गयी माध्यमिक शिक्षा के विकास हेतु की गयी संस्तुतियों को भी ध्यान में रखा गया परन्तु शिक्षा आयोग 1964–66 में पूरी की पूरी शिक्ष व्यवस्था को परिवर्तित किये जाने की नीति तथा 10+2+3 शिक्षा संरचना लागू किये जाने की सम्भावना के परिणाम स्वरूप देश में प्रचलित शिक्षा व्यवस्था में ठहराव आ गया तथा शिक्षकों और छात्रो के बीच शैक्षिक समन्वय न होने पाने के कारण शैक्षिक गति में ठहराव सा आ गया ।

नई शिक्षा नीति 1986 में एक बार पुनः कोठारी आयोग की संरचना स्वीकार कर इसे इक्कीसवी सदी हेतु तैयारी किये जाने की संज्ञा दी गयी ।

विभिन्न वर्षो में उत्तर प्रदेश में शिक्षक शिक्षा स्तर की शिक्षा की नीति का क्रियान्वयन पाठ्यक्रम का निर्माण तथा शिक्षण की विधियों का परिपक्व न हो पाना इस बात का द्योतक हे

कि सरकार ने इस स्तर की शिक्षा हेतु कोई उचित प्रयास करना उचित नही समझा जिसका परिणाम यह हुआ कि छात्रों की संख्या, विश्वविद्यालयों महाविद्यालयों की संख्या में संख्यात्मक वृद्वि तो देखने को मिली परन्तु गुणात्मक वृद्वि का पूरा आभाव रहा ।

उत्तर प्रदेश की शिक्षा हेतु बजट

कोई भी नीति तभी लागू की जा सकती है जबकि उसके क्रियान्वयन हेतु आवश्यक विषय सामग्री, शिक्षक तथा अन्य उपकरण प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हो, इन सबकी व्यवस्था तभी सम्भव है जब इन सबके लिए बजट की उचित व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा की जाये । वैसे तो केन्द्र द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के माध्यम से अनेक वित्तीय सहायताएं समय–समय पर उपलब्ध करायी जाती है । परन्तु इनसे किसी राज्य की उच्च शिक्षा की दिशा परिवर्तित नही की जा सकती । इसें सड़ी गली तथा प्राचीन और परम्परागत रूप से चल रही उच्च शिक्षा की दशा में मामूली सुधार अवश्य किया जा सकता है ।

सरकार द्वारा बजट में शिक्षा के लिए जो धनराशि आवंटित की जाती है वह अधिकतर शिक्षकों और कर्मचारियों के वेतन पर ही खर्च हो जाती है। महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों का शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा उन्हे भली भांति सुचारू रूप से चलाने के लिए हमेशा धन का अभाव आड़े आ जाता है । स्वतन्त्रता के बाद से अब तक इस स्तर की शिक्षा हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं में बजट जो प्राविधान किया गया है। वह कुछ इस प्रकार है :–

पंचवर्षीय योजनाओं में उत्तर प्रदेश में शिक्षक शिक्षा पर होने वाला व्यय और प्रतिशत कुल शिक्षा व्यय के सापेक्ष :–

1. तृतीय पंचवर्षीय योजना :–

इस योजना अवधि में शिक्षा पर खर्च हेतु लगभग 3 गुना वृद्वि किये जाने से कुल धन बढ़कर 5471 लाख तक पहुँच गया जिसके साथ–साथ पूर्व योजना के सापेक्ष शिक्षक शिक्षा पर खर्च की धनराशि बढ़कर 172 लाख से बढ़कर 494 लाख तक हो गयी जो कि पूर्व योजना राशि से लगभग 4.5 गुना अधिक थी परन्तु इसका प्रतिशत घटकर 11 प्रतिशत रह गया जबकि पूर्व योजना में यह 12 प्रतिशत रखा गया था ।

2. चतुर्थ पंचवर्षीय योजना :–

पिछली तीन पंचवर्षीय योजनाओं की अपेक्षा इस योजना में शिक्षा पर होने वाला व्यय में काफी गिरावट आयी जिसका मुख्य कारण शिक्षक शिक्षा हेतु नयी योजनाओं को प्रस्तावित न किया जाना तथा केन्द्र सरकार द्वारा प्रदत्त अनुदान पर आश्रित होना प्रतीत होता है । इस अवधि में कुल शिक्षा बजट 5701 लाख रूपये थी जबकि उच्च शिक्षा हेतु मात्र 638 लाख रूपये प्रस्तावित थे जो कि पूर्व योजना के लगभग बराबर अर्थात 11 प्रतिशत मात्र थी ।

3. पांचवी पंचवर्षीय योजना :–

जहाँ एक ओर तृतीय और चतुर्थ पंचवर्षीय योजना के मध्य शिक्षा बजट में ज्यादा वृद्वि नही की गयी थी वही इस योजना में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा पर बजट की राशि 9404 लाख रखी । जिसमें शिक्षक शिक्षा हेतु 1264 लाख रूपये का निर्धारण किया गया जो कि कुल प्रस्तावित धनराशि का लगभग 14 प्रतिशत था तथा पिछली योजना के सापेक्ष लगभग 3 प्रतिशत अधिक था ।

तालिका कमांक 3 (1)

उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा पर होने वाला व्यय और प्रतिशत कुल शिक्षा व्यय के सापेक्ष (रूपये लाख में)

क्र0सं0	योजनावधि	उच्च शिक्षा पर व्यय	प्रतिशत	कुल व्यय
1.	प्रथम पंचवर्षीय योजना	43	3	1807(100)
2.	द्वितीय पंचवर्षीय योजना	172	12	1431 (100)
3.	तृतीय पंचवर्षीय योजना	494	11	4471 (100)
4.	चतुर्थ पंचवर्षीय योजना	638	11	5701 (100)
5.	पांचवी पंचवर्षीय योजना	1264	14	9404 (100)
6.	छठवी पंचवर्षीय योजना	2992	14	21483 (100)
7.	सांतवी पंचवर्षीय योजना	1825	6	26199 (100)
8.	आठंवी पंचवर्षीय योजना	2154	10	214971 (100)

4. छठवी पंचवर्षीय योजना :–

इस अवधि में कुल शिक्षा बजट में लगभग ढाई गुना वृद्वि की गयी तथा बजट हेतु स्वीकृति धनराशि लगभग 21483 रूपया थी जबकि उच्च शिक्षा पर खर्च किये जाने हेतु

1. उत्तर प्रदेश की शिक्षा सांख्यिकी राज्य शिक्षा संस्थान उ0प्र0 इलाहाबाद वर्ष 1994–95 पृष्ठ सं0 102–103

पिछली वर्ष की तुलना में 2 गुनी से भी अधिक कर दी गयी परन्तु इस स्तर पर खर्च होने वाला पूर्व योजना की तरह 14 प्रतिशत ही रखा गया ।

5. सातवी पंचवर्षीय योजना :–

इस पंचवर्षीय योजना में प्रस्तावित बजट का इस दृष्टि से अत्यन्त महत्व था कि नई शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षक शिक्षा स्तर की शिक्षा संरचना में +2 के स्थान पर +3 स्तर को क्रियान्वित किया जाना था परन्तु इसके बावजूद जहां शिक्षा पर होने वाले कुल बजट को बढ़ा दिया गया, 98 शिक्षक शिक्षा स्तर की शिक्षा के बजट को लगभग आधा कर दिया । छठी योजना के यह वजट 14 प्रतिशत निर्धारित था परन्तु इस योजनावधि के लिए यह घटाकर मात्र 7 प्रतिशत ही कर दिया गया इसके साथ ही जहाँ शिक्षा कुल बजट 26199 लाख था वही शिक्षक शिक्षा स्तर की शिक्षा का बजट मात्र 1825 रूपया था जो अब तक की योजनाओं का सबसे कम था ।

6. आठवी पंचवर्षीय योजना :–

यह योज़नावधि विशेष रूप से काफी महत्वपूर्ण थी क्योकि नई शिक्षा नीति 1986 का सम्पूर्ण क्रियान्वयन इसी अवधि में किया जाना था परन्तु उत्तर प्रदेश सरकार एक बार पुनः केन्द्र सरकार की दया दृष्टि पर ही उच्च शिक्षा का विकास करने का अपना विचार स्पष्ट करती है। और इसका शिक्षा प्रसार निर्धारित कुल बजट 2149710 लाख में से मात्र 2154 लाख रूपये शिक्षक शिक्षा स्तर की शिक्षा को आवंटित करके प्रदर्शित करती है। जो कि कुल शिक्षा बजट का मात्र 10 प्रतिशत ही है ।

वर्ष 2001 – 02 की उच्च शिक्षा हेतु प्रस्तावित योजनाओं में से महत्वपूर्ण योजनाओं का विवरण

किसी राष्ट्र का सामाजिक और आर्थिक उत्थान शिक्षा के विकास पर ही निर्भर है । शिक्षा क्षेत्र में हुई प्रगति का प्रभाव सामाजिक, आर्थिक तथा राष्ट्रीय विकास के क्षेत्रो में मुखरित होता है।

वर्ष 1997–98 से नवी पंचवर्षीय योजना प्रारम्भ हो गई है। इस योजना में प्रस्तावित योजनाओं को निम्नलिखित आठ प्रमुख शीर्षको में वर्गीकृत किया जा सकता है :–

क्रम संख्या	मुख्य शीर्षक
01	निदेशन एवं प्रशासन
02	विश्वविद्यालयों को सहायता
03	राजकीय स्नातक एवं स्नातकोत्तर महाविद्यालय
04	अशासकीय महाविद्यालयों को सहायता
05	छात्रवृत्तियां
06	उच्च शिक्षा संस्थान
07	अन्य व्यय
08	विद्यार्थियो हेतु युवा कल्याण कार्यक्रम

उच्च शिक्षा विभाग का कार्यपूर्ति दिग्दर्शक उ0प्र0 शासन आय–व्ययक 2001–02 पृ0सं0 65

वर्ष 2001–2002 में उच्च शिक्षा के अन्तर्गत चल रही मुख्य योजनाओं का विवरण :–

1. विश्वविद्यालयों को विकास अनुदान एंव मैचिग शेयर :–

इस योजनान्तर्गत राज्य द्वारा विश्वविद्यालयों के सर्वोन्मुखी तथा गुणात्मक विकास हेतु अनुदान स्वीकृत किया जाता है । नयी योजनाओं हेतु यू0जी0सी0 द्वारा स्वीकृत शेयर एवं राज्य द्वारा प्रायोजित योजनाओं के लिए भी अनुदान दिये जाने की व्यवस्था है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा शत–प्रतिशत आधार पर उपकरण, पुस्तकालय एंव क्रीड़ा सुविधा हेतु प्लान सीलिंग के अन्तर्गत अनुदान दिया जाता है । अतः इन मदों के लिए राज्य सरकार द्वारा भी अनुपूरित अनुदान दिया जाना प्रस्तावित है। वर्ष 2001–02 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्वीकृत अनुदान के प्रति मैचिंग शेयर ग्राण्ट के लिये रूपया 120.00 लाख का प्राविधान है।

2. डा0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ की स्थापना :–

शासन द्वारा ऐसे विश्वविद्यालय की स्थापना का निर्णय लिया गया, जो कि उच्च स्तर के शोध, शिक्षक तथा उद्योग धन्धो के मध्य सामंजस्य स्थापित कर सकें एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य में स्नातकोत्तर स्तर के शिक्षण एवं शोध सुविधा प्रदान करें । इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए लखनऊ में डा0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी है। यह एक आवासीय विश्वविद्यालय है । इस विश्वविद्यालय को भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया गया है।

3. नये राजकीय महाविद्यालयों की स्थापना :–

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में नवीन संस्थाओं की स्थापना के बजाय विद्यमान संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष बल दिया गया है । किन्तु उच्च शिक्षा की दृष्टि से पिछड़े हुए तथा असेवित क्षेत्रों में नवीन राजकीय महाविद्यालयों की स्थापना की जा रही है। वेतनादि हेतु रू0 599.27 लाख का आय–व्ययक अनुमान वर्ष 2001–02 में किया गया है।

4. वर्तमान राजकीय महाविद्यालयों का सुदृढ़ीकरण एवं भवनो का निर्माण :–

इस योजनान्तर्गत वर्तमान में संचलित राजकीय महाविद्यालयों में गुणात्मक सुधार हेतु अतिरिक्त स्टाफ तथा प्रयोगशाला, उपकरणों, पुस्तको एवं फर्नीचर आदि के क्रय आवश्यकतानुसार अनुदान स्वीकृत किया जाता है । सुदृढ़ीकरण के लिये वर्ष 2001–02 में रूपये 89.03 लाख का प्राविधान है।

वर्तमान में प्रदेश में 102 राजकीय महाविद्यालय है भवन निर्माण हेतु धनराशि उपलब्ध न होने के कारण 6 महाविद्यालयों के पास अपना कोई भवन नही है तथा 44 महाविद्यालयों हेतु भवन निर्माणाधीन हे। भवन की सुचारू व्यवस्था न होने के कारण विकास बाधित है । इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 2001–02 में रू0 651.00 लाख का प्राविधान है।

5. वर्तमान राजकीय महाविद्यालयों एवं गैर सरकारी महाविद्यालयों को यू0जी0सी0 मैचिंग शेयर एवं अन्य विकास कार्यो के लिए अनुदान :–

इस योजनान्तर्गत राजकीय महाविद्यालयों का विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्वीकृत किया जाता है । इस योजना हेतु वर्ष 2001–02 में रू0 10.00 लाख का प्राविधान है।

6. गैर सरकारी महाविद्यालयों को सहायता (पुरूष/महिलाएं) :–

सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था को सुचारू रूप से सम्पादित करने हेतु शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के पदों का सृजन शासन द्वारा किया जाता है । जिसके वेतनादि का भुगतान इस योजना के अन्तर्गत किया जाता है । वित्तीय वर्ष 2001–02 में इस योजनान्तर्गत रू0 200.00 लाख का प्राविधान है।

7. सम्मेलनों एवं संगोष्ठी में भाग लेने हेतु अनुदान :–

इस योजनानतर्गत विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्राध्यापकों को अन्तराष्ट्रीय सम्मेलनों एवं संगोष्ठियों में भाग लेने हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना हेतु वर्ष 2001–02 में रू0 5.00 लाख का आय–व्ययक अनुमान है।

8. राज्य उच्च शिक्षा परिषद का गठन :–

विश्वविद्यालयों तथा उच्च शिक्षा के संस्थानों में मानकीकरण तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की योजना का क्रियान्वयन एंव निरन्तर समीक्षा द्वारा उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बनाये रखने हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति में उच्च शिक्षा परिषद के गठन की परिकल्पना की थी

तदनुसार परिषद का मुख्य लक्ष्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में स्थिर गुणवत्ता, मानकीकरण तथा प्रदेश के विश्वविद्यालय के बीच सभी क्षेत्रो में विकास तथा सुदृढ़ीकरण की एकरूपता को अक्षुण्ण बनाये रखना है। इस योजना हेतु वर्ष 2001–02 में रू0 10.00 लाख का आय–व्ययक अनुमान है।

9. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना :–

उत्तर प्रदेश एक विशाल राज्य है। पूरे प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों की उच्च शिक्षा सम्बन्धी आवश्यकताओं को समान रूप से सभी वर्गो के लिए उपलब्ध कराना कठिन है। वर्तमान में स्थित विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों द्वारा प्रदेश की पूरी जनसंख्या विशेषकर अनुसूचित जाति तथा पिछड़े वर्ग, छोटे–छोटे रोजगार एवं सेवारत कर्मचारी तथा प्रदेश के सुदूर क्षेत्रों में उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना कठिन है इस परिस्थिति से निपटने के लिए दूरस्थ शिक्षा एक मात्र विकाल्प है। उक्त के लिए वित्तीय वर्ष 2001–02 में रू0 200.00 लाख का आय–व्ययक अनुमान है।

10. असेवित विकास खण्डो में नये अशासकीय महाविद्यालयों की स्थापना :–

नयी शिक्षा नीति के अन्तर्गत असेवित तथा शैक्षिक रूप से पिछड़े विकास खण्डो में राज्य सरकार द्वारा एक मुश्त अनुदान की सहायता से अशासकीय महाविद्यालयों की स्थापना का प्रस्ताव है। इस योजना हेतु वित्तीय वर्ष 2001–02 में रू0 200.00 लाख का आय–व्ययक अनुमान है ।

शिक्षा का कोई भी स्तर हो, शिक्षा दिये जाने का स्थान भी हो, शिक्षा की नीति कितनी

ही अच्छी हो, इन सबको एक सूत्र में बांधकर क्रियान्वित करने का मुख्य सूत्रधार शिक्षक ही है। यद्यपि उच्च शिक्षा का स्तर एक ऐसा चरम बिन्दु है जहाँ पहुँचकर छात्र–छात्रा स्वयं बहुत कुछ कर गुजरने का मन बना लेता है । परन्तु जब तक उसे सही दिशा का ज्ञान न कराया जाये तब तक वह अभिमन्यु की तरह चक्रव्यूह में फंसकर दिशाहीन बनकर अपने मन और मस्तिष्क को केन्द्रित करने में असमर्थ ही रहेगा ।

इस दृष्टि से विश्वविद्यालय तथा"महाविद्यालयों में शिक्षक को नियुक्ति किया जाना सरकार का नैतिक उत्तर दायित्व भी बनता है।

स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात देश में शिक्षक शिक्षा स्तर की शिक्षा हेतु जो सुझाव राधाकृष्णन कमीशन (1949) तथा शिक्षा आयोग (1964–66) ने सुझाये थे उनका पूरी तरह पालन न होने के कारण ही शिक्षा की गुणवत्ता में गिरावट आयी है और इसका मुख्य कारण अयोग्य शिक्षकों की विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय स्तर पर नियुक्ति किया जाना है।

यद्यपि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्थापना के बाद इस स्तर नियुक्ति हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यताएं निर्धारित कर दी गयी थी जिनके निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश में भी शिक्षकों की नियुक्तियां इन्ही शैक्षिक योग्यताओं के आधार पर की जानी चाहिए भी परन्तु शिक्षा में राजनीति करण की प्रक्रिया इतनी प्रभावी हो गयी है कि किसी न किसी कारण से इनमें निरन्तर शिथिलता आती जा रही है।

वर्ष 1976 में विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में शिक्षकों की जो न्यूनतम योग्यताएं निर्धारित की गयी है वह निम्न प्रकार है।

1. आवेदक का शैक्षिक अभिलेख अत्याधिक उच्च स्तर का होना चाहिए, अर्थात उस

2. परास्नातक परीक्षा में न्यूनतम 54 प्रतिशत अंक (बी) प्राप्त किये हो ।

3. एम0फिल0, पी–एच0डी0 अथवा स्वतन्त्र रूप से शोध करने की क्षमता रखता हो ।

उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में अधिकांश महाविद्यालय निजी प्रबन्धन द्वारा संचालित है जहाँ शिक्षकों की नियुक्ति का अधिकार भी इन्हे प्राप्त था जिसका दुरूपयोग कर किसी न किसी रूप में इनके द्वारा करके अयोग्य शिक्षको की नियुक्ति की गयी । क्योकि चयन समिति जिसमें विषय विशेषज्ञ भी शामिल है, को यह अधिकार दिया गया था कि अगर वह समझती है कि आवेदक का शोध कार्य अत्यन्त उच्च स्तर का है तो वह किसी भी उपरोक्त शैक्षिक योग्यता में शिथिलता दे सकती है।

यह कारण है कि प्रबन्धन में अपनी इच्छानुसार जिसे चाहा उसे उच्च स्तर का बनवा दिया और नियुक्तियां हो गयी । परन्तु इस सबके बाबजूद प्रदेश के महाविद्यालयों में लगातार हो रही अनियमितताओं तथा शिक्षकों की अपर्याप्त नियुक्तियों को देखते हुये उत्तर प्रदेश सरकार ने महाविद्यालय के शिक्षकों की नियुक्ति हेतु (उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग) का गठन किया जिसका मुख्यालय इलाहाबाद में बनाया गया । इस आयोग को महाविद्यालय में प्राचार्य तथा प्रवक्ता पदों पर नियुक्ति का अधिकार सौपा गया । इस हेतु आयोग में एक अध्यक्ष तथा कई सदस्यों की नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा किये जाने का प्रावधान किया गया । परन्तु यह आयोग भी पर्याप्त मात्रा के शिक्षकों की नियुक्ति करने में अपने को असमर्थ पा रहा है । क्योकि यहाँ भी राजनीतिकरण की प्रक्रिया प्रभावी है। पैसे में ही सरकार बदलती है, आयोग का अध्यक्ष तथा सदस्य भी बदल दिये जाते है और नियुक्तियां खटाई में पड़ जाती है जिसका प्रतिकूल प्रभाव शैक्षिक प्रक्रिया पर पड़ता है।

स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद प्रदेश के महाविद्यालयों में शिक्षको की संख्या विभिन्न वर्षो में कुछ इस प्रकार रही ।

वर्ष 1950–51 :–

इन वर्षो के जो आंकड़े प्राप्त हुये है उनके अनुसार शिक्षक शिक्षा स्तर की संस्थाओं में कुल 20 शिक्षक अध्यापनरत थे जिनमे पुरूषो की संख्या 13 तथा महिलाओं की संख्या 7 दूसरी ओर महाविद्यालयों में शिक्षण कर रहे कुल शिक्षकों की संख्या 9 थी जिनमें 8 पुरुष और 1 महिला थी ।

वर्ष 1960–61 :–

इस अवधि में पूर्व वर्षो की अपेक्षा शिक्षकों की संख्या में लगभग दूनी वृद्वि हुयी विश्वविद्यालय स्तर पर कुल 45 अध्यापक अध्यापन कर रहे थे जिनमें पुरूषो की संख्या 25 तथा महिलाओ की संख्या 20 जबकि महाविद्यालयों में अध्यापन हेतु नियुक्त शिक्षको की संख्या 28 पुरूष तथा 2 महिलायें शिक्षक थी ।

वर्ष 1970–71 :–

इन वर्षो में शिक्षण कर रहे शिक्षक शिक्षा स्तर के पुरूष तथा महिला शिक्षकों की संख्या 66 तक पहुँच गयी जबकि अलग–अलग देखा जाय तो यहां महिला शिक्षक 11 और 55 पुरूष । महाविद्यालय स्तर पर कुल शिक्षकों की संख्या 51 जिनमें 44 पुरूष तथा 7 महिलायें थी ।

वर्ष 1980—81 :—

यदि इस अवधि में शिक्षक शिक्षा स्तर पर शिक्षण कर रहे शिक्षकों की संख्या 120 थी जिनमें 93 पुरूष तथा 27 महिलायें शिक्षक थी इन्ही वर्षो में महाविद्यालय में अध्ययनरत महिला शिक्षकों की संख्या 76 तथा पुरूषो की संख्या 22 थी ।

वर्ष 1990—91 :—

आंकड़ो को देखने से पता चलता है कि इस अवधि के वर्षो में गत वर्षो की तुलना में काफी कम वृद्वि हुयी । पुरूष शिक्षक विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालयों में क्रमशः 10 और 76 थे तथा महिला शिक्षक क्रमशः 23 और 6 थी । जबकि इन दोनों संख्याओं में कार्यरत कुल शिक्षक क्रमशः 85 और 29 थें

वर्ष 2000—01 :—

आंकड़ो को देखने से पता चलता है कि इस अवधि के वर्षो में गत वर्षो की तुलना में काफी कम वृद्वि हुयी । पुरूष शिक्षक विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालयों में क्रमशः 20 और 88 थें तथा महिला शिक्षक क्रमशः 99 और 31 थी । जबकि इन दोनो संख्याओं में कार्यरत कुल शिक्षक 130 थें ।

उच्च शिक्षा का व्यय का प्रतिशत कुल शिक्षा व्यय बजट के सापेक्ष

उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में जहाँ जनसंख्या वृद्विं का प्रतिशत निरन्तर बढ़ता ही जा रहा है। विश्वविद्यालय / शिक्षक शिक्षा स्तर की शिक्षा ग्रहण करने हेतु प्रयत्नरत विद्यार्थियों की संख्या में वृद्वि होना स्वाभाविक ही है । परन्तु इस वृद्वि के सापेक्ष हमे देखने से स्पष्ट है कि सम्पूर्ण शिक्षा बजट की तुलना में उच्च शिक्षा बजट में कोई अतिरिक्त अथवा उल्लेखनीय

वृद्धि नही की गयी । सम्बन्धित तालिका से निम्न वर्षो का तुलनात्मक पक्ष उजागर हो जाता है।

वर्ष 1950–51 :–

इस अवधि में सम्पूर्ण बजट का मात्र 1.10 भाग उच्च शिक्षा हेतु रखा गया जो कि कुल शिक्षा बजट का 8 प्रतिशत था तथा सम्पूर्ण राज्य की आय का मात्र 04 था ।

वर्ष 1960–61 :–

इन वर्षो में सम्पूर्ण बजट का 0.85 प्रतिशत भाग उच्च शिक्षा पर खर्च हेतु प्रस्तावित हुआ जो शिक्षा बजट का केवल 6.9 प्रतिशत तथा राज्य की आय का 0.07 प्रतिशत मात्र ही था ।

वर्ष 1970–71 :–

इस अवधि में होने वाला उच्च शिक्षा व्यय सम्पूर्ण बजट का 1.67 प्रतिशत तथा कुल शिक्षा बजट का 9.7 प्रतिशत था जबकि राज्य की आय का कुल 15 प्रतिशत भाग था ।

वर्ष 1980–81 :–

इन वर्षो में शिक्षक शिक्षा स्तर की शिक्षा हेतु राज्य की आय का मात्र 0.23 प्रतिशत बजट रखा गया जो कि सम्पूर्ण बजट का 2.03 तथा शिक्षा के कुल बजट का 8.1 प्रतिशत था

वर्ष 1990–91 :–

इस अवधि में उच्च शिक्षा बजट राज्य की कुल आय 0.26 प्रतिशत तथा सम्पूर्ण बजट का 2.01 प्रतिशत था जो कि शिक्षा बजट का मात्र 9.95 प्रतिशत था ।

शिक्षा विभिन्न शीर्षको के लिए बजट (रू0 लाख में) :–

उ0प्र0 में सन् 1951 की जनगणना के अनुसार प्रदेश की जनसंख्या में 10.77 प्रतिशत व्यक्ति साक्षर थे, जिनमें महिलाओं की साक्षरता का प्रतिशत उ0प्र0 में काफी कम है । भारत सरकार के कार्यक्रमों के साथ उ0प्र0 सरकार द्वारा निरक्षरता उन्मूलन हेतु शिक्षा सम्बन्धी कार्यक्रमों का शुभारम्भ किया गया तथा शिक्षा के ऊपर लाखों रूपयों का व्यय किया गया तथा प्रारम्भिक स्तर पर 1960–61 में 539 लाख तथा 1970–71 में 31.67 लाख, 1980–81 में 16465 लाख 1985–86 में 32025 लाख 1992–93 में 32025 लाख 1993–94 से 32025 लाख माध्यमिक स्तर 1960–61 में 23710 लाख 1992–93 में 23710 लाख 1993–94 में 23710 लाख का बजट था विश्वविद्यालय स्तर पर 1960–61 में 144 लाख 1970–71 में 466 लाख 1980–81 में 3204 लाख 1985–86 में 5978 लाख 1992–93 5978 लाख 1993–94 में 5978 लाख बजट था । ट्रेनिंग केन्द्रो के लिए 1960–61 में 10 लाख 1970–71 में 30 लाख 1980–81 में 3204 लाख 1985–86 में 5978 लाख 1992–93 में 30 लाख 1993–94 में 30 लाख अन्य कार्यो के लिए 1960–61 में 305 लाख 1970–71 में 130 लाख 1980–81 में 3204 लाख 1985–86 में 5678 लाख 1992–93 में 320.25 लाख 1993–94 में 23710 लाख का बजट था ।

प्राविधिक शिक्षा के लिए 1960–61 में 305 लाख 1970–71 में 1301 लाख 1980–81 में 319 लाख 1985–86 में 642 लाख 1992–93 में 32025 लाख 1993–94 में 23710 लाख का बजट था । क्रीड़ा एवं युवक कल्याण के लिए 1960–61 में 305 लाख 1970–71 में 1301 लाख 1980–81 में 278 लाख 1985–86 में 537 लाख 1992–93 में 1993–94 में बजट था । सामान्य शिक्षा 1960–61 में शून्य था 1970 – 71 में, 1980–81 में 0.24 लाख 1985–86 में 0.24 लाख 1992–93 तथा 1993–94 में शून्य था । एक मुश्त प्रावधान 1960–61 में अप्राप्त था 1970–71

शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम बार्षिक बजट प्राक्कलन और व्यय

भारतीय शिक्षा का विकास एवं सामाजिक प्रवृत्तियां डा0 एल0 बी0 वाजपेयी – दि इण्डिया हैन्ड बुक 1997

शिक्षा के विभिन्न शीर्षको के लिए बजट

शीर्षक	1960–61	1970–71	1980–81	1983–84	1985–86	2000–01
1	2	3	4	5	6	7
शिक्षा						
1– प्राथमिक	56927	316714	1646506	3391662	3202469	–
2– माध्यमिक	33610	182428	944430	1583152	2371014	
3– विश्वविद्यालय तथा डिग्री कालेज	11362	46036	320386	430408	597822	–
4– ट्रेनिंग	983	2994	–	–	–	–
5– अन्य	30474	130079	–	–	–	–
6–विशेष शिक्षा			31942	47007	64244	–
7– प्राविधिक शिक्षा	–	–	–	–	–	–
8– क्रीड़ एवं युवक कल्याण	–	–	27759	47793	53771	–
9– सामान्य शिक्षा	–	–	24	24	24	–
10– एक मुश्त प्राविधान	–	–	214824	–	–	–
11–कला एवं संस्कृति	–	–	160	160	160	–
12– अनुसूचित जातियां/अनुसूचित जनजातियों व अन्य पिछड़े वर्ग का कल्याण	–	–	26974	26974	31331	–
13– मंत्रि परिषद				150	150	
14– माध्यमिक शिक्षा	–	–	–	–	–	19059496
15– बेसिक शिक्षा	–	–	–	–	–	30500572
16– प्रोढ़ शिक्षा	–	–	–	–	–	
17– राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण	–	–	–	–	–	330997
योग	133556	678861	3213005	4527306	326485	49891065

में शून्य था 1980–81 में 2148 लाख थी 1985–86 में 1.60 लाख था 1992–93 व 1993–94 में अप्राप्त था अनुसूचित जातियों व जनजातियों व अन्य पिछड़े वर्ग का कल्याण 1960–61 में शून्य था 1970–71 में शून्य था 1980–81 में 270 लाख 1985–86 में 313 लाख 1993–94 में निर्देशालय में उपलब्ध नही था ।

मंत्रीपरिषद में 1960–61 व 1970 –71 में शून्य था 1980–81 में अप्राप्त 1985–86 में 1.50 लाख तथा 1992–93,1993–94 में शून्य था ।

उच्च शिक्षा आयोजनेत्तर 1960 से लेकर 1993 तक अप्राप्त था 1993–94 में 2128 लाख था ।

ट्रेनिंग के लिए 1960–61 में 13 लाख था 1970–71 में 4 लाख था 1980–81 से लेकर 1994 तक शून्य बजट था ।

अन्य कार्यक्रमों को 1960–61 में 15 लाख 1970–71 में 301 लाख 1980 से 1994 तक का बजट उपलब्ध नही था । विशेष शिक्षा में 1960–61 में 1970–71 में शून्य था 1980–81 में 317 लाख का बजट था 1985–86 में 930 लाख का 1993–94 में अप्राप्त बजट था । प्राविधिक शिक्षा में 1960 से 1994 तक कोई बजट नही था ।

क्रीड़ा एवं युवक कल्याण में 1960 से 1971 तक कोई बजट नही था 1980–81 में 60 लाख 1985–86 में 10 लाख 1993–94 में कोई बजट नही था ।

सामान्य शिक्षा 1960 से 1981 तक कोई बजट नही था 1985–86 में 75 लाख 1992 से 1994 तक कोई बजट नही था ।

एक मुश्त प्रावधान में 1980–81 में 25 लाख का बजट था ।

कला संस्कृति में 1980–81 में 1 लाख का बजट था ।

अनुसूचित जातियों व जनजातियों में पिछड़े वर्ग के कल्याण के लिए 1980 – 81 में 58 लाख का बजट था । उच्च शिक्षा आयोजनागत में 1993–94 में 2490 लाख का बजट था ।

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एंव प्रशिक्षण आयोजनागत में 1992–93 में 476 लाख था, 1993794 में 474 लाख था ।

सम्पूर्ण योग 1960–61 में 387 लाख का बजट था । 1970–71 में 704 लाख, 1980–81 में 1545 लाख, 1992–93 में 14921 लाख का 1993–94 में 22929 लाख का बजट था ।

शिक्षा के लिए निर्दिष्ट

(हजार रूपयो में)

वर्ष	बालको की शिक्षा के लिए बजट	बालिकाओं की शिक्षा के लिए बजट	शिक्षा के लिए सम्पूर्ण बजट
1	2	3	4
1950–51	66115	7629	73744
1960–61 शिक्षा	121733	11823	133556
1960–61 शिक्षा नियोजन			38743
1970–71 शिक्षा	615001	83360	673361
1970771 शिक्षा नियोजन	44023	6390	70419
1980–81 शिक्षा	2773209	434796	3213005
1980–81 शिक्षा नियोजन	154182	284	154466
1985–86 शिक्षा	5812622	513863	6326485
1985–86 शिक्षा नियोजन	–	–	296342
2000–01 शिक्षा			
आयोजनेत्त्र			19059496
आयोजनागत			
2000–2001 अनुदान संख्या 71– बेसिक शिक्षा			
आयोजनेत्त्र	–	–	30500572
आयोजनागत	–	–	3651093
अनुदान संख्या 74– प्रौढ़ शिक्षा–			
अयोजनेत्तर	–	–	–
आयोजनागत	–	–	–
2000–1 अनुदान संख्या 75– राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परषिद			
आयोजनेत्त्र	–	–	330997
आयोजनागत	–	–	266783
2000–01 का योग –			
आयोजनेत्त्र	–	–	49891065
आयोजनागत	–	–	4567203

टिप्पणी – 1 अप्रैल, 1986 से शिक्षा निदेशालय का बजट 5 पृथक– पृथक निदेशालयों में विभक्त हो गया है तथा सभी– निदेशक अपने से सम्बन्धित बजट के नियन्त्रक अधिकारी है।

उत्तर प्रदेश में विभिन्न प्रकार की शिक्षा पर राजस्व व्यय

(लाख में)

क्रमांक	मद	1996–97 वास्तविक	1997–98 पुनरीक्षित अनुमान	1998–99 आय–व्ययक अनुमान
1	प्राथमिक शिक्षा	212108 (55.12)	253462 (55.98)	277810 (56.58)
2	माध्यमिक शिक्षा	122483 (31.83)	141188 (31.18)	167168 (32.88)
3	उच्च शिक्षा	31019 ,(8.06)	35948 (7.94)	35609 (7.01)
4	प्रौढ़ शिक्षा	1540 (0.40)	14.92 (0.33)	1158 (0.28)
5	अन्य (पाविधिक शिक्षा तथा शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण सहित)	17080 (4.89)	20718 (4.87)	1686 (3.30)

800000
700000
600000
500000
400000
300000
200000
100000
0

1950-51: 19105, 1671, 27294, 2504
1960-61: 29785, 4033, 48959, 8743
1970-71: 51799, 11906, 146242, 39133
1980-81: 94221, 20091, 275948, 69221
1985-86: 100218, 30132, 311036, 84351
1990-91: 145580, 55411, 614212, 182311
2000-01: 202221, 60522, 722486, 202845

दि इण्डिया हेन्ड बुक 1997

क्रमांक	विश्वविद्यालय का नाम	वास्तविक व्यय 1999 – 2000		पुनरीक्षित अनुमान 2000–2001		आय–व्ययक अनुमान 2001–2002	
		आयोज–नागत	आयोज–नेत्तर	आयोज–नागत	आयोज–नेत्तर	आयोज–नागत	आयोज–नेत्तर
1	2	3	4	5	6	7	8
1	इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद	1.30	1599.15	0.01	1599.15	0.01	1599.15
2	लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ	-	1614.41	0.01	1614.41	0.01	1614.41
3	डा0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा	-	-	0.01	-	0.01	-
4	अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़	-	2.11	-	2.11	-	2.11
5	काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, बाराणसी	-	3.15	-	3.15	-	3.15
6	दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर	0.58	960.05	0.01	960.05	0.01	960.05
7	सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, बराणासी	36.75	504.50	0.01	504.50	0.01	504.50
8	छत्रपति साहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर	-	-	0.01	-	0.01	-
9	चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ	-	305.01	0.01	305.01	0.01	305.01
10	महात्मा गांधी काशी विद्या पीठ, वाराणसी	-	393.20	0.01	393.20	0.01	393.20
11	बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी	-	-	0.01	-	0.01	-
12	डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फेजावाद	-	-	0.01	-	0.01	-
13	महात्मा ज्योतिबाफूले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली	-	-	0.01	-	0.01	-
14	दयालबाग, ऐजूकेशनल संस्थान दयालबाग, आगरा (डीम्ड विश्वविद्यालय)	-	146.31	-	146.31	-	146.31
15	दयालबाग, ऐजूकेशनल संस्थान दयालबाग आगरा इंजी0 संकाय	-	75.15	-	75.15	-	75.15
16	लखनऊ विश्वविद्यालय, कला एवं शिल्प महाविद्यालय हेतु अनुदान	-	98.00	0.01	98.00	0.01	98.00

17	दयालबाग एजूकेशनल संस्थान दयालबाग, प्राविधिक शिक्षा संस्थान को अनुदान	-	26.25	-	26.25	-	26.25
18	दयालबाग एजूकेशनल संस्थान दयालबाग, आगरा गर्ल्स इण्टरमीडियट कॉलेज को अनुदान	-	65.85	0.01	65.85	0.01	65.85
19	विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त अनुदान के प्रति राज्य सरकार का अंशदान	-					
	20. सहायक अनुदान/अंशदान राज्य सहायता	-	-	20.00	-	-	-
	48. पूजीगत व्यय के लिए सहायक अनुदान	-	-	-	-	120.00	-
